सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 05 अगस्त , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 212, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 419 अंकों की उछाल

सेंसेक्स लगभग 419 अंक बढ़कर 81,000 के स्तर के ऊपर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 157 अंकों की तेजी रही। } 14

## 10 साल में 17 करोड़ युवाओं को रोजगार मिले : मांडविया

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने लोकसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में 10 वर्ष के दौरान 17 करोड़ से अधिक युवाओं को नौकरियां तथा रोजगार मिले। }16



# पाक से सम्पर्क रखने वाले दो को एटीएस ने दबोचा

## साम्प्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने की कोशिश में थे संदिग्ध

विशेष संवाददाता



अजमल अली



माज शेख

### भारत विरोधी गतिविधियों के लिए करते थे प्रेरित

दोनों संदिग्ध सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म्स के माध्यम से कई पाकिस्तानी व्यक्तियो से सम्पर्क में थे तथा हिंसात्मक जिहाद के माध्यम से भारत में ...शेष पृष्ठ 14 पर

लखनऊ। भारत की चुनी हुई सरकार गिराकर शरिया लागू करने की बात करने वाले दो संदिग्धों को एटीएस की टीम ने धर दबोचा है। दोनों संदिग्ध व्हाट्सएप पर रिवाइविंग इस्लाम के नाम से ग्रुप व अन्य सोशल मीडिया के जरिए लगातार पाकिस्तान से सम्पर्क में बने हुए थे। फिलहाल एटीएस इन दोनों संदिग्धों से जानकारी जुटा रही है।एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि एटीएस देश विरोधी तत्वों पर सतर्क निगरानी रखे हुए थी तभी जानकारी हुई कि एक व्हाट्सएप ग्रुप रिवाइविंग इस्लाम है, जिसके 3 एडमिन सहित लगभग 400 पाकिस्तानी सदस्य हैं। इस ग्रुप में एक नंबर उत्तर प्रदेश का भी जुड़ा है, जानकारी प्राप्त हुई कि इस मोबाइल नंबर का धारक अमरोहा का रहने वाला अजमल अली पुत्र असगर खान, जो विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से राष्ट्रविरोधी व गैर मुस्लिम धर्म के व्यक्तियों के प्रति कट्टरपंथी विचारधारा को प्रसारित-प्रचारित कर रहा है। जिसके बाद छापेमारी करके अमरोहा के नौगवा देहरा गांव निवासी अजमल पुत्र असगर खान और महाराष्ट्र थाणे बदलापुर गांव निवासी डॉ उसामा माज शेख पुत्र माज शेख को गिरफ्तार किया। संदिग्धों ने पूछताछ में बताया कि वह व्हाट्सएप पर रिवाइविंग इस्लाम ग्रुप ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भारत ने रोमांचक मुकाबले में इंग्लैण्ड को दी शिकस्त

## ❍ 2-2 से बराबर हुई श्रृंखला ❍ 104 रन देकर मोहम्मद सिराज ने चटकाये पांच विकेट

एजेंसी



लंदन। भारत ने उतार-चढ़ाव से भरे बेहद रोमांचक पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के पांचवें दिन सोमवार को यहां मोहम्मद सिराज के करिश्माई प्रदर्शन से इंग्लैंड को छह रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर कर दी जिसे क्रिकेट की दो दिग्गज टीमों के बीच बेहद कड़े मुकाबले के रूप में हमेशा याद किया जाएगा।

सिराज ने तूफानी गेंदबाजी का नजारा पेश करते हुए 104 रन देकर पांच विकेट चटकाए और टीम की जीत के नायक साबित हुए। उन्होंने श्रृंखला में कुल 23 विकेट चटकाए और दोनों टीमों में सबसे सफल गेंदबाज रहे। भारत के 374 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने चौथे दिन जब छह विकेट पर 339 रन बनाए थे जब खराब रोशनी और बारिश के कारण खेलना रोकना पड़ा था। इंग्लैंड को अंतिम दिन जीत के लिए 35 रन जबकि भारत को चार विकेट की दरकार थी। सिराज की अगुआई में भारत ने हालांकि इंग्लैंड को 85.1 ओवर में 367 रन पर समेट दिया और रोमांचक जीत दर्ज की। प्रसिद्ध कृष्णा ने भी 126 रन देकर चार विकेट चटकाए। कंधे में चोट बावजूद क्रिस वोक्स एक हाथ में बल्ले थामे अंतिम बल्लेबाज के रूप में क्रीज पर उतरे और काफी दर्द के बावजूद मैदान पर डटे रहे लेकिन अंततः सिराज ने गस एटकिंसन (17) को बोल्ड करके भारत को जीत दिला दी। इंग्लैंड ने लीड्स में पहला मैच पांच विकेट से जीत दर्ज की थी जबकि भारत ने बर्मिंघम में जोरदार वापसी करते हुए दूसरा टेस्ट 336 रन से जीता था। लार्ड्स में तीसरे टेस्ट में मेजबान टीम ने 22 रन की रोमांचक जीत दर्ज की जबकि मैनचेस्टर में चौथा टेस्ट ड्रॉ रहा। इसके बाद भारत ने जो रूट और हैरी ब्रूक की शतकीय पारियों के बावजूद चौथी शाम चार विकेट चटकाकर जोरदार वापसी की और फिर श्रृंखला के अंतिम दिन जीत दर्ज की।

## संक्षेप

### रक्षाबंधन पर महिलाओं को तीन दिन फ्री यात्रा

लखनऊ। रक्षाबंधन से पहले प्रदेश सरकार ने हर बार की तरह इस बार भी यूपी रोडवेज बसों में बहनों की यात्रा को तीन दिन तक के लिए मुफ्त कर दिया है। रक्षाबंधन के मौके पर यह सुविधा 8 अगस्त को सुबह 6 बजे शुरू होगी और 10 अगस्त की रात 12 बजे तक चालू रहेगी। इस तरह से 8 अगस्त से लेकर 10 अगस्त तक यूपी रोडवेज बसों में माताओं-बहनों की यात्रा फ्री होगी। यूपीएसआरटीसी (उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम) और नगरीय बस सेवा की जितनी भी बसें होती हैं, उन सभी में महिलाओं को फ्री ट्रैवल का मौका ...शेष पृष्ठ 14 पर

### इलाहाबाद हाईकोर्ट को मिले पांच नये जज

नयी दिल्ली। पांच न्यायिक अधिकारियों को सोमवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया। विधि मंत्रालय के अनुसार, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, अब्दुल शाहिद, संतोष राय, तेज प्रताप तिवारी व जफीर अहमद को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है और उनकी नियुक्ति उस दिन से प्रभावी मानी जाएगी जिस दिन वे अपना-अपना पदभार ग्रहण करेंगे।

### पांच पूर्व पुलिसकर्मियों को आजीवन कारावास

चंडीगढ़। मोहाली की एक सीबीआई अदालत ने तरनतारन जिले में 1993 में फर्जी मुठभेड़ में सात लोगों की मौत मामले में पुलिस के पांच पूर्व अधिकारियों को सोमवार को आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश बलजिंदर सिंह सरा की अदालत ने फैसला सुनाते हुए प्रत्येक दोषी पर 3.50 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने एक अगस्त को उन्हें भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत आपराधिक षड्यंत्र, हत्या और सबूत नष्ट करने का दोषी पाया था।

# मालेगांव विस्फोट में हिन्दुओं को फंसाने की थी साजिश

## सीएम योगी ने मेरठ में 2,517 करोड़ की नवीन इंटीग्रेटेड टाउनशिप परियोजना का किया भूमिपूजन

जिला संवाददाता



मेरठ/सहारनपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसी पार्टियां राष्ट्रवादियों को फंसाने की साजिश करती हैं। मालेगांव विस्फोट मामले में निर्दोष हिंदुओं को फंसाकर, आतंकवादियों को बचाने का काम किया गया। आज वही लोग देश की संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने पूछा कि क्या कांग्रेस अपने पापों के लिए देश से माफी मांगेगी? सीएम योगी मेरठ में मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नए शहर प्रोत्साहन योजना के तहत 2,517 करोड़ रुपये की लागत वाली नवीन इंटीग्रेटेड टाउनशिप परियोजना का भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस की राजनीति सिर्फ जातिवाद, दंगे और माफियाओं की चरणवंदना तक सीमित रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ में विकास की नई इबारत लिखते हुए मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नए शहर प्रोत्साहन योजना के तहत 2,517 करोड़ रुपये की लागत वाली नवीन इंटीग्रेटेड टाउनशिप परियोजना का भूमिपूजन किया। 295 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली यह परियोजना मेरठ को आवासीय, औद्योगिक और वाणिज्यिक सुविधाओं का एक आधुनिक केंद्र बनाएगी। इस अवसर पर सीएम योगी ने युवा उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों और आवास योजना के लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान कर सशक्तीकरण की दिशा में ठोस कदम उठाए। साथ ही, उन्होंने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए मालेगांव जैसे मुद्दों पर उनकी नीतियों की आलोचना की। वहीं सहारनपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक दिवसीय दौरे में इस मंडल के तीन जिलों में चल रही विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि राज्य के चतुर्दिक विकास के लिए शुरू की गई मंडलवार जनप्रतिनिधि संवाद शृंखला के तहत सोमवार को सहारनपुर मंडल के तीन जिलों, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर और शामली के जन प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री ने विशेष समीक्षा बैठक की। यह बैठक यहां सर्किट हाउस हुई जिसमें मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से उनके निर्वाचन क्षेत्रों की स्थिति, जन अपेक्षाओं और विकासात्मक प्राथमिकताओं पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने इस बैठक में प्रत्येक विधायक के साथ व्यक्तिगत रूप से उनके क्षेत्र की समस्याओं और विकास योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि सहारनपुर मंडल का विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इस क्षेत्र का पुनरुत्थान और समेकित विकास नए उत्तर प्रदेश के निर्माण का मूलाधार है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सभी विकास ...शेष पृष्ठ 14 पर

### परिषदीय विद्यालयों की भौतिक स्थिति की व्यापक समीक्षा करें अफसर : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों की भौतिक स्थिति की व्यापक और सघन समीक्षा कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश का कोई भी विद्यालय जर्जर भवन, गंदगी अथवा बुनियादी सुविधाओं की कमी से प्रभावित नहीं होना चाहिए, जहां भी ऐसी स्थिति हो, वहां त्वरित प्रभाव से सुधार कार्य शुरू कर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों को प्रेरक, सुंदर और सुरक्षित वातावरण में शिक्षा देने के लिए सरकार कटिबद्ध है। इस लक्ष्य की पूर्ति हेतु सभी ...शेष पृष्ठ 14 पर

### पहलगाम हमलावरों के पाकिस्तानी होने के मिले पुख्ता सबूत

श्रीनगर। सुरक्षा एजेंसियों ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकवादियों की राष्ट्रीयता का पता लगाने के लिए सबूत जुटाए हैं, जिनमें पाकिस्तान सरकार द्वारा जारी दस्तावेजों और बायोमेट्रिक डेटा सहित अन्य चीजें शामिल है। इससे इस बात की पुष्टि होती है कि वे तीनों आतंकवादी पाकिस्तान के नागरिक थे।

अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दुर्दांत आतंकवादियों के रूप में पहचाने गए ये तीनों आतंकवादी 28 जुलाई को ऑपरेशन महादेव के दौरान श्रीनगर के बाहरी इलाके दाचीगाम जंगल में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए थे। वे पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए हमले के बाद से दाचीगाम-हरवान वन क्षेत्र में छिपे हुए थे। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। अधिकारियों ने बताया कि एकत्र किये गये साक्ष्यों से पता चला कि इन आतंकवादियों में कोई भी स्थानीय व्यक्ति नहीं था। उन्होंने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तान के राष्ट्रीय डाटाबेस और ...शेष पृष्ठ 14 पर

# पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का निधन

## राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री समेत कई नेताओं ने जताया शोक

एजेंसी



रांची/नयी दिल्ली। झारखंड के गठन में अहम भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ आदिवासी नेता एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक शिबू सोरेन ने सोमवार को अंतिम सांस ली। वह 81 वर्ष के थे। उनके बेटे और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने निधन की जानकारी दी।

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन गुर्दे संबंधी समस्याओं के कारण एक महीने से ज्यादा समय से दिल्ली के एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे। हेमंत सोरेन ने एक्स पर लिखा, आदरणीय दिशोम गुरुजी हम सबको छोड़कर चले गए, मैं आज शून्य हो गया हूं। झारखंड विधानसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया, जबकि राज्य सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री के निधन के बाद तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया। देशभर से ...शेष पृष्ठ 14 पर

### सेना के खिलाफ टिप्पणी पर राहुल को फटकार

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर सोमवार को उनकी आलोचना करते हुए कहा अगर आप सच्चे भारतीय हैं, तो ऐसी बात नहीं कहेंगे।

हालांकि, शीर्ष अदालत ने इस मामले में लखनऊ की एक अदालत में गांधी के खिलाफ जारी कार्यवाही पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने मामले में उत्तर प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा आप विपक्ष के नेता हैं। आप संसद में बातें क्यों नहीं कहते हैं, आप सोशल मीडिया पर क्यों कहते हैं? पीठ ने पूछा आपको कैसे पता चला कि 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन चीनियों ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सशक्त बहना उत्सव योजना का भव्य शुभारंभ

## 1.63 लाख महिलाएं बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल : धामी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय परिसर में मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह आयोजन प्रदेश के सभी 95 विकासखंडों में एक साथ वर्चुअल माध्यम से जुड़ा, जिसमें बड़ी संख्या में महिला स्वयं सहायता समूहों ने भागीदारी की।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वयं सहायता समूहों द्वारा रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया, जहां उन्होंने बहनों द्वारा तैयार की गई हस्तशिल्प, खाद्य उत्पादों, पारंपरिक राखियों और स्थानीय वस्तुओं की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी बहनों ने मुख्यमंत्री को राखी बांधी और उन्होंने सभी को रक्षाबंधन की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की महिलाएं आज आत्मनिर्भरता की मिसाल बन रही हैं। उन्होंने बताया कि 1 लाख 63 हजार से अधिक बहनें आज लखपति दीदी बन चुकी हैं और राज्य सरकार उनके सशक्तिकरण के लिए बहुआयामी योजनाओं पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने ...शेष पृष्ठ 14 पर



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें

❍ अब योगी राज में हो रही निवेश क्रांति (पृष्ठ-02)
❍ रालोद में प्रकोष्ठों के प्रभारियों की हुई नियुक्ति (पृष्ठ-02)
❍ डॉलर के मुकाबले रुपया 87.70 पर बंद (पृष्ठ-14)
❍ आर्थिक वृद्धि से तमिलनाडु की काया बदली (पृष्ठ-14)
❍ आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक शुरू (पृष्ठ-14)

विशेष खबर

एनडीआरएफ की 14 टीमें, एसडीआरएफ की 15 टीमें और पीएसी की 48 टीमें तैनात, हरकत में आए राहत कार्यों से जुड़े विभिन्न विभाग के अधिकारी

# प्रदेश के 21 जिलों में दो लाख लोग बाढ़ से प्रभावित

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों में तेजी लाने, पीड़ितों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद अधिकारी अपने जिलों में बाढ़ की स्थितियों पर लगातार नजर रखे हैं। इसके साथ ही राहत कार्यों के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी की टीमें भी मुस्तैदी से लोगों को राहत देने में लगी हुई हैं। बाढ़ के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए प्रदेश के 57 जिलों में एनडीआरएफ की 14, एसडीआरएफ की 15 और पीएसी की 48 टीमों को तैनात किया गया है। वर्तमान में प्रदेश के 17 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। इनमें कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, आगरा, औरैया, चित्रकूट, बलिया, बांदा, गाजीपुर, मीरजापुर, प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, जालौन, कानपुर देहात, हमीरपुर, इटावा और फतेहपुर शामिल हैं। इन सभी जिलों में राहत कार्य तेजी से चल रहे हैं। वहीं एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी के जवानों की ओर से पेट्रोलिंग की जा रही है। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 17 जिलों की 40 तहसीलें और 694 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। इन इलाकों में बाढ़ से 1,72,255 लोग प्रभावित हैं। इन सभी को राहत प्रदान की गयी है। वहीं बाढ़ की वजह से 20,000 मवेशियों को सुरक्षा स्थान पर शिफ्ट किया गया है। बाढ़ की चपेट में आने से अब तक 373 लोगों के मकानों को क्षति पहुंची है, जिनमें से 356 लोगों को सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है। वहीं प्रदेश में 11,386 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल बाढ़ की चपेट में आया है। प्रभावित क्षेत्रों में 738 नावों और मोटरबोट्स की सहायता से राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। इसके अलावा 4,867 नावों को प्रीपोजीशंड किया गया है। इन इलाकों में अब तक 1,20,000 खाद्यान्न पैकेट और 1,63,000 लंच पैकेट वितरित किये जा चुके हैं। वर्तमान में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 39 लंगर के जरिये पीड़ितों को भोजन की सुविधा दी जा रही है। योगी सरकार की ...शेष पृष्ठ 14 पर



यूपी के नवनियुक्त मुख्य सचिव एसपी गोयल से भेंट करते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जनता का हाल जान रहे योगी के मंत्री

## सीएम योगी के निर्देश पर ग्राउंड जीरो पर उतरकर राहत सामग्री वितरित कर रहे मंत्रीगण, हर परिस्थिति में बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी है योगी सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार के मंत्री बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों के लिए ग्राउंड जीरो पर उतरे हैं।

- **पीड़ितों की मदद योगी सरकार की प्राथमिकता, प्रभावित क्षेत्रों में मुस्तैद है योगी की टीम-11**
- **कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना व अनिल राजभर ने वाराणसी में मुख्यमंत्री बाढ़ राहत किट का किया वितरण**
- **नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी' ने प्रयागराज के करछना तहसील के कटका डेरा गांव का किया निरीक्षण**
- **स्वतंत्र देव सिंह व संजय गंगवार ने जालौन में बाढ़ पीड़ितों को परोसा भोजन**
- **दयाशंकर मिश्र 'दयालु' बलिया व रामकेश निषाद ने बांदा में बांटी राहत सामग्री**






मंत्रियों ने सोमवार को भी बाढ़ प्रभावित जनपदों का भ्रमण किया। मंत्रियों ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों का भी जायजा लिया, फिर पीड़ितों से संवाद स्थापित किया। बाढ़ पीड़ितों और जरूरतमंदों तक अविलंब सहायता पहुंचाना, राहत सामग्री का निरंतर वितरण करना योगी सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रतिनिधि, प्रशासन और संसाधन जनता के हर सुख-दुख में है। सरकार हर परिस्थिति में बाढ़ पीड़ितों को राहत दिलाने के लिए तत्पर है।

**वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व अनिल राजभर ने वाराणसी में बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का किया दौरा :** योगी सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व श्रम-सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने सोमवार को वाराणसी के बाढ़ग्रस्त एरिया का निरीक्षण किया। खन्ना ने प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण भी किया। प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने नमो घाट से नक्की घाट तक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए राहत शिविरों में पहुँचकर पीड़ितों से संवाद किया। उन्होंने शिविरों में साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, भोजन, चिकित्सा सुविधा और बिजली आपूर्ति जैसी बुनियादी जरूरतों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

खन्ना ने श्रीराम पीजी कॉलेज और दीप्ति कॉन्वेंट स्कूल हुकुलगंज में भी राहत शिविरों का दौरा कर राहत सामग्री वितरित की। खन्ना ने बच्चों को चॉकलेट भी दी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि चिकित्सा टीमें पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें, जलजनित रोगों की रोकथाम हेतु समुचित प्रयास हों।

**कैबिनेट मंत्री ने किया प्रयागराज के करछना तहसील के कटका डेरा गांव का निरीक्षण :** कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने सोमवार को प्रयागराज के करछना तहसील के कटका डेरा गांव का निरीक्षण किया। बाढ़ की स्थिति का अवलोकन करने के साथ ही उन्होंने बाढ़ प्रभावितों का कुशलक्षेम जाना। अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ ग्रस्त इलाकों में सूखा राशन एवं मवेशियों के लिए चारा की व्यवस्था कराई जाए।

बाढ़ चौकी के माध्यम से जलस्तर की सतत निगरानी एवं ग्राम प्रधानों से समन्वय स्थापित कर आवश्यकता पड़ने पर लोगों को सुरक्षित निकालने और राहत शिविर में पहुंचाने की तैयारी के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने मीरजापुर में भी राहत कार्यों का जायजा लिया और जिलाधिकारी, सीडीओ व एसपी के साथ स्थिति की जानकारी ली।

**स्वतंत्र देव सिंह व संजय गंगवार ने जालौन में बाढ़ पीड़ितों को परोसा भोजन :** योगी सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व राज्यमंत्री संजय गंगवार ने कालपी, जालौन के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री वितरित की। मंत्रियों ने यहां बाढ़ पीड़ितों को भोजन भी परोसा। संजय गंगवार ने माधौगढ़ का भी निरीक्षण किया। मंत्रियों ने राहत सामग्री वितरण के साथ बाढ़ पीड़ितों का हाल जाना। राज्यमंत्री ने अधिकारियों को त्वरित सहायता सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया।

**बलिया में प्रभारी मंत्री ने किया बाढ़ व कटान क्षेत्रों का निरीक्षण :** बलिया के प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने बाढ़ व कटान प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने एनडीआरएफ की नाव से बाढ़ प्रभावित गोपालपुर, उदयीछपरा, दूबेछपरा बस्ती मे जाकर नुकसान व आमजन की परेशानियों का जायजा लिया। उन्होंने एनएच-31 के डेंजर प्वाइंट्स का भी निरीक्षण किया। मंत्री ने दूबेछपरा में हनुमान मंदिर से संचालित होने वाले बाढ़ राहत केंद्र का उद्घाटन किया।

उन्होंने प्रशासनिक व बाढ़ विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देने के साथ ही प्रभावित लोगों को विश्वास दिलाया कि पीड़ितों को समय से सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। यहां नाव से लगायत अन्य कोई भी समस्या नहीं आने दी जायेगी। जिला प्रशासन ने सारी व्यवस्था कर ली है। एनडीआरएफ ने भी मोर्चा संभाल लिया है।

**राज्यमंत्री ने ली बांदा की जानकारी :** जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने बाढ़ से प्रभावित ग्राम पंचायत चिल्ला, तारा (बांदा) का भ्रमण कर वहां की स्थितियों का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और आवश्यक्ताओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल राहत मुहैया कराने के निर्देश दिए।

**मुख्यमंत्री स्वयं रख रहे प्रभावित जनपदों पर नजर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं हर प्रभावित जिले की स्थिति पर नजर रखे हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि राहत कार्यों में पारदर्शिता और मानवीय संवेदना को प्राथमिकता दी जाए। राज्य सरकार ह्लहर पीड़ित तक सरकारह्व की भावना को जमीन पर उतारने के लिए संकल्पबद्ध है।

## आखिर कब तक 10000 में कार्य करते रहेंगे शिक्षामित्र : कौशल कुमार सिंह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रदेश मंत्री कौशल कुमार सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत लगभग 1.43 लाख शिक्षामित्रों का पिछले 8 वर्षों से मानदेय में कोई वृद्धि नहीं की गई है। संगठन द्वारा मानदेय की वृद्धि के लिए प्रदेश के सभी सरकार के जनप्रतिनिधियों/अधिकारियों के माध्यम से अपनी समस्या को प्रदेश सरकार तक रखने का प्रयास किया गया जिस पर समय-समय पर आश्वासन भी दिया गया लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है, जिस कारण दिन-प्रतिदिन शिक्षामित्रों की आर्थिक परिस्थिति बिगड़ रही है। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ द्वारा विगत छः माह से मुख्यमंत्री से मिलने का लगातार प्रयास किया जा रहा है, जिससे मिलकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्या रखकर उसका कोई स्थाई हल निकल सके लेकिन अभी तक मुख्यमंत्री द्वारा मिलने के लिए समय प्रदान नहीं किया गया है। प्रदेश के अधिकांश शिक्षामित्र बीमारियों से जूझ रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षामित्रों को आयुष्मान कार्ड से आच्छादित करने के संदर्भ में घोषणा की गई थी लेकिन अभी तक उस पर विभागीय कोई कार्यवाही नहीं हुई है। संगठन मुख्यमंत्री से अनुरोध करता है कि संगठन के पदाधिकारियों को मिलने के लिए समय प्रदान करें एवं मानदेय वृद्धि सहित आयुष्मान कार्ड का लाभ शीघ्र ही प्रदेश के शिक्षामित्रों को मिले।

- **संगठन ने मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा**

## रालोद में प्रकोष्ठों के प्रभारियों की हुई नियुक्ति



**लखनऊ।** रालोद ने संगठनात्मक सशक्तिकरण और प्रकोष्ठों के संचालन को प्रभावी बनाने के लिए उत्तर प्रदेश में विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए रालोद के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि यह नियुक्तियाँ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय की स्वीकृति से की गई हैं। नवगठित प्रभारियों में युवा प्रकोष्ठ के प्रभारी रजनीकांत मिश्रा बनाए गए हैं। वहीं, छात्रसभा प्रकोष्ठ में विमलेश पाठक, किसान प्रकोष्ठ में अजीत दौला, पंचायत राज प्रकोष्ठ में तिरस पाल मलिक, सहकारिता प्रकोष्ठ में अशोक चौधरी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ में इजहार अहमद शाह, व्यापार प्रकोष्ठ में राम आसरे विश्वकर्मा, खेल एवं प्रोत्साहन प्रकोष्ठ में बसंत सिंह, प्रोफेशनल मंच में संतोष यादव, सामाजिक न्याय मंच में नरेन्द्र सिंह बघेल, श्रम प्रकोष्ठ में अरुणेंद्र पटेल, महिला प्रकोष्ठ में हेमा पाठक, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ में ओपी सिंह कामाण्डो, अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ में नरेन्द्र खजूरी, कार्यालय व्यवस्थापक के रूप में वसीम हैदर नियुक्त किए गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने सभी नवगठित प्रभारियों को संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया है।

## जदयू की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 7 को

**लखनऊ।** जनता दल यूनाइटेड, उत्तर प्रदेश पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी बैठक दिनांक 07 अगस्त को प्रातः11 बजे से पार्टी के प्रदेश कार्यालय, लखनऊ में आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल करेंगे। इसमें पार्टी के समस्त पदाधिकारीगण, समस्त जिला प्रभारी, समस्त जिला अध्यक्ष एवं सक्रिय सदस्यों को बताया जायेगा कि पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश स्तर पर पार्टी संगठन की समीक्षा करने, जिन जिलों में प्रभारी नियुक्त हो चुके हैं। वहां के जिला संगठन की समीक्षा करने, पार्टी की प्रदेश के अन्य जिलों में होने वाले आगामी कार्यक्रम की रुपरेखा तय करने, प्रदेश में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पार्टी के चुनाव लड़ने की रूपरेखा पर विचार करने, प्रदेश में पार्टी संगठन को मजबूत एवं सक्रिय करने के लिए अपने महत्वपूर्ण विचार रखने एवं सुझाव देने के लिए पार्टी के समस्त प्रदेश पदाधिकारीगण, समस्त जिला प्रभारी, समस्त जिला अध्यक्ष, समस्त प्रवक्तागण, समस्त प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, संयोजकगण, प्रमुख पदाधिकारीगण एवं सक्रिय सदस्यों की उपस्थिति रहने का निर्देश दिया गया है।

## सड़क परियोजनाओं को समय से पूरा करें : मुख्य सचिव

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी.गोयल की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत विभिन्न निर्माण परियोजनाओं में उच्च विशिष्टियों/पीसीयू शिथिलीकरण आदि हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई।

- **मुख्य सचिव की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत विभिन्न निर्माण परियोजनाओं में उच्च विशिष्टियों/पीसीयू शिथिलीकरण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक संपन्न**
- **बैठक में गौतमबुद्धनगर, उन्नाव, बहराइच व चन्दौली में प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं के लिए पीसीयू मानक के शिथिलीकरण का प्रस्ताव**



बैठक में मुख्य सचिव ने गौतमबुद्धनगर, उन्नाव, बहराइच व चन्दौली में प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं के लिए पैसेंजर कार प्रति यूनिट (पीसीयू) मानक के शिथिलीकरण का प्रस्ताव अनुमोदन प्रदान किया। उन्होंने अधिकारियों को इन परियोजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश भी दिये, जिससे कि इन क्षेत्रों में यातायात को और सुगम बनाया जा सके और लोगों को समय से इसका लाभ मिले।

प्रस्ताव के मुताबिक जनपद गौतमबुद्धनगर में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत 6550.80 लाख रुपये लागत से फरीदाबाद ग्रेटर नोएडा वाया जसाना-मंझावली-अटटा गुजरान एकीकृत परिपथ (4 लेन) तथा जनपद उन्नाव में 200.37 लाख रुपये की लागत से विकास खण्ड पुरवा कार्यालय को जोड़ने हेतु 0.690 किमी लम्बाई के दो लेन मार्ग का नवनिर्माण किया जायेगा। इसी प्रकार जनपद बहराइच में 139.79 लाख रुपये की लागत से विकास खण्ड कार्यालय तेजवापुर को दो लेन मार्ग से जोड़ने हेतु 0.400 किमी लम्बाई के बेइनापुर से तेजवापुर मार्ग तथा जनपद चन्दौली में 216.38 लाख रुपये की लागत से 0.700 किमी लम्बाई के सैयदराजा जमनिया मार्ग से बरहनी ब्लाक मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया जायेगा। बैठक में लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## शहरी विकास परियोजनाओं में जवाबदेही होगी सुनिश्चित

**लखनऊ।** नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश ने शहरी विकास परियोजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब विकास कार्यों की वित्तीय किश्त की स्वीकृति के लिए यह अनिवार्य कर दिया गया है कि उपयोग प्रमाणपत्र और पूर्णता प्रमाणपत्र के साथ उन शिलापट्टों की प्रमाणित तस्वीरें संलग्न की जाएं, जिन पर संबंधित जनप्रतिनिधियों के नाम स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हों। यह फोटोग्राफिक दस्तावेज परियोजना की प्रगति और सार्वजनिक धन के सदुपयोग की निगरानी हेतु एक आवश्यक अनुपालन प्रमाण के रूप में काम करेगा। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में, नगर विकास विभाग ने सभी शहरी स्थानीय निकायों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि विभागीय योजनाओं और वित्त आयोग के तहत वित्त पोषित विकास परियोजनाओं में शिलान्यास एवं उद्घाटन पट्टिकाओं की स्थापना अनिवार्य रूप से की जाए।नवीन दिशा-निदेर्शों के अनुसार, प्रत्येक पट्टिका पर प्रमुख जनप्रतिनिधियों– मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री, संबंधित क्षेत्र के विधायक, और नगर निगम में महापौर या नगर पालिका/नगर पंचायत में माननीय अध्यक्ष–के नाम निर्धारित क्रम में अंकित करना अनिवार्य होगा।साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि माननीय विधायक और महापौर/अध्यक्ष के नाम एक समान फॉन्ट साइज में हों, ताकि प्रस्तुति में निष्पक्षता और गरिमा बनी रहे। पट्टिकाओं पर केवल निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के नाम ही अंकित किए जाएंगे। किसी भी सरकारी अधिकारी जैसे नगर आयुक्त, अधिशासी अधिकारी या अन्य विभागीय कर्मियों का नाम पट्टिका पर लिखना पूर्णतः वर्जित होगा।

## दुग्ध उत्पादकों को तकनीकी निवेश सुविधा के लिए धनराशि मंजूर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में डेयरी विकास के लिए दुग्ध उत्पादकों को तकनीकी निवेश कार्यक्रम की जिला योजना-एस सी पी हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रथम किश्त के रूप में 69.36 लाख रुपए (उन्हतर लाख छत्तीस हजार मात्र) की धनराशि स्वीकृत की है। यह धनराशि आगरा, मैनपुरी, झांसी, जालौन (उरई), हमीरपुर, महोबा, बांदा, लखनऊ, लखीमपुर खीरी, बरेली, पीलीभीत, मेरठ, शाहजहांपुर, रामपुर, वाराणसी, मिजार्पुर, सोनभद्र, गोरखपुर, महाराजगंज, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ, प्रयागराज, प्रतापगढ,. कानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बहराइच, तथा गोंडा जनपदों के लिए स्वीकृत की गई है।स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोग मात्र अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के सदस्यों से गठित /पुनर्गठित समितियों पर ही किया जायेगा।

## भाजपा सरकार लोगों के बचाव और जरूरी चीजों की व्यवस्था करने में फेल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार एक भ्रष्ट और नाकाम सरकार साबित हुई है। प्रदेश का बड़ा हिस्सा बाढ़ के कारण संकट के दौर से गुजर रहा है लेकिन भाजपा सरकार लोगों के बचाव और जरूरी चीजों की व्यवस्था करने में फेल हो गयी है। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार जब बड़े-बड़े लोगों की सुपर वीवीआईपी रैली या सभा का आयोजन कर सकती है तो बाढ़ में राहत-बचाव का काम क्यों नही कर रही है?

- **सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार से मांगा जवाब**

अखिलेश यादव ने कहा कि प्रयागराज सहित प्रदेश के लगभग दो दर्जन जिलों में बाढ़ की वजह से भयावह स्थिति है। प्रयागराज, वाराणसी में गली मोहल्लों में नाव चलाने की नौबत है। भोजन और पीने के पानी की किल्लत चरम पर है। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में घरों में पानी घुस गया है। बीमार, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को दवा-इलाज नहीं मिल पा रहा है। स्वास्थ्य-चिकित्सा सेवाएं ठप्प हैं। स्कूलों के मर्जर के कारण पहले से ही पढ़ाई के लिए बच्चे मारे-मारे फिर रहे हैं। बाढ़ ने स्थिति और खराब कर दी। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में बिजली की समस्या है। करंट लगने का डर है। ऊपरी मंजिलों पर रहने पर मजबूर लोगों के बीच घर के धंसने का भी भय है। घरों के सामान डूब गये हैं। लोगों के पास पहनने को कपड़े नहीं है। मोबाइल चार्ज नहीं हो पा रहे हैं, जिससे लोगों के बीच संवाद नहीं हो पा रहा है। सरकारी राहत दिखावा साबित हो रही है। मंत्रीगण सिर्फ खानापूर्ति करने में लगे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा गठित टीम-11 की भूमिका शून्य है। भाजपा सरकार का जोर प्रचार पर है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में स्मार्टसिटी के नाम पर बजट का भारी अपव्यय किया है। प्रयागराज और वाराणसी स्मार्टसिटी के नाम पर बीस-बीस हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का अपव्यय हुआ लेकिन इनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में बाढ़जन्य बीमारियों की आशंका हैं। बाढ़ सिर्फ.कीचड़, कचरा, मलबा और दुर्गंध ही नहीं



बीमारी-महामारी को भी छोड़कर जाती है। जो लोग दैनिक कमाई पर जीवनयापन करते हैं वो काम पर नहीं जा पा रहे हैं। गरीब-मजदूर भुखमरी की कगार पर आ गये हैं। किसानों की खेती-जमीन पर पानी फिर गया है। दुकानों को अरबों रूपयों का नुकसान हो गया है। लोगों के पहचान पत्र, राशन कार्ड, जमीन-जायदाद के कागज, बैंक की पास बुक, शैक्षिक प्रमाणपत्र, बीमारी के पर्चे व अन्य जरूरी कागजात या तो भीगकर बर्बाद हो गये हैं या फिर बह गये हैं। गाड़ी-वाहन डूब गये हैं। नदी के किनारे, नाव के सहारे जीवन जीने वाले समाज के बीच जीविकोपार्जन का गहरा संकट आ गया है लेकिन उनकी दिक्क़त सुनने-समझने वाला भाजपा सरकार या उनके सहयोगी दलों में कोई भी नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि बच्चों को शिक्षा से वंचित किया जा रहा है। जिन लोगों का निधन हो रहा है उनके अंतिम संस्कार नहीं हो पा रहे हैं। इन हालातों में जनता बेहद आक्रोशित है क्योंकि प्रशासन नदारद है और शासन आत्म प्रचार की आपसी होड़ में घूम-घूम के फोटो खिंचवाने में व्यस्त है।

### जनता से संवाद के लिए यूट्यूब चैनल सपा टीवी लांच

**लखनऊ।** जनता से सीधा संवाद स्थापित करने और पार्टी की दिन भर की गतिविधियों को व्यापक स्तर पर पहुंचाने के लिए 23 जुलाई से समाजवादी पार्टी ने अपना आधिकारिक यूट्यूब चैनल समाजवादी पार्टी टीवी लांच कर दिया है। जनता के बीच यह अत्यंत लोकप्रिय हो रहा है। इस चैनल की खास बात यह है कि इसमें सपा प्रमुख अखिलेश यादव के द्वारा दिन भर दिए गए महत्वपूर्ण बयान एवं निर्देश पार्टी अपडेट्स नाम से प्रतिदिन रात 09:00 बजे ऑन एयर होगा।

इस नए डिजिटल पहल का उद्देश्य है कि पार्टी की हर नीति, जन सरोकार से जुड़ी बातें और जमीनी स्तर की राजनीतिक हलचल जनता तक पारदर्शिता से पहुंचाई जाए। पार्टी के इस विशेष कार्यक्रम को पार्टी के प्रवक्ता नावेद सिद्दीकी प्रस्तुत करेंगे। नावेद सिद्दीकी मशहूर रेडियो एंकर रहे हैं। उन्होंने वर्षों तक एफएम रेडियो पर विशेष कार्यक्रमों का संचालन किया है। वे अपनी प्रभावशाली शैली में रात 09:00 बजे रोजाना पार्टी अपडेट्स पर कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

## पत्रकार हमले पर अजय राय ने सीएम से की कार्रवाई की मांग



**लखनऊ।** प्रयागराज जिले के पत्रकार अमित कुमार श्रीवास्तव एक पत्रकार हैं, जो लगातार संगठित अपराध के खिलाफ प्रमुखता से खबरें चलाकर उनको बेनकाब करते रहे हैं, उन पर 01 अगस्त को जान से मारने की नीयत से अराजक तत्वों द्वारा हमला किया गया। इस पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मामले में अविलम्ब एफआईआर दर्ज करवाकर दोषियों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही एवं अमित कुमार श्रीवास्तव को सुरक्षा दिलाये जाने की मांग की। अजय राय ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और जिस प्रदेश में पत्रकार ही सुरक्षित नहीं हैं वहां की अव्यवस्था स्वतः ही समझी जा सकती है। इस तरह की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं न सिर्फ ध्वस्त कानून व्यवस्था की तरफ इशारा करती हैं बल्कि ईमानदार और साहसी पत्रकारों के मनोबल को भी तोड़ने का काम करती हैं। यह घटना स्तब्ध करने वाली है और निंदनीय भी है। इस घटना से एक बार फिर प्रदेश की ध्वस्त कानून व्यवस्था की कलई खुल गयी है।

# 2017 से पहले था निवेश का सूखा अब योगी राज में हो रही निवेश क्रांति

## एफडीआई से लेकर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी तक, यूपी ने तय की विकास की ऐतिहासिक उड़ान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश, जो कभी निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य नहीं माना जाता था, आज देश के सबसे भरोसेमंद और तेजी से विकसित होते औद्योगिक राज्यों की पंक्ति में खड़ा है।

- **16,000 से अधिक परियोजनाएं उतर रहीं धरातल पर, 8,000 से अधिक संचालन में**
- **टाटा, अदानी, वीवो से लेकर आइकिया तक दिग्गज कंपनियों को रास आ रहा यूपी**
- **मुख्यमंत्री योगी की स्पष्ट नीतियों ने बदली यूपी की छवि**
- **निवेश, रोजगार और विकास की त्रिवेणी बना उत्तर प्रदेश**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य ने निवेश और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में ऐसी छलांग लगाई है, जिसकी मिसाल कम ही देखने को मिलती है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज ह्लरिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्मह्व मॉडल का सर्वोत्तम उदाहरण बन चुका है। जहां एक ओर 2017 से पहले यूपी निवेश मानचित्र पर मुश्किल से स्थान पा रहा था, वहीं अब यह राज्य वैश्विक निवेशकों के लिए पहला विकल्प बन गया है। विगत 8 वर्षों में लाखों करोड़ का निवेश और दुनिया भर के निवेशकों का उत्तर प्रदेश की ओर रिझान इसी ओर इशारा कर रहा है।

**2017 से पहले था निवेश का सूखा, नीति और व्यवस्था की कमी :** मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो वर्ष 2000 से 2017 तक 17 वर्षों में यूपी को महज ?3,000 करोड़ का



एफडीआई प्राप्त हुआ था। 2016झ्17 में यह आंकड़ा गिरकर ?50 करोड़ तक सिमट गया था जो राज्य की छवि और औद्योगिक अभाव को दशार्ता है। राज्य में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की रैंकिंग औसत थी, सिंगल विंडो सिस्टम जैसी बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी थी। यही नहीं, औद्योगिक विकास के लिए न तो स्पष्ट विजन था और न ही स्थिर कानून व्यवस्था, जिससे निवेशकों में विश्वास की कमी बनी रही।

**2017 के बाद एक नए युग की शुरूआत :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने रनिवेश के लिए सर्वश्रेष्ठ गंतव्यर बनने का संकल्प लिया। इसके चलते 2019 से 2023 के बीच यूपी ने हजारों करोड़ से अधिक के एफडीआई को आकर्षित किया जो पूर्व की तुलना में कई गुना अधिक वृद्धि रही। सरकार ने दो इन्वेस्टर्स समिट (2018 यूपी इन्वेस्टर्स और 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट) सफलतापूर्वक आयोजित किए। 2018 जीआईएस से ?4.28 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जबकि 2023 जीआईएस से रिकॉर्ड ?33.50 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव हासिल हुए। योगी सरकार ने इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) का सफलतापूर्वक आयोजन किया और अब जीबीसी-5 की तैयारी जोरों पर है।

**सिर्फ वादे नहीं, परिणाम भी :** प्रदेश में अब तक जो चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित की गई हैं, उनके माध्यम से 16,000 से अधिक परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। इनमें 8,000 से अधिक में वाणिज्यिक संचालन शुरू हो चुका है, जबकि 8,000 से अधिक कार्यान्वयनाधीन हैं। जो निवेश धरातल पर उतर रहा है उसमें सबसे ज्यादा निवेश विनिर्माण (62.25%), सेवा (28.09%) और अवसंरचना क्षेत्रों में हुआ है। इसके माध्यम से वीवो, टाटा, अदानी, पेप्सिको, हल्दीराम, आइकिया जैसी कंपनियों ने बड़े पैमाने पर अपने निवेश को धरातल पर उतारा है। इस वर्ष नंवबर में प्रस्तावित जीबीसी-5 के जरिए 5 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का लक्ष्य है जो आयोजन की तिथि तक बढ़कर 10 लाख करोड़ तक पहुंच सकता है।

संक्षेप

## अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज

प्रतापगढ़। मासूम को बाइक की टक्कर से चुटहिल करने को लेकर अज्ञात चालक के खिलाफ पुलिस ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज किया है। लीलापुर थाना के रानीगंज अजगरा निवासी राजेन्द्र कुमार सोनी पुत्र मोतीलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती अठारह जुलाई को दिन में दो बजे उसकी चार वषीर्या पुत्री आंगनबाड़ी केन्द्र से पढ़ाई कर घर आ रही थी। इसी समय लालगंज की तरफ से आ रही बाइक ने तेज गति से मासूम को टक्कर मार दिया। दुर्घटना में गंभीर रूप से चुटहिल मासूम को प्रयागराज मेडिकल कालेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। खेत में लगे खम्भे के स्टे तार से फैले करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के छत्ता दुबे का पुरवा निवासी सागर गौतम 22 पुत्र सजन लाल सोमवार को दिन में साढ़े तीन बजे धान के खेत में खरपतवार निकाल रहा था। पानी भरे खेत में खंभे में स्टे तार के चलते करंट फैल गया। अचानक सागर करंट की चपेट में आ गया। परिजन इलाज के लिए उसे सांगीपुर सीएचसी ले गये। यहां चिकित्सकों ने सागर को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना घर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया। सांगीपुर पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पीएम के लिए भेजवाया।

## उत्पीड़न का आरोप, दी तहरीर

प्रतापगढ़। लीलापुर थाना के सिंधौर शमशेरगंज निवासी करामत हुसैन की पत्नी ताहरा ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उसके लड़के की शादी डीहमेंहदी बाबूगंज में करीब तीन वर्ष पहले नौशाद की पुत्री से हुई थी। शादी को लेकर अनबन हो गयी। पीड़िता के मुताबिक गांव के एक आरोपी द्वारा इसे लेकर आये दिन गालीगलौज व धमकी दी जा रही है। आरोप है कि आरोपी द्वारा गांव में मनमानी पंचायत के जरिए उसका परिवार सहित उत्पीड़न कराया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## मोना के प्रयास से मरीजों के उपचार के लिए मिली धनराशि

प्रतापगढ़। गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों के उपचार के लिए क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की सराहनीय पहल सामने आयी है। विधायक आराधना मिश्रा के द्वारा मुख्यमंत्री को इन गरीब परिवारों से जुड़े मरीजों के उपचार के लिए धनराशि मंजूर किये जाने को लेकर पत्र लिखा गया था। शासन स्तर पर विधायक मोना के प्रयास से क्षेत्र के आधा दर्जन गंभीर रूप से बीमार मरीजों का उपचार अब सुगमता से हो सकेगा। रामपुरखास के डभियार निवासी रोहित यादव की पुत्री सृष्टि को गंभीर बीमारी के उपचार के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से साढ़े तीन लाख रुपए अवमुक्त हुआ है। वहीं रेहुआ लालगंज की सुधा वैस व धारूपुर की सीमा पाण्डेय को उपचार के लिए ढ़ाई-ढ़ाई लाख रुपए एवं रांकी के बृजेन्द्र की पत्नी शांती को तीन लाख एवं शुकुलपुर निवासी नियाज अंसारी पुत्र सफीकुज्जमा को डेढ़ लाख रुपए उपचार के लिए सीएम विवेकाधीन कोष से मिलने से इन परिवारों में राहत देखी जा रही है।

# मिठवल ब्लॉक कार्यालय का औचक निरीक्षण

## सीसीएल रजिस्टर पर अंकित न देखकर भड़के डीएम



जिला संवाददाता

**सिद्धार्थनगर**। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, मिठवल का निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा सर्वप्रथम क्षेत्र पंचायत के कार्यो का अनुदानउ पंजिका भाग-03 का अवलोकन किया गया। इसके पश्चात जिगना विनय सिंह के घर से पश्चिम गेट तक इंटरलाकिंग कार्य के पत्रावली को देखा गया। पत्रावली में लैकलांग न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। इसके साथ निर्देश दिया कि 03 लाख से ऊपर के कार्य सहायक विकास अधिकारी पंचायत कार्य का निरीक्षण करेंगे तथा 05 लाख से ऊपर के कार्यो का खण्ड विकास अधिकारी निरीक्षण कर स्पष्ट जांच आख्या पत्रावली में रक्षित करेंगे। राज्य वित/केन्द्र आयोग द्वारा असनार में राम जानकी मन्दिर के पास सार्वजनिक शौचालय निर्माण की पत्रावली को देखा गया। पत्रावली में लैकलाग फोटो एवं निरीक्षण आख्या नही लगा था जिस पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि पुनः निरीक्षण कर आख्या लगाये। इसके साथ एपीओ पटल का निरीक्षण किया गया। मस्टर रोल रजिस्टर को देखा गया। पक्का काम का मैटेरियल रजिस्टर न मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए डीसीमनरेगा को निर्देशित किया गया कि एपीओ विनोद कुमार जायसवाल का स्पष्टीकरण प्राप्त करें। सहायक विकास अधिकारी पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायतों में पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं केन्द्रीय वित आयोग पंचम राज्य वित आयोग एवं अन्य योजनाओं अन्तर्गत कराये गये कार्यो का मास्टर रजिस्टर, ग्राम पंचायत भरतना वर्ष 2025-26 में नवनिर्माण अन्नपूर्णा भवन व्यय किये गये भुगतान को दर्ज न किये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सहायक विकास अधिकारी पंचायत का स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। उपायुक्त स्वतः रोजगार कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीसीएल रजिस्टर, आरईएफ रजिस्टर देखा गया। 2024-25 में 232 लोगो को रिवाल्विंग फन्ड सीसीएल दिया गया। सीसीएल आदि रजिस्टर पर अंकित न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए डीसीएनआरनएम को निर्देश दिया कि बीएमएम अरूण, सरताज को नोटिस देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी मिठवल सौरभ पाण्डेय को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी मिठवल व अन्य सम्बन्धित उपस्थित थे।

## पीएमश्री विद्यालयों में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न



सिद्धार्थनगर। पीएमश्री विद्यालयों में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री बलराम सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने निर्देश दिया कि सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी विद्यालय का निरीक्षण करते तथा निरीक्षण आख्या प्रेषित करें। बच्चों का नामांकन बढ़ाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही बच्चों को डीबीटी के माध्यम से ड्रेस, जूता मोजा आदि हेतु दी जाने वाली धनराशि अभिभावक के खाते में प्रेषित करें तथा ड्रेस आदि खरीदने हेतु प्रेरित करें। इसके साथ ही बच्चों का जन्म प्रमाण-पत्र बनाये जाने हेतु उपजिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी से सम्पर्क कर बनाये। इसके साथ पीएम श्री विद्यालयों में इंडीकेटर्स के अनुसार सभी इंडीकेटर संतृप्त होना चाहिए। जर्जर विद्यालय के भवनो को शीघ्र ध्वस्तीकरण कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, डीसी निर्माण रितेश श्रीवास्तव, व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## भूमि एवं जल संरक्षण योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा



श्रावस्ती। कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद की अध्यक्षता में जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति एवं जिला मिशन समिति की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उप कृषि निदेशक सुरेन्द्र चन्द्र चौधरी ने बताया कि पं. दीन दयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना के तहत चयनित खेतों का समतलीकरण, मेड़बंदी व अवरोध बांध जैसी संरचनाएं बनाई जाती हैं, जिससे जल संरक्षण के साथ मिट्टी कटाव रोका जाता है। जनपद को खेत तालाब योजना में 51 तालाबों (31 सामान्य व 20 स्प्रिंकलर तालाब) का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिनसे सिंचाई क्षमता के साथ मत्स्य पालन व सिंघाड़ा खेती को बढ़ावा मिलेगा। वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत इंटीग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम, एपीकल्चर, लाइवस्टॉक, वर्मी कम्पोस्ट, वृक्षारोपण आदि के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने इन सभी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर किसानों को लाभान्वित करने और मिश्रित खेती को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। भिनगा विधायक इन्द्राणी वर्मा ने कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर बल दिया। वहीं, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेश मिश्रा ने ककरदरी व अशनहरिया क्षेत्र के इच्छुक किसानों को खेत तालाब योजना से जोड़ने का सुझाव दिया। बैठक में जिला कृषि अधिकारी अनिल प्रसाद मिश्रा, प्रभारी भूमि संरक्षण अधिकारी, अन्य समिति सदस्य, जनप्रतिनिधि व किसान उपस्थित रहे। अंत में उप कृषि निदेशक ने सभी का आभार जताते हुए बैठक का समापन किया।

## आंगनबाड़ी केंद्रों के चिन्हांकन सम्बन्धी बैठक सम्पन्न



सिद्धार्थनगर ।सम्भव अभियान 5.0 के अन्तर्गत 100 सर्वाधिक स्टंटिग बच्चों वाले 100 आंगनबाड़ी केन्द्रों के चिन्हांकन के सम्बध में जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री बलराम सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने निर्देश दिया सीडीपीओ बच्चों की सूची व्हाटसएप ग्रुप के माध्यम से नोडल अधिकारी को उपलब्ध करा दे। सभी नोडल अधिकारी आंगनबाड़ी केन्द्रों का विन्दुवार निरीक्षण करे। बीएचएनडी दिवस में बच्चों का वजन, नाप करायेगे तथा उन्हें आवश्यक दवाये दी जायेगी। नोडल अधिकारी निरीक्षण आख्या उपलब्ध कराये। एएनसी पंजीकरण/चेकअप 75 प्रतिशत होना चाहिए। धात्री महिलाओ का स्वास्थ्य परीक्षणघ करायेगे। बच्चों की संख्या का आंगनबाड़ी केन्द्र से मिलान कराये। इस अवसर पर डीसीमनरेगा सन्दीप सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, समस्त नोडल अधिकारी, समस्त सीडीपीओ व अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## लापता बच्चे को सिद्धार्थनगर पुलिस ने किया बरामद



सिद्धार्थनगर - पुलिस ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक लापता 8 वर्षीय बच्चे को मात्र 8 घंटे में सकुशल बरामद कर लिया है। ग्राम खजुरिया से लापता हुए बच्चे को पुलिस ने शहर के एक मकान की छत से सुरक्षित बरामद किया। 3 अगस्त को ग्राम खजुरिया निवासी हैदर अली ने थाना सिद्धार्थनगर में अपने 8 वर्षीय पुत्र शोयब शाह के लापता होने की सूचना दी थी। शोयब घर से खेलने निकला था। लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। परिवार द्वारा काफी खोजबीन के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पिता ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश पर तुरंत कार्रवाई शुरू की गई। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद और क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत शौर्य के पर्यवेक्षण में एक टीम गठित की गई। प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लगातार तलाश अभियान चलाया। पुलिस की सक्रियता से रविवार रात को बच्चे को शहर के ही एक मकान की छत से सुरक्षित बरामद कर लिया गया।

## 10 साल के बच्चे का पोखरे में उतराता मिला शव

सिद्धार्थनगर- इटवा में कठेला जनूबी ग्राम पंचायत के केवटहिया टोला में एक दुखद घटना सामने आई है। सोमवार को एक 10 वर्षीय बालक का शव स्थानीय पोखरे में तैरता हुआ मिला। मृतक की पहचान केवटहिया निवासी रमेश के पुत्र राजा बाबू डोले के रूप में हुई है। राजा बाबू रविवार से लापता था। उसके पिता रमेश ने कठेला समय माता थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस और परिवार के लोग बालक की तलाश कर रहे थे। सोमवार को टोले के दक्षिण स्थित पोखरे में उसका शव दिखाई दिया। शव की पहचान होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सभी का रो-रोकर बुरा हाल था। परिवार के अनुसार, राजा बाबू को कभी-कभी मिर्गी का दौरा पड़ता था। कठेला समय माता थाने के एसओ अभय सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह संभावना है कि बालक पोखरे के पास गया होगा। वहां उसे मिर्गी का दौरा पड़ा और वह पानी में गिर गया। हालांकि, मौत के सटीक कारण का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की विधिवत जांच जारी है।

## निर्माणाधीन लाइब्रेरी में दफन मिला मजदूर महिला का लाश

शोहरत गढ़ सिद्धार्थनगर। शोहरत गढ़ थाना क्षेत्र के दशरथ नगर वार्ड में नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे लायब्रेरी के निर्माण कार्य स्थित निर्माणाधीन लायब्रेरी में मजदूर महिला का शव दफन मिला है, सूचना पाकर आनन-फानन में मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को खुदवाकर निकलवाया गया, प्राप्त खबर के अनुसार उक्त महिला के शव की पहचान नींबू मलिक पत्नी शिवकुमार राम नगर बिहार के रूप में हुई है, उक्त महिला के गले व चहरे पर चोट के निशान बताये जा रहे हैं, घटना व शव की सूचना पर मौके पर फॉरेंसिक टीम के साथ अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार मौके पहुंच कर जानकारी प्राप्त किया , उक्त शव के सम्बन्ध में पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुट गई । उक्त शव मिलने की घटना को लेकर तरह-तरह की चचाएं की जा रही है।

# बाबा घुइसरनाथ धाम में आस्था की चमक

## महादेव का गूंजता रहा जयघोष



प्रतापगढ़। सावन के आखिरी सोमवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में रिमझिम फुहारों के बीच आस्था की चमक दिन भर देखी गयी। प्रातःकाल मंदिर का पट खुलते ही श्रद्धालुओं ने सर्वार्थ सिद्धि योग में देवाधिदेव महादेव का जल एवं दुग्धाभिषेक किया। वहीं बोल बम के जयघोष के साथ कांवड़ियों ने भी बाबा घुइसरनाथ में जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने बेल पत्रों पर ऊँ नमः शिवाय का हल्दी व चंदन से लेखन कर बाबा को समर्पित किया। वहीं श्रद्धालुओं ने बेल पत्र, चंदन, अक्षत, धतूरा, भांग, सफेद फूल व फल एवं मिठाई भी अर्पित कर बाबा से कल्याण की कामना की। श्रद्धालु महिलाओं ने देवाधिदेव महादेव को पुष्प अर्पित किया। वहीं मां पार्वती को सोलह श्रृंगार की सामाग्री चढ़ाई। श्रद्धालुओं ने धाम में घी के दीपक व धूप जलाये। धाम में आस्था दिन भर जयघोष में गूंजती रही। वही रूद्राभिषेक में ऊँ नमः शिवाय का मंत्र भी गूंजता दिखा। धाम में भण्डारों में भी शिवभक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रातःकाल महंत मयंकभाल गिरि के संयोजन में हुई भव्य आरती में भी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हुए। वही चौथे सोमवार को लेकर धाम में सुरक्षा व्यवस्था भी चाक चौबन्द दिखी। थानाध्यक्ष सांगीपुर मनीष तिवारी व उप निरीक्षक राजेश शुक्ला पुलिस व पीएसी के साथ श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन की व्यवस्था में जुटे दिखे। सीओ लालगंज आशुतोष मिश्र भी फोर्स के साथ मेले की निगरानी करते दिखे। लगातार हो रही रिमझिम बारिश के कारण श्रद्धालुओं की भीड़ नियंत्रित करने में इस सोमवार को प्रशासन को राहत में देखा गया। हालांकि चार पहिया वाहनों से श्रद्धालुओं का जमघट बाबा धाम में उल्लास में रहा। सई नदी में जलस्तर बढ़ने को लेकर स्नान घाट व शिव प्रतिमा घाट पर भी पुलिस की निगरानी सतर्कता में दिखी। इधर बाबा धाम में पहुंच रहे कांवड़ियों की आवभगत के लिए प्रमुख मार्गो पर पीने के पानी व भण्डारे की भी व्यवस्था सराहनीय दिखी।

# कजरी लोक गायन भारतीय संस्कृति की गौरवशाली विरासत

## दस दिवसीय कजरी लोक गायन ,नृत्य कार्यशाला का भव्य समापन समारोह



**मेरठ**। उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार तथा स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के भाषा विभाग, कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय कजरी लोक गायन एवं नृत्य कार्यशाला का समापन समारोह अत्यंत गरिमापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। सत्यजीत रे सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। स्वागत भाषण कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के डीन प्रो. सुधीर त्यागी ने दिया, जिसमें उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्यों और उसकी सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डाला। कलाकारों ने कजरी प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने अपने विशिष्ट संबोधन में कार्यशाला की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई दी तथा लोक कलाओं के संरक्षण और प्रसार के महत्व को रेखांकित किया। समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के निदेशक अतुल द्विवेदी रहे। उन्होंने कजरी लोक गायन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, इसकी सांस्कृतिक विरासत और भारतीय परंपरा में इसके गहरे निहितार्थों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। द्विवेदी ने कजरी को जनभावनाओं की सशक्त अभिव्यक्ति बताते हुए इसके संवर्धन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कजरी लोक गायन भारतीय संस्कृति की गौरवशाली विरासत है। लोक संगीत मन से आता है, इसे बाहरी उपकरण की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कार्यशाला के सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

# रिमझिम फुहारों में शिवभक्ति से रंगा बनीनाथ परिसर

जिला संवाददाता



**कटरा, श्रावस्ती**। श्रावण मास के चौथे और अंतिम सोमवार को भगवान भोलेनाथ के पांडवकालीन मंदिर बनीनाथ (श्रावस्ती) में जलाभिषेक का पावन कार्यक्रम अपार श्रद्धा और गहरी भक्ति भावना के साथ सम्पन्न हुआ। पूरे दिन रुक-रुक कर कभी धीमी तो कभी तेज बारिश होती रही, लेकिन जलाभिषेक करने वाले कावड़ियों और भक्तों का उत्साह तनिक भी कम नहीं हुआ। श्रद्धालुजनों की आस्था ने मौसम की बाधाओं को पराजित कर दिया। इसी दौरान चंद्रभान संस्कृत शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तेंदुआ पंडित, कटरा (श्रावस्ती) के बालक-बालिकाओं द्वारा एक भव्य जलाभिषेक रैली निकाली गई। नन्हे-मुन्हों का उल्लास व शिवभक्ति से ओतप्रोत चेहरा हर किसी का मन मोह रहा था। बच्चों की किलकारी जैसी पावन आवाज में ह्लॐ नमः शिवायह्व और ह्लहर हर महादेवह्व का उद्घोष अत्यंत कर्णप्रिय प्रतीत हुआ, जिससे उपस्थित जनसमूह के चेहरों पर आनंद की लहर दौड़ गई। ऐसा प्रतीत हुआ मानो देवाधिदेव महादेव अपने नन्हे भक्तों से प्रसन्न होकर कुछ समय के लिए वर्षा थमा दी हो और बादलों को आदेश दे दिया हो कि– अब छतरी बन कर खड़े रहो और हमारे बच्चों को वर्षा एवं धूप से बचाओ। रैली के स्वागत और जलपान की व्यवस्था वर्मा मंदिर के संरक्षक प्रवीण बौद्ध द्वारा की गई। शिवकुमार पाठक की अगुवाई में, चौधरी राम बिहारी बुद्ध इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश कुमार यादव और प्रवीण बौद्ध ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। थाना नवीन मार्डन के प्रभारी निरीक्षक शम्भू सिंह अपने दल बल और महिला पुलिस के साथ मौके पर सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद बनाए रहे। संस्थान के प्रबंधक मुकेश चंद्र ने इस पावन आयोजन पर कहा– भारतीय संस्कृति में भोलेनाथ की भक्ति करने वालों को जीवन में कभी दुख नहीं झेलना पड़ता। यह भक्ति केवल पूजा नहीं, आत्मा का परमात्मा से साक्षात्कार है। बच्चों ने विधिपूर्वक जलाभिषेक कर प्रसाद ग्रहण किया और फिर संतोष के साथ अपने गंतव्य को लौट गए। इस पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद की जिला संयोजिका एवं शिक्षिका बीनू सिंह राजपूत, प्रधानाचार्या बबीता, उप-प्रधानाचार्य रवि प्रताप गुप्ता, शिक्षक अरविंद कुमार प्रजापति एवं क्षेत्र के तमाम गणमान्य भक्तजन उपस्थित रहे।

# तेज बारिश के चलते चार चार मकान हुए धराशायी, पीड़ित हलाकान



प्रतापगढ़। लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश के चलते कच्चे मकान ढह जाने से सोमवार को क्षेत्र में हडकंप मच गया। हालांकि घटना में जनहानि न होने से प्रशासन ने राहत की सांस ली है। लालगंज तहसील के लीलापुर थाने के तेलियाही निवासी सभाजीत यादव पुत्र रामलखन का कच्चा मकान रविवार की रात ढह गया। वहीं लालगंज कोतवाली के जगन्नाथपुर गांव निवासी रामऔतार गौतम का भी मकान बारिश की चपेट में आ गया। इधर लालगंज के रानीगंज कैथौला इटहा में गांव के अमन प्रताप सिंह व विजय कोरी का भी रिहायशी कच्चा मकान तेज बारिश के चलते भरभराकर धरासायी हो गया। बारिश की चपेट में गिरे मकानों की गृहस्थी मलबे मे तब्दील हो गयी है। जानकारी मिलने पर लालगंज एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने क्षेत्रीय लेखपालों को मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिये हैं। वहीं लक्ष्मणपुर ब्लाक के रामपुर भेड़ियानी गांव में दलित बस्ती में श्रीराम के घर से बह रहा पानी पूरे बस्ती में भर उठा है। ग्रामीणों के मुताबिक प्रधान को सूचना देने के बाद यहां दो पाइप जलनिकासी के लिए साल भर से धूल फांक रही है। दलित बस्ती में पानी भर जाने से गांव के प्रदीप कुमार गौतम ने प्रशासन से समस्या के समाधान की गुहार लगायी है। बारिश के चलते तीसरे दिन भी लालगंज नगर क्षेत्र में सार्वजनिक संस्थानों में जलजमाव की समस्या से लोग हलाकान होते दिखे।

# पंजा छोड़ हाथी पर सवार हुए नसीम चौधरी

- **2011 में साइकिल, 2017 में हाथ और अब 2025 में हाथी की सवारी कर 2027 की विधानसभा सीट पर निगाहें**

एस.पी.सिंह परिहार



श्रावस्ती। जिले की सियासत में सक्रिय भूमिका निभा चुके कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष नसीम चौधरी ने शनिवार को लखनऊ स्थित बहुजन समाज पार्टी (बसपा) कार्यालय में पार्टी प्रमुख मायावती के समक्ष बसपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। उनके इस कदम को आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीतिक तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है। नसीम चौधरी की राजनीति में अब तक की यात्रा महत्वाकांक्षा और रणनीति से भरी रही है। 2011 में समाजवादी पार्टी की साइकिल पर सवार होकर उन्होंने अपनी पत्नी गजाला चौधरी को जिला पंचायत सदस्य बनवाया। इसके बाद 2017 में कांग्रेस का हाथ थाम कर गजाला को नगर पंचायत इकौना का चेयरमैन बनाने में कामयाबी हासिल की। अब 2025 में बसपा की सदस्यता लेकर उन्होंने साफ संकेत दे दिया है कि उनकी नजर 2027 के विधानसभा चुनाव पर टिकी है। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो नसीम को सपा-कांग्रेस गठबंधन में टिकट मिलने की संभावना क्षीण थी, जिस कारण उन्होंने बसपा को विकल्प के रूप में चुना। जिले में मुस्लिम समुदाय के एक प्रभावशाली चेहरे के रूप में नसीम को अच्छी पकड़ मानी जाती है, जिसका लाभ बसपा को मिल सकता है। वहीं, राजनीतिक जानकारों का यह भी कहना है कि बसपा का दामन थाम कर नसीम पुराने बसपाई मठाधीशों की अंदरूनी राजनीति में उलझ सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, यदि नसीम चौधरी मुस्लिम और दलित वोटों को एकजुट करने में सफल हो जाते हैं तो न केवल उनकी विधानसभा दावेदारी मजबूत होगी, बल्कि समाजवादी पार्टी को सीधा नुकसान और भाजपा को अप्रत्यक्ष लाभ की स्थिति बन सकती है। इस संबंध में नसीम चौधरी का कहना है, बहन जी से आशीर्वाद और आश्वासन दोनों मिला है। अब हम दोगुनी ऊर्जा के साथ संगठन को मजबूत करने व जनता के बीच काम करने में जुटेंगे। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि 2011 से शुरू हुई नसीम की राजनीतिक यात्रा क्या 2027 में विधानसभा की दहलीज पार कर पाती है या नहीं।

# विभिन्न समस्याओं पर वकीलों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



प्रतापगढ़। तहसील परिसर में जलभराव समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को अधिवक्ताओ ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में वकीलों ने परिसर में अव्यवस्था को लेकर नारेबाजी की। इसके बाद वकीलों का जत्था एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा के पास पहुंचा। यहां अधिवक्ताओं ने दिये गये ज्ञापन में तहसील परिसर में बारिश के समय जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान न होने को लेकर नाराजगी जतायी। वहीं ज्ञापन में लालगंज चौक पर रोडवेज बसों व ईरिक्शा के अतिक्रमण से आवागमन में हो रही परेशानी से भी निजात दिलाए जाने की मांग उठाई है। वकीलों ने ज्ञापन में क्षेत्र में यूरिया खाद की किल्लत पर भी आक्रोश जताया। वहीं लालगंज सर्किल के थानों में इधर साइबर अपराध की बढ़ोत्तरी को चिन्ताजनक करार दिया है। संघ के महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय व वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय ने एसडीएम से कहा कि बार बार ज्ञापन देने के बावजूद समस्याओं का समाधान नही हो रहा है। पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने तहसील के साथ अस्पताल परिसर में भी जलभराव से लोगों को हो रही कठिनाईयों का मुददा उठाया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष टीपी यादव, बेनीलाल शुक्ल, विपिन शुक्ल, शैलेन्द्र मिश्र, संतोष पाण्डेय, सिंटू मिश्र, प्रमोद तिवारी, धीरेन्द्र मिश्र आदि अधिवक्ता रहे।

संक्षेप

## बैंकों की सघन चेकिंग

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना प्रभारी, थानाध्यक्ष व चैकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत पड़ने बाले बैंकों में पहुंचकर चेकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग के दौरान बैंक के बाहर एवं अंदर आने-जाने एवं अन्य आवश्यक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य सुरक्षा उपायों की पूर्ति करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया, साथ ही बैंक एवं आसपास किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की उपस्थिति की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने को कहा गया।

## हादसों में युवती सहित तीन की मौत

इटावा। विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई घटनाओं में युवती सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। थाना भरथना क्षेत्र के ग्राम नगला पिरान निवासी वीरेश उर्फ कल्लू उम्र 29 साल पुत्र शिवचरण की सड़क हादसे के दौरान मौत हो गयी। थाना जसवंतनगर के ग्राम नगला बाबा निवासी दिनेश कुमार पुत्र गयाराम सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था जिसकी इलाज के दौरान सैफई अस्पताल में मौत हो गई। थाना चैबिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कबूली निवासी काव्या उर्फ ताव्या उम्र 10 साल की सड़क दुर्घटना के बाद परिजनों ने सैफई अस्पताल भर्ती कराया जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

## बाइक दुर्घटना में युवक घायल

सिद्धार्थनगर- बढ़नी के ग्राम औरहवा निवासी 18 वर्षीय सूरज आज भरोली पेट्रोल पंप के पास सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सूरज अपनी साइकिल से जा रहे तभी रॉन्ग साइड से बाइक वालों ने टक्कर मार दिया घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत सूरज को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (ढलउ) बढ़नी पहुंचाया। वहां मौजूद डॉक्टर पी.के. वर्मा ने तत्काल उपचार शुरू किया। डॉक्टर ने बताया कि सूरज को मामूली चोटें आई हैं और वे खतरे से बाहर हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। जानकारी मिलते ही सूरज के परिजन और ग्रामीण अस्पताल पहुंचे। उन्होंने चिकित्सा टीम का आभार व्यक्त किया। इस दुर्घटना के बाद क्षेत्र में सड़क सुरक्षा पर फिर से चर्चा शुरू हो गई है। डॉक्टर पी.के. वर्मा ने लोगों से अपील की है कि सड़क पर वाहन चलाते समय हेलमेट और अन्य सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग अवश्य करें। इससे इस प्रकार की दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है।

## दो महिलाओं के पार कर दिए कुंडल, तोड़िया

इकदिल, इटावा। टप्पेबाजों ने दो महिलाओं को झांसा देकर उनके कुंडल और तोड़िया उतरवा लिए और रफूचक्कर हो गये। वारदात की जानकारी होने पर पुलिस -जांच में जुट गई है। गांव बालमपुर के करने रहने वाले प्रेमचंद की पत्नी राजकुमारी ने बताया रविवार दोपहर गांव के बाहर खेत पर चारा लेने पड़ोसी महिला कुशमा देवी पत्नी चैकीदार अमर सिंह के साथ जा रही थी। तभी गांव के बाहर एक बाइक पर दो युवक आए उन्होंने ने महिलाओं से गांव दाईपुरा जाने का रास्ता पूछने के बहाने सम्मोहित करके उनके कान के बाला और पैरों में पहने तोड़ियां, हाथ मे पहने चांदी की अंगूठी, और उसके साथ महिला कुशमा देवी के कान के बाला और आर्टिफिशियल जेवर असली समझ कर उतार कर भाग गए।

# महिला हिंसा पर तोड़ें चुप्पी, करें सीधा संवाद

## राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों से की वार्ता



जिला संवाददाता

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में सोमवार को फैकल्टी ऑफ हेल्थ एंड लाइफ साइंस तथा फैकल्टी ऑफ मेडिकल साइंस में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की उपाध्यक्ष चारू चौधरी ने विद्यार्थियों से संवाद कर महिला उत्पीड़न, रैगिंग और अच्छे और बुरे स्पर्श पर चुप्पी तोड़ने के लिए प्रेरित किया। चारू चौधरी ने कहा कि समाज में महिला उत्पीड़न के खिलाफ संवेदनशील बनें, सहानुभूति से सुनें, साहस से बोलें, चुप्पी तोड़ें और सीधा संवाद करें। महिला सशक्तिकरण के लिए शिक्षित होना आवश्यक है। एक शिक्षित नारी पूरे समाज और परिवार को संबल दे सकती है। महिला हिंसा, रैगिंग, उत्पीड़न, शारीरिक स्पर्श के प्रति जागरूकता (गुड टच-बैड टच) और लिंग संवेदनशीलता (जेंडर सेंसिटिविटी) जैसे विषय आधुनिक युग में अत्यधिक प्रासंगिक हैं और इन पर खुली चर्चा तथा जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जेंडर सेंसिटिविटी का विकास समाज को अधिक न्यायपूर्ण, समतामूलक और सुरक्षित बनाता है। सामाजिक बदलाव केवल कानूनों से नहीं आते, बल्कि वह हमारी चेतना, दृष्टिकोण और व्यवहार में बदलाव से आते हैं। महिला हिंसा, रैगिंग, उत्पीड़न, गुड टच-बैड टच और जेंडर सेंसिटिविटी जैसे विषय केवल चर्चा के नहीं, बल्कि कार्यान्वयन और अभ्यास के क्षेत्र हैं। हमें शिक्षा संस्थानों, परिवारों, सामाजिक संगठनों और सरकार के संयुक्त प्रयासों से ऐसे वातावरण का निर्माण करना होगा जिसमें हर व्यक्ति विशेषकर महिलाएं, बच्चे और समाज के हाशिए पर खड़े लोग स्वयं को सुरक्षित, सम्मानित और आत्मनिर्भर महसूस करें। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने कहा कि सरकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने रैगिंग को अपराध घोषित किया है। रैगिंग रोकने हेतु हेल्पलाइन, निगरानी कमेटियाँ और सख्त दंड की व्यवस्था की गई है। महिला आयोग पीड़ित व्यक्ति या महिला की पहचान गोपनीय रखता है, उन्हें कानूनी सहायता दी जाती है। बाल यौन शोषण की बढ़ती घटनाएं आज चिंता का विषय हैं। बच्चे सरल, निश्छल और अबोध होते हैं। उन्हें सही और गलत स्पर्श की पहचान कराना आवश्यक है। जिससे बच्चे को सुरक्षा, स्नेह और विश्वास का अनुभव होता है। ह्यनाह्न कहने की आदत डाले और चुप्पी तोड़े और गलत का विरोध करे। दीक्षारंभ में अधिष्ठाता प्रो. सुनील कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया, सत्र का संचालन डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने किया। दीक्षारंभ में प्रमुख रूप से डॉ. अमित कुमार दुबे, डॉ. प्रेरणा अदिति, डॉ. रश्मि शाही, डॉ अवेद्यनाथ सिंह, डॉ. पवन कुमार कन्नौजिया, डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव, डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, डॉ. अखिलेश दुबे, डॉ. रश्मि झा, सृष्टि यदुवंशी, अनिल कुमार, अनिल मिश्रा, धनंजय पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## फोटोग्राफी से जुड़ी समस्याओं को लेकर हुई बैठक



इटावा। फोटोग्राफी से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और तकनीकी चुनौतियों को लेकर एक विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में शहर के अनेक युवा, प्रोफेशनल फोटोग्राफर और फोटोग्राफी में रुचि रखने वाले लोगों ने भारी संख्या में भाग लिया। प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से उन समस्याओं का समाधान बताया गया, जिनका सामना वे फील्ड में फोटो खींचते समय करते हैं। वर्कशॉप के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि फोटो में शार्पनेस क्यों नहीं आती और ग्रुप फोटो में किनारे खड़े लोगों के चेहरे विकृत या धुंधले क्यों हो जाते हैं। साथ ही, यह भी बताया गया कि सामान्य (क्रॉप सेंसर) कैमरे से भी कैसे बेहतरीन तस्वीरें ली जा सकती हैं। कार्यक्रम में यह भी चर्चा की गई कि ग्रुप फोटो के दौरान केवल कुछ ही चेहरों पर फोकस क्यों आता है और बाकी हिस्सा क्यों ब्लर रहता है। कई प्रतिभागियों ने यह चिंता भी जाहिर की कि महंगे कैमरे खरीदने के बाद भी मनचाहे परिणाम नहीं मिलते। इस पर ट्रेनर्स ने रंग संतुलन, सही लेंस चयन, और फोकसिंग तकनीक की विस्तार से जानकारी दी। आधुनिक कैमरा मॉडल्स की तेजी से आ रही अपडेट्स और उनसे फोटोग्राफी व्यवसाय पर पड़ने वाले असर को लेकर भी चर्चा की गई, जिससे बजट की समस्या आम फोटोग्राफर्स के लिए चिंता का विषय बनी रहती है। कैमरे के जटिल मेनू ऑप्शन और सेटिंग्स में बदलाव करने से जुड़ी आशंकाओं को भी संबोधित किया गया, ताकि फोटोग्राफर्स बेझिझक प्रयोग कर सकें। कार्यक्रम में स्टेज या अन्य रंगीन स्म्क लाइट वाली जगहों पर फोटो खींचने में होने वाली परेशानियों को भी तकनीकी रूप से समझाया गया। बृजमोहन चैधरी बबलू, राधेश्याम चैधरी राधिका स्टूडियो, वीरेंद्र सिंह भदोरिया, हरेंद्र प्रताप सिंह पिंटू, भानु भदोरिया, टिल्लू दीक्षित, विनय कुमार मीडिया प्रभारी, सिंटू तोमर, नसीम मंसूरी, अमित राठौर फरुर्खाबाद, संजू कोहली, कुलदीप कुमार सिंह जालौन, अवधेश कुमार एटा, अवधेश कुमार, मौजूद रहे।

## पौधरोपण व वृक्ष भंडारा कार्यक्रम का आयोजन



इटावा। सामाजिक वानिकी प्रभाग, जिला गंगा समिति व जिला पर्यावरण समिति के संयुक्त तत्वाधान में पौधारोपण व वृक्ष भंडारा कार्यक्रम का आयोजन दिव्य ज्योति भवन कामेत व कंपोजिट विद्यालय दतावली इटावा मे किया गया।

ब्रह्मकुमारी मंजू ने कहा कि हम सभी लोग कम से कम एक पौधा लगाए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को भी हम शुद्ध हवा दे सकें। हर नागरिक से यही उम्मीद की जाती है कि एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं। विद्यालय प्रधानाचार्या सरला यादव ने बताया कि हमारे ऋषि-मुनियों ने तपस्या की वेद उपनिषदों की रचना वृक्षों की गोद में बैठकर की और वृक्ष जन्म जीवन, मृत्यु मानव और विश्व के लिए धारा एवं जल के लिए उपयोगी है। डीपीओ नमामि गंगे संजीव चैहान ने कहा कि वृक्षारोपण से कई लाभ हैं, जिनमें पर्यावरण, स्वास्थ्य और आर्थिक लाभ शामिल हैं। वृक्षारोपण वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करके, ऑक्सीजन छोड़ते हैं, जिससे वायु की गुणवत्ता में सुधार होता है और जलवायु परिवर्तन को कम करने में मदद मिलती है। जेआरएफ डॉ. संगीता ने बताया कि वृक्ष लंबे समय तक वायु की गुणवत्ता में सुधार, जलवायु सुधार, जल संरक्षण, मृदा संरक्षण और वन्यजीवों को सहारा देकर अपने पर्यावरण में योगदान देते हैं। प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के दौरान, पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड ग्रहण करते हैं और ऑक्सीजन उत्पन्न करते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने मे ब्रह्मकुमारी सुधा बहन, ब्रह्मकुमार शैलेंद्र भाई, पदमा पोरवाल, ज्योत्सना सिंह एवं रतन तिवारी का योगदान रहा।

# विधायक व चेयरमैन ने शिव भक्तों पर पुष्पावर्षा कर किया अभिनंदन

## बड़हलगंज में बोलबम कांवरिया संघ द्वारा निकाली गयी भव्य कांवड़ यात्रा



गोरखपुर। सावन माह के चौथे व अंतिम सोमवार को शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। बोलबम कांवरियां संघ द्वारा कांवड़ यात्रा निकाल कर उपनगर स्थित बाबा जलेश्वरनाथ मंदिर में धूमधाम से भगवान शिव का जलाभिषेक व रुद्राभिषेक किया गया। सायं काल तक चले कार्यक्रम में भारी संख्या में शिवभक्तों ने शिरकत की। तो वही विधायक राजेश त्रिपाठी व चेयरमैन प्रीति उमर तथा प्रतिनिधि महेश उमर के नेतृत्व में समाज सेवियों ने शिव भक्तों पर पुष्पवर्षा कर अभिनंदन करने के साथ जलपान व उनकी सेवा में अन्य व्यवस्था कर जमकर सेवा की। मंदिर प्रांगण में भीड़ को देखते हुए पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन के अंतिम सोमवार को कांवरियां संघ के साथ नगर व क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक व रुद्राभिषेक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सुबह आठ बजे से ही शिवभक्त जलपात्र मुक्तिपथ, कलूट शाह शिवाला व अन्य घाटों पर जलपात्र में सरयू का जल भर कर लेटाघाट पर एकत्र हुए। गणेश पूजन के साथ पदयात्रा निकाली गई। जो डीह बाबा, अंबे टाकीज, गोला चौराहे से होते हुए कालेज रोड, पटना तिराहा, सोती चैराहा होकर बाबा जलेश्वर नाथ मंदिर परिसर पहुंची। हाथी, घोड़ा, बैंड, तासा व सिंघा जुलूस की शोभा बढ़ा रहे थे। जगह-जगह रास्ते में शिवभक्तों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जुलूस के साथ भारी संख्या में पुलिस के जवान सुरक्षा व्यवस्था में चल रहे थे। जबकि आरएसएस व कांवरियों की टोली समूह को घेरे में रख कर चल रही थी। मंदिर परिसर में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग अलग लाइन की व्यवस्था की गई थी। सबसे पहले कांवरियों ने भगवान शिव का सरयू के जल से अभिषेक किया। दोपहर बारह बजे तक चले इस कार्यक्रम के बाद दो बजे से महारुद्राभिषेक का कार्यक्रम शुरू हुआ। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से एकत्र सवा दो कुंतल दूध भगवान शिव को अर्पित किया गया।

## भाजपा नेता ने लंगर लगाकर की कावड़ियों की सेवा



गोला, गोरखपुर। विकास खण्ड गोला के देईडीहा गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में रामजानकी मार्ग से होकर शिवालयों में जलाभिषेक के लिए निकले कावड़ियों की सेवा में विशाल लंगर सेवा शिविर लगाया गया। जहां भारी संख्या में कावड़ियों ने पड़ाव पर विश्राम करने के साथ ही लंगर प्रसाद ग्रहण किए। छोटी अयोध्या उपनगर गोला के सरयू तट से जल भरकर बैजनाथ धाम सिकरीगंज समेत तमाम शिवालयों में सोमवार को जलाभिषेक करने के लिए रामजानकी मार्ग से होकर कावड़ियों का भारी हुजूम निकलता है। तो वही रामजानकी मार्ग पर देईडीहा में लंगर लगाकर भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता नवनीत राय के नेतृत्व में ग्रामीण लंगर में पहुंचे कावड़ियो की सेवा में देर रात तक लगे रहे। ग्रामीणों ने कावड़ियों के सेवा की पहल की जमकर सराहना की। सेवा शिविर में युवा समाजसेवी दीपक राय, राम प्रताप राय, करोड़पति सैनी, दयानंद राय, डिंपू राय, पम्मी राय उर्फ ज्ञानमणी राय, रमेश दुबे, महेश यादव, संतोष जायसवाल, टिल्लू राय समेत भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने कावड़ियों की सेवा में सहयोग किया।

## हर-हर महादेव के जयघोष से हुआ जलाभिषेक



उरुवां, गोरखपुर। उरुवा क्षेत्र के पचौहा स्थित झारखंडीनाथ मंदिर तथा धुरियापार स्थित बाबा धवलेश्वर नाथ शिवालय में श्रावण मास के चौथे सोमवार की सुबह श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ ने हर-हर महादेव जयघोष के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किए। सोमवार की भोर से ही स्नान ध्यान कर श्रद्धालु शिवालयों पर जलाभिषेक करने के लिए पात्र में दूध, जल, बेल-पत्र, फूल, अगरबत्ती, अच्छत आदि सामग्री लिए कतार में खड़े होकर ऊं नमः शिवाय, हर-हर महादेव जी की जय-जय कार करते हुए जलाभिषेक करते हुए आगे बढ़ते रहे। क्षेत्र के बाबा धवलेश्वर नाथ उरुवा, धुरियापार के अलावा देवापार, मरवटिया, बन्दुवारी पाठक, टड़वा श्रीराम, कुरावल, बनकट सहित दर्जनों गांवों के शिवालयों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किए।

# नगर की स्वच्छता खातिर बनी रणनीति, घर - घर से उठेगा कूड़ा



गोरखपुर। ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन (सूखा कचरा - गीला कचरा) से स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन के लिये नगरपंचायत बड़हलगंज में गणमान्य जनों के साथ सभासद, चेयरमैन और नगरपंचायत के अधिकारियों ने बैठक कर रणनीति बनाई। सोमवार को नगर पंचायत के विश्वनाथ उमर सभागार में सम्पन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुये स्वच्छ भारत मिशन की जिला कार्यक्रम प्रबन्धक पूजा राय ने नगर में स्वच्छता को गति प्रदान करने के लिये जनता में जागरूकता अभियान चलाने के साथ घर - घर से कूड़ा उठाए जाने का सुझाव दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रीति उमर ने कहा कि नगर पंचायत कर्मचारी अपनी पूरी ऊर्जा से नगर को स्वच्छ बनाने के लिये मेहनत करते हैं लेकिन उनकी मेहनत का सकारात्मक परिणाम तभी आएगा जब नगरवासी खुद जागरूक हों और कूड़ा निस्तारण में सहयोग देने के लिए आगे आये। उन्होंने अपील किया कि कूड़ा उठने के बाद कूड़ा फेंकने की आदत को सख्ती से बदला जाय, यह नगर की स्वच्छता और आम जन के स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण है। कई सभासदों ने वार्डो में सफाईकर्मियों की कमी का हवाला देते हुये नए सफाई कर्मियों की भर्ती किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। जिस पर अधिशासी अधिकारी राम समुख ने कहा कि जल्द ही नए सफाई कर्मियों को भर्ती करने की योजना बनाई जा रही है, उन्होंने परीक्षण के तौर पर नगर के पांच वार्डो को चिन्हित कर घर - घर से कूड़ा उठाए जाने की शुरूआत करने की घोषणा किया, जिसका सभी सभासदों सहित अन्य लोगों ने स्वागत किया। चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने नगर में कूड़ा प्रबन्धन के लिये योजना बनाने के लिए आम जन की सहभागिता पर बल देते हुये विश्वास जताया कि हम स्वच्छ भारत मिशन में सफलता का कीर्तिमान स्थापित करेंगे। उन्होंने नगर में स्वच्छता अभियान की सफलता के लिये सभासदों से सहयोग मांगते हुए अपील किया कि वे अपने वार्डो में गणमान्य जनों को साथ लेकर जनजागरुकता अभियान को गति प्रदान करें। इस अवसर पर सभासद सुनील यादव, दीपक शर्मा, राकेश राय, सूरज सोनकर, दीपक गौड़, नियाज कुरैशी, सभासद प्रतिनिधि ऋषि चन्द, नगर पंचायत लिपिक सुनील कुमार, विपुल निषाद, रविन्द्र कुमार, जनसेवा संस्था के महामंत्री सन्तोष जायसवाल, भाजपा नेता अरविन्द सिंह, हरिकेश यादव, सुनील उर्फ बबलू मद्धेशिया, धीरेन्द्र तिवारी, अजीत राव, महेश पटेल, पप्पू यादव, आजाद, हिमांशू गौड़ आदि मौजूद रहे।

## स्वच्छ वार्ड को मिलेगा, 10 लाख के अतिरिक्त विकास का तोहफा

नगर में स्वच्छता और कूड़ा प्रबन्धन के लिये चिन्तित नगर पंचायत प्रशासन ने बैठक कर रणनीति बनाई, जिसके तहत नगर के स्वच्छता की दिशा में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिये चेयरमैन प्रीति उमर ने सभासदों का सहयोग मांगते हुये घोषणा किया कि प्रत्येक माह में नगर पंचायत के वार्डो में स्वच्छता का औचक निरीक्षण कराया जाएगा जो वार्ड स्वच्छता के मानकों पर सबसे आगे होगा उस वार्ड में विकास कार्यों की श्रृंखला में 10 लाख रुपए की लागत से अतिरिक्त विकास कार्यों को कराया जायेगा। उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण करने के लिए जिला कार्यक्रम प्रबन्धक पूजा राय और अधिशासी अधिकारी रामसमुख को नामित किया।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री बांटी



इटावा। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ भर्थना विधानसभा के चकरनगर ब्लॉक के ग्राम नौगावा, गुहानी, ककरैया, खीरीटी व रानियाँ में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा की सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार प्रदेश में बाढ़ को बेहद गंभीरता से लें रहीं हैं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावी रूप से पीड़ितों की मदद हो सके इसके लिए 11 सदस्यी मंत्रियों की टीम का गठन किया गया हैं साथ ही साथ सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट आदेश दिए हैं। वहीं सरकार बाढ़ के हालातों से निपटने के लिए पूरी तैयारी से काम कर रही है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा नेता विमल भदौरिया ने कहा कि भाजपा सरकार की संवेदनशीलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता हैं कि मुख्यमंत्री स्वयं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। राहत सामग्री वितरण के मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख विमल भदौरिया, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि चकरनगर राकेश यादव, ब्लॉक प्रमुख बढ़पुरा गणेश राजपूत, जिला महामंत्री शिवाकांत चैधरी, जिला महामंत्री प्रशांत राव चैबे, पूर्व प्रत्याशी कमलेश कठेरिया, एसडीएम ब्रह्मानंद कठेरिया, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक चैबे, जितेंद्र जैन हैप्पी, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, विमलेश शाक्य, समीर सक्सेना, मोनू चैहान, अंकित सैनी, मंडल शेखर चैहान, मंडल महामंत्री सोनू गौतम, इरशाद अली टिंकू, योगेंद्र सिंह चैहान, उपेंद्र सिंह चैहान, अमन दीक्षित, श्याम यादव, वैभव मिश्रा सहित पार्टी पदाधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहें।

# सपा मुखिया अखिलेश के भाई अंशुल पहुंचे केदारेश्वर मंदिर



इटावा। श्रावण मास के अंतिम सोमवार मे केदारेश्वर मंदिर में दर्शन किये। इस मौके पर अध्यक्ष जिला पंचायत अभिषेक यादव अंशुल, जिलाध्यक्ष सपा प्रदीप शाक्य बबलू, जिलाउपाध्यक्ष आशीष राजपूत, अनवर हुसैन, आनंद यादव टंटी, जिलाप्रवक्ता विक्की गुप्ता, नितिन यादव, नरेंद्र पाल, किशन यादव, दिनेश यादव, मेहरबान सिंह यादव, देवेंद्र भदौरिया, विजय यादव, राजवीर सिंह राजपूत, डॉ. शिवम राजपूत, गौरव यादव, विवेक यादव, रेशू चैधरी, सौरभ राजपूत, अनुराग यादव, संजीव राजपूत मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण और मानवता की सेवा में भी अग्रणी : डॉ. राकेश

## जन्मदिन पर रक्तदान कर पेश की मिसाल

सैफई, इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के अंतर्गत संचालित पैरामेडिकल विज्ञान महाविद्यालय में सोमवार को एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जो विश्वविद्यालय के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग में तकनीकी अधिकारी के रूप में कार्यरत डॉ. राकेश कुमार मीणा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में संपन्न हुआ। इस शिविर में डॉ. मीणा ने स्वयं रक्तदान कर समाज सेवा की उस भावना को आगे बढ़ाया, जिसे वह पिछले कई वर्षों से न केवल निभा रहे हैं, बल्कि युवाओं को भी इसके लिए प्रेरित कर रहे हैं।

शिविर का शुभारंभ पैरामेडिकल विज्ञान महाविद्यालय के डीन डॉ. जितेंद्र कुमार मथुरिया ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल मानवीय संवेदनाओं की अभिव्यक्ति है, बल्कि यह समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी प्रमाण है। उन्होंने कहा कि जब युवा डॉक्टर और तकनीकी अधिकारी अपने जीवन के विशेष अवसरों को भी समाज सेवा से जोड़ते हैं, तो यह भावी पीढ़ी को एक मजबूत संदेश देता है। शिविर में ब्लड बैंक विभाग के अध्यक्ष डॉ. आदित्य शिवहरे के साथ-साथ विभागीय टीम के सदस्यों ने भी आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर कॉलेज की 100 से अधिक छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया, जिनमें से आधे से अधिक ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। यह शिविर महज एक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और जिम्मेदारी का जीवंत उदाहरण बन गया। डॉ. मीणा ने बताया कि



विश्वविद्यालय परिसर में 1 जुलाई से रक्तदान जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत कॉलेज की विभिन्न कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं को रक्तदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस क्रम में यह शिविर एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हुआ। डॉ. राकेश कुमार मीणा का जन्मदिन केवल व्यक्तिगत उत्सव नहीं रहा, बल्कि वह एक ऐसा अवसर बन गया, जिसमें रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और मानवीय मूल्यों के प्रति आस्था का सामूहिक प्रदर्शन हुआ। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि असली जन्मदिन वही है, जो दूसरों के जीवन में नया उजाला लाए, और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करे।

## उरुवा ब्लॉक की दो ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षण

उरुवा, गोरखपुर। पंचायतीराज निदेशालय के निर्देश पर लखनऊ से पहुंची टीम ने उरुवा ब्लॉक के दो गांवों में विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान टीम ने अधूरे पड़े विकास कार्यों को पूरा करने तथा दोनों गांव में बंद पड़े कॉमन सर्विस सेंटर को संचालित करने का निर्देश दिया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पंचायत स्टेट कंसल्टेंट रितेश कुमार और ज्योति द्वारा ग्राम पंचायत राउतपार व लाखुन बुजुर्ग में व्यक्तिगत शौचालय के ऑनलाइन आवेदन का सत्यापन, पंचायत भवन के बारे में विस्तृत जानकारी लेने के साथ ही बंद पड़े कॉमन सर्विस सेंटर को संचालित करने का निर्देश दिया गया।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं :

क्र. सं. : 1, ई-निविदा संख्या : CPM-GS-IZN-2025-10, कार्य का नाम : उप मुख्य इंजीनियर/गति/इज्जतनगर के कार्य क्षेत्र में अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत कन्नौज स्टेशन पर शेष कार्य, अनुमानित निविदा मूल्य : रु. 6,47,72,324.08, बयाना राशि : रु. 4,73,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : रु. निल, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 12 (बारह) माह।

• बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि - 12.08.2025 • उपरोक्त ई-निविदा सबमिशन की अन्तिम तिथि - दिनांक 26.08.2025 15.00 बजे तक • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि - दिनांक 26.08.2025 15.30 बजे • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

उप मुख्य इंजीनियर/गतिशक्ति, इज्जतनगर

मुजाधि/डब्ल्यू-194

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

संक्षेप

## पूर्व मंत्री ने कांवड़ियों पर की पुष्प वर्षा

जलालाबाद शाहजहांपुर ।जनपद क्षेत्र के महाराणा प्रताप चौक स्थित प्रधान पति राजीव शर्मा के प्रतिष्ठान पर पूर्व केंद्रीय मंत्री कृष्णाराज के साथ में ग्राम प्रधान मंजू शर्मा एवं वरिष्ठ भाजपा जनसंघ काल के नेताओ ने छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ को कांवर ले जाते हुए श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की और तहरी भोज का प्रसाद ग्रहण कराया, वहीं प्रधान पति और प्रधान ने गले के भक्तों पर उसे वर्ष की एवं उनको पानी की बोतलों का वितरण किया।जलालाबाद क्षेत्र के महाराणा प्रताप चौक एवं ग्राम याकूबपुर गांव के प्रधान राजीव शर्मा ने अपने प्रतिष्ठान पर भंडारे का आयोजन किया,भंडारा कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहे पूर्व मंडल अध्यक्ष तिन्नू बाबू गुप्ता और पूर्व मंडल अध्यक्ष जे०बी० सिंह एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष सूरज मल गुप्ता और पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह एवं वर्तमान मंडल अध्यक्ष विनोद अग्निहोत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी विनय शर्मा और मिजार्पुर के मंडल अध्यक्ष दिनेश मिश्रा और जिला पंचायत के सदस्य अभिषेक सिंह और सभासद संदीप भारद्वाज, संतोष शर्मा, करतार सिंह ,कौशल दीक्षित, मनोज कुमार, अनुराग अग्निहोत्री, आकाश मिश्रा, पुष्पेंद्र तिवारी, सुरजन सिंह चौहान,अजय प्रताप सिंह एवं तमाम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं प्रधान पति राजीव के परिवार एवं ग्रामीण और उनके सहयोगी व ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

## वंशिका ने किया कॉलेज टॉप



शाहजहांपुर। जीएफ कॉलेज बीएड द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं का वार्षिक परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया।इनमें से ज्यादातर विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा वंशिका शर्मा ने 81.93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान पाया।इल्मा खान और नाज ने 80.64 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरा व सांत्वना मिश्रा ने 80.50 प्रतिशत अंकों के साथ कॉलेज में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

## ड्रोन अफवाहों पर न दें ध्यान: एसपी

शाहजहांपुर।हाल ही में गांव क्षेत्रों में ड्रोन उड़ने और चोरी की घटनाओं से जोड़कर अफवाहें फैल रही हैं, जिन्हें लेकर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने सोमवार को स्पष्ट किया कि ऐसी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की पुष्टि नहीं हुई है।एसपी ने बताया कि पुलिस की नजर ड्रोन गतिविधियों पर लगातार बनी हुई है और ग्राम सुरक्षा समितियों व पुलिस बल को सतर्क कर दिया गया है। आस-पास के जिलों में हुई चोरी की घटनाओं की भी जांच की गई है, लेकिन उसमें भी ड्रोन की कोई सीधी भूमिका नहीं पाई गई है।उन्होंने लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और डर का माहौल न बनाएं। यदि किसी को कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

# सावन के अंतिम सोमवार को भूतनाथ मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) सावन माह के आखिरी सोमवार को रिमझिम बरसात के बीच आस्था का सैलाव उमड़ पड़ा। कांवरियों ने पौराणिक शिव मंदिर में जलाभिषेक कर भूतनाथ मंदिर पहुंच कर पूजन-अर्चन किया और जीवन मंगलमय की मनौतियां मांगी।भक्तों की भीड व शिव जयघोष से छोटी काशी शिवमय हो उठी।शहर आने वालें सभी मार्ग पर भक्तों की भीड़ के अलावा दूर दूर तक कुछ नहीं दिखाई दे रहा था। भक्तों की भारी भीड बिना किसी से पूछे बताए अपनी ही धुन में जयघोष करती सीधे पौराणिक शिवालय की ओर पहुंच रही थी।ऐसा लगता था कि मानों शहर का हर रास्ता मंदिर की ओर ही जाता है।नागपंचमी के बाद पड़ने वाले सोमवार को भूतनाथ का मेला लगता है।भूतनाथ मेले के लिए सायंकाल से ही शिवभक्तों की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। सुबह आते आते लाखों के विशाल जनसमूह में बदल गई। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष व्यवस्था की थी। कितु लाखों की भीड बगैर किसी दबाब के कतारों में आ-जा रही थी मानों किसी अदृश्य शक्ति से संचालित हो।छोटी काशी की सभी सड़कों पर केसरिया वस्त्रधारी कांवड़ियों की कतारें,बम भोले और हर हर बम बम के जयकारे, चेहरों पर शिवदर्शन की ललक, धक्कामुंक्की आपाधापी और घंटे घड़ियाल,शंख ध्वनि,डीजे पर भजन कीर्तनों की धूम रही।शिव मंदिर से भूतनाथ स्थल तक केवल श्रद्धालुओं की ही भीड़ ही दिखाई दे रही थी।इसे देखते हुए मंदिर के कपाट तड़के ही खोल दिए गए थे लेकिन इसके बावजूद शहर की सभी सड़कों और मंदिर तक पहुंचने वाली गलियों के अलावा शिवमंदिर के मुख्य द्वार तक श्रद्धालुओं का सैलाब लहरा रहा था।प्रातः नियमित पूजा अर्चना के साथ जैसे ही दर्शनों का सिलसिला शुरू हुआ,शिवभक्तों में पहले दर्शन की लालसा के चलते आपाधापी का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने फल फूल,धूप दीप,नैवेद्य,भांग धतूरा, प्रसाद, गंगाजल, दूध, वस्त्र सहित अन्य पूजन सामग्री लेकर भक्तिभाव से श्रद्धालुओं ने शिव मंदिर में भोलेबाबा का जलाभिषेक करने के बाद बाबा भूतनाथ के दर्शन किए।

### चप्पे-चप्पे पर तैनात रहा पुलिसबल

भूतनाथ मेले के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजामात किए थे।हर स्थित से निपटने को लेकर चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। मंदिर परिसर स्थित कैम्प में आला अधिकारी सुबह से डटे रहे।चप्पे चप्पे पर फोर्स की तैनाती के अलावा कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरों से भीड़ की हर हलचल पर निगाह रखी जा रही थी।

## विशाल भंडारे का आयोजन

पिपरिया धनी, खीरी।रेहरिया में हर साल की भांति इस साल भी 11वें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें कांवडियों को प्रसाद में हलवा, सब्जी, पूडी



आदि का प्रसाद वितरण किया गया।इस मौके पर आयोजक समिति के सदस्य अमन सिंह, सरजीत सिंह ,राम मदन, रामशरण, रामपाल, गंगाराम, श्रीराम, अरविंद, नरेंद्र राज, सत्यपाल, तेजराम, आसाराम, रामसिंह, राहुल, सुखविंदर सिंह, डॉ मनोज, जसदेव सिंह, डॉ जगदीश,ग्राम प्रधान सुदेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## भूतनाथ कुएं पर पूजन कर मांगी मनौतियां

शहर के विभिन्न मार्गों से होकर बाबा भूतनाथ मंदिर तक पैदल कांवडियों व भगवा वस्त्रधारियों के जनसैलाब से छोटी काशी गुलजार रही। भोले भंडारी के दर्शन के उपरांत श्रद्धालुओं को भूतनाथ स्थल पहुंचने की भी ललक कम नहीं थी जहां रावण से बचने को भाग रहे चरवाहे की एक कुंए में गिरकर मृत्यु हो गयी थी। चली आ रही परम्परा के अुनसार शिवदर्शन के बाद इस कुंए पर पूजा अर्चना से ही तीर्थयात्रा का संपूर्ण फल मिलता है।श्रद्धालुओं ने वहां



कुंए की पूजा अर्चना करते हुए उसमें झांक कर हू-हू की आवाजें निकालीं तथा मनौती पूरी होने स्वरूप मंदिर की दीवारों पर अपने नाम लिखे तथा पूरे मेला स्थल क्षेत्र में जहां तहां उगे कुश में गांठें बांधकर सुखमय जीवन की मनौतियां मांगीं।

## नीलगाय से टकराकर चार श्रद्धालु घायल

पिपरिया धनी, खीरी।शाहजहांपुर जिले से छोटी काशी स्थित पौराणिक शिव मंदिर में जलाभिषेक करने बाइक से आ रहे श्रद्धालु नीलगाय से टकराकर घायल हो गये।जिन्हें समाजसेवियों ने सीएचसी में भर्ती कराया है। शाहजहांपुर जिले के थाना कांट के ग्राम रामपुरा निवासी पुष्पेन्द्र (20) पुत्र स्वर्गीय रामनरेश, आरती देवी (40)पत्नी रामनिवास, अर्चना देवी (35) पत्नी अजय कुमार, ज्ञान देवी (60) पत्नी स्वर्गीय रामनरेश आदि बाइक से पौराणिक शिव मंदिर में जलाभिषेक करने बाइक से आ रहे थे। रेहरिया क्षेत्र के अंतर्गत गोला मोहम्मदी रोड हाईवें पर बाइक नीलगाय से टकरा गई। जिसमें चारों लोग गंभीर घायल हो गये। घायलों को रेहरिया चैकी इंचार्ज हिमांशु आनंद सिंह, कांस्टेबल संदीप कुमार, समाजसेवी अमरजीत सिंह, ग्राम प्रधान सुदेश कुमार आदि ने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है।

## क्षेत्र में शिव भक्ति का उमड़ा हुजूम



धौरहरा खीरी। पवित्र सावन के आखिरी सोमवार को शिवालयों से लेकर स्नान घाट व जलाशयों में शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। हालांकि सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रत्येक धार्मिक स्थलों पर पुलिस बल का पहरा दिखाई दिया।जैसा कि पवित्र सावन मास के अंतिम सोमवार 4 अगस्त को क्षेत्र के धार्मिक स्थलों खास कर शिवालयों में शिव भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा।क्षेत्र में मौजूद स्नान घाटो से लेकर जलाशयों तक शिव भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हालांकि सुरक्षा व्यवस्था की द्रष्टि से धौरहरा ईसानगर व खमरिया पुलिस चप्पे-चप्पे पर मौजूद रहकर गतिविधियों पर नजर रही।वही दूसरी तरफ जालिम नगर स्नान घाट पर शनिवार से पहरा लगा रहा जो कि सड़क तक दिखाई पड़ा।भक्तों द्वारा श्री जंगली नाथ मंदिर ऐरा पुल श्री नारायणेश्वर महादेव मंदिर जुगुनू पुर, श्री लीलानाथ मंदिर कफारा व श्री नागेश्वर महादेव मंदिर धौरहरा में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा।भक्तों द्वारा रुद्राभिषेक, जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक के माध्यम से भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए भक्तो में आस्था देखी गई।इसी तरह क्षेत्र में मौजूद पत्रकारों द्वारा सपत्नीक भोलेनाथ को रुद्राभिषेक जलाभिषेक किया गया।

## रक्षाबंधन से पहले डाकघर में कामकाज ठप, उपभोक्ता परेशान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। भाई बहन के अटूट प्रेम के त्योहार रक्षाबंधन जैसे अहम पर्व से पहले डाक सेवाओं का ठप हो जाना उपभोक्ताओं के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहा है।शहर समेत ग्रामीण अंचलों के डाकघरों में सोमवार को लगातार दूसरे दिन भी कामकाज ठप रहा।गोला उपडाकघर के काउंटरों पर आईटी 2.0 तकनीक लागू होने की सूचना शनिवार को चस्पा की गई थी, लेकिन तय समय गुजरने के बाद भी सेवाएं बहाल नहीं हो सकीं हैं।

डाक विभाग ने अपनी सभी सेवाओं को आनलाइन करने के उद्देश्य से एपीटी एप्लीकेशन लांच किया है। साफ्टवेयर के अपडेशन के कारण सभी डाकघरों में सेवाएं ठप रहीं।9 अगस्त को रक्षाबंधन है, लेकिन डाकघर की सेवाएं ठप होने से बहनों की राखियां समय से भाइयों तक नहीं पहुंचएंगी। शनिवार और सोमवार को बड़ी संख्या में महिलाएं




डाकघर पहुंचीं, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। रजिस्ट्री, मनीआर्डर सहित अन्य जरूरी सेवाएं भी बाधित रहीं, जिससे उपभोक्ता खासे परेशान दिखे। गोला उपडाकघर के पोस्टमास्टर मुकेश यादव ने बताया कि आईटी 2.0 नया सॉफ्टवेयर है, जिसे समझने और लागू करने में वक्त लग रहा है।जैसे ही स्टाफ प्रशिक्षण पूरा कर लेगा, सेवाएं बहाल कर दी जाएंगी। तब तक ग्राहकों को असुविधा के लिए खेद है।डाक सेवाएं ठप रहने से न केवल व्यक्तिगत बल्कि सरकारी पत्राचार और वित्तीय लेनदेन पर भी असर पड़ा है।

## शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब मंदिरों में लगी रहीं लंबी कतारें

शाहजहांपुर, ।सावन के चौथे सोमवार को भगवान शिव के जयकारों से शिवालय गूंज उठे।जिले के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और सुबह से ही दर्शन-पूजन के लिए लंबी कतारें लग गईं।बनखंडी नाथ, विश्वनाथ, चौकसीनाथ और त्रिलोकीनाथ मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शहर के बनखंडी नाथ मंदिर में तड़के तीन बजे से ही श्रद्धालु जल चढ़ाने के लिए लाइन में लगने लगे। मंदिर प्रशासन द्वारा भीड़



को नियंत्रित करने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं।हर-हर महादेव के उद्घोष के बीच भक्तों ने बेलपत्र, भांग, धतूरा और दूध से भगवान शिव का अभिषेक किया।विश्वनाथ मंदिर में भी सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर के बाहर सैकड़ों मीटर लंबी लाइन लगी रही। भक्तों की सुविधा के लिए स्वयंसेवकों ने पेयजल और प्राथमिक चिकित्सा जैसी व्यवस्थाएं संभालीं।चौकसीनाथ मंदिर में भी शिवभक्तों का उत्साह देखने लायक रहा।दिन चढ़ते-चढ़ते मंदिर परिसर पूरा भर गया और दोपहर तक श्रद्धालु दर्शन के लिए लाइन में लगे रहे।वहीं, बाबा त्रिलोकीनाथ मंदिर में भी श्रद्धालुओं का सिलसिला लगातार बना रहा।विशेष रूप से सोमवार का व्रत रखने वाली महिलाओं और युवाओं की संख्या अधिक देखने को मिली।पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई थी।जगह-जगह बैरिकेडिंग और पुलिस बल तैनात किया गया ताकि भीड़ नियंत्रण में रहे और किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।सावन के इस पावन अवसर पर लोगों ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक और महामृत्युंजय जाप जैसे धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया।साथ ही सामाजिक संगठनों ने मंदिरों के बाहर फल, जल व प्रसाद वितरण की सेवाएं भी की।

## मारपीट में घायल युवक की हुई मौत



लखीमपुर खीरी।कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम सेंधरी में प्रेम प्रसंग के चलते विशेष समुदाय के लोगों द्वारा दलित युवक की धारदार हथियार से मारकर निर्मम हत्या के मामले में गांव छावनी में तब्दील हो गया।

शनिवार भारी पुलिस बल गांव में तैनात कर दिया गया।थाना कोतवाली सदर ग्राम सेंधरी निवासी मृतक अमित का शव पोस्टमार्टम हाउस से सैधरी गांव में रविवार की देर शाम शव पहुंचने पर परिवारजन रोने चिल्लाने लगे।शाम होने के बाद शव का अंतिम संस्कार करने से परिजनों नेबइनकार कर दिया। मृतक के शव को सुरक्षित रखने के लिये फ्रीजर की व्यवस्था की गई है।देर रात तक अंतिम संस्कार करने को लेकर मान मानउवल में पुलिस प्रशासन कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात किया गया। सोमवार को पवन कुमार गौतम अपर पुलिस अधीक्षक, एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह, सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी, सदर कोतवाल मृतक के घर ग्राम सैधरी पहुंचे।सोमवार को हिंदू संगठन एवं परिजनों ने हाईवे जाम कर दिया जाम होने पर कई थानों का पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई किसी तरह परिजनों को समझाया बुझाया। विधायक सदर योगेश वर्मा गांव के प्रधान के आश्वासन पर परिजनों ने सोमवार को शिव का अंतिम संस्कार कर दिया।पीड़ित की तहरीर पर महेवा गंज पल के पास मोहब्बत नगर कॉलोनी निवासी दूसरे समुदाय के चार लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।बताते चलें कि शनिवार की देर शाम महेवागंज उल नदी के पास घायल अवस्था में अमित का शो पाया गया। देर शाम को पुलिस प्रक्रिया के बाद शव को लखनऊ रेफर कर दिया गया जहां देर रात अमित निवासी ग्राम सैलरी थाना कोतवाली सदर की मौत हो गई। कोतवाली सदर पुलिस के खिलाफ हिंदू संगठनों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।विधायक के आश्वासन पर सोमवार को मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## टैक्सी स्टैंड पर लेनदेन को लेकर कांवड़ियों से मारपीट, दो घायल



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।सावन के अंतिम सोमवार को जलाभिषेक करने आए कांवड़ियों के साथ वाहन स्टैंड संचालकों द्वारा विवाद के बाद मारपीट का मामला सामने आया है। घटना में दो कांवड़िए गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी ले जाया गया है।घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए हैं। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।बताते हैं कि ओम कांवड़िया सेवा दल के नेतृत्व में एक टोली नैमिष क्षेत्र के ग्राम सिकरा थाना इमलिया सुल्तानपुर से गोला स्थित भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने आए थे।बताते हैं कि जब वे गोला पहुंचे तो विकास चैराहे के पास उन्हें रोक दिया गया।वहां पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण कांवड़ियों ने अपनी गाड़ियां पास ही बने स्टैंड पर खड़ी कर दी।कांवड़ियों के अनुसार उन्होंने गाड़ियां पार्क करते समय टैक्सी स्टैंड वालों को निर्धारित शुल्क भी अदा कर दिया था।जब वे जलाभिषेक करके लौटे और अपनी गाड़ियां लेने पहुंचे तो स्टैंड पर मौजूद अन्य लोगों ने अधिक पैसे की मांग की।इस पर विवाद हो गया।मामला इतना बढ़ गया कि स्टैंड पर मौजूद कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से कांवड़ियों पर हमला कर दिया।जिसमें कांवड़िए मोनू पटेल और शोभित चैधरी गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद अन्य कांवड़िए उन्हें लेकर कोतवाली पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।पुलिस ने तत्काल दोनों घायलों को सीएचसी भेजवाया और मेडिकल परीक्षण कराया है।

## गन्ने में कीट रोगों से बचाव को लेकर किया निरीक्षण

शाहजहांपुर/ शाहजहांपुर के खुटार में बजाज चीनी मिल मकसूदापुर व गन्ना शोध संस्थान के वैज्ञानिकों ने मलिका, ओडाझार, रौतापुर कलां, सुभानपुर, करनईया, आजमपुर, पसगवां, नुरानपुर, मुड़िया सहित कई गांवों में गन्ने की फसल का निरीक्षण किया।डॉ. सुजीत प्रताप सिंह, डॉ. अरविंद सिंह और डॉ. नीलम सिंह ने किसानों को चोटीबेधक कीट से बचाव की जानकारी दी।उन्होंने प्रभावित पौधों को काटकर नष्ट करने और कोराजन दवा की ड्रेंचिंग करने की सलाह दी।

## महिला आयोग की सदस्य करेंगी जनपद भ्रमण

लखीमपुर खीरी।जनपद में महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश लगाने और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सुजीता कुमारी 6 व 7 अगस्त को जनपद दौरे पर रहेंगी।इस दौरान वह महिला जनसुनवाई, समीक्षा बैठक, नारी चौपाल और विभागीय योजनाओं से संबंधित जागरूकता शिविरों का आयोजन करेंगी।डीपीओ लवकुश भार्गव ने बताया कि कार्यक्रम के तहत 06 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक कलेक्ट्रेट परिसर में महिला जनसुनवाई होगी, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।इसी दिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक ब्लॉक मितौली में नारी चौपाल का आयोजन होगा।07 अगस्त को गोबरौला चन्दनचौकी में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक नारी चौपाल एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा।

## लर्निंग बाई डूइंग कार्यक्रम के लिए 39 स्कूलों का चयन

शाहजहांपुर।कक्षा छह से आठ तक के बच्चों की शिक्षा को रोचक और व्यावहारिक बनाने के लिए लर्निंग बाई डूइंग कार्यक्रम के तहत 39 स्कूलों का चयन कर प्रयोगशाला स्थापित की गई है। इसमें छात्र-छात्राओं को चार ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाएगा। छात्र-छात्राओं की पढ़ाई को प्रभावशाली और रोचक बनाने के लिए कार्यक्रम को शुरू किया गया है।इसमें शिक्षक बच्चों को किताबों से पढ़ाएंगे, साथ ही प्रयोग और गतिविधियों के



माध्यम से सिखाएंगे।इसके लिए स्कूलों में लैब भी बनाई गई है।इसमें इंजीनियरिंग एवं वर्कशॉप, एनर्जी एंड एनवायरमेंट, एग्रीकल्चर नर्सरी एवं गाइनिंग, होप एंड हेल्प के तहत बच्चों को जानकारी दी जाएगी।बच्चों की प्रयोगशाला के लिए टूल परियोजना से भेजे गए हैं।इसके जरिये छात्र-छात्राओं को ट्रेडों में पारंगत करने की तैयारी है।इस कार्य के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया था।बीएसए ने स्कूलों में प्रतिदिन प्रशिक्षण के लिए शेड्यूल तय करने के निर्देश दिए हैं।

## लगातार हो रही बारिश से किसानों में खुशी



पसगवां खीरी।लगातार दो दिन से हो रही बारिश से किसानों के चेहरे पर खुशी नजर आ रही है।

बता दे कि जनपद लखीमपुर खीरी खीरी के पसगवां क्षेत्र में अगस्त महीने में तपती धूप से झुलस रही किसानों की फसलों और भयंकर गर्मी से परेशान लोगों को मौसम बदलने के साथ लगातार दो दिन से हो रही बारिश से बड़ी राहत मिली है नहीं किसानों को भी काफी लाभ मिलने के साथ धान रोपाई भी शुरू हो गई है और खेतों में काफी पानी भर गया है।पसगवां, जंगबहादुरगंज, उचोलिया, नकटी, मकसूदपुर, मस्तीपुर, जलालपुर, बरबर, कुतुवापुर, जसमढ़ी, नेवादा, पतवन,मैगलगंज, ताजपुर,चपरतला, जहनीखेड़ा, मोहद्दीनपुर,आदि गांव के किसानों ने बताया कि हम लोग अपनी खेतों के ट्यूबवेल से सिंचाई करते थे फिर भी भयंकर गर्मी व तेज धूप होने के कारण हमारी फसलें सुखने लगी थी बही लगातार दो दिन से हो रही बारिश ने अच्छी तरह से खेतों में पानी भर गया है जिससे धान रोपाई भी हो जाएगी साथ ही साथ सुखी हुई फसल फिर से हरी भरी और अच्छी तैयार हो जाएंगी।बही क्षेत्रीय दुकानदारों ने बताया कि एक तो भयंकर गर्मी और ऊपर से दो दो लाइट न आने के कारण काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ा बारिश होने से मौसम ठंडा हो गया जिससे काफी राहत मिली है।

## गर्रा नदी में छोड़ा गया 6.50 हजार क्यूसेक पानी, बाढ़ की आशंका

शाहजहांपुर ।जनपद की गर्रा नदी में 6.50 हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया है, जो आगामी 72 घंटों में शाहजहांपुर क्षेत्र में पहुंच सकता है।इससे नदी का जलस्तर 5 से 6 फीट तक बढ़ने की आशंका है और बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है और सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।तटीय गांवों के लोगों को पहले से ही सचेत कर दिया गया है कि वे सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं।पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने भी बताया कि पुलिस बल, आपदा प्रबंधन दल और राहत टीमें पूरी तरह अलर्ट हैं।प्रशासन ने अपील की है कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन से तुरंत संपर्क करें।

## तेंदुए ने महिला को बनाया शिकार

लखीमपुर खीरी।जिले के थाना शारदा नगर क्षेत्र में तेंदुए ने महिला को अपना शिकार बनाया है।जंगल से निकले वन्य जीव आय दिन ग्रामीणों को अपना निवाला बना रहे हैं।रविवार को शारदा नगर वन रेंज के शीतलापुर गांव में घर के बाहर सो रही एक महिला को तेंदुआ खींच ले गया, जिसका शव सोमवार को सुबह खेत में अधखाया बरामद हुआ।मौके पर तेंदुए के पगचिह्न देखकर ग्रामीणों वन विभाग व स्थानीय पुलिस को सूचना दी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।डीएफओ संजय बिस्वाल ने बताया कि तेंदुए के हमले से महिला की मौत हुई है।वन विभाग की टीम मौके पर गई थी ग्रामीणों को सजग रहने की सलाह दी गई है और तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा और कैमरे लगाए गए हैं।जल्द ही उसको पकड़ लिया जाएगा।पोती के साथ सो रही थी महिला शारदा नगर वन रेंज के शीतलापुर गांव निवासी सोमवती पत्नी रामपाल 77 वर्ष रविवार की रात अपने घर के बरामदे में अपनी पोती के साथ सो रही थी।इसी दौरान खेतों की तरफ से आए तेंदुए ने उस पर हमला करते हुए झाड़ियां की तरफ खींच ले गया।सुबह उसका अधखाया शव खेत में बरामद हुआ परिजनों ने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी।स्थानीय पुलिस व वन विभाग की टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए ग्रामीणों को सजग रहने की सलाह दी है।ड्रोन से की जा रही निगरानी तेंदुए के हमले में महिला की मौत के बाद गांव के आसपास कैमरे लगाए गए और ड्रोन से पूरे इलाके की निगरानी की जा रही है।तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजड़ा भी लगाया गया।डीएफओ संजय बिस्वाल ने बताया कि हमारी टीमें लगातार कांबिंग कर रही है।जल्दी तेंदुए को पकड़ लिया जाएगा।

### एक सप्ताह में दूसरी घटना

इस रेंज में तेंदुए के हमले से एक हफ्ते के अंदर यह दूसरी मौत है।इससे पहले अंदेश नगर वन बीट क्षेत्र के ज्ञानपुर गांव निवासी 6 वर्षीय बादल जो कि अपने पिता सुशील के साथ घर के बाहर चारपाई पर सो रहा था।शनिवार रात करीब 12 बजे अचानक तेंदुआ आया और बच्चे को उठा ले गया और उसका निवाला बना डाला।

## डीआरएम ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

शाहजहांपुर / मुरादाबाद मंडल के रेल प्रबंधक संग्रह मौर्या ने सोमवार को रोजा और शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। डीआरएम ने अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के तहत होने वाले कार्यों को देखा और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। डीआरएम की स्पेशल ट्रेन को लाइन नंबर चार पर रोका गया। सबसे पहले उन्होंने स्टेशन का नक्शा देखा।इसके बाद निमाणार्धीन पुल का निरीक्षण किया।फिर ओवरब्रिज से होते हुए मालगोदाम की व्यवस्था को देखा।फिर स्थानीय अफसरों की बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं।

## किसान ने तैयार किए 14 फीट लंबे गन्ने

शाहजहांपुर। प्रगतिशील किसान कौशल मिश्रा ने रिंग पिट तकनीक से गन्ने की खेती कर 14 फीट तक लंबे गन्ने तैयार कर सबको चौंका दिया है।उन्होंने बताया कि सीढ़ी विधि से की गई बंधाई से न केवल उत्पादन बढ़ेगा बल्कि चीनी परता और पेड़ी भी बेहतर होगी।

## पुलिस कार्रवाई के खिलाफ अधिवक्ता गण हड़ताल पर बैठे

मोहम्मदी खीरी। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने मंत्रिमंडल के साथ अधिवक्ता के खिलाफ पुलिस द्वारा एक पक्षीय कार्रवाई करने से क्षुब्द होकर आपात बैठक कर अनिश्चितकालीन धरना पर चले गए जिससे दूर दराज से आए फरियादियों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा है। तहसील बार एसोसिएशन के मंत्रिमंडल ने देहराअजीतपुर निवासी अधिवक्ता अवतार सिंह का



6 दिन पूर्व अपने गांव में साथियों के साथ नाजायज असलाहों से लेस होकर एक व्यक्ति के घर के सामने फायर करने की घटना का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जिसपर एस पी खीरी संकल्प शर्मा के संज्ञान ले लेने पर राजनीतिक प्रयास विफल हो गया पसगवां पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आंनन फानन जानलेवा हमले में रिपोर्ट दर्ज कर अधिवक्ता को जेल भेज दिया था ।सोमवार को अधिवक्ताओं ने पुलिस की एक पक्षीय कार्रवाई करने से क्षुब्द होकर पुलिस के खिलाफ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं।दूर दराज से आए फरियादियों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा है।विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह के अस्वासन पर बैठक कर न्याय दिलाने पर सहमति बनी है।

संक्षेप

## बाबा भंवरनाथ परिसर में भंडारे का आयोजन

आजमगढ़। अघोराचार्य बाबा सिद्धार्थ गौतम जी महाराज के निदेर्शानुसार 19 सूत्रीय कार्यक्रम के क्रम में सावन माह मे भव्य भंडारे का आयोजन सोमवार को भी बाबा भंवरनाथ के परिसर में जारी रहा। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य के भागी बने। सावन के अंतिम सोमवार पर अघोर पीठ बाबा कीनाराम स्थल क्री कुंड वाराणसी शाखा सदर आजमगढ़ द्वारा सावन के अंतिम सोमवार को बाबा भवरनाथ परिसर मे निरंतर 24 घंटे चलने वाले भव्य भंडारा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालु कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किए और ऊं नमः शिवाय के जयकारे के साथ पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। भंडारा देर रात तक चलता रहा। प्रमोद सिंह ने बताया कि सावन मास बाबा को अति प्रिय है इसलिए उनके श्रद्धालुओं के लिए जिला इकाई द्वारा यह विशाल भंडारा आयोजित किया गया। चारों सोमवार चले भंडारे व्यवस्था की कमान प्रमोद कुमार सिंह ने संभाली साथ ही उनके सहयोगियों में भोलू सिंह, गजराज, विपिन कुमार सिंह, सुनील विश्वकर्मा सहित युवा संगठन कमहेनपुर के साथी श्रद्धा भाव से सेवा करते रहे।

## चोरी के बाद मड़हे में लगायी आग

लालगंज, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के बामी गांव में चोरो ने रविवार रात मड़हे में भूंसा के अंदर रखा गेहूं और महुआ चोरी कर लिया तथा जाते-जाते मड़हे में आग भी लगा दी। लहंगपुर चौकी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। लहंगपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के बामी गांव निवासी हरीशंकर तिवारी ने सोमवार को पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि रविवार रात को वह परिवार सहित घर में सोए थे। इसी बीच चोरों ने उनके मकान के बगल में स्थित मड़हे के अंदर चार बोरी गेहूं और दो बोरी महुआ भूसा में रखा था। जिसे चोरी कर लिया और जाते समय मड़हे में आग भी लगा गये। लेकिन समय रहते स्वजनों ने मड़हे में आग लगा देख उसे बुझा दिया। मकान मालिक ने बताया कि आग बुझाने के बाद देखा कि भूंसा इधर उधर फैला था और भूंसा में रखा चार बोरी गेहूं व दो बोरी महुआ गायब था। जानकारी मिलते ही लहंगपुर पुलिस मौके पर पहुंची और छान बीन के बाद चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## प्रयागराज में मुकाबला सीपीएस की टीम को मिला कांस्य

आजमगढ़। हाल ही में प्रयागराज के दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर 5 स्पोर्ट्स टूनामेंट में सर्वोदय पब्लिक स्कूल, हरबंशपुर के अंडर-17 फुटबाल टीम ने कोच उपेन्द्र कुमार दुबे के नेतृत्व में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 91 टीमों में से तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया। यह उपलब्धि सर्वोदय पब्लिक स्कूल के लिए बहुत ही प्रशंसनीय है। स्कूल की प्रधानाचार्या बीना पी उथुप ने इस उपलब्धि पर फुटबाल टीम के सभी बच्चों के प्रदर्शन को सराहते हुए आगे भविष्य में और अच्छे प्रदर्शन की कामना की। उन्होंने कहा कि खेलकूद से बच्चों में टीम वर्क और अनुशासन में रहने की सीख मिलती है। टीम के कोच उपेन्द्र कुमार दुबे के नेतृत्व में कड़ी मेहनत और लगन से बच्चों ने इस उपलब्धि को हासिल किया है और स्कूल कर नाम जिले में रोशन किया है। स्कूल के प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद यादव ने बच्चों की इस उपलब्धि को सराहते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि सर्वोदय पब्लिक स्कूल, हरबंशपुर का नाम बच्चों ने पूरे जिले में रोशन किया है। उन्होंने कहा कि खेलकुद से हमें अनुशासित जीवन में प्रेरणा मिलती है जो हमें आगे बढ़ने के लिए बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने टीम के कोच उपेन्द्र कुमार दुबे के कड़ी मेहनत और लगन को भी सराहा।

## ग्राम पंचायत के कार्यो की देखरेख के लिए हो कमेटी का गठन

दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी ब्लॉक क्षेत्र के बीडर गाँव के ग्राम पंचायत सदस्यों ने आज सोमवार को दुद्धी ब्लॉक के एडीओ पंचायत के नाम पत्रक सौंपकर ग्राम पंचायत के कार्यों की देखरेख हेतु कमेटी गठन की मांग उठाई है। सौंपे गए पत्र में ग्राम पंचायत सदस्यों ने कहाँ हैं कि ग्राम प्रधान के आकस्मिक निधन के कारण ग्राम पंचायत का कार्य प्रभावित हो रहा हैं तथा गांव में प्रमाणित वगैरह सहित अन्य जरूरी प्रमाण पत्र भी जारी नहीं हो पा रहे हैं। इसलिए गाँव में ग्राम पंचायत सदस्यों ने सहमति से एक ग्राम पंचायत सदस्य को अस्थाई प्रधान की जिम्मेदारी देने की मांग उठाई हैं। इस मौके पर उपेंद्र नाथ, शांति, राम औतार, सुनीता, रणधीर सहित अन्य ग्राम पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

# जनसहभागिता के साथ होगा तिरंगा महोत्सव: डीएम



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्यौहारो, कानून व्यवस्था, हर घर तिरंगा और ड्रोन परिचालन सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं के संबंध में प्रेस वार्ता की गयी। उन्होंने बताया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित किया जायेगा, जिसमें 02 अगस्त से 08 अगस्त तक विद्यालयो में रंगोली, तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा स्वरुप राखी बनाने की कार्यशाला सहित विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित की जाएगी, लोगो को स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया के राष्ट्रीय ध्वज के डिजाईन में उनके योगदान से अवगत कराया जाएगा।

09 अगस्त से 12 अगस्त तक तिरंगा महोत्सव व मेला का आयोजन जनसहभागिता के साथ किया जाएगा साथ ही लोग तिरंगा विद सेल्फी को पोर्टल पर अपलोड करेंगे। आगामी 13 अगस्त से 15 अगस्त तक सरकारी व निजी कार्यालयों, संस्थानों और लोगों के घरों में तिरंगा प्रदर्शित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी जनपद वासियों से अपील किया है कि इस दौरान सभी लोग सम्मान के साथ अपने अपने घरों पर तिरंगा लगाए। 14 अगस्त को ह्यविभाजन विभीषिका दिवसह्न के अवसर पर तिरंगा यात्रा निकली जाएगी जिसमें स्कूल, कॉलेजों व अन्य संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा विभाजन के स्मृतियों को याद करते हुए मौन यात्रा निकाली जाएगी।इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस का टैग लाइन है मिट गये जाने कितने इसके मान में, हर घर तिरंगा फहरायेंगे उनकी शान में। जिलाधिकारी ने बताया कि रक्षाबंधन के अवसर पर आगामी 08 अगस्त की सुबह 06 बजे से 10 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक यूपीएसआरटीसी की बसों व नगरीय बस सेवा की बसों में महिलाओं को निःशुल्क यात्रा की व्यवस्था की जायेगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से बताया कि जनपद में ड्रोन से दहशत फैलाने वालों व अनधिकृत रूप से ड्रोन का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पुलिस विभाग के द्वारा थानावार सूची तैयार करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि ड्रोन का परिचालन बिना अनुमति के नही होनी चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, , अपर पुलिस अधीक्षक आयुष श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह आदि उपस्थित रहे।

## बढ़ता जा रहा गोमती का जलस्तर



जौनपुर। गोमती नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। शनिवार और रविवार सुबह हुई बारिश के कारण नदी का जलस्तर बढ़कर 11 फीट तक पहुंच गया है। अभी यह खतरे के निशान से 13 फिट नीचे है।पानी बढ़कर शाहीपुल स्थित गोमतेश्वर नाथ मंदिर तक पहुंच गया है। इससे चकप्यार अली और बलुआ घाट के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए खतरा बढ़ गया है।

केराकत में निमार्णाधीन टाई नाले की पुलिया तक गोमती का पानी पहुंचने से कई गांवों का संपर्क टूट गया है।प्रशासन ने बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सभी एसडीएम को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। शनिवार रात तक गोमती का जलस्तर सात फिट था। अब यह तेजी से बढ़ रहा है। इससे तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं।रविवार को अस्थाई सड़क पर पानी पहुंचने से केराकत-खुज्जी मार्ग अवरुद्ध हो गया है।इससे कई गांवों का संपर्क टूट गया है। रविवार तक नदी का पानी चेतावनी निशान से 50 सेंटीमीटर नीचे तक पहुंच गया था।नदी के तटीय इलाके वाले गांव जैसे सरोजबड़ेवर, सरौनी पूरब पट्टी और चकरारेत जोखुआना में पानी पहुंचने से खतरा बढ़ रहा है। लगभग सौ एकड़ की फसल जलमग्न हो चुकी है। कुछ गांवों में खेतों तक जाने वाले रास्ते भी बाधित हो गए हैं।

## साइबर पीड़ित को वापस मिले 3 लाख रुपये

आजमगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के निर्देशन में साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर क्राइम थाना पुलिस, आजमगढ़ ने एक पीड़ित के खाते में 3 लाख रुपये वापस कराने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई फर्जी ट्रेडिंग ऐप के जरिए ठगी का शिकार हुए व्यक्ति की शिकायत पर की गई। पीड़ित को एक टेलीग्राम ग्रुप के माध्यम से फर्जी ट्रेडिंग ऐप के बारे में बताया गया, जिसमें अधिक मुनाफे का लालच देकर निवेश कराया गया। शुरूआत में छोटे निवेश पर लाभ दिखाकर विश्वास जीता गया, जिसके बाद पीड़ित ने बड़ा निवेश किया। इसके बाद ऐप बंद हो गया और पैसे निकालने के लिए अतिरिक्त शुल्क की मांग की गई। संदेह होने पर पीड़ित ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज की। इसके आधार पर साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात/नोडल अधिकारी साइबर क्राइम) विवेक त्रिपाठी और क्षेत्राधिकारी सदर/अपराध आस्था जायसवाल के मार्गदर्शन में साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश जायसवाल और कांस्टेबल एजाज खान की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित के खाते से ठगे गए 3 लाख रुपये वापस कराए।

## इंस्पेक्टर का पुत्र फांसी पर झूला

जौनपुर। मछलीशहर में एक पुलिस इंस्पेक्टर के युवा पुत्र ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रक्षाबंधन के अवसर पर परिवार के साथ आए 23 वर्षीय अमित कुमार घर जाने की बात कहकर अपने घर लौट गए। घटना कोतवाली के कोटवा गांव में हुई। अमित के पिता घनश्याम गौतम अमरोहा जिले में पुलिस लाइन में इंस्पेक्टर आरआरआई पद पर तैनात हैं। रक्षाबंधन के मौके पर अमित अपने बड़े भाई अंकित, बड़ी बहन पुष्पा और मां के साथ मछलीशहर आए थे। घर पहुंचने के बाद अमित ने दुपट्टे का सहारा लेकर पंखे से फांसी लगा ली। देर शाम जब परिवार के सदस्य घर पहुंचे तो उन्होंने अमित का शव पंखे से लटका हुआ पाया। आसपास के लोगों की मदद से परिजन शव को नीचे उतारकर सीएचसी ले गए। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सोमवार सुबह अमरोहा से लौटे मृतक के पिता की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भारत माता चैरिटेबल ट्रस्ट ने निकाली पालकी यात्रा



मेंहनगर/आजमगढ़। लगातार हो रही रिम-झिम बारिश के बीच सावन माह के आखिरी सोमवार को मेंहनगर के लखरांव पोखरा स्थित महादेव मंदिर से बाबा महाकाल की पालकी यात्रा भारत माता चैरिटेबल ट्रस्ट मेंहनगर द्वारा निकाला गया।

पालकी यात्रा में बाबा का भव्य स्वरूप देखकर भक्त निहाल हो उठे, बाबा के भाव भंगिमा देखकर भक्तगण उन्हें अपलक निहारते रहे। बैंड-बाजा और बाबा के गीतों से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया। बाबा महाकाल की पालकी यात्रा में पीछे-पीछे शिवभक्त चल रहे थे और देखते-देखते पूरा नगर शामिल हो उठा। अपने-अपने छतों से बच्चे-बुजुर्ग, महिलाएं सभी यात्रा में शामिल शिवभक्तों पर फूलों वर्षा कर रही थी। पालकी यात्रा लखरांव पोखरा महादेव मंदिर से निकला और बड़ी मिल, शीतला माता मंदिर, सोरहे बाबा, लाहौरी माता मंदिर, निरंजन कुटी खाकी बाबा मंदिर, काली माता, जयनगर चैराहा पेट्रोल पंप, कुकुहा पोखरा शमशान वासी महादेव मंदिर, प्रभा पोखरा पाताल पूरी महादेव मंदिर से मोड़ गोला बाजार होते हुए पुनः लखरांव पोखरा महादेव मंदिर पर समापन हुआ। लगातार ऊं नमः शिवाय, हर हर महादेव के उद्घोष से पूरा नगर क्षेत्र गुजांयमान हो उठा। प्रसाद प्राप्त कर दशनार्थी धन्य हो रहे थे। यात्रा के पीछे पीछे पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए ट्रस्टी महेंद्र मौर्य ने कहाकि हर बार सावन में पालकी यात्रा निकाली जाती है, जो पूरे नगरक्षेत्र का भ्रमण करती है ताकि पूरा मेंहनगर क्षेत्र खुशहाल रहे।

यात्रा को सफल बनाने में महेंद्र मौर्य, आर्यकमल बर्नवाल, जगदीश मौर्य, राधेश्याम जायसवाल, डबलू पाण्डे, राजू मद्धेशिया, प्रमोद आर्य, शशिकांत सेठ, संतोष उर्फ गुड्डू मोदनवाल, सोनू माली, दिनेश मौर्य, विजेंद्र कुमार मौर्य,दीना मोदनवाल, विकास जायसवाल, शारदा उर्फ जैकी जायसवाल, सूरज गोंड, दुर्गेश जायसवाल, सागर सेठ, दीपक जायसवाल, शेरू मद्धेशिया, हर्षित सेठ, आशीष माली, धनंजय गोंड, आदर्श सेठ, विंध्याचल ताम्रकार, सोनू गोंड, चंदन गोंड आदि शामिल रहे।

## अजीरेश्वर धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

बीजपुर(सोनभद्र)पवित्र सावन माह के अंतिम सोमवार को क्षेत्र के सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, अंजीर नदी के पावन तट पर स्थित प्रसिद्ध अजीरेश्वर महादेव धाम जरहा में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।भोले बाबा को जलाभिषेक के लिए सैकड़ो महिलाएं पुरुष बच्चों युवतियों सहित कांवरियों ने कतार में खड़े होकर बारी बारी से जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक कर फल फूल प्रसाद बेलपत्र भांग धतूरा चढा कर दर्शन पूजन किए।



इस दौरान सिंगरौली सोनभद्र के प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं अजीरेश्वर धाम परमार्थ जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बघेल ने सपत्नी सैकड़ो शिवभक्तों के साथ 15 किलो मीटर दूर स्थित सिंदूर टीका धाम से जल उठा कर प्रत्येक वर्षो की भांति इस वर्ष भी बाबा को जलाभिषेक कर देश और समाज हित मे सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ समेत आस पास क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा अर्चना किया तथा मंदिर में चल रहे भंडारे में महाप्रसाद ग्रहण किया। समूचा मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से भरा रहा।इसी प्रकार एनटीपीसी आवासीय परिसर स्थित रिहन्देश्वर महादेव मंदिर सिरसोती शिव मंदिर बेड़ियां हनुमान मंदिर खैरी झंडेश्वर महादेव मंदिर सेवकाडॉड इंजानी बकरिहवा समेत क्षेत्र के सभी शिव मंदिरों में सुबह से ही दर्शन पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।सुरक्षा के लिहाज से बकरिहवा बीजपुर सड़क मार्ग पर मालवाहक बड़े वाहन सुबह से शाम 5 बजे तक पूर्णरूप से प्रतिबंधित थे। इस अवसर पर अवधेश सिंह, जेएन चौरसिया, आर के सिंह, राजकुमार सिंह, त्रिभुअन नारायण सिंह, श्यामसुंदर जायसवाल, गणेश शर्मा, अशोक चैरसिया, मुन्ना सिंह, राहुल सिंह सहित क्षेत्र के सम्भ्रांतजन मौजूद थे। सुरक्षा ब्यवस्था के लिए एसएचओ अखिलेश मिश्रा एवं उप निरीक्षक श्रवण कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस पीएसी बल के जवान चाक चैबंद मुस्तैद रहे।

## स्वस्थ भारतीय संगीत परंपरा है कजरी



जौनपुर । कजली महोत्सव के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह ने कहा कि सावन बस एक मौसम नहीं है, यह एक सांस्कृतिक अनुभव है।इस मौसम में गाई जाने वाली कजरी के गीतों से गांव की मिट्टी की भीनी भीनी खुशबू आती है तो साथ ही नारी स्वर की गरिमा भी झलकती है। सावन में बरसात की फुहारे पृथ्वी पर पड़ती है और बादल की गर्जना, बिजली की चमक, प्रकृति की हरीतिमा के साथ ही मोरों की सुंदर बोली को तमाम कवियों ने कजरी के गायन की परंपरा प्रारंभ की जो एक स्वस्थ भारतीय संगीत परंपरा के रूप में आज तक चली आ रही है। इसके बाद भोजपुरी गायक रविन्द्र सिंह ज्योति, अर्चना तिवारी एवं प्रिया सोनी के कजली के गीतों पर झूमते रहे श्रोता। भाजपा प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंह, पूर्व सांसद कुँवर हरिवंश सिंह, विधायक विनय सोनी, पूर्व मंत्री जगदीश सोनकर, विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंशु ,शशि मोहन सिंह, रामदयाल द्विवेदी, वशिष्ठ नारायण सिंह, संदीप सिंह, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## 5157 रुद्राक्ष दाने से कराया रुद्राभिषेक

सोनभद्र। रामगढ़ कसारी भिखारी बाबा आश्रम स्थित शिव मंदिर में लगातार 25वें दिन सोमवार को 5157 रुद्राक्ष दाने से रुद्राभिषेक पूजन किया गया। इस दौरान समूचा मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयकारे से गुंजायमान हो गया। सावन माह के 25वें दिन चैथे सोमवार को शिव शक्ति महिला मंडल की संरक्षिका सुशीला पाठक, उर्मिला देवी, आंचल देवी, निक्की केसरी, ऋषिका केसरी, लकी केसरी, संध्या केसरी, खुशबू देवी, विमला देवी, करुणा सिंह, कृष्णवती, भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट की उपाध्यक्ष चिंता मौर्य, प्रियंका गुप्ता, कालो देवी, पंडित रेवती नाथ त्रिपाठी, रामा त्रिपाठी को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आचार्य राधेकृष्ण तिवारी व आचार्य कौशल तिवारी ने 5157 रुद्राक्ष के दाने व गंगाजल से रुद्राभिषेक पूजन कराया। भिक्षुक भिखारी रमाशंकर गिरी उर्फ जंगली बाबा ने बताया कि शिव शक्ति महिला मंडल एवं भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट की ओर से प्रतिदिन सावन माह भर रुद्राभिषेक पूजन किया जाएगा। आरती पूजन में हीरा सिंह, डॉक्टर विजय, बलिराम, परमानन्द मौर्य, विवेकानंद मौर्य, भईया लाल, राममूरत गुप्ता, मनोज केसरी, दीपक केसरी, रूपेश केसरी, राजेंद्र महाराज, सुखराम महाराज, इन्द्रपति पांडेय महाराज, सुरेश महाराज, बलिराम महाराज, सागर महाराज आदि मौजूद रहे। इस दौरान समूचा मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयकारे से गुंजायमान हो गया।

## ब्रह्माकुमारी बहनों ने रक्षासूत्र बांधा

सोनभद्र। ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आध्यात्मिक संस्था की ओर से लगातार तीसरे दिन सोमवार को स्वास्थ्य सेवा से भविष्य में जुड़ने वाले एएनएम, जीएनएम, बीएस-सी नर्सिंग, डी फार्मा तथा इमरजेंसी एण्ड ट्रामा केयर डिप्लोमा के 320 विद्यार्थियों को रक्षाबंधन के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा रक्षासूत्र बाँधा गया।

साईं हॉस्पिटल एण्ड कॉलेज ऑफ नर्सिंग के सभागार में आयोजित रक्षाबंधन के कार्यक्रम में समस्त टीचिंग स्टाफ और विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र की मुख्य संचालिका बीके सुमन दीदी ने कहा कि आपको स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में बहुत बड़ी जिम्मेदारी निभाना है। इसके लिए आप सभी को अपनी आत्मा को नकारात्मकता और मनोविकारों से तथा शरीर को मादक द्रव्यों के सेवन से रक्षा करना आवश्यक है। तभी आप तन और मन से स्वस्थ होकर अपने जिम्मेवारियों का कुशलता पूर्वक निर्वहन कर सकते हैं। वर्तमान समय में स्वास्थ्य सेवा से जुड़े लोगों में स्वयं के स्वास्थ्य की देखभाल करना बहुत बड़ी चुनौती है। आप ईश्वरीय ज्ञान और राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करके अपने दायित्वों का सहजता पूर्वक निर्वहन कर सकते हैं। राजयोग मेडिटेशन के अभ्यास से हमारी आंतरिक चेतना और मानसिक शक्तियां जागृत होती हैं। इस अवसर पर साईं कॉलेज आफ नर्सिंग के प्रिंसिपल ब्लेजी जार्ज, प्रबंधक मनोज कुमार तथा शिक्षक गण दिव्यांशी बोस, रागिनी श्रीवास्तव, मायाशाह, रुखसाना परवीन, वसुंधरा मिश्रा, आकांक्षा मौर्य, विनय पाण्डेय, आशुतोष मिश्रा इत्यादि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीके प्रतिभा बहन, बीके सीता बहन, बीके सरोज बहन, बीके कविता बहन ने सक्रिय सहयोग दिया। साईं हॉस्पिटल एंड कॉलेज आफ नर्सिंग के डायरेक्टर डॉक्टर अनुपमा सिंह ने रक्षाबंधन कार्यक्रम के लिए ब्रह्मकुमारी बहनों का आभार व्यक्त किया।

## मनाया गया आजमगढ़ साहू समाज का श्रावणी पूजन



आजमगढ़। आजमगढ़ साहू समाज का श्रावणी पूजन समारोह समिति के महामंत्री एवं पूर्व भाजपा अध्यक्ष विनय प्रकाश गुप्त के कुशल नेतृत्व में बड़े उत्साह और हर्ष के साथ लालडिग्गी स्थिम मंदिर परिसर में सम्पन्न हुआ। सामूहिक रुद्राभिषेक के पश्चात कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हुई, जिसमें महिलाओं ने मेहंदी प्रतियोगिता में बढ़कर चढ़कर प्रतिभाग कर कु. ज्योति गुप्ता प्रथम एवं कु. प्राची गुप्ता द्वितीय और कु. मानसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बालिका वर्ग चित्रकला में श्वेता मोदनवाल प्रथम एवं अनामिका गुप्ता द्वितीय और इशिका गुप्ता तृतीय व बाल वर्ग में भी चित्रकला में समस्त बच्चों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पर नृत्य में कोमल गुप्ता प्रथम एवं दिव्या गुप्ता द्वितीय और वयस्क एकल नृत्य में मानसी ने भाग लेकर उपस्थित लोगों का मन मोहने का काम किया। एकल गायन में श्वेता मोदनवाल ने भजन की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात छात्र तनिष गुप्त, शशांक उर्फ आदित्य गुप्ता की सफलता पर साहू समाज के अध्यक्ष लालता प्रसाद साहू जी ने प्रशस्ति-पत्र व पुरस्कार से समस्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर स्वतंत्र कुमार एडवोकेट, सत्य प्रकाश एडवोकेट, लक्ष्मी प्रसाद गुप्त, बी.डी.ओ संजय गुप्ता, दी टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश चंद गुप्त एवं महामंत्री विपिन गुप्ता, घनश्याम गुप्त, राधेश्याम गुप्त, कौशल किशोर गुप्ता, गणेश गुप्त, प्रधान शिवचंद गुप्त, जगदीश साहू, शिव शंकर साहू, एवं पूर्व सभासद शीला गुप्ता के साथ रत्ना साहू आदि महिलाएं व बच्चे-बच्चियां उपस्थित रहे। संचालन व समापन समिति के महामंत्री विनय प्रकाश गुप्त ने सभी का आभार व्यक्त कर किया।

## मुफ्त कोचिंग क्लासेस का शुभारंभ

जौनपुर। आईएमएफ फाउंडेशन ने ग्रामीण स्तर पर गरीब बच्चों को मुफ्त कोचिंग क्लासेस की शुरूआत की है। ओपनिंग समारोह के मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर एमआईएम के जिला अध्यक्ष इमरान बंटी ने आईएमएफ फाउंडेशन के फाउंडर अब्दुल कादिर को शुभकामनाएं दी। कादिर ने कहां की युवा समाज को अपना अहम योगदान देने के लिए प्रेरित हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स सीबीएसई बोर्ड यूपी बोर्ड की कोचिंग महिलाओं के लिए सिलाई कढ़ाई कोर्स करा रहे हैं। ताकि महिलाएं अपना स्वरोजगार कर सकें आत्मनिर्भर बन सके और किसी भी अवस्था में अपना जीवन यापन कर सकें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर के लोग जब विदेश या किसी बड़े शहर में काम के सिलसिले में जाते हैं। तो अंग्रेजी भाषा उनके काम में बाधा बन जाती है। और उन्हें शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है इसलिए उन्होंने इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स शुरू किया है जिसमें अब तक 50-60 बच्चे रेगुलर स्पीकिंग कोर्स कर रहे हैं।

## सावन के अंतिम सोमवार को उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



जौनपुर। सावन के अन्तिम सोमवार को शिवालयों पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। बारिश में लोग पूजन सामग्री लेकर लोग मन्दिर पहुंचे और भोले शंकर को नमन किया।

सावन माह का चौथा और अंतिम सोमवार माँ शारदा शक्तिपीठ स्थित मैहर मंदिर के प्राचीन शिवालय में विशेष आस्था और भक्ति के साथ मनाया गया। सुबह से लगातार बारिश के बावजूद शिव भक्तों का उत्साह देखने लायक था। भारी भीड़ के बीच पूरा देवालय ष्हर हर महादेवष के जयघोष से गूंज उठा और शिवमय वातावरण में श्रद्धालु घंटों कतार में लगे रहे। नर्मदेश्वर महादेव शिवलिंग के दर्शन और पूजन के लिए भक्तों की भारी।श्रद्धालुओं ने नर्मदेश्वर महादेव शिवलिंग पर दूध, जल, बेलपत्र, भांग, धतूरा, शहद और पुष्प अर्पित कर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। भक्तों ने व्रत-पूजन कर परिवार के कल्याण और मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना की। मंदिर समिति ने भी सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए थे जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।सुबह से हो रही बारिश भी भक्तों के उत्साह को कम नहीं कर पाई। भक्तजन छाता लेकर और बारिश में भीगते हुए भी अपनी बारी का इंतजार करते रहे। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए दूध, जल, धतूरा, बेलपत्र, शहद और फूल अर्पित किए। यह दृश्य भगवान के प्रति भक्तों के अटूट विश्वास और श्रद्धा को दर्शाता है।मंदिर के पुजारियों के अनुसार, सावन का यह चैथा और अंतिम सोमवार सबसे अधिक फलदायी माना है। उनका मानना है कि इस दिन सच्चे मन से पूजा करने से भगवान भोलेनाथ भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। भक्तों की इतनी बड़ी संख्या में उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि लोग इस दिन के महत्व को भलीभाँति समझते हैं। मड़ियाहू तहसील क्षेत्र के गौरीशंकर महादेव मंदिर पर सावन मास के आखिरी सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। लगातार हो रही बारिश के बावजूद सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे दुग्ध व जल लेकर जलाभिषेक करने पहुंचे। गौरीशंकर मंदिर के पुजारी मोहन पटेल ने बताया कि यह मंदिर अंग्रेजों के जमाने से है। यहां पर साक्षात शिवलिंग जमीन से निकला हुआ है। यह मंदिर भगवान शिव और देवी पार्वती को समर्पित है। यह सैकड़ों वर्ष पुराना मंदिर एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है।महाशिवरात्रि और सावन के सोमवार जैसे अवसरों पर यहां विशेष भीड़ होती है। भक्त यहां आकर अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए प्रार्थना करते हैं। वाहनों के आवागमन को भी नियंत्रित किया गया ताकि कोई परेशानी न हो सके। दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने बारिश में भीगते हुए भी भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की।

## गंगा नदी में आया उफान, सैकड़ों गांवों का संपर्क मुख्यालय से टूटा

मीरजापुर। गंगा नदी में लगातार पानी का बढ़ता दायरा तटवर्तीय गांवों में हड़कंप मचा रखा है। लोगों को पलायन करना पड़ रहा है तो कई गांवों का एक दूसरे से सम्पर्क टूट गया है। मिजार्पुर कछवां होते हुए वाराणसी जाने वाले मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया है। गंगा नदी पर बने भटौली पुल के दोनों पहुंच मार्ग बाढ़ के पानी की चपेट में आ जाने से दोनों ओर पुलिस का पहरा लगा दिया गया है। दूसरी ओर गंगा नदी में लगातार बढ़ते जलस्तर से बाढ़ में फंसे लोगों को राशन पानी सहित सुरक्षित जगहों तक पहुंचाने का भी काम सदर एसडीएम द्वारा लगातार जारी है। 24 घंटे राहत बचाव कार्य जारी है लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए प्रशासनिक राहत टीम बाढ़ पीड़ितों के फंसे होने की सूचना पर बारिश में भींगते हुए पहुंच रही है। हालांकि कुछ गांव में राहत सामाग्री सहित अन्य समस्याओं को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश भी देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जनप्रतिनिधि फोटो खिंचवाने तक सीमित हैं। वह कुछेक इलाकों का निरीक्षण कर चलते बन रहें हैं। दूसरी ओर कोन विकास खंड क्षेत्र के श्रीपट्टी, मवैया गांव में बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों ने व्यवस्था से खिन्न होकर सोमवार को गांव में प्रदर्शन कर सड़क पर उतर आए। जानकारी होते ही पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। बाढ़ और आपदा से परेशान ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन करते हुए बाढ़ के बाद प्रशासन द्वारा कोई व्यवस्था न करने का आरोप लगाते हुए नाराज सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने धरना शुरू कर दिया। बीच सड़क चक्का जाम कर धरने पर बैठे ग्रामीण भोजन पानी तथा मोटर बोट चलाने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना रहा है कि मवेशियों को चारा पानी तथा अन्य जरूरी सामानों की आपूर्ति की जाए। व्यवस्था की मांग कर रहे ग्रामीण बाढ़ की विभिषिका के साथ ही राहत के नाम पर खानापूर्ति किए जाने से नाराज दिखाई दिए हैं। फिर क्या था ग्रामीणों के धरने की सूचना पर हरकत में आया प्रशासन, तत्काल व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए तब जाकर ग्रामीण पीछे हटे हैं।



### वाराणसी-मिर्जापुर मार्ग पर आवागमन बंद

गंगा नदी पर बने भटौली पक्के पुल पर सोमवार की रात से पानी आ जाने से पुल के दोनों ओर का सम्पर्क मार्ग डूब गया है इससे दोनों ओर का आवागमन बाधित हो गया है। सुरक्षा की दृष्टि से पुल के ओर पुलिस का पहरा बैठा दिया गया है। बताते चलें कि बाढ़ के चलते भटौली पक्का पुल पर आवागमन बंद कर दिया गया है। गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, इससे मझवां विकास खंड क्षेत्र के तटवर्ती गांव जहां पूरी तरह से बाढ़ की चपेट में आ गए हैं वहीं सैकड़ों गांवों का सम्पर्क पूरी तरह से जिला मुख्यालय से टूट गया है भटौली गंगा नदी पुल बंद होने से इससे रोजी-रोटी के लिए मजदूरी करने वाले श्रमिकों, कोर्ट-कचहरी जाने वाले लोगों सहित नौकरी पेशा इत्यादि कार्य से रोज जिला मुख्यालय जाने वाले लोगों की परेशानियों में इजाफा हुआ है उन्हें अब कछवां रोड, औराई के रास्ते मिर्जापुर आना होगा। बताते चलें कि भटौली पक्के पुल के एप्रोच मार्ग के करीब एक फीट उपर से गंगा के बाढ़ का पानी बह रहा है। गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी को देखने वालों की पुल के दोनों तरफ जहां भारी भीड़ लग रही है तो वहीं पुलिस की चौकसी तेज की गई है। कछवां थानाध्यक्ष अमरजीत ने बताया है कि सुरक्षा के दृष्टिगत दल बल के साथ पुलिस बल तैनात किया गया है। दूसरी ओर कोन विकास खंड क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र हरसिंगपुर, मल्लेपुर सहित अन्य ग्रामों में मोटरबोट से प्रदेश के कैबिनेट मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री नन्द गोपाल नन्दी, विधायक नगर रत्नाकर मिश्र एवं जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने बाढ़ क्षेत्रों का निरीक्षण किया है।

### लापरवाही पर होगी कार्रवाई

जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने कलेक्ट्रेट स्थित बाढ़, आपदा कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण कर प्राप्त शिकायतों के रजिस्टर का अवलोकन किया है। कहा कन्ट्रोल रूम पर रात्रि में भी सक्रिय व क्रियाशील रहे कर्मचारी वरना लापरवाही पर कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी ने बाढ़ से जुड़े समस्याओं से सम्बंधित टोल फ्री नंबर 1077 पर अथवा 05442-357 सूचना देने की अपील के साथ ही कहा है कि जिला प्रशासन द्वारा तत्काल मदद/राहत प्रदान की जाएगी।

संक्षेप

## जलनिकासी के लिए 22 स्थानों पर लगाये गये 33 पंप

**अयोध्या।** नगर के निचले इलाके की जनता को जलभराव से निजात दिलाने के लिए नगर निगम तत्पर है। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार ने जलभराव से प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया और जल निकासी के लिए पंप लगवाया। सोमवार की शाम तक ज्यादातर इलाको से पानी की निकासी सुनिश्चित करा दी गई। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि महापौर ने रविवार को वर्षा के दौरान नगर निगम की टीम को सक्रिय रहने के निर्देश दिए। उन्होंने जलवानपुरा समेत जलभराव से प्रभावित इलाके का दौरा किया। नगर आयुक्त ने जनौरा, गददौपुर आदि का जायजा लिया। अपर नगर आयुक्त डॉ नागेंद्र नाथ एवं वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरएम शुक्ल ने भी भ्रमण कर जल निकासी के लिए 22 वार्डों के 25 स्थानों पर 33 पंप लगवाए।

# डीएम ने लिया महेंद्रा नाथ धाम की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा



**बरहज, देवरिया।** श्रावण मास के चौथे और महत्वपूर्ण सोमवार के पावन अवसर पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने सुप्रसिद्ध तीर्थस्थल महेंद्रा नाथ धाम, महेन का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लाखों श्रद्धालुओं के लिए की गई सुरक्षा और व्यवस्था का गहन जायजा लिया। श्रावण माह में बाबा महेंद्रा नाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए दूर-दूर से लाखों

**●डीएम ने की पूजा- अर्चना**

श्रद्धालु मंदिर में आते हैं। इसी को देखते हुए जिला प्रशासन ने विशेष सुरक्षा और सुविधा व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया है। जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास द्वार, चिकित्सा सहायता केंद्रों, साफ-सफाई, पेयजल, अस्थायी शौचालयों, पार्किंग और यातायात नियंत्रण व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सीसीटीवी निगरानी, पुलिस बल की तैनाती और बैरिकेडिंग की स्थिति की भी समीक्षा की और भीड़ प्रबंधन के लिए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने बाबा महेंद्रा नाथ का विधिवत पूजन-अर्चन किया और जनपदवासियों की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य, शांति और मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करते हुए धैर्य और अनुशासन बनाए रखें, जिससे सभी को एक सुखद और सुरक्षित दर्शन का अनुभव प्राप्त हो सके।

जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा सहायता, पर्याप्त पेयजल, शौचालय, विश्राम स्थल और महिला सहायता कक्ष जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके अतिरिक्त, श्रद्धालुओं की सहायता के लिए स्वयंसेवकों की भी पर्याप्त संख्या में तैनाती की गई है। इस दौरान एसडीएम विपिन द्विवेदी मौजूद रहे। श्रावण मास के अन्तिम सोमवार को शिवमन्दिरो मे सायंकाल तक चलता रहा जलाभिषेक रुद्राभिषेक

## आस्था का उमड़ा जनसैलाब

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय क्षेत्र के शिवमन्दिरो मे श्रावणमाह के अन्तिम सोमवार को जलाभिषेक रुद्राभिषेक का कार्य झमाझम वर्षा के बीच चार बजे भोर से देर सायंकाल तक चलता रहा शिवमन्दिरो के पास मेला भी लगा ।आस्था का भारी जनशैलाब जलाभिषेक के लिए उमडा ।जयकारे से मन्दिर परिसर हर हर महादेव के जयकारे से गूँजता रहा ।

ग्राम साहोपार के टोला महदेवा मे प्राचीन शिवलिंग के पूजा अर्चन एव. जलाभिषेक व रुद्राभिषेक के लिए प्रत्येक माह के सोमवार व शुक्रवार को क्षेत्रीय शिवभक्त जलाभिषेक के लिए आते रहते है ।इसके अलावे प्रत्येक दिन भी भक्त पूजा अर्चन करते रहते है ।लेकिन श्रावणमाह मे इसका महत्त्व काफी बढ जाता है ।मान्यता है यह शिवलिंग भूमि से निकलने के कारण जो भक्त आस्था व भक्ति से शिवलिंग पर जलाभिषेक करता है ।उसे भोलेनाथ खाली हाथ वापस जाने नही देते उनकी मनोकामनाएं अवश्य पुरी करते है ।इसलिए प्रत्येक वर्ष व दिन भक्तों की भीड बढती रहती है ।महाशिवरात्रि के दिन मेला भी लगता है ।

इसी तरह से क्षेत्र के ग्राम बनकटा तिवारी के दक्षिण छोटी गण्डक नदी के उत्तरी तट पर जंगलीनाथ बाबा मन्दिर है ।जो आस्था व भक्ति प्रतीक बन गया ।यहां भी जो भक्त आस्था से व निष्ठा से जलाभिषेक करता है ।उसकी मनोकामना जंगलीनाथ बाबा पूरी करते है । क्षेत्र के बनकटाशिव,मठिया शव मन्दिर, बलुआअफगान, चीनी मिल त्रिशक्ति मन्दिर नूरीगंज बाजार रजवल सहित अन्य शिवमन्दिरो मे भी शिवभक्तों द्वारा जलाभिषेक किया जाता है । आज सभी शिवालयों पर भक्तों की भीड़ सायंकाल तक पहुचती रही और जलाभिषेक,महा मृत्युंजय जप का सिलसिला छत रहा ,देवालय जयकारों से गूंजते रहे ।

## नदी में स्नान कर रहा युवक डुबा, दो को लोगों ने बचाया

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बनकटा तिवारी स्थित जंगलीनाथ बाबा घाट पर एकही गाँव के चार युवक स्नान कर रहे थे ।थोडी देर मे तीनो नदी मे डुबने लगे ।घाट पर कुछ लोग डुबते हुए युवकों को देखकर शोर मचाते हुए नदी मे कुद पडे ।दो को तो नदी से बाहर निकाल कर बचा लिया ।एक नदी के तेज धारा मे विलीन हो गया .बताया गया है कि ग्राम खोरीबारी टोला अरुआडीह निवासी 13 वर्षीय आदित्य पुत्र संतोष यादव हरिओम प्रियान्शु एक ही गाँव के घर से बाबा जंगलीनाथ के दर्शन करने निकले ।तीनो छोटी गण्डक नदी मे स्नान करने लगे ।तीनो एक साथ डुबने लगे ।नदी घाट पर मौजूद लोगों ने तीनो को डुबते हुए देखा ।बचाने के लिए सभी लोग नदी मे छलांग लगा दी ।काफी मशक्कत के बाद हरिओम व प्रियान्शु को बचाने मे कामयाब हो गये लेकिन कुल का एकलौता पुत्र आदित्य यादव नदी की तेज धारा मे विलीन हो गया ।शव की तलाश के लिए प्रशासन द्वारा बरहज से गोताखोर बुलाये गये है ।मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक जीतेन्द्र सिंह मय फोर्स शव की तलाश मे गोताखोरों के साथ लगे हुए है ।समाचार लिखे जाने तक शव बरामदगी का समाचार नही मिला है ।वही डुबने की सूचना पर कुल का चिराग बुझने माता सूमन सहित परिजनों व आस पास के लोगों का रो रोकर बुरा हाल है ।आदित्य खोरीबारी के एक निजी स्कूल के कक्षा -8 का छात्र है ।स्कूल मे भी शोक का माहौल है ।

## गायक स्व किशोर कुमार के गीत दिलों को देते हैं सुकूनः कृष्णानंद त्रिपाठी




**कसया, कुशीनगर।** नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्यायनगर कुशीनगर स्थित डीडी मंत्रा नृत्य संगीत विद्यालय के परिसर में भारत के प्रसिद्ध गायक, संगीतकार, अभिनेता स्व. किशोर कुमार का जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। गीतकारों ने उनके गीतों को गाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

सोमवार को आयोजित सर्वप्रथम सरस्वती वंदना हुई और स्व.किशोर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यशुदीप ने गाया मेरे सपनो की रानी कब आयेगी तू, कृष्णा ने गाया ओ मेरे दिल के बेचैन ..काफी सराहा गया। काश्वी ने गाया चला जाता हूं किसी की धुन में धड़कते दिल के तराने लिए को सुनकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। राजा ने गाया पल पल दिल के पास तुम रहते हो। शिव ने गाया हमें और जीने की चाहत न होती अगर तुम न होते। अतिथि पूर्व प्रवक्ता सुरेश गुप्ता ने कहा कि किशोर सफल गायक, संगीतकार, अभिनेता, कंपोजर थे। संस्था के निदेशक कृष्णानंद त्रिपाठी ने कहा कि किशोर कुमार के गीत दिलों को सुकून पहुंचाने वाले है। आज वह दुनिया में नहीं हैं लेकिन अपने गीतों के माध्यम से अपने प्रशंसकों के दिलों में जिंदा हैं। संस्था ऐसे कार्यक्रम हमेशा करती है कि जिससे आने वाली पीढ़ी पुराने गीतों को और बीते जमाने के गायको को याद रखें और अपना जीवन अमूल्य बना सकें। इस मौके पर मिथिलेश पाण्डेय परासर नाल पर संगत कर रहे थे। शमशेर, संस्था के छात्र पियूष उपाध्याय, करण यादव, वैष्णवी, कात्यायनी नरेंद्र शर्मा गीता वर्मा, कृष्णा, पुष्पा, अभिषेक, राजा सहित संगीत के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सांसद ने देवरिया बाईपास का लिया जायजा

जिला संवाददाता



**देवरिया ।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा देवरिया में निमार्णाधीन ठल्- 727अ देवरिया बाईपास का सदर सांसद शशांक मणि ने अधिकारियों के साथ जीरो प्वाइंट सिरजम, परसिया और मुंडेरा बुजूर्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देवरिया की जनता ने मुझे सेवा का अवसर दिया है और तभी से हर महीने इस बाईपास के निर्माण के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से संपर्क में था। मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि जमीन अधिग्रहण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। बाईपास बनाने वाली कंपनी को 24 महीने में निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने कहा कि

इस बाईपास के बन जाने से देवरिया जिले का समग्र विकास होगा क्योंकि शहर में जाम की बड़ी समस्या से निजात मिलेगी। इसके साथ ही अमृत प्रयास के माध्यम से विकसित देवरिया के लक्ष्य में कई बड़े उद्यम के आने का रास्ता भी खुलेगा। इस बाईपास में कई अंडरपास और फ्लाईओवर बनेंगे ताकि इस हाइवे से कोई गांव प्रभावित ना हो। श्री मणि ने कहा कि बाईपास बनने के साथ सबके प्रयास से अगले दो साल में अपने क्षेत्र में उद्यम और उद्योग के विकास के बारे में है लोग सोच रहे हैं।

इस बाईपास बनने से अमृत प्रयास के तहत किसानों की आय बढ़ाने के लिए कोल्ड स्टोरेज और वेयर हाउसेस को प्रोत्साहन के लिए काम करना होगा, ताकि इस हाइवे का पूर्ण फायदा हमारे किसान और नागरिकों को मिल सके ।उन्होंने कहा कि हमने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को इस निर्माण की रिपोर्टिंग हर महीने करने के लिए निर्देशित किया है, ताकि यह बाईपास तय समय में पूर्ण हो सके और इसका लाभ क्षेत्र जनता और व्यापारी बंधुओं को मिल सके । इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी गण, भाजपा नेता विजय प्रताप उर्फ डब्ल्यू मणि, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जनपदस्तरीय आकांक्षा हाट का शुभारंभ




**देवरिया।** नीति आयोग के तत्वावधान में सोमवार को देवरिया क्लब परिसर में जनपद स्तरीय आकांक्षा हाट का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने हाट का औपचारिक उद्घाटन किया और विभिन्न विभागों व स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन करते हुए उत्पादों की खरीदारी भी की। ह्यवोकल फॉर लोकलह्न की थीम पर आधारित इस हाट का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों एवं समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को प्रोत्साहन देना एवं उनके विपणन को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, उप श्रम आयुक्त, उप कृषि निदेशक, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी अधिशासी अधिकारी समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे कार्यक्रम में कुल 20 स्टॉल लगाए गए, जिनमें आईसीडीएस, ओडीओपी, कृषि, स्वास्थ्य, लीड बैंक, आरसेटी, प्रधानमंत्री आवास योजना, वन स्टॉप सेंटर सहित विभिन्न विभागों एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय किया गया।

डीएम दिव्या मित्तल ने स्टॉल पर उपस्थित कारीगरों एवं समूह की महिलाओं से संवाद कर उनके कार्यों की सराहना की, जिससे प्रतिभागियों में उत्साह का संचार हुआ। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय उद्यमों को बाजार मिलता है और आत्मनिर्भरता की दिशा में सार्थक कदम बढ़ता है।

आकांक्षा हाट में आज पहले दिन राखी, तिरंगा, सजावटी वस्तुएं, विभिन्न प्रकार के अचार, मुरब्बा, सिरका, नमकीन, चिप्स, पापड़, आर्टिफिशियल ज्वेलरी और फूड स्टॉल्स पर मोमोज, पकौड़ी, चाय आदि की जमकर बिक्री हुई। पहले दिन कुल ?7700 के उत्पादों की बिक्री दर्ज की गई ।यह हाट आगामी 07 अगस्त तक देवरिया क्लब परिसर में आमजन के लिए खुला रहेगा।

# श्रीराम कथा में भगवान का जन्म होते ही श्रीराम के जयकारो से गुंजा पंडाल

बरहज, देवरिया। स्थानीय नगर पंचायत कस्बा स्थित मां भगवती पैलेस में श्रीराम कथा के चौथे दिन राम के जन्म होते ही प्रभु श्रीराम के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा।

श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ में आचार्य धीरज कृष्ण महाराज ने कहा कि भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। भगवान राम ने बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश किया। उन्होंने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन चरित्र अनंत सदियों तक चलता रहेगा। राम कथा में पिता के प्रति मां के प्रति और भाई के प्रति प्रभु राम का जो स्नेह रहा सदा सदा के लिए अमर है ।राजा दशरथ के संतान न होने के कारण अपने कुलगुरु वशिष्ठ के पास जाते हैं। जहां वशिष्ठ द्वारा श्रृंगी ऋषि से शुभ पुत्र कामेष्टि यज्ञ करवाते है। यज्ञ कुंड से अग्नि देवता का प्रकट होकर राजा दशरथ को खीर प्रदान करते हैं। जिसके बाद राजा दशरथ द्वारा तीनों रानियों कौशल्या, कैकई और सुमित्रा को खीर देते हैं। उस खीर के खाने से तीनों रानियों को भगवान राम सहित भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म होता है। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने पृथ्वी लोक पर आकर धर्म की स्थापना की। उनका जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। भगवान राम ने बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश शुरू कर दिया। संसार में जितने भी असुर उत्पन्न हुए सभी ने ईश्वर के अस्तित्व को नकार दिया और स्वयं भगवान बनने का ढोंग करने लगे लेकिन जब ईश्वर ने अपनी सत्ता की एक झलक दिखाई तो सभी धरा से ही समाप्त हो गए।

राम कथा में पिता के प्रति, मां के प्रति और भाई के प्रति प्रभु राम का जो स्नेह रहा वह सदा के लिए अमर है। इस दौरान भजन गायक रघुपति व दीपक ने राम भक्ति भजन द्वारा श्रद्धालुओ को झूमने और मग्न होकर नृत्य करने पर मजबूर कर दिया।

# रक्षा बंधन मेले में स्वयं समूहों के उत्पादों की लगेगी प्रदर्शनीः शाही




**देवरिया।** विकास भवन स्थित गांधी सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश के कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भूपेंद्र सिंह, जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रत्यूष पाण्डेय उपस्थित रहे।

मंत्री श्री शाही ने बताया कि 05 अगस्त से 07 अगस्त तक रक्षा बंधन के उपलक्ष्य में देवरिया क्लब में तीन दिवसीय मेला आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्घाटन पूर्वाह्न 11:00 बजे होगा।

इस मेले में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। साथ ही विभिन्न विभागों की ओर से झांकियां एवं प्रदर्शनी भी प्रस्तुत की जाएंगी। कृषि विभाग द्वारा एक दिवसीय सूचना तंत्र मेला, कृषि यंत्रीकरण गोष्ठी, श्री अन्न एवं कृषि यंत्रों/उपकरणों का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मेले में जनपद की महिला समूहों एवं किसानों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे जनपद में निर्मित उत्पादों के प्रचार-प्रसार एवं क्रय-विक्रय को प्रोत्साहन मिल सके। मंत्री श्री शाही ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश पर 08 अगस्त से 10 अगस्त तक महिलाओं हेतु निःशुल्क बस सेवा प्रदान की जाएगी, जिससे उन्हें आवागमन में सुविधा मिल सके। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान इस वर्ष भी 15 अगस्त तक तीन चरणों में संचालित किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत विविध जनजागरूकता एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित होंगे। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 16 अगस्त को भी स्वच्छता अभियान, भजन-कीर्तन एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने मेले की संकल्पना एवं संरचना के लिए मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि मेले में हेल्थ चेकअप, विधवा पेंशन आवेदन, तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए जाएंगे, ताकि आमजन को अधिकतम लाभ मिल सके।

## आजाद हिंद फौज के गोरिल्ला योद्धा स्व. सुमेश्वर राय को दी गई श्रद्धांजलि



**कुशीनगर।** सोमवार को आजाद हिंद फौज के गोरिल्ला योद्धा स्व.सुमेश्वर राय की 39वीं पुण्यतिथी उनके पैतृक गांव पथरदेवा के ओलीपट्टी तथा राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व एमएलसी रामाशीष राय के लखनऊ स्थित आवास पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर रालोद के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व एमएलसी रामाशीष राय ने अपने दादा स्व. सुमेश्वर राय के त्याग, समर्पण और देशभक्ति के प्रेरणास्पद जीवन को स्मरण करते हुए कहा कि वे नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आह्वान पर सिंगापुर में आजाद हिंद फौज में शामिल हुए थे और गोरिल्ला नंबर 7यूनिट के सिपाही के रूप में वीरता पूर्वक अंडमान, रंगून होते हुए मणिपुर की सीमा तक लड़े थे। श्री राय ने कहा कि स्व. सुमेश्वर राय का जीवन हम सभी के लिए ऊर्जा और प्रेरणा का स्त्रोत है। वे अनुशासित, न्यायप्रिय, कर्मठ और परिश्रमी व्यक्तित्व के धनी थे। हमें गर्व है कि हम उनके वंशज हैं और उनके पदचिह्नों पर चलने का प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर भाऊराव देवरस इंटर कॉलेज, ओलीपट्टी पथरदेवा के समस्त शिक्षक, छात्र एवं परिवारीजन प्रबंधक राजेश्वर राय, प्रधानाचार्य ओंकार सिंह, चंद्रभूषण तिवारी, देवेन्द्र राय, ओमप्रकाश राय, अवनिंद्र राय, आकाश राय, अनिल सिंह, अवधेश सिंह, कमलेश गुप्ता, सुरेश राय आदि श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए और स्व. राय को कोटि-कोटि नमन अर्पित किया। सभी ने उनके राष्ट्रसेवा से जुड़े गौरवशाली योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

## लाइनमैन की लापरवाही से 28 घंटे बाद जोड़े गये जंफड़ के तार

**कुशीनगर।** जनपद के विद्युत उपकेंद्र नौरंगिया कोटवा के अंतर्गत भुजौली बाजार में रविवार के दिन लगभग 10 बजे दिन में एक पोल से जंफड उड़ गई। जंफड उड़ने की सूचना उपभोक्ता द्वारा तत्काल विद्युत विभाग के लाइनमैन को दी गई। ग्रामीणों का आरोप है कि लाइनमैन मौके पर आकर केवल पोल पर चढ़ने के लिए सीढ़ी की व्यवस्था की मांग कर वापस लौट गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने एसडीओ कोटवा और जेई कोटवा से मोबाइल पर संपर्क साधने का प्रयास किया, लेकिन फोन अधिकारीयों द्वारा नहीं उठाया गया। दूसरे दिन जेई के पर्सनल नंबर पर फोन की गई तो जेई ने फोन उठाया और जंपर उडने की सूचना दी गई। जानकारी होने के लगभग 28 घंटे बाद लाइनमैन द्वारा जंपर जोड़ने के बाद विद्युत की सप्लाई ग्रामीणों को मिली। उपभोक्ताओं का आरोप है कि आए दिन भुजौली बाजार में बिजली की फाल्ट की समस्या होती है, लाइनमैन द्वारा पैसे की डिमांड की जाती है अगर उपभोक्ता पैसा ना देने की बात करते हैं तो एक-दो दिनों तक लाईनमैन द्वारा परेशान किया जाता है। अधिकारियों के संज्ञान में लाने के बाद बिजली फाल्ट को सुधारा जाता है, ऐसे कर्मचारी उपभोक्ताओं को परेशान कर सरकार की छवि को खराब करने का काम करते हैं।

# देश प्रेम की भावना से मनाया जायेगा हर घर तिरंगा अभियानः डीएम




**कुशीनगर।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा अभियान एवं काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी मनाए जाने के दृष्टिगत बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक दौरान मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा से सभी संबंधित विभागाध्यक्ष को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान तीन फेज में मनाई जाएगी। 02 से 08 अगस्त तक सभी विद्यालयों मैं की दीवारों एवं बोर्ड की तिरंगा सजावट, तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता, तिरंगा राखी बनाने की कार्यशाला, सैनिकों और पुरुष कर्मियों को आभार पत्र, तिरंगा बुनाई और धागे की गतिविधि का आयोजन किया जाएगा।

9 अगस्त से 12 अगस्त तक तिरंगा महोत्सव मेला जन भागीदारी के साथ तिरंगा महोत्सव का आयोजन अति विशिष्ट आयोजन में मेले में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी तिरंगा प्रदर्शनी सेल्फी बूथ एवं सेल्फी अपलोड करना तिरंगा यात्राएं तिरंगा की बिक्री एवं वितरण का प्रबंधन। 13 अगस्त से 15 अगस्त के सभी शैक्षिक संस्थानों, सरकारी भवनों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, कार्यालयों, आदि पर तिरंगा लाइटिंग झंडा रोहण शेल्फी अपलोड किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी त्यौहार के रूप में स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा, उन्होंने आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र के प्रति प्रेम, सम्मान का भाव, राष्ट्र के प्रति दायित्वबोध का भाव उत्पन्न करने एवं राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास के परिचित कराने का कार्य हम सभी को करना होगा। 13 से 15 अगस्त के मध्य हर घर तिरंगा अभियान मनाया जाएगा। विगत वर्ष की भांति ₹हर घर तिरंगा₹ अभियान देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत होकर मनाया जायेगा। 15 अगस्त को सभी सरकारी/अर्ध सरकारी कार्यालयों/स्कूलों/महा विद्यालयों आदि पर झण्डा रोहण किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि पूरे विश्व में भारत का एक विशेष स्वाभिमान है। शासन की मंशा अनुरूप सभी विभाग मिलकर इस अभियान को सफल बनाने हेतु सम्मिलित प्रयास करें। इसके लिए 08 लाख झण्डा स्वयं सहायता समूहों द्वारा आपूर्ति की जाएगी। पुलिस विभाग के पब्लिक एडेस सिस्टम क्रियाशील रहे। शहीद स्मारको पर राष्ट्रधुन / देशभक्ति गीत किया जाये। समस्त सरकारी भवनों पर तिरंगा लाइटिंग करायी जायेगी नगर विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग द्वारा स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े समस्त स्थलों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। समस्त शिक्षण संस्थाओं में हर घर तिरंगा से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने आमजनमानस से अपील किया है कि वे सेल्फी/रील्स/वीडियो/झंडों के साथ फोटो अथवा देशभक्ति / झण्डा गीत के साथ वीडियों अभियान से जुडी वेबसाइट ँ१्३१ल्लॅ्ड्रे पर अपलोड कर सकते हैं। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी उपायुक्त उद्योग अभय कुमार सुमन, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, सहित अन्य सभी संबंध जनपद स्तरीय अधिकारी एवं व्यापार मंडल के सदस्य गण आदि उपस्थित रहे।

# दो ब्लॉक के लोगों खिलाई जायेगी फाइलेरियारोधी दवा

देवरिया। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सोमवार को विकास भवन में सीडीओ प्रत्यूष पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि फाइलेरिया (हाथी पांव) से बचाव के लिए 10 से 28 अगस्त तक जिले में सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान दो ब्लॉकों के 3.94 लाख लोगों को फाइलेरियारोधी दवा खिलाई जाएगी। यह दवा एक साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारियों से ग्रस्त रोगियों को नहीं खिलानी है।

सीडीओ ने कहा कि एमडीए अभियान में सहयोगी विभाग के रूप में (बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा, ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, आजीविका मिशन, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग (आईसीडीएस), खाद्य एवं रसद विभाग, एनएसएस, एनसीसी, भारत स्काउड एवं गाइड, सूचना विभाग, नगर विकास विभाग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग) अपना सहयोग प्रदान करेंगे।

सीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि आगामी 10 अगस्त से 28 अगस्त तक जनपद में फाइलेरिया (हाथी पांव) से बचाव के लिए प्रस्तावित सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान दो ब्लॉकों भलुअनी व भागलपुर संचालित होगा। जिसमें आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर आयु वर्ग के अनुसार फाइलेरियारोधी दवा (डीईसी एवं एलबेन्डाजाल) अपने सामने खिलाएंगी। इसके लिए कुल 376 टीमें बनाई गई हैं। फाइलेरिया एक मच्छर जनित लाइलाज बीमारी है, जिसकी रोकथाम ही इससे बचाव का एकमात्र उपाय है। लगातार पांच वर्षों तक साल भर में एक बार दवा खाने से स्वस्थ व्यक्ति में फाइलेरिया होने की आशंका खत्म हो जाती है। उन्होंने बताया कि आशा कार्यकताओं को ब्लॉक के प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं बीसीपीएम द्वारा प्रशिक्षित किया जा चुका है। दवा सेवन के बाद चक्कर आना, जी मिचलाना जैसी समस्या हो सकती है, लेकिन यह चिंता का विषय नहीं है।

## चोरी की बाइक व बोलेरो के साथ तीन चोर गिरफ्तार

**कुशीनगर।** जिले के पटहेरवा पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान थाना पटहेरवा क्षेत्र से तीन नफर अन्तर्राज्यीय वाहन चोरों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से चोरी की चार मोटर साइकिल भिन्न-भिन्न कम्पनी की तथा एक बोलेरो बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह हैं, जो टेंट हाउस और शादी-विवाह जैसे आयोजनों में खाना बनाने वाली टीम में शामिल होकर काम करते हैं। इस दौरान वे मौका देखकर वाहनों की चोरी करते हैं और चोरी की गई वाहनों को बिहार ले जाकर बेच कर अवैध धन अर्जित करते हैं। इसके अतिरिक्त, वे इन वाहनों का उपयोग शराब तस्करी में भी करते हैं। गिरफ्तारी/ बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 208/2025 धारा 317(2),317(5),341(2) बीएनएस पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## अनुशासनहीनता पर सख्ती

देवरिया । पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा गत 27 जुलाई को थाना गौरीबाजार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था ।निरीक्षण के दौरानद्वारा थाना पर उपस्थित सभी अधिकारी/कर्मचारीगण की रोल काल/गणना ली गयी।

संक्षेप

## करंट लगने से युवक की मौत

सीतापुर। जिले के मिश्रिख इलाके में सोमवार को करेंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रमेश (45 वर्ष) पुत्र चैधरी के रूप में हुई है। यह हादसा उस समय हुआ जब रमेश गांव में नल से पानी भरने गया था। जानकारी के अनुसार ग्राम अटवा जरिगवां निवासी रमेश किसी काम से घर के बाहर निकला था जैसे ही वह नल के पास पहुंचा अचानक उसका पैर फिसलने से वह रपटकर पास ही लगे एक खंभे से जा टकराया और बिजली के करंट की चपेट में आ गया। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया और किसी तरह रमेश को बिजली के संपर्क से अलग किया। गंभीर अवस्था में रमेश को तत्काल समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रिख लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## मोटरसाइकिल सवार दो युवक घायल

महोली/ सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की बरसात होने के कारण मोटरसाइकिल स्लिप हो गई जिससे मोटरसाइकिल सवारियों को गंभीर चोटे आ गई। उनको उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों ने चिकित्सा के बाद सीतापुर जिला अस्पताल भेज दिया। सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 30 गुलरहिया गांव के निकट पुष्पेंद्र पुत्र चिंतामणि उम्र 35 वर्ष निवासी औरंगाबाद बरेली व अंकित पुत्र शीतल सिंह उम्र 36 वर्ष निवासी मितौली खीरी शाहजहांपुर से सीतापुर जा रहे थे तभी गुलरहिया गांव के निकट बरसात होने के कारण उनकी मोटरसाइकिल गिर स्लिप हो गई। दोनों मोटरसाइकिल सवार मौके पर गिर पड़े जिससे उनको गंभीर चोटें आ गई। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां चिकित्सक ने गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल भेज दिया।

## भंडारे का आयोजन

उन्नाव। स्थानीय गदर खेडा स्थित ओवर ब्रिज के समीप सावन माह के पावन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक आलोक पाण्डेय ने बताया कि सावन का पावन महीना शिव आराधना के लिए विशेष माना जाता है। इस माह में शिव आराधना से बाबा जल्दी प्रसन्न होते है। प्रत्येक सोमवार को इस भंडारे का आयोजन कराया गया। इस दौरान प्रमुख रुप से आलोक कुमार पाण्डेय, संजय कुमार, राजेंद्र यादव, राजेश कुमार, बाबू कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## टंकी निर्माण के लिए मंगायी गई मौरंग चोरी

सीतापुर। सिधौली इलाके में गुलरिया गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत बन रही पानी की टंकी के लिए मंगाई गई मौरंग बीती रात चोरी कर ली गई। पीड़ित ठेकेदार ने अटरिया थाने में तहरीर देकर जेसीबी और ट्रैक्टर से मौरंग चोरी करने का आरोप लगाया है। हयातगंज थाना अतरौली निवासी ठेकेदार सिराज पुत्र वजाहुद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह गुलरिया गांव में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी का निर्माण करवा रहे हैं। निर्माण कार्य के लिए लगभग 15 दिन पहले उन्होंने 700 कुंतल मौरंग मंगवाई थी। शिकायत के अनुसार बीती रात वीरू यादव पुत्र शंभू यादव निवासी हीरपुर थाना अटरिया ने अपने जेसीबी और ट्रैक्टर की मदद से मौरंग भरवाकर अपने कार्यस्थल हमीरपुर गांव भेज दी। रविवार को जब ठेकेदार मौके पर पहुंचे तो मौरंग गायब मिली। तलाश करने पर मौरंग हमीरपुर पंचायत भवन के पास मिली। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष अटरिया रोहित दुबे ने बताया कि मामला संज्ञान में है, दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है। सत्यता की जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## अनियंत्रित डीसीएम पलटी बाल-बाल बचे चालक

सीतापुर। सिधौली इलाके में सिधौली-महमूदाबाद मार्ग पर स्थित बंदरिया बाजार के निकट बीती रात एक डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गई प्राप्त जानकारी के अनुसार, डीसीएम में केवल चालक गुरविंदर सिंह, निवासी अंबाला, सवार थे। उन्होंने बताया कि वाहन चलाते समय अचानक उन्हें नींद आ गई। जिसके कारण डीसीएम सड़क से नीचे उतरकर गड्ढे में चली गई और पलट गई। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन वाहन को भारी क्षति पहुंची है। मौके पर आसपास के ग्रामीणों ने सहायता पहुंचाई और सूचना पुलिस को भी दी गई।

# स्कूलों की दीवारों व बोर्डों को तिरंगे से सजाया जाये: डीएम



सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित कराये जाने संबंधी बैठक सम्पन्न हुयी।

जिलाधिकारी ने बताया कि शासनादेश के अनुसार इस बार हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम तीन चरणों में मनाया जायेगा। जिसमें पहला चरण 02 से 08 अगस्त तक, दूसरा चरण 09 से 12 अगस्त एवं तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक अभियान के रूप में चलाया जायेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रथम चरण में स्कूलों की दीवारों एवं बोर्डों को तिरंगा से सजाया जाये। स्कूलों, कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थानों आदि पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाये तथा स्कूल के बच्चों, स्वयं सहायता समूहों से राखी बनवायी जाये व सैनिक, पुलिस से जुड़े लोगों को राखी भेजवायी जाये। द्वितीय चरण में तिरंगा मेला, तिरंगा म्यूजिकल आदि का आयोजन कराया जाये तथा तिरंगा कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाये। तिरंगा प्रदर्शनी का आयोजन व तिरंगा सेल्फी बूथ बनाया जाये। पुलिस, पी0ए0सी0 आदि विभागों के सहयोग से तिरंगा बाइक रैली एवं साइकिल रैली का आयोजन भी कराया जाये। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि तिरंगा बुनाई की कार्यशाला करायी जाये। उन्होंने स्वयं सहायता समूह, खादी भण्डारों, स्थानीय बाजारों आदि के माध्यम से भी बिक्री और वितरण का प्रबंध भी सुनिश्चित किया जाये। तृतीय चरण में 13 से 15 अगस्त के मध्य सभी शासकीय भवनों, शैक्षणिक संस्थाओं, कार्यालय, होटलों, पुलों एवं अन्य स्थानों को लाइटिंग की व्यवस्था करते हुये सजाया जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि शासनादेश के अनुसार ही सभी कार्य सम्पादित किये जायें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## लापरवाही: बरसात में भीगती रहीं खाद की बोरियां



सीतापुर। जिले के मालगोदाम पर रविवार को आई इफको खाद की रैक बारिश के दौरान बोगियों से उतारी गई। ठेकेदारों की लापरवाही के चलते सैकड़ों बोरियां बारिश के पानी में भीग गईं। इससे न केवल खाद की गुणवत्ता पर असर पड़ेगा। बल्कि किसानों के अरमानों पर भी पानी फिर गया। मालगोदाम पर बगैर किसी सुरक्षा इंतजाम के रैक से खाद की बोरियां उतारी जा रही थीं।

बारिश शुरू होने के बावजूद बोरियों को खुले में उतारकर वहीं छोड़ दिया गया। जिससे सैकड़ों बोरी खाद पूरी तरह भीग गईं। जानकारों का कहना है कि बारिश में भीगने से खाद की गुणवत्ता खराब हो जाती है और उसका वजन भी करीब 10 किलो तक कम हो सकता है। स्थानीय किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धू ने बताया कि इस लापरवाही को लेकर अन्य किसानों में भारी नाराजगी है। किसानों का कहना है कि जब रैक आने का समय पहले से तय होता है, तो विभाग और ठेकेदारों को पहले से पूरी तैयारी करनी चाहिए थी। इस तरह की लापरवाही किसानों को दोहरी मार देती है जैसे पहले से ही महंगी और मुश्किल से मिलने वाली खाद अगर खराब हो जाए तो नुकसान की भरपाई कौन करेगा। किसानों की मांग है कि खाद के रखरखाव में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाए और उन्हें नुकसान की भरपाई के लिए बाध्य किया जाए। साथ ही खाद के वितरण से पहले उसकी गुणवत्ता की जांच की जाए। प्रशासन की ओर से फिलहाल इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। जिम्मेदार अधिकारी एआर कॉपरेटिव नवीन चंद्रा ने बताया कि हमारे यहां किसी प्रकार की कोई खाद नहीं भीगी है।

## नदियों का बढ़ने लगा जलस्तर, बाढ़ की आशंका



सीतापुर। जिले के रेउसा तम्बौर और रामपुर मथुरा क्षेत्र में नदियों का जलस्तर फिर से बढ़ने लगा है। पिछले हफ्ते स्थिर होने के बाद अब तीन दिनों से गिरिजा, बनबसा और शारदा बैराजों से पानी छोड़े जाने से जलस्तर में वृद्धि हो रही है। इससे निकटवर्ती गांवों के लोगों में बाढ़ की आशंका बढ़ गई है। जलस्तर बढ़ने के साथ ही ग्राम पंचायत शुकुल पुरवा के मजरे सुंदर पुरवा, रामरूप पुरवा और लोधन पुरवा में कटान तेज हो गई है। ग्रामीण बेनीराम, हरिश्चंद्र, जोधे, बदलू, अवध राम, परशुराम, पंचा और लुलई ने बताया कि अगर इसी तरह जलस्तर में वृद्धि जारी रही तो आने वाले दिनों में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। रामपुर मथुरा विकास क्षेत्र में सबसे अधिक बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायतें बगस्ती, केवड़ा, शुकुलपुरवा, कनरखी, अंगरौरा, अटौरा, अखरी और कलुआपुर हैं। हर साल लगभग 20,000 लोग इस बाढ़ से प्रभावित होते हैं। तहसील प्रशासन लगातार जलस्तर और व्यवस्थाओं पर निगरानी रख रहा है। प्रशासन अलर्ट पर है और स्थिति पर नजर बनाए हुए है। अगर जलस्तर में वृद्धि जारी रही तो तटवर्ती गांवों के लोगों को बाढ़ की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। कनरखी ग्राम पंचायत के कनरखी घाट पर घाघरा नदी का कटान तेज हो गया है। इससे वहां के ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो कई किसानों को अपने घर छोड़ने पड़ सकते हैं। कनरखी घाट पर रहने वाले किसानों और मजदूरों ने अपनी व्यथा बताई। राहुल, कुँवरचंद, राजाराम, छोटेलाल, शिवानंद, पारस, मौजीलाल, रामविजय और जितेंद्र सहित सभी ग्रामीणों ने इस कटान को रोकने के लिए प्रशासन से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है।

04 अगस्त को जनपद में कुल 176 मिमी वर्षा रिकार्ड की गयी। जिसमें तहसील सदर में 26 मिमी, सिधौली में 55 मिमी, मिश्रिख में 27 मिमी, बिसवां में 15 मिमी, लहरपुर में 11 मिमी, महमूदाबाद में 23 मिमी, महोली में 19 मिमी वर्षा रिकार्ड की गयी।

## दो बहनों की दीवार ढहने से मौत, नाना घायल



सीतापुर। सिधौली इलाके में सोमवार तड़के खैरनदेश नगर गांव में सुबह करीब 4 बजे एक कच्ची दीवार भरभरा कर गिर गई। जिससे छप्पर के नीचे सो रहे परिवार के तीन लोग उसकी चपेट में आ गए। हादसे में दो सगी बहनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार 65 वर्षीय रामपाल अपने नातिनों 14 वर्षीय चांदनी और 12 वर्षीय शिवानी पुत्री प्रमोद के साथ घर के बाहर बने छप्पर के नीचे सो रही था। उसी दौरान अचानक दीवार गिर पड़ी जिसमें तीनों दीवार के मलबे के नीचे दब गए। परिजन जब तक कुछ समझ पाते और उन्हे मलबे से बाहर निकालते तब तक बच्चियों ने दम तोड़ दिया। घटना में घायल हुए रामपाल को प्राथमिक इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। गांव में मातम का माहौल है, परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। प्रारंभिक जांच में दीवार कमजोर होने और बारिश के चलते नमी की वजह से गिरने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## दो गांव को जोड़ने वाला मार्ग क्षतिग्रस्त



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतर्गत ग्राम सभा सुल्तानपुर के मजरा भटखेरवा गांव को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों बुरी तरह से अवरुद्ध हो चुका है। बिहार-बक्सर मुख्य मार्ग से होकर भटखेरवा गांव तक जाने वाली नहर पटरी पर बने खंडजा मार्ग पर बरसात के चलते भारी मात्रा में खरपतवार और झाड़ियां उग आई हैं, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त मार्ग से गांव तक पहुंचना अब किसी जोखिम भरे कार्य से कम नहीं है। खासतौर पर रात के अंधेरे में इस रास्ते से गुजरना जान जोखिम में डालने जैसा है, क्योंकि झाड़ियों और घास के बीच जहरीले कीड़े-मकोड़ों का खतरा बना रहता है। स्थानीय निवासी राजेश कुमार, संजू, लल्लू नाई सहित कई अन्य ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से उक्त मार्ग की तत्काल सफाई कराए जाने की मांग की है ताकि आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

## सावन के अंतिम सोमवार को उमड़ा आस्था का सैलाब



सीतापुर। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक शिवभक्ति का उत्साह चरम पर दिखाई दिया। सुबह से हो रही रिमझिम बारिश के बीच भी भक्तों की आस्था में कोई कमी नहीं आई। जिले के प्रमुख शिवालयों में दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कांवरियों ने जयघोष और हर-हर महादेव के नारे लगाते हुए भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

रविवार देर रात से ही कांवर यात्रा पर निकले भक्त विभिन्न शिव मंदिरों में पहुंचने लगे थे। श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। शहर के श्यामनाथ मंदिर, जंगलीनाथ मंदिर, भूतेश्वरनाथ, देवदेवेश्वर सहित अन्य शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों में भी विशेष उत्साह देखा गया। हल्की बारिश के बीच कांवरियों की टोलियां ढोल-नगाड़ों, भजन और जयघोष के साथ मंदिरों की ओर बढ़ती रहीं। शिवालयों में विशेष सजावट और भव्य झांकी के साथ पूजन की व्यवस्था की गई थी। जिला प्रशासन और पुलिस ने भी सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए थे। मंदिर परिसर के साथ-साथ प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल तैनात रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए जलपान, चिकित्सा और शीतल पेय की व्यवस्था भी की गई थी। कई स्थानों पर स्वयंसेवी संगठनों द्वारा सेवा शिविर लगाए गए। भारी बारिश के बावजूद भक्तों की आस्था डिगी नहीं और सुबह से शिव मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही। श्रावण के इस अंतिम सोमवार पर पूरा सीतापुर शिवमय नजर आया।

## डाकघरों में उन्नत डाक प्रौद्योगिकी सॉफ्टवेयर शुरू



उन्नाव। डाकघरों को स्मार्ट बनाने की दिशा में कदम उठाते हुए सोमवार को ए०पी०टी० 2.0 (उन्नत डाक प्रद्योगिकी) की शुरूआत प्रधान डाकघर उन्नाव एवं कानपुर (मु०) के समस्त डाकघरों में सफलतापूर्वक की गयी। उक्त प्रौद्योगिकी के अंतर्गत ग्राहक एप के माध्यम से डाक की समस्त सेवाओं का प्रयोग कर सकेंगे, जैसे कि घर बैठे बुकिंग कर सकेंगे एवं बुक की गयी।

डाक की पिकअप सर्विस का लाभ भी उठा सकेंगे एवं ग्राहक यू०पी०आई०, क्यूआर के माध्यम से भुगतान कर सकेंगे। पोस्टमैन जी०पी०एस० सुविधा के साथ ओ०टी०पी० आधारित डाक वितरण कार्य कर सकेंगे। लेनदेन को सुरक्षित बनाने के लिए भी क्यूआर कोड का उपयोग होगा। इससे डाककर्मियों का काम आसान होगा, साथ ही ग्राहकों को भी बेहतर एवं सुरक्षित सुविधाएं मिलेंगी। डाक अधीक्षक कानपुर (मु०) सर्वेश कुमार ने बताया कि आज हमारे कानपुर (मु०) मंडल में के समस्त डाकघर, उपडाकघर एवं शाखाडाकघरों में ए०पी०टी० 2.0 (उन्नत डाक प्रद्योगिकी) सॉफ्टवेयर का रोलआउट सफलतापूर्वक कर लिया गया है जिसमे प्रधान डाकघर उन्नाव एवं उपडाकघर अकबरपुर कानपुर देहात प्रमुख रहे। एपीटी एप्लिकेशन को बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव, तेज सेवा वितरण और अधिक ग्राहक-अनुकूल इंटरफेस प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो स्मार्ट, कुशल और भविष्य के लिए तैयार डाक संचालन प्रदान करने के लिए डाक विभाग की अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है। डाक विभाग अपने मूल्यवान ग्राहकों जिन्होंने इस संक्षिप्त व्यवधान के दौरान धैर्य बनाये रखा उसके लिए डाक विभाग बहुत आभारी है। ये उन्नत डाक प्रद्योगिकी सॉफ्टवेर डाक विभाग को तो स्मार्ट बनाएगा साथ ही प्रत्येक नागरिक को बेहतर, तीव्र तथा अधिक डिजिटल रूप से सशक्त सेवाएं भी प्रदान करेगा। उन्होंने आगे बताया कि डिजिटल इंडिया जैसे इनिशिएटिव से कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए डाकघर को तैयार किया गया है, जो डिजिटल उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में हमारी यात्रा में एक बड़ी छलांग साबित होंगे। इस उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निर्बाध और सुरक्षित डाकसेवाओं को सक्षम करने के लिए सोमवार को प्रस्तावित रोलआउट के सफलतापूर्वक निष्पादित हो जाने के बाद अब कानपुर(मु०) मण्डल के उन्नाव एवं कानपुर देहात जनपद के अंतर्गत समस्त प्रधान डाकघर, उपडाकघरों तथा शाखा डाकघरों में लेनदेन किया जा सकेगा।

## झमाझम बरसात से खिले किसानों के चेहरे



फतेहपुरचौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र मे बरसात के मौसम में अच्छी बरसात ने किसानों के चेहरे पर मुस्कराहट ला दी है। पिछले कई वर्षों से कम वर्षा के कारण जल स्तर गिरता जा रहा था। गिरते जल स्तर के कारण खेतों के बोर और घरेलू हैंडपंप गर्मियों में या तो कम पानी देना शुरू कर देते हैं या फिर जवाब दे देते हैं लेकिन इस बार हो रही ठीक वर्षा से गर्मी से राहत मिलने के साथ जल स्तर बढ़ने की संभावना भी बढ़ गई है जिससे किसानों के मुरझाए चेहरे पर रौनक आने लगी है। इस समय चल रही धान की रोपाई और लगे धान की सिंचाई के लिए चिन्तित किसानों ने ठीक बरसात होने से राहत की सांस ली है। दो दिन से लगातार हो रही बरसात ने क्षेत्र वासियों की कुछ मुसीबतें भी बढ़ा दीं हैं। गांव के अन्दर बाहर कच्चे रास्तों में पानी भर जाने से आवागमन मुसीबत भरा हो गया है। साथ ही पेड़ों के गिरने से जोखिम बढ़ गया है। कस्बा ऊगू में एक बड़ा नीम का पेड़ गिर गया है जिससे जहां बिजली का तार भी चपेट मे आ गया वहीं रास्ता भी बन्द हो गया है गनीमत रही कि उस समय वहां कोई नहीं था जिससे जान माल का कोई खतरा नहीं हुआ। लगातार हो रही बरसात से लोगों को रोजमर्रा की चीजें लाने में भी कठिनाई हो रही है लेकिन अच्छी वर्षा से सभी संतुष्ट दिखाई दे रहे हैं और आने वाले समय में पानी की किल्लत से राहत की आशा जगाए हैं।

## प्रशासन लगातार कर रहा क्षेत्र में दौरा: एडीएम

सीतापुर। अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि तीन तहसील ऐसी है, जहां पर बाढ़ की सम्भावना बनी रहती है, परंतु आज की तिथि में जनपद की किसी भी तहसील में बाढ़ अभी नहीं आई हुई है। निश्चित रूप से जलस्तर बढ़ा हुआ है। पिछले तीन दिनों से लगभग 1 लाख 31 हजार क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज हो रहा है। इसके अतिरिक्त 4 अगस्त को लगभग 1 लाख 70 हजार क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज हुआ है। जनपद की सभी बाढ़ चैकियां तैयार है। वहां पर संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी पहले से लगाई जा चुकी है। जनपद के संबंधित अधिकारी, कर्मचारी अलर्ट मोड पर कर दिए गए हैं। प्रशासन द्वारा क्षेत्र में लगातार दौरा किया जा रहा है, क्षेत्र वासियों से बात की जा रही है नावों की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है। पीएसी की एक फ्लैड यूनिट भी है, मोटर बोट्स भी है यदि आवश्यकता पड़ेगी तो जनपद की तीनों तहसीलों में मोटर बोट्स उपलब्ध रहेंगे। लोगों को राहत शिविर तक पहुंचाने के पर्याप्त व्यवस्था कर ली गई है। यदि विस्थापित करने की स्थिति आती है तो संबंधित बाढ़ शरणालय तैयार है वहां पर भी ड्यूटी लगाई जा चुकी है। चाहे वह सुरक्षा की दृष्टि से हो, साफ सफाई की दृष्टिगत से हो या अन्य आवश्यक व्यवस्था की दृष्टि से हो सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई है। बाढ़ राहत से संबंधित सभी समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। जनपद में कन्ट्रोल रूम 24 घण्टे पूरी तरह से सक्रिय है। इसके बाद भी यदि किसी तरह की कोई समस्या है तो ग्राम समितियां बनी हुई है, उनसे निरंतर सूचना प्राप्त की जा रही है और उस पर कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि शहरों में भी जल भराव की समस्या को देखते हुए जो टीमें पानी निकालने का काम करेगी वह भी सक्रिय है।

## आदर्श व्यापार मंडल सीतापुर यूथ विंग की जिला टीम घोषित

सीतापुर। आदर्श व्यापार मंडल सीतापुर यूथ विंग अध्यक्ष डिपिल अरोड़ा द्वारा जिला कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। बीती शाम नगर के पंजाबी धर्मशाला में आयोजित बैठक में आदर्श व्यापार मंडल सीतापुर युवा कमेटी को घोषित कर



पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर व बैच लगाकर सम्मानित किया गया। यूथ विंग अध्यक्ष डिपिल अरोड़ा ने घोषित कमेटी से व्यापारियों के हित में कार्य करने व संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने घोषित कमेटी को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने को कहा। जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने नवगठित कमेटी को बधाई दी व कहा कि युवा किसी भी संगठन की मजबूत इकाई होती है। आदर्श व्यापार मंडल में बड़ी संख्या में युवाओं के जुड़ने से संगठन को मजबूती मिलेगी। प्रमुख सलाहकार नरेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, महामंत्री अमित गुप्ता, नगर अध्यक्ष राजकुमार रस्तोगी, महिला विंग अध्यक्ष सरिता जैन ने बधाई देते हुए कहा की आदर्श व्यापार मंडल व्यापारियों के हित में निरंतर कार्य कर रहा है। बैठक का संचालन उपाध्यक्ष एहराज बेग ने किया।

## राजभवन से निकाली जा रही जागरुकता रैली पहुंची उन्नाव, बीएसए ने किया स्वागत



उन्नाव। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के प्रेरणादायक मार्गदर्शन में राज भवन लखनऊ के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता एवं पौधारोपण अभियान हेतु साइकिल रैली का आयोजन किया गया। उक्त रैली जनपद बाराबंकी, लखनऊ, रायबरेली से होते हुए राजभवन के अधिकारी मनोज सिंह, विमल सिंह एवं जमाल सिद्दीकी के नेतृत्व में 40 कर्मचारियों के साथ राज भवन लखनऊ से साइकिल द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मियागंज पहुची। सर्वप्रथम समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का स्वागत बीएसए संगीता सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी मनीद्र कुमार एवं अनीता शाह द्वारा फूल माला बुके एवं बैच लगाकर किया। तत्पश्चात राजभवन के अधिकारियों द्वारा बच्चों से वार्ता कर एक पेड़ मां के नाम थीम पर वृक्षारोपण कर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए। कैप से बच्चों को मेडिकल किट वितरण किया एवं उनके द्वारा राजभवन से प्राप्त पुस्तके चुनौतियां, हमारा राज भवन, आंगनबाड़ी, टीवी मुक्त अभियान, राज भवन बैड कस्तूरबा को भेंट की। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सोनू सिंह जिला गाइड कैप्टन राणा ऋषेन्द सिंह, विशाल वर्मा, ऋषभ दीक्षित, अमित वर्मा, अजय, अचल गौड, संजीव, धर्मेंद्र, अभिषेक, एआरपी गोपाल शर्मा, अमित, रामगोपाल, आशीष अवस्थी, निशि सविता एवं कस्तूरबा का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## लूट व चोरी की घटनाओं में संलिप्त अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सीतापुर। जनपद में लूट चोरी की हो रही घटनाओं में संलिप्त अपराधियों को गिरफ्तार करने के निर्देश सीतापुर पुलिस अधीक्षक ने दिये हैं। दिये गये निर्देश पर थानाध्यक्ष रेउसा हनुमंत लाल तिवारी के नेतृत्व में रेउसा पुलिस ने छापेमारी कर चोरी, नकबबाजी के अभियुक्त को पकड़ा गया। पकड़े गये चोर के पास से चोरी का



सामान बरामद व नगदी बरामद की। बिधिक कार्रवाई कर चोर को जेल भेजा। जानकारी के अनुसार बुधवार को थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी मय फोर्स के साथ गश्त के दौरान चार शातिर अपराधी सुफियान पुत्र गुड्डू आसरा कालोनी थाना तम्बौर, तौकीर पुत्र जहीर थाना तम्बौर, अब्दुला पुत्र जहीर, हसनू पुत्र चांद थाना तम्बौर को गश्त के दौरान रेउसा के पशु बाजार मरखा पुर के बीच गिरफ्तार किया। चोर से पास चोरी का सामान तथा नगदी भी बरामद हुई। रेउसा पुलिस चोरों के बिरुध बिधिक कार्यवाही करते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर चोरों को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी के नेतृत्व में ताबड़तोड़ कार्यवाही और अपराधियों की गिरफ्तारियों से चोरी की वारदातों पर लगाम लगता दिखाई दे रहा है। क्षेत्र में अपराधियों के अन्दर कानून का भय होने से अपराधों में भी कमी आई।

## सर्प दंश से महिला की मौत, परिवार में मचा हड़कंप

मीरजापुर। जिले के हलिया थाना क्षेत्र के मतवार पुलिस चौकी क्षेत्र के रामपुर नौडिहा गांव में सर्पदंश से महिला की सोमवार सुबह मौत हो गई। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। रामपुर नौडिहा गांव निवासी अवधेश अग्रहरि उर्फ डाक्टर की 35 वर्षीया पत्नी आशा देवी अग्रहरि अपने पक्के मकान के कमरे में तख्त पर सो रही थी। रविवार की देर रात सोते समय सर्प तख्त पर चढ़ गया और महिला के कान के पास डस लिया। महिला को सर्प काटने की आशंका हुई तो बगल में रखी टार्च जलाकर देखा तो बिस्तर पर सर्प था। तत्काल पति को जगाते हुए सर्पदंश की घटना बताई। कुछ देर बाद महिला अचेत हो गई। आनन-फानन में स्वजन उपचार हेतु दवा पिलाने वैद्य के यहां ले गए लेकिन हालत में कोई सुधार नही होने पर सोमवार सुबह पांच बजे के करीब मंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने देखते ही महिला को मृत घोषित कर दिया।

संक्षेप

## सेवानिवृत्त वृद्ध सहायक अध्यापक ने लगायी गुहार

ललितपुर। इन्क्रीमेंट पाने में संयुक्त शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) झांसी मण्डल कार्यालय से प्रताड़ित किये जाने का गंभीर आरोप लगाते हुये 80 वर्षीय सेवानिवृत्त सहायक अध्यापक प्रकाश नारायण पुरोहित ने शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) को एक शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में सेवानिवृत्त सहायक अध्यापक ने बताया कि वह पी.एन. इण्टर कॉलेज से सेवानिवृत्त हुये थे। शासनादेश के अनुसार वह एक नोशनल इन्क्रीमेंट प्राप्त करने के हकदार हैं। आरोप लगाया कि उन्हें संयुक्त शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) कार्यालय झांसी मण्डल झांसी से लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने अपनी 80 वर्ष की अवस्था का हवाला देते हुये बताया कि वह एक बुजुर्ग हैं और चलने-फिरने में असमर्थ, बीमारियों से ग्रसित हैं। बताया कि सभी सेवानिवृत्त अध्यापकों के प्रकरण बारह दिन पूर्व आ चुके हैं, मात्र उनका प्रकरण नहीं आया।

मैंने प्रयास करके संयुक्त शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) कार्यालय झांसी मण्डल झांसी से जब उन्होंने अपना प्रकरण मंगवाया।

परन्तु खेद का विषय है कि प्रकरण जानबूझकर ललितपुर कोषागार में गलत भेज दिया गया है जिससे भुगतान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने खेद इस बात का भी जताया कि संयुक्त शिक्षा निदेशक भी समुचित कार्यवाही नहीं कर रहा है।

# विशाल कांवड़ यात्रा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से होते हुए पहुंची पौराणिक नीलकंठेश्वर धाम

जिला संवाददाता



ललितपुर। भारत एक ऐसा देश है, जहाँ धर्म और आस्था का गहरा संबंध है। यहाँ अनेक पर्व और त्यौहार मनाए जाते हैं, जिनमें से एक है कांवड़ यात्रा। यह यात्रा भगवान शिव के भक्तों द्वारा सावन मास में की जाती है। इस समय श्रद्धालु पवित्र नदियों का जल लाकर शिवलिंग पर अर्पित करते हैं। यह यात्रा न केवल धार्मिक महत्व

- पुष्प वर्षा के साथ कलाकारों द्वारा भोले व अघोरी तांडव नृत्य का हुआ मंचन
- संघर्ष सेवा समिति ने निकाली बुंदेलखण्ड की सबसे बड़ी कांवड़ यात्रा

रखती है, बल्कि आस्था, तपस्या और अनुशासन का अद्भुत उदाहरण भी प्रस्तुत करती है। ऐसी ही एक भव्य कांवड़ यात्रा ललितपुर जनपद में प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है, जिसमें हजारों की संख्या में शिव भक्त एकत्रित होते हैं।

संघर्ष सेवा समिति व विशाल कांवड़ यात्रा सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाली यह कावड़ यात्रा सावन के अंतिम सोमवार 4 अगस्त को सुबह 9 बजे तुवन मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर घंटाघर, वीर सावरकर चैक, नेहरु महाविद्यालय से होते हुए मसूटा, घटवार, जामुनधाना, निवाई, घुटाई, एरवानी, बछलापुर, भोता, पाली होकर नीलकंठेश्वर पहुंच कर समाप्त हुई। संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ० संदीप के आगमन पर तिलक व विभिन्न स्थानों पर दर्जनों की संख्या में माल्यार्पण कर उनका स्वागत तथा शॉल, पगड़ी पहनाकर एवं प्रशस्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यात्रा में उपस्थित संघर्ष सेवा समिति के कार्यकताओं ने डॉक्टर संदीप जिंदाबाद एवं संघर्ष सेवा समिति जिंदाबाद के गगनभेदी नारे लगाए। डॉ० संदीप ने हरी झंडी दिखाकर कावड़ यात्रा की शुरूआत की। इस कांवड़ यात्रा में झांकी एवं पुष्प वर्षा के साथ कानपुर के कलाकारों द्वारा भोले व अघोरी तांडव नृत्य का मंचन किया गया। यात्रा में भोलेनाथ एवं पवनपुत्र हनुमान के विशाल स्वरूप अलौकिक छटा बिखेर रहे थे। उज्जैनी डमरू एवं तांसे द्वारा महा आरती की गई, कावड़ यात्रा की अगुवाई में विशाल तोपें पुष्प वर्षा करती हुई यात्रा की शोभा बढ़ा रही थीं। यात्रा के समापन पर नीलकंठ महादेव मंदिर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया यात्रा को भव्य बनाने के लिए जगह-जगह लाइव टेलीकास्ट भी किया गया। यात्रा को सफल बनाने में संघर्ष सेवा समिति जिला अध्यक्ष सचिन दुबे, सोनू ठाकुर, पुष्पेंद्र कुमार परमार, आनंद सोनी, गजेंद्र राजा, दिनेश साहू, राजेंद्र शुक्ला, गौरव शर्मा, कार्तिक करोसिया, कमलेश सोनी, प्रशांत सोनी, अखिलेश राठौर, बालकिशन नामदेव, कृष्ण कुमार नामदेव, रोबिन साहू, भरत पटेल, कुंदन सिंह, शिवम शर्मा, छोटे साहू, रोहित दुबे, सौरभ कुशवाहा, दिनेश साहू, गौरव शर्मा, छोटे चैबे, कार्तिक करोसिया, शंकर चंदेल, रमेश चंद्र बबेले, बबुआ राजा, चंदन राजा, राधे गोस्वामी, अरविंद पलैया, कमलेश सोनी, तुलाराम शर्मा, शंकर यादव, अजय पाल का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति से गजेन्द्र सिंह बुंदेला, प्रमेन्द्र सिंह, संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह, महेंद्र रायकवार, राजू सेन, राकेश अहिरवार, रवि अहिरवार, बादल राजपूत, सुशांत सिंह गुप्ता, कुसुम साहू, सुमन वर्मा, नेहा चैबे, अनीता कुशवाहा, रणवीर यादव, रतिराम यादव आदि उपस्थित रहे।

## नगर पालिका में दो माह से न वेतन मिल रहा, न पेंशन

ललितपुर। उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार नाहर के नेतृत्व में जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन भेजा गया है। इस ज्ञापन के जरिए उन्होंने नगर पालिका परिषद में तैनात समस्त सफाई व कार्यालय कर्मियों की दो माह की वेतन दिलाये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन में बताया गया है कि नगर पालिका परिषद में तैनात सफाई कर्मचारियों का

- उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ ने डीएम को भेजा ज्ञापन

माह जून एवं जुलाई 2025 का वेतन नहीं मिल सका है। वेतन नहीं मिलने के कारण सफाई कर्मचारियों के सामने बच्चों की शिक्षा व दीक्षा, भरण-पोषण करने में अनेकों कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

बताया कि इसी माह 9 जुलाई को भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार भी है, लेकिन वेतन निर्गत न होने के कारण यह त्यौहार मनाने के लिए सफाई कर्मियों के समक्ष एक विकराल समस्या बन गयी है।

उन्होंने जिलाधिकारी से नगर पालिका परिषद में तैनात सभी सफाई कर्मियों एवं समस्त पेंशन धारकों के दो माह के रूके हुये वेतन व पेंशन का भुगतान कराये जाने की मांग उठायी है, ताकि रक्षाबंधन का त्यौहार सभी खुशी के साथ मना सकें।

इस दौरान जिलाध्यक्ष राजकुमार नाहर के साथ अनेकों सफाई कर्मी मौजूद रहे।

## शिक्षक संघ ने डीएम से की अवैध कक्षा चलाने वाले विद्यालयों पर कार्रवाई की मांग



बिजनौर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी जसजीत कौर से मिलकर जनपद में स्वीकृत मान्यता से ऊपर की कक्षाओं का संचालन करने वाले विद्यालयों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष गय्यूर आसिफ के नेतृत्व में सोमवार को जिला मंत्री विनोद कुमार, डॉ हरीश राजपूत, विनीत कुमार त्यागी तथा सुधांशु कुमार वत्स आदि ने जिलाधिकारी जसजीत कौर से मिलकर जनपद में अनेक क्षेत्रों में स्वीकृत मान्यता से ऊपर की कक्षाओं का संचालन करने वाले विद्यालयों की शिकायत की। संगठन का कहना है कि इस प्रकार अवैध कक्षाओं के संचालन के कारण मान्यता प्राप्त विद्यालयों में छात्रों की संख्या निरंतर कम हो रही है जो जनपद से लेकर लखनऊ तक चिंता का विषय है। इस प्रकार मान्यता से ऊपर कक्षाओं का संचालन करने वाले विद्यालयों के संबंध में मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव, तथा शिक्षा निदेशक के भी कार्यवाही करने के लिए कड़े निर्देश हैं। विनोद ने कहा कि जिला स्तर संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में अनेक बार यह प्रकरण लाने के बाद भी ऐसे विद्यालयों को ना तो चिन्हित किया गया है और न अभी तक कोई कार्यवाही की गई है। जिला मंत्री विनोद कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के माध्यम से कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## भाजपा का तिरंगा अभियान 10 से 15 तक

बांदा। राष्ट्रीय गौरव, एकता व देश भक्ति की चेतना के सन्देश को जन-जन तक पहुँचाने के लिए 10 से 15 अगस्त तक भाजपा का हर घर तिरंगा अभियान पूरे जिले में चलाया जायेगा। जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल झंडा फहराने का आयोजन नहीं बल्कि जन-जन को राष्ट्र भक्ति की भावना जगाने का जन आंदोलन है। बैठक में तय किया गया कि कार्यक्रमों की सफलता के लिए 6 अगस्त को जिला स्तरीय बैठक, 7 व 8 अगस्त को मण्डल स्तरीय बैठक तथा 11 अगस्त को शक्ति केंद्र स्तर की बैठकें आयोजित की जाएंगी। आगामी 11, 12 व 13 अगस्त को सभी मण्डलों में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जायेगा, जिसमें मौन जुलूस, विभाजन विभीषिका पर आधारित प्रदर्शनी व संगोष्ठीयों का आयोजन किया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि विभीषिका दिवस पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्वजन व उनके परिवारों का सम्मान किया जायेगा। सभी लोगों को जो जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं उनका वह ईमानदारी से पालन करें। बैठक में जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित, उपाध्यक्ष मनोज पुरवार, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष उत्तम सक्सेना के अलावा राजर्शी शुक्ला, निखिल सक्सेना, अमित सेठ भोलू, संतू गुप्ता, देशराज सिंह, पंकज रायक्रवार, मनीष गुप्ता, दीपक राजपूत, रामबाबू, लखन राजपूत, धीरेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

## मतदाता पुनरीक्षण लोकतंत्र की आधारशिला: जिला प्रभारी




बांदा। भाजपा की आगामी विधानसभा क ी तैयारी शुरू हो गई है। इस दौरान चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची से फर्जी नाम हटाने के साथ ही पात्र लोगों का नाम जुड़वाने का कार्य किया जाएगा। भाजपा जिला कार्यालय में आगामी कार्य योजना बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री व जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण लोकतंत्र की आधार शिला है। हर कार्यकत्रा व पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके बूथ पर कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से छूटने न पाए। 1 जनवरी 2026 को 16 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को जोड़ने पर विशेष फोकस रखें। फर्जी मतदाता का नाम सूची से कटवाने का कार्य भी करें। इसी वर्ष बिहार में होने वाले चुनाव को लेकर जिस तरह विवाद हो रहे हैं उसी को देखते हुए भाजपा भी मतदाता सूची को अभी से पूरी तरह दुरुस्त करने में जुट गई है।

## भागवत प्रसाद कबड्डी टीम ने जीता स्वर्ण पदक



बांदा। भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी की कबड्डी टीम अंडर-14 ने सीबीएसई क्लस्टर गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर नया कीर्तिमान बनाया है। यह जीत महज एक ट्रॉफी नही, बल्कि तीन वर्षों की कठिन मेहनत, अनुशासन और अटूट समर्पण का फल है। टीम अब सीबीएसई नेशनल टूनार्मेंट की तैयारी कर रही है और विद्यालय तथा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

अंकित कुशवाहा ने कहा कि यह जीत हमारे छात्रों की लगन, कोचों के मार्गदर्शन और विद्यालय परिवार के सहयोग का प्रतीक है। अध्यक्ष बीपीएमए शिवशरण कुशवाहा ने कहा कि यह स्वर्ण पदक केवल कबड्डी टीम का नही, पूरे विद्यालय परिवार की जीत है। प्रधान तृष्टि शिवकन्या कुशवाहा ने कहा कि छात्रों ने साबित कर दिया है कि गांव और कस्बों के बच्चे भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभा रखते हैं उन्हे सही मंच, प्रोत्साहन और मार्गदर्शन की जरूरत होती है।

टीम शामिल खिलाड़ी रितेष, आयुष, युवराज, स्वतंत्र, अरनव, ऋतुराज, अंकित, विकास, आदित्य, अरविंद, विष्णु व अनुज हैं। कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कमल यादव, मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना ने गोल्ड मेडल जीतने वाले बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और इनके आगे बढ़ने की कामना की।

## जीआरपी पुलिस ने दबोचा शातिर मोबाइल चोर

ललितपुर। एसपी रेलवे झांसी द्वारा चलाये जा रहे अभियान में चैकिंग, संदिग्ध व्यक्ति वस्तु व गिरफ्तारी और चोरी या लूट की गयी सम्पत्ति को बरामद करने की दिशा में जीआरपी ललितपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हांसिल हुयी है। जीआरपी पुलिस ने ललितपुर रेलवे स्टेशन से एक शातिर बदमाश को धर दबोचने में सफलता हांसिल की है। रात करीब 1.55 बजे हुयी इस कार्यवाही के दौरान पकड़े गये शातिर बदमाश के पास से जीआरपी पुलिस ने ट्रेनों से चोरी किये गये दो मोबाइल फोन्स भी बरामद किये हैं।

पकड़े गये बदमाश का नाम महानगर झांसी के थाना ककरवई अंतर्गत रहने वाले आदित्य मिश्रा उर्फ शिब्बू महाराज पुत्र आत्माराम मिश्रा बताया गया है। जीआरपी पुलिस के अनुसार पकड़े गये आदित्य मिश्रा उर्फ शिब्बू महाराज के खिलाफ दस मामले दर्ज हैं। बदमाश को पकड ? वाली पुलिस टीम में जीआरपी थाना उप निरीक्षक दिलीप कुमार, हे.कां. इफ्तखार अहमद, हे.कां. जमालुद्दीन व कां. हेमन्त कुमार शामिल रहे।

## हर घर तिरंगा बैठक, 3 चरणों में चलेगा अभियान

जिला संवाददाता



बांदा। हर घर तिरंगा अभियान को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। 2 से 15 अगस्त तक चलने वाले अभियान की तैयारियों के लिए जिलाधिकारी जे0 रीभा ने जिला स्तरीय अधिकारियों और उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में उन्होने निर्देश दिए कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में हर घर पर सम्मान पूर्वक तिरंगा झण्डा लगाया जाए। तिरंगा झण्डा लगाते समय सेल्फी लेकर निर्धारित पोर्टल पर अपलोड भी किया जाए। उन्होने जागरूकता अभियान चलाकर तिरंगे झण्डे के मान-सम्मान व नियमों के पालन के लिए लोगों को प्रेरित करने को कहा।

डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक को चिन्हित स्थानों पर झण्डा लगाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि यह अभियान तीन चरणों में चलेगा। 2 से 8 अगस्त तक स्कूलों की दीवारों को तिरंगा थीम से सजाकर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता, तिरंगा राखी निर्माण, सैनिकों व पुलिसकर्मियों को भेजना, सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा रंगों से सजावट एवं महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा राखी का निर्माण। दूसरे चरण 9 से 12 अगस्त तिरंगा महोत्सव के रूप में आयोजन, तिरंगा मेला, प्रदर्शनी और म्यूजिकल कान्सर्ट, सूचना विभाग द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार, और तीसरे चरण 13 से 15 अगस्त के बीच शासकीय भवनों, शिक्षण संस्थानों, होटलों, अमृत सरोवरों, पुलों पर ध्वजारोहण, तिरंगे की प्रकाश व्यवस्था, तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर वेबसाइट पर अपलोड करना शामिल है। यह भी निर्देश दिए गये कि सभी विभाग 6 अगस्त से प्रतिदिन कार्य योजना उपलब्ध कराएं, खादी के तिरंगे झण्डों का ही उपयोग हो। पेट्रोल पंपों पर तिरंगा लाइटिंग, राजकीय दृष्टिबाधित विद्यालयों में विशेष कार्यक्रम, सरकारी प्रतिष्ठानों में वृक्षारोपण के साथ ही शहरी क्षेत्रों में सभासद व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानों की सहायता से तिरंगा लगाने की व्यवस्था की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेन्द्र, जिला विकास अधिकारी, एसडीएम सदर, खण्ड विकास अधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मंगल दलों को मंत्री ने बांटी खेल सामग्री



बांदा। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में युवा मंगल एवं महिला मंगल दलों को खेल प्रोत्साहन सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान राज्य मंत्री ने बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य की समीक्षा और स्थलीय निरीक्षण भी किया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण दिलीप चंद्र यादव ने प्रत्येक ब्लाक से चयनित 25 युवा एवं महिला मंगल दलों को खेल प्रोत्साहन सामग्री बांटी। उन्होने युवाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में मंगल दलों की भूमिका की सराहना करते हुए उन्हे निरंतर सक्रिय और सशक्त रहने का आह्वान किया। कहा कि खेल न केवल शारीरिक क्षमता का विकास करता है बल्कि आत्म अनुशासन, नेतृत्व और सामाजिक सौहार्द का भी माध्यम है। कार्यक्रम में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, डीएम जे0 रीभा, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी विजेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी, विभागीय अधिकारी, जन प्रतिनिधि एवं मंगल दलों के सदस्य मौजूद रहे।

## एडीएम वान्या सिंह की अध्यक्षता में भारत स्काउट - गाइड की बैठक का आयोजन




बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह की अध्यक्षता में जिला परिषद जिला संस्था भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0 जनपद बिजनौर की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

अपर जिलाधिकारी वान्या सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्कूलों में स्काउट गाइड क्लब का गठन कराया जाना सुनिश्चित करें और जिस स्कूल में स्काउट गाइड क्लब गठित हैं, उनका नियमित रूप से स्काउट गाइड की गतिविधियां संचालित रखें। उन्होंने स्काउट संस्था से स्कूलों में स्थापित स्काउट गाइड क्लब के नवीनीकरण, पंजीकरण एवं प्रशिक्षण के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि जिले में स्काउट गतिविधियों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ संचालित करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराएं और जो स्कूल/शिक्षण संस्थान स्काउट में पंजीकृत हैं, नियमानुसार समयपूर्वक नवीनीकरण कराना भी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के दौरान लीडर ट्रेनर सत्यपाल सिंह मलिक द्वारा जिला संस्था भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0 जनपद बिजनौर के लिए कार्यालय भवन उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि जब तक जिला प्रशासन द्वारा भवन के भूमि का आवंटन नहीं होता तब तक किराए पर एक कमरा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया ताकि स्काउट गाइड की गतिविधियों को सुव्यवस्थित और मानक के अनुरूप संचालित किया जा सके। इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त ब्रिजेश कुमार, सचिव कैलाश चन्द, डॉ निर्मला शर्मा जिला गाइड कमिश्नर, जीजीआईसी एवं अन्य विद्यालयों की प्रधानाचार्य सहित जिला संस्था भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0 के जिला एवं तहसील स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

## एलएलएम, बीफार्मा, डी फार्मा, एमएड की प्रवेश परीक्षा आज

अयोध्या। डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में संचालित पाठ्यक्रम एलएलएम, बीफार्मा, डीफार्मा, एमएड की प्रवेश परीक्षा दिनांक 5 अगस्त 2025 को विश्वविद्यालय परिसर के दो केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। समन्वयक प्रो शैलेंद्र कुमार ने बताया एलएलएम और बीफार्मा की परीक्षा सुबह 10:00 बजे से होगी। छात्रों के केंद्र पर पहुंचने का रिपोर्टिंग टाइम सुबह 9:00 बजे है। डीफार्मा और एमएड की परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से होगी। परीक्षार्थियों के केंद्र पर पहुंचने का रिपोर्टिंग समय दोपहर 1:00 बजे का है। इन दोनों केंद्रों पर एलएलएम में 295 परीक्षार्थी एवं डी फार्मा के 98 परीक्षार्थी प्रचेता भवन में प्रवेश परीक्षा देंगे। सीवी रमन भौतिक भवन में एमएड 161 और बीफार्मा के परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा देंगे। उक्त विषयों के सभी छात्रों का प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया।

## भ्रष्टाचार के विरुद्ध आमरण अनशन करेगा समाजसेवी



महोबा। नगर के कांशीराम कॉलोनी राठ रोड निवासी मानव सेवा संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष समाजसेवी भगवती प्रसाद सोनी ने 4 अगस्त 2025 को महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को सोंपा। उक्त ज्ञापन में उन्होंने भ्रष्टाचार के मुद्दे को उठाते हुए उल्लेख किया कि उनके द्वारा ईमेल और पत्राचार के माध्यम से भ्रष्टाचार की अनेकों शिकायतें की गई, जिनको निस्तारण हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जिला प्रशासन को भेजा गया, परंतु जिला प्रशासन ने इस और कोई ध्यान नहीं दिया ना ही भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही सुनिश्चित की गई। उन्होंने दिए गए ज्ञापन में आगे कहा कि अगर 14 अगस्त तक भ्रष्टाचार की शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होती है तो भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार की भ्रष्टाचार पर लागू जीरो टॉलरेंस नीति का पालन कराने हेतु वह राठ रोड स्थित मोक्ष धाम में 15 अगस्त से भ्रष्टाचार के विरुद्ध आमरण अनशन प्रारंभ करेंगे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शानू शेख बने पुन: नगराध्यक्ष, लोगो ने दी बधाई



स्योहारा, बिजनौर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, मेरठ प्रांत की स्योहारा इकाई में शानू शेख को नगर अध्यक्ष के दायित्व पर पुनः मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर संगठन के कार्यकताओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। शानू शेख को यह जिम्मेदारी पुनः सौंपा जाना इस बात का प्रमाण है कि उनके नेतृत्व, कार्यक्षमता एवं समर्पण पर संगठन को पूर्ण विश्वास है। पूर्व कार्यकाल में उनकी सक्रियता, संगठन विस्तार तथा छात्र हितों के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। संगठन ने आशा व्यक्त की कि शानू शेख का यह आगामी कार्यकाल भारतीय विद्यार्थी परिषद को स्योहारा नगर में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा।

## महिला जनचौपाल कल



ललितपुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह ने बताया है कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक, आवेदिकाओं की सुगमता हेतु 6 अगस्त को प्रातः 11 बजे विकास भवन मे सदस्या, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग श्रीमती अर्चना पटेल के द्वारा महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा, जनसुनवाई की जाएगी, इसके पश्चात अपराह्न 3:30 बजे महरौनी तहसील सभागार में जनचैपाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने शिकायतकताओं को अवगत कराया है कि वे जनसुनवाई हेतु अपने साथ शिकायती प्रार्थना पत्र, मोबाइल नम्बर, अपना आईडी प्रूफ की छायाप्रति अवश्य लायें।

## थानाध्यक्ष वीरेन्द्र ने फोर्स के साथ पैदल गश्त कर अवाम को कराया सुरक्षा का अहसास



बिजनौर। किरतपुर थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने रविवार की रात्रि क्षेत्र की जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस बल के साथ शहर के बाजार में वह भीड़भाड़ वाले स्थान पर पैदल फ्लैग मार्च किया।

थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया किरतपुर थाना क्षेत्र की कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु पैदल गस्त कर आमजन को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया है। उन्होंने नाबालिक किशोर को रोक कर बाइक नहीं चलने की अपील की और दो पहिया वाहन चलाने वालों को हेलमेट लगाने एंव चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने की अपील की। किरतपुर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से थाना अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ लगातार कस्बे में पैदल गस्त करते नजर आ रहे हैं। किरतपुर थाना की वीरेंद्र कुमार ने जब से कमान संभाली है तभी से थाना क्षेत्र व कस्बे में लगातार पुलिस बल के साथ गस्त करते नजर आ रहे हैं। उनका मकसद थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना है।

## वज्रपात से बचाव के उपाय और प्रशिक्षण वाहन को डीएम ने किया रवाना

जिला संवाददाता




ललितपुर। जनपद में वज्रपात, आकाशीय बिजली से बचाव व जनजागरुकता हेतु भारत सरकार,

- एलईडी वैन, नुक्कड़ नाटक और जनचैपाल के माध्यम से वज्रपात, आकाशीय बिजली से बचाव के उपाय बतायेगी

एनडीएमए के द्वारा वज्रपात सुरक्षा रथ और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जाएगा, जिस हेतु सोमवार को जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने कलैक्ट्रेट परिसर से वज्रपात सुरक्षा रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

यह सुरक्षा रथ 5 अगस्त से लेकर 11 अगस्त तक जनपद के 4 ग्रामों एरा, अनौरा, सैदपुर और कुम्हैड़ी में भ्रमण करेगा और चैपालों का आयोजन भी किया जाएगा।

बताया गया कि 5 अगस्त को ग्राम एरा, 6 अगस्त को अनौरा, 7 और 8 अगस्त को सैदपुर तथा 11 अगस्त को कुम्हैड़ी के विद्यालयों, सचिवालयों में प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक वज्रपात से बचाव हेतु जनचैपालों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा जागरुकता दल के सदस्यों के द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर जनसमूह को आपदाओं से बचाव हेतु प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देश निर्गत किये हैं कि वे निर्धारित दिनांक को जागरुकता दल को अपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे और जनचैपाल के दौरान उपस्थित रहेंगे।

# विकास की गति बढ़ायें

देश में कई सालों के बाद यह स्थिति आयी है कि महंगाई की दर सतह पर है और इस कारण सरकार और आरबीआई के सामने विकास को गति देने का स्वर्णिम अवसर है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति की दर जून में घटकर 2.1 फीसदी रह गई। यह दर भारतीय रिजर्व बैंक के 4 फीसदी के लक्षित दायरे से उल्लेखनीय रूप से नीचे है। मुद्रास्फीति की दर में गिरावट का अनुमान लगाते हुए मौद्रिक नीति समिति यानी एमपीसी ने अपनी जून बैठक में अग्रिम नीतिगत हस्तक्षेप करते हुए नीतिगत रेपो दर को 50 आधार अंक कम करके 5.5 फीसदी कर दिया था। कई अर्थशास्त्री मानते हैं कि मुद्रास्फीति की दर आने वाले महीनों में नरम बनी रहेगी और वे इस बात को लेकर बहस कर रहे हैं कि क्या एमपीसी को भविष्य में नीतिगत दरों में कमी करनी चाहिए? नीतिगत नजरिये से देखें तो यह जानना महत्त्वपूर्ण है कि अर्थशास्त्री और पेशेवर अनुमान लगाने वाले क्या सोचते हैं लेकिन केंद्रीय बैंकर घरेलू मुद्रास्फीति



संबंधी अनुमानों को लेकर भी सचेत रहते हैं। रिजर्व बैंक के अर्थशास्त्रियों की ओर से प्रकाशित एक नए शोध प्रपत्र में परिवारों के मुद्रास्फीति संबंधी अनुमानों और उभरते रुझानों पर ध्यान दिया गया है। इसके कुछ निष्कर्ष ऐसे हैं जिन पर ध्यान दिया जाना चाहिए। अगर मुद्रास्फीति के अनुमानों का सही प्रबंधन नहीं किया गया तो मुद्रास्फीति की दर में इजाफा हो सकता है। इससे केंद्रीय बैंक का काम और कठिन हो जाएगा। उच्च नीतिगत दरों के कारण उत्पादन में गिरावट आ सकती है। ऐसे में अनुमानों का प्रबंधन कीमतों को टिकाऊ रखने की दृष्टि से अहम है। जैसा कि प्रपत्र कहता है, पेशेवर अनुमान लगाने वालों के उलट परिवारों की मुद्रास्फीति की अपेक्षाएं अनुभव जनित होती हैं और उतार चढ़ाव की आशंका भी है। मुद्रास्फीति को लक्षित करने की लचीली व्यवस्था (एफआईटी), नीतिगत हस्तक्षेप और वैश्विक दबावों में कमी ने भी इसमें मदद की। मुद्रास्फीति संबंधी अपेक्षाओं में कमी संकेत देती है कि परिवारों के स्तर पर नियम आधारित नीतिगत प्रणाली को लेकर अधिक सहजता है। चूंकि लक्ष्य के बारे में सभी जानते हैं और अगर परिवारों के स्तर पर यह माना जाता है कि केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति के परिणामों के साथ सुसंगत बनाने के लिए काम करेगा तो इससे कीमतों को स्थिर बनाये रखने में मदद मिलेगी। अध्ययन यह भी दिखाता है कि पूवार्नुमान समग्र मुद्रास्फीति से अधिक सुसंगत है बजाय कि खाद्य मुद्रास्फीति के। हालांकि, व्यापक खाद्य मुद्रास्फीति के दौरान उम्मीदें ऊंची बनी रहती हैं। दिलचस्प बात यह है कि महिलाओं को लगातार वृद्धि का रुझान नहीं दिखता। यद्यपि, 45 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों की इस मामले में प्रत्याशा अधिक होती हैं, जो उनके अनुभव को दर्शाता है। नीतिगत नजरिये से देखें तो प्रपत्र कुछ अहम निष्कर्ष पेश करता है। एफआईटी में बदलाव ने अनुमानों पर सकारात्मक असर डाला है। बहरहाल, सरकार की ओर से आपूर्ति क्षेत्र के हस्तक्षेप ने भी इसमें मदद की है। उदाहरण के लिए निर्यात पर प्रतिबंध। हालांकि ऐसे कदमों ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद की है लेकिन उत्पादकों को इनकी कीमत भी चुकानी पड़ी है। इसके अलावा ऊंची मुद्रास्फीति के दौर में खाद्य मुद्रास्फीति में इजाफा भी अनुमानों को ऊंचे स्तर पर रख सकता है। यह भी दर्शाता है कि खपत बास्केट में खाद्य वस्तुओं की उच्च हिस्सेदारी है। अध्ययन के अनुसार, परिणाम दिखाते हैं कि अनुमानों के प्रबंधन और कल्याण में सुधार के लिए शीर्ष मुद्रास्फीति को लक्षित करना महत्वपूर्ण है। एफआईटी को अपनाने के बाद से ही लक्ष्य को लेकर उल्लेखनीय बहस होती रही है। कई अर्थशास्त्रियों का तर्क है कि चूंकि मौद्रिक नीति का खाद्य कीमतों पर सीमित प्रभाव होता है इसलिए रिजर्व बैंक को समग्र मुद्रास्फीति को लक्षित करना चाहिए। मुद्रा स्फीति पर प्रभावी नियंत्रण विकास को गति देने का बेहतरीन मौका है। सरकार और आरबीआई निवेश और वित्तपोषण बढ़ाकर आर्थिक प्रगति की दर को एक-दो फीसद और बढ़ा सकते हैं।

### विचार

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।

–हिलार्ड.

वे ही व्यक्ति महान और शक्ति शाली बनते हैं जिनको अपने आप पर पूरा भरोसा रहता है।

–स्वामी विवेकानन्द.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।

–शेक्सपियर.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

–एडीसन.

जिस कर्म में भोगने की इच्छा होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म कहा जाता है।

–गीता.

# भारत ने इंग्लैंड के जबड़े से छीन ली जीत



शाहिद ए चौधरी

इंग्लैंड के इस दौरे पर भारत की युवा टीम ने जो सीरीज 2-2 से बराबर की है वह वास्तव में जीत सी प्रतीत होती है क्योंकि चौथे टेस्ट में जब हार मंडरा रही थी तो जडेजा व सुंदर ने अविश्वसनीय शतक लगाते हुए मैच को ड्रा कराया और सीरीज में भारत की उम्मीदों को बरकरार रखा और ओवल में वो उम्मीद पूरी भी हो गई, विशेषकर के लड़कों को अपने ऊपर विश्वास था, जीत का विश्वास।

जब ओवल टेस्ट के शुरू होने से पहले मालूम हुआ कि जसप्रीत बुमराह श्रृंखला में अपने कोटा के तीन मैच खेल चुके हैं और आगे नहीं खेलेंगे तो मुहम्मद सिराज ने उनसे कहा, 'पाजी, जब मैं पांच विकेट लूंगा तो किसे गले लगाऊंगा?' बुमराह बस मुस्कुरा दिये और सिराज को 'बेस्ट ऑफ लक' कहकर आगे बढ़ गये। उस समय किसी को नहीं मालूम था कि सिराज की जबान पर सरस्वती बैठी थी। ओवल में टेस्ट के पांचवें दिन जब इंग्लैंड जीत के मुहाने पर बैठा था कि उसे श्रृंखला 3-1 से जीतने के लिए सिर्फ 35 रन की जरूरत थी और उसके चार विकेट शेष थे तो सिराज ने प्रसिद्ध कृष्णा के साथ मिलकर चमत्कारिक गेंदबाजी की। भारत ने इंग्लैंड को मात्र 6 रन से पराजित करके सीरीज को 2-2 की बराबरी पर खत्म कर दिया। सिराज ने दूसरी पारी में पांच विकेट लिए, प्रसिद्ध ने चार विकेट लिए। इस मैच में सिराज ने 9 विकेट और प्रसिद्ध ने 8 विकेट लिए। सिराज को प्लेयर ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया। इस तरह ने लॉड्र्स की निराशा धो दी जब वह अच्छा डिफेंस करने के बावजूद प्लेड-ऑन हो गये थे और भारत 22 रन से हार गया था। दोनों तरफ से श्रृंखला में पूरे पांच टेस्ट खेलने वाले सिराज एकमात्र तेज गेंदबाज रहे और उन्होंने सबसे ज्यादा विकेट (23) भी लिए। यह रनों के हिसाब से भारत की सबसे कम अंतर से जीत है। इसे जादू ही कहा जा सकता है कि सिराज ने श्रृंखला की जो अंतिम गेंद (विजयी) डाली वह भी 143 किमी प्रति घंटा की थी।

ओवल का टेस्ट बहुत उतार चढ़ाव भरा रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने सिर्फ 224 रन बनाये। जवाब में इंग्लैंड एक समय 1 विकेट खोकर 129 रन बना चुका था, लेकिन सिराज और प्रसिद्ध के इरादे कुछ और ही थे, दोनों ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4-4 विकेट लिए और इंग्लैंड को सिर्फ 23 रन की ही बढ़त लेने दी। दूसरी पारी में यशस्वी जयसवाल का शतक, रविन्द्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर व नाईट वाचमैन के रूप में आये आकाश दीप के



अर्द्धशतकों की बदौलत भारत ने 396 रन बनाये और इंग्लैंड के सामने 374 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य मुश्किल था, लेकिन इसी सीरीज में एक बार 371 का लक्ष्य पार करने का आत्मविश्वास था और हैवी रोलर के कारण पिच बल्लेबाजी के लिए आसान हो गई थी, जो रूट (105) व हैरी ब्रुक (111) ने शतकीय पारी खेलते हुए 195 की साझेदारी की और पलड़ा इंग्लैंड की तरफ झुका दिया। लेकिन भारत ने हार नहीं मानी। जब कोई उम्मीद की किरण नहीं थी तब हमारे गेंदबाजों ने कमाल किया। यह जीत वास्तव में अविश्वसनीय, चमत्कारिक व ऐतिहासिक रही। विदेशी धरती पर भारत ने पहली बार ऐसा किया।

**इंडिया-यूके टेस्ट सीरीज**

हालांकि टेस्ट गेंदबाज जिताते हैं, लेकिन इस सीरीज में रिकॉर्ड 21 शतक लगे। एक श्रृंखला में इतने शतक 1955 में ऑस्ट्रेलिया के वेस्टइंडीज दौरे पर लगे थे। भारत की तरफ से 12 शतक लगे, जिसमें चार शतक शुभम गिल के थे, दो-दो केएल राहुल, जयसवाल व ऋषभ पंत ने लगाये और एक-एक शतक रविन्द्र जडेजा व वाशिंगटन सुंदर ने लगाया। गिल को बेहतरीन बल्लेबाजी करने के लिए भारत की ओर से प्लेयर ऑफ द सीरीज घोषित किया गया, उन्होंने कुल 754 रन बनाये। इंग्लैंड के प्लेयर ऑफ द सीरीज हैरी ब्रुक रहे। वैसे इस सीरीज में गिल ने रिकाड्र्स की झड़ी सी लगा दी। उन्होंने वास्तव में कप्तान की पारी खेली।

इसी श्रृंखला के एक अन्य टेस्ट का जिक्र करना भी आवश्यक है। मैदान जंग का हो या खेल का, जो आनंद व संतोष किला भेदने से हासिल होता है वह अलौकिक होता है, विशेषकर इसलिए कि उसका महत्व होता है और परिणाम दूरगामी। एजबेस्टन, बर्मिंघम में भारत ने 1967 व 2022 के बीच आठ टेस्ट मैच हारे थे, जबकि 1986 का टेस्ट ड्रा रहा था, जिसमें जीत के लिए 236 रन का पीछा करते हुए भारत ने दूसरा विकेट 101 के स्कोर पर खोया था और फिर तीन अन्य विकेट मात्र 105 रन के स्कोर पर जल्दी जल्दी निकल गये जिससे ड्रा के लिए खेलना पड़ा। इसलिए एजबेस्टन इंग्लैंड के लिए ऐसा किला था जिसे भारत भेद न सका था। जब वर्तमान श्रृंखला के पहले टेस्ट (लीड्स) में इंग्लैंड ने चैथी पारी में 371 के कठिन लक्ष्य को आसानी से पार कर लिया, तो हर विशेषज्ञ कह रहा था कि अपने एजबेस्टन किले में इंग्लैंड 2-0 की बढ़त बना लेगा। लेकिन शुभम गिल के नेतृत्व वाली युवा भारतीय टीम के इरादे कुछ और ही थे। उसने असंभव को संभव कर दिखाया। भारत ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 587 का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसमें गिल के शानदार 269 रन शामिल थे। जवाब में इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 407 रन बनाये। मुहम्मद सिराज (6 विकेट) व आकाश दीप (4 विकेट) की प्रभावी गेंदबाजी के कारण भारत को 180 रन की बढ़त मिली। भारत की दूसरी पारी में गिल ने एक बार फिर शानदार बल्लेबाजी करते हुए 161 रन की पारी खेली और इस तरह एक ही मैच में शतक व दोहरा शतक लगाने वाले वह विश्व के नवें और सुनील गावस्कर के बाद भारत के दूसरे बैटर बने। टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले गिल भारत के आठवें बैटर हैं और एक ही मैच की दोनों पारियों में 150 प्लस का स्कोर करने वाले संसार के एकमात्र बैटर। गिल की बदौलत भारत ने अपनी दूसरी पारी में 6 विकेट पर 427 रन बनाकर पारी घोषित कर दी और इंग्लैंड के सामने 608 रन का विशाल लक्ष्य रखा।

दूसरे शब्दों में भारत ने इंग्लैंड को गेम से ही बाहर कर दिया था। जीत की केवल औपचारिकताएं रह गईं थीं। आकाश दीप ने एक बार फिर शानदार गेंदबाजी की और 6 विकेट लेकर इंग्लैंड की कमर तोड़ दी। इंग्लैंड अपनी दूसरी पारी में केवल 271 रन ही बना सका और 336 रन से हार गया। आकाश दीप ने अपने करियर में पहली बार पारी में पांच विकेट और मैच में 10 विकेट लिए। उन्होंने मैच में 187 रन देकर 10 विकेट लिए, जो इंग्लैंड में भारतीय गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उनसे पहले यह रिकॉर्ड चेतन शर्मा के नाम था. जिन्होंने 1986 में एजबेस्टन में ही 188 रन देकर मैच में 10 विकेट लिए थे। बहरहाल, इंग्लैंड के इस दौरे पर भारत की युवा टीम ने जो श्रृंखला 2-2 से बराबर की है वह वास्तव में जीत सी प्रतीत होती है क्योंकि चौथे टेस्ट में जब हार मंडरा रही थी तो जडेजा व सुंदर ने अविश्वसनीय शतक लगाते हुए मैच को ड्रा कराया और श्रृंखला में भारत की उम्मीदों को बरकरार रखा और ओवल में वो उम्मीद पूरी भी हो गई, विशेषकर के लड़कों को अपने ऊपर विश्वास था, जीत का विश्वास।

### सोशल मीडिया



पूर्व गृहमंत्री सुशील कुमार शिंदे ने स्वीकार किया था कि 'भगवा' आतंकवाद जैसा शब्द उन्होंने अपनी इच्छा से नहीं पार्टी आलाकमान के दबाव में इस्तेमाल किया। सुधांशु त्रिवेदी.



झारखंड के पूर्व मुख्य मंत्री, आदिवासी, वंचित समाज की बुलंद आवाज, 'दिशोम गुरु' शिबू सोरेन जी का निधन अत्यंत दुखद! ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। अखिलेश यादव



महाराष्ट्र की 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के विजन को एआईआईबी का समर्थन मिला, मुंबई में आज एआईआईबी के उपाध्यक्ष एबी. पाण्डेय से बुनियादी विकास पर चर्चा की। देवेन्द्र फड़णवीस.

# संगत का प्रभाव

### अंतर्दृष्टि

बुरी संगत हमेशा नुकसान का कारण बनती है। अपने प्रभाव में आने वाले हर हर इंसान को यह प्रभावित जरूर करती है। विचारों की एक विशेषता है कि वह अपने प्रभावों एवं संपर्क में आने वालों पर प्रभाव अवश्य डालता है। मजबूत एवं स्पष्ट विचारों का दूसरों पर असर जरूर पड़ता है। अगर आप अपृ हों और आरम्भिक अभ्यास हों तो बुरे चरित्र और दुष्ट विचार वालों से दूर रहिए। उनके कार्यों में कोई दिलचस्पी मत लीजिए। हो सके तो अरुचि प्रकट कीजिए। इससे आप उनके संक्रामक असर से बचे रहेंगे। सत्संग की महिमा अपार है। श्रेष्ठ पुरुषों का साथ गंगा के समान है। जिसमें गोता लगाने से क्लेष कटने से श्रेष्ठ पुरुषों के साथ रहने से, उनके मौखिक या लेखबद्ध विचारों मनन करने से आत्मोत्थान होता है। यदि आप अपने को अत्यंत सुदृढ़ समझते हैं तो संसार की दृष्टि से बुरे विचार वाले को अपने साथ ले जा सकते हैं। परन्तु सावधान कहीं उसका उलटा असर आप पर न हो जाये। दूसरे के अवगुण देखना अपनी बुद्धि को दूषित करना है। फोटो खींचने के कैमरे के सामने जो चीज रखी जाती है उसी का अक्स भीतर प्लेट पर खिंच जाता है। यदि आप दूसरों की बुराइयां देखेंगे तो उनके चित्र अपने अंदर अंकित करके उन्हें खुद भी ग्रहण कर लेंगे। इसलिए दूसरों के सद्गुणों पर ही दृष्टि रखिये। सबमें परमात्मा का स्वरूप देखिये और उन्हें प्रेम की दृष्टि से देखिये, आपका हृदय प्रसन्न रहेगा। यदि किसी में बुराई दिखाई पड़े तो उससे घृणा मत कीजिए और जहां तक हो सके, सुधारने का प्रयत्न कीजिए। परदोष दर्शन के कारण जो घृणा और द्वेष मन में उत्पन्न होते हैं, वह भीतर ही भीतर अशान्ति उत्पन्न करके मन को निश्चित पथ से ढिगा देते हैं। साधना को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि किसी की गंदगी टटोल कर अपनी नाक को दुर्गंधित न किया जाये। अपने मजहब, विचार, या विश्वासों पर दृढ़ रहना उचित है। परन्तु दूसरों के विश्वासों को घृणा की दृष्टि से देखना या झूठा समझना अनुचित है। हम सब सत्य के आसपास चक्कर काट रहे हैं। किन्तु कोई पूर्ण सत्य तक नहीं पहुंच सका है। इसलिए हमें एक दूसरे के प्रति उदार होना चाहिए। दूसरों के दृष्टिकोण को ध्यान पूर्वक देखना चाहिए और सत्य को स्वीकार करने को उद्यत रहना चाहिए। कट्टरता ऐसा दुर्गण है जिसके कारण आदमी न तो अपनी बुराइयों को छोड़ सकता है और न अच्छाइयों को ग्रहण कर सकता है। आध्यात्मिक साधक का मार्ग अत्यंत दुर्गम है। यह मार्ग अनेक बाधाओं, समस्याओं तथा संशयात्मक भीषण अरण्यों से होकर जाता है। इसमें एक विरोधी तत्व यह है कि हमारा मन ही हमारा शत्रु है, जिसे हमारा मित्र बनना चाहिए था और सत् परामर्श देना चाहिए था।

# बुरे हालात का ज्ञापन...

### व्यंगलोक

महोदय जी! हम आपके हलके के पल पल सीनियर होते चोर इस ज्ञापन के माध्यम से अपने नित बुरे होते हाल आपके संज्ञान में लाना चाहते हैं। महोदय जी! आपने इस समज में गीदड़ों सियारों, गिरगिटों, कौवों, सापों को सामाजिक न्याय दिलाने के नेक इरादे से उनके लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रखी हैं। इसके लिए हम भी उनकी ओर से आपके तहेदिल से शुक्र गुजार हैं। हम खुले मन से स्वीकारते हैं कि एक जमाने के समाज में हम अपनी अपनी फील्ड के नामी चोर जाति के रहे हैं। अपनी जात खुलकर बताने में हमें कोई शर्म नहीं। हम जो हैं सो हैं। हम उनमें से नहीं जो गजब के देशद्रोही होने के बाद अपना चेहरा चौबीसों घंटे टीवी पर तो अपनी जात पग पग छिपाए फिरते हैं। हम उनमें से भी नहीं जो गजब के चोर होने के चलते अपना वे श खांटी ईमानदारों का बनाए फिरते हैं। इससे होता भी क्या मंत्री जी! हम अपनी जात छिपाए रहें तो छिपाए रहें। कौन किस जात का है, हम जानें या न, पब्लिक सब जानती है। परमादरणीय मंत्री जी! हम उस नामी गिरामी जात से ताल्लुक रखते हैं जिनके नाम कभी हजारों लाखों के इनाम रखे जाते रहे हैं पर हम तब पकड़ में नहीं आते थे तो नहीं आते थे। आते भी कैसे? हमें पकड़ने वाले ही हमें सूचना दे देते थे कि हम तुम्हें पकड़ने आ रहे हैं। प्लीज! हमारे लिए कहीं और चले जाओ। और आखिर में तब अपनी नाक बचाने को पुलिस किसी हमारे हमशक्ल को पकड़ जनता के समाने पेश कर देती थी। एक समय में समाज में हमारे नाम का डंका बजाता था। पांच बजते ही पुलिस स्टेशन के पास तक के दुकानदार भी तब अपने नौकरों को डरते हुए कहते थे- पांच बज गए। जल्दी से दुकान का शटर गिरा दें। नहीं तो चोर आ जाएंगे। पर सदा को तो किसी की जवानी और कहानी एक सी तो नहीं रहती नहीं न मंत्री जी! जो सूरज हर सुबह बड़े रौब से निकलता है, उसे शाम के वक्त लाख न चाहते हुए भी सिर झुकाए ढलना ही पड़ता है। मंत्री जी! अपनी जिंदगी में सब कहीं न कहीं चोर होते हैं। कुछ तन के चोर होते हैं, तो कुछ मन के। जो तन और मन के चोर नहीं होते, वे शर्तिया धन के चोर होते हैं। यहां जो अपने को साधु बने फिरते हैं, अकेले में अपने को साधु कहने से वे भी डरते हैं। यह समाज तरह तरह के प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष चोरों से भरा पड़ा है। हमारी शरीफी बस यही रही हमने प्रत्यक्ष चोरों वाला रास्ता चुना। यहां कोई टैक्स चोर है तो कोई स्नैक्स चोर! कोई पानी चोर है तो कोई जवानी चोर! कोई रोटी चोर है तो कोई धोती चोर! कोई चेन चोर है तो कोई चैन चोर! कुल मिलाकर, जमा घटाकर महोदय जी से निवेदन है कि अब शेष जीवन सम्मानपूर्वक जीने हेतु सरकार की ओर से सीनियर चोर पेंशन व्यवस्था करा दीजिए।



अशोक गौतम

# भारत को भी चाहिए एक ताकतवर अंतरिक्ष फोर्स



### सामयिक

उपग्रहों की उपस्थिति मजबूत अंतरिक्ष बल होने की बुनियादी जरूरत है और देश इस बुनियाद को जल्द पुख्ता करने में लगा है। पहले 50 के पार और अगले आठ वर्षों में 100 ऐसे उपग्रहों के प्रक्षेपण की योजना भी उजागर हो चुकी है जो सैन्य उपयोग के होंगे। नवीनतम अंतरिक्ष-आधारित तकनीकों के इस्तेमाल से सेना की क्षमताओं को मजबूत करने के लिये बीते नवंबर में सेना ने दूसरे अंतरिक्ष युद्ध अभ्यास किया। भले ही यह अभ्यास अंतरिक्ष में नहीं, बल्कि नई दिल्ली में एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय में आयोजित हुआ हो पर इसकी सफलता से महत्वपूर्ण संकेत मिला कि वायुसेना ने अब उपग्रहों और एयरोस्पेस के तमाम उपकरणों का रणनीतिक और युद्धक इस्तेमाल करने की अवसरंचनात्मक सैद्धांतिक खाका बना लिया है।

यही नहीं उसने स्पेस फोर्स की भूमिका तथा अंतरिक्ष युद्ध के सिद्धांत संबंधी स्पेस विजन 2032 तथा 2047 भी तैयार करने के साथ इसरो, डीआरडीओ, इन स्पेस तथा दूसरी निजी कंपनियों से मिलकर इस ओर तेजी से बढ़ भी चुका है। सेना अब पाकिस्तान, चीन की जमीनी चुनौतियों से ऊपर उठकर बेहतरीन 'वायु शक्ति' से 'मजबूत एयरोस्पेस पावर' बनने और अंतरिक्ष युद्ध की व्यापक और पुख्ता तैयारी की ओर तेजी से अग्रसर है। अंतरिक्ष की सैन्य चुनौतियों को देखते हुए यह सर्वथा उचित है और इस नई भूमिका में भारतीय वायु सेना का नया नाम 'इंडियन एयर एंड स्पेस फोर्स' कर देना भी। यह सर्वविदित और सर्वमान्य है कि भविष्य में जंग की जमीन आसमान होगा। अंतरिक्ष के करीब, 20 से 100 किलोमीटर की ऊंचाई पर धरती की निचली कक्षा में लड़े जाने वाले युद्ध में जो पक्ष स्पेस में शक्तिशाली होगा, जमीन पर वही जीतेगा। अच्छी बात यह है कि हमने इसे बहुत पहले समझ लिया था, दो दशक पहले भारतीय सेना ने इस बावत अपनी शुरूआत कर दी थी, यहां तक कि उसने अमेरिका से भी पहले डिफेंस स्पेस एजेंसी गठित कर ली थी, यह अलग तथ्य है कि अमेरिका अब अंतरिक्षीय सैन्य ताकत में बहुत आगे है।

बेशक हमें इस ओर अब तेज चाल से चलने की आवश्यकता है। सरकार भी इस बात को समझती है कि स्पेस में अपनी आक्रमण तथा बचाव दोनों ताकतों को समय रहते बढ़ाना होगा। भले ही उसने इंडियन एयर फोर्स का नाम अभी न बदला हो पर वायुसेना को मजबूत स्पेस फोर्स में बदलने के लिये वह सभी आवश्यक अवसरंचना मुहैय्या कराने के लिये सहयोग कर रही है ताकि सेना अंतरिक्ष युद्ध या इस क्षेत्र की होड़ में आगे निकल सके। अमेरिका, रूस और चीन अपनी-अपनी स्पेस फोर्स की तैयारियों में काफी आगे निकल चुके हैं। तीनों अंतरिक्ष में उच्च स्तर की एंटी सैटेलाइट क्षमताओं से लैस हैं।

अंतरिक्ष युद्ध में काम आने वाले हथियार प्रणाली भी वे बना रहे हैं। इनके पास अपलिंक और डाउनलिंक जैसी जमीन से चलाई जाने वाली अंतरिक्ष निरोधक व्यवस्थाओं को जाम करने की सुविधा भी है। 2015 में चीन ने तो, 2016 में रूस ने तथा 2018 की आखिर में अमेरिका ने अपनी एरोस्पेस फोर्स बना लिया था, ऑस्ट्रेलिया ने भी 2022 में रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयरफोर्स मुख्यालय के भीतर एक 'स्पेस डिविजन' बना लिया। ब्रिटेन भी अपनी स्पेस कमांड की स्थापना कर चुका है। फ्रांस के पास भी अपना एयरोस्पेस विंग है। जापान ने अपने सैटेलाइट को विरोधी गतिविधियों से बचाने के लिए अंतरिक्ष स्क्वॉड्रन बना ली है। ऐसे में भारत को भी अपनी इंडियन एयर फोर्स के नाम में स्पेस फोर्स जोड़ने में गुरेज क्यों? दरअसल, भारतीय वायुसेना को स्पेस फोर्स का नाम देने के साथ ही इसरो, डीएआरडीओ जैसे सरकारी तथा एयरोस्पेस से जुड़ी निजी कंपनियों को शामिल कर एक संयुक्त अंतरिक्ष कमान का गठन करना चाहिये, वहीं एयर और स्पेस के बीच में सहज तरीके से तालमेल बिठाते हुये काम करने के लिए निकायों को अपना काम चुस्ती से करना होगा। अपनी कारगुजारी को धार देने के लिये इस साल वायुसेना उपग्रहों के प्रक्षेपण लक्ष्य को अवश्य पूरा करना होगा। अंतरिक्ष के सैन्य उपयोग के प्रतिबंधित होने के चलते अधिकारियों को स्पेस संबंधी अंतर्राष्ट्रीय कानून की जानकारी और प्रशिक्षण देने के लिये हैदराबाद में सेंटर फॉर एयर वॉरियर्स के अलावा भी प्रशिक्षण केंद्र बनाने होंगे। **संजय श्रीवास्तव.**

## आप की बात

### आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस

आतंकवाद पर देश की नीति स्पष्ट है कि वह किसी भी सूरत में अब इसे बर्दास्त नहीं करेगा। देश जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रहा है। आतंकवाद को लेकर भारत की नीति अब पूरी तरह से स्पष्ट है। नया भारत किसी भी रूप में आतंकवाद को बर्दास्त नहीं करता है। आतंकवाद के मुद्दे पर न तो घरेलू राजनीति की परवाह करता है और न ही अंतर्राष्ट्रीय दबाव का। अपनी बात साफ-साफ और दो-दूक दुनिया के सामने रखता है। अभी संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति से मुलाकात किया और उनको हर तरह से मानवीय सहायता का वायदा किया। इजराइल भारत का घनिष्ठ और विश्वसनीय मित्र है, इसके बावजूद फिलिस्तीनियों के अधिकारों को लेकर भारत की स्पष्ट नीति है और भारत स्वतंत्र फिलिस्तीन का समर्थन करता है। लेकिन जब बात आतंकवाद की आती है, तो इजराइल पर हमास के हमले की निंदा करता है और हमास व हिजबुल्लाह के खिलाफ इजराइल के अभियान का भी समर्थन करता है। ईरान के साथ भी भारत के मधुर रिश्ते हैं। ईरान के साथ भारत का व्यापार करता है और हमारी ऊर्जा सुरक्षा के लिए भी ईरान महत्वपूर्ण है।

**अशोक कुमार चौधरी, लखनऊ.**

### किसानों की आय बढ़ायें

कृषि को लेकर लफ्फाजी अधिक और काम बहुत कम किया गया जिसका परिणाम आज देश के करोड़ों किसानों को गरीबी, कम आय और कृषि के लिए पर्याप्त बुनियादी संरचना की अनुपलब्धता के रूप में भुगतना पड़ रहा है। जिन्होंने अस्सी-नब्बे के दशक में पढ़ाई की है उन्होंने यह जरूर पढ़ा होगा कि, भारत कृषि प्रधान देश है, देश की सत्तर-अस्सी प्रतिशत लोगों की जीविका खेती पर निर्भर करती है, खेती से सर्वाधिक रोजगार मिलता है और तुर्रा यह भी कि 'देश की आत्मा गांवों में बसती है।' कृषि, गांव और ग्रामीण जीवन के बारे में इतना अच्छा-अच्छा किताबों में बताकर एक गुलाबी वातावरण जरूर बनाने का प्रयास किया गया लेकिन खुरदुरा सचाई यह है कि खेती और ग्रामीण जीवन को संवारने के लिए, कृषि के साथ भावनात्मक संबंधों को आगे बढ़ाते हुए इसे एक लाभप्रद व्यवसाय में बदलने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। शायद इसके पीछे एक कारण यह भी रहा हो कि यह एक लंबी प्रक्रिया थी, इसमें भारी निवेश की जरूरत थी और एक लंबे समय तक इससे कोई सियासी लाभ भी मिलने मिलने वाला नहीं था।

आज जब देश में ऐसा चुनावी वातावरण बन गया है कि 'कर्ज माफी, मुफ्त बिजली' जैसे चुनावी वायदे सियासी जमातों को कुछ ही सप्ताहों, महीनों में फर्श से अर्श पर पहुंचा देते हैं, तब भला ग्रामीण विकास के लिए एक लंबी, शतत् और निवेश साध्य प्रक्रिया में उलझकर कोई भी अपने आपको घनचक्कर क्यों बनाना चाहेगा। वह भी तब जबकि मतदाता इतना सूझ-बूझ वाला है कि वह लंबे निवेश और विकास की ठोस योजनाओं के बजाय मुफ्त के माल पर ज्यादा आकर्षित होता है। बहरहाल यह सब तो सियासी हथकंडा है। असलियत यह है कि हर चुनाव में कर्जमाफी का वायदा किया जाता है, इसके बावजूद देश का किसान गंभीर कर्ज संकट के दौर से गुजर रहा है। यह सही है कि भारत की प्रगति का रास्ता गांवों से गुजरता है और इसके लिए सरकार को बड़े निवेश और दीर्घकालिक योजनाओं के साथ शतत् प्रयास की जरूरत है। अगर सरकार इस दिशा में पहल करती है, तो निश्चय ही एक-दो दशक बाद ग्रामीण भारत के साथ ही संपूर्ण देश की तकदीर बदल सकती है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अनाज भंडारण की महत्वाकांक्षी योजना की जो घोषणा की है वह ऐसी ही एक योजना है जो भारत की तकदीर और तस्वीर दोनों बदल सकती है। देश में खाद्य सुरक्षा को लेकर भी बहुत लफ्फाजी की गयी है, गैर जिम्मेदाराना तरीके से कानून बनाये गये हैं।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## बकायेदारों पर कसा शिकंजा वसूली तेज

**सोहावल-अयोध्या।** विगत वित्तीय वर्ष में शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कथित लेनदेन के आधार पर बैंकों द्वारा पिछले किए गए अंधाधुंध ऋण का परिणाम है कि बीते वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर तहसील के केवल टाप 10 बकायेदारों ने बैंकों का 74 लाख 25 हजार से ज्यादा की बकायेदारी अपने नाम कर रखी है। इनसे वसूली कर पाने में प्रशासन को पसीना आ रहा है। पिलखावा, तहसीनपुर, भीखनपुर, पिरखौली, सलारपुर, कटरौली, माधवपुर, उसुरू अमौना, हाजीपुर बरसेंडी, सारंगापुर आदि से जुड़े इन बकायेदारों द्वारा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, बैंक आफ बड़ौदा, सेंट्रल बैंक आफ इंडिया, स्टेट बैंक आफ इंडिया आदि से लिए गए इन लाखों रुपए के ऋण के वसूली के सम्बन्ध में पूछे जाने पर तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि टाप 10 के बकायेदारों की सूची अभी सार्वजनिक की गई है। अन्य बकायेदारों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है। इनसे वसूली के लिए संग्रह विभाग की टीम गठित कर दी गई है। बकायेदारी न जमा करने वाले अब जेल भी जायेंगे।इनसे संग्रह चार्ज भी वसूला जायेगा।

# राज्यपाल ने 70 नवसृजित आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया शिलान्यास

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल की अध्यक्षता में अयोध्या सीएसआर कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन स्वामी विवेकानन्द प्रेक्षागृह डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या में किया गया। सीएसआर कॉन्क्लेव में स्मार्ट सिटी योजना से वित्तपोषित अयोध्या धाम हेतु 70 नवसृजित आंगनबाड़ी केन्द्रों का वर्चुअल शिलान्यास,

**● अयोध्या सीएसआर कॉन्क्लेव 2025 का हुआ आयोजन**

आईआरएफसी, कोलगेट पामोलव, सिग्रीफाई इंडिया (फिलिप्स), पीजीसीआईएल की सीएसआर इकाईयों द्वारा अयोध्या जिला प्रशासन के साथ एमओयू, सीएसआर इकाईयों द्वारा जनपद अयोध्या के विकास हेतु संकल्प कार्यक्रम तथा किशोरी बालिकाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु सीएसआर के माध्यम से निःशुल्क एचपीवी बैक्सीन लगवाने का संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रोली सिंह, महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, विधायक सदर वेद प्रकाश गुप्ता, विधायक रूदौली रामचन्द्र यादव, विधायक मिल्कीपुर चन्द्रभानु पासवान, मण्डलायुक्त राजेश कुमार, आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 गौरव ग्रोवर, कुलपति अवध विवि आदि अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर राज्यपाल का स्वागत किया। तत्पश्चात राज्यपाल ने बाल एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा प्रदर्शित किये गये स्टॉलों का अवलोकन करते हुए जानकारी की। इसके बाद राज्यपाल का आगमन स्वामी विवेकानन्द सभागार में हुआ, जहां राष्ट्रगान से कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गयी।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये सीएसआर फंड के विषय में जानकारी दी और कंपनियों द्वारा अयोध्या में अपना योगदान देने के लिए हार्दिक बधाई दी गयी एवं कहा कि चाहे शिक्षा हो चाहे जो प्रयास हो, पानी की व्यवस्था की व्यवस्था करनी हो इस सब में बेहतर किया है और ऐसा कार्यक्रम हुआ है और आज तीनों अधिकारियों ने प्रयास किया है। किसी चीज के लिए प्रोजेक्ट तैयार करना पड़ता है प्रोजेक्ट के पीछे लगना पड़ता है कुछ कमियां रह गयी तो हमें कमियां पूरी करनी पड़ती है और जब जाकर पूरा होता है। अयोध्या में राममंदिर के दर्शन के लिए पता नही कहां कहां से लोग आते है वहां तो दर्शन हो जाते है। उन्होंने कहा कि आज बड़ा अच्छा लगा इतनी भारी बारिश में सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री आयी और सभी कार्यक्रम इन्होंने देखा क्योंकि यह सभी कार्यक्रम उनके लिए है वह जो बच्चा पढ़ा रही है शिक्षित कर रही है संस्कार दे रही है उनके लिए कार्यक्रम है और जब भी हम ऐसे कार्यक्रम में जाते है तो शांति से हमें सबको सुनना चाहिए क्योंकि शायद इसमें से एक-दो शब्द दिल को छू जायेगा। गर्भ संस्कार मतलब क्या है यू टूब पर देखो आप सभी के पास मोबाइल होगा सुनो गर्भ संस्कार में क्या है। तो ऐसे छोटे छोटे बुक डालवा सकते हो और एक महीने गर्भ से लेकर 9 महीने गर्भ तक कब कब विकसित होगा, ब्रेन विकसित होता है हार्ड विकसित होता है उसी समय जो भेजन मिलना चाहिए उसी समय जो माता पिता है उनको ध्यान देना चाहिए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को क्या बनाना है क्या सीखना है उनको परीक्षा दीजिए परीक्षा में जो पास



न हो उनको फिर से टेजनिंग दीजिए, कैसे बच्चों को पढ़ाना है। यहां दो यूनिवर्सिटी है एक कृषि यूनिवर्सिटी और दूसरी अवध यूनिवर्सिटी, दोनों यूनिवर्सिटी 25-25 आंगनबाड़ी लेकर क्या परिवर्तन आया इसी कड़ी को तैयार करें और उसमें जो कमियां है उसको भी लिखिए और जो खूबियां है उसको भी लिखिए और जो कमियां है वह अधिकारियों के ध्यान में आयेगा तो वहां जाकर दुरूस्त करेगा यही है स्टण्डी रिपोर्ट यही है हमारा रिसर्च सेंटर। महिलाओं में कैंसर बढ़ रहा है सरवाइकल गर्भाशय कैंसर, मां मर जाती है और बच्चा अनाथ हो जाता है और इसी वजह से अभियान चलाया है बैक्सीन लगवाओं और बच्चियों को स्वस्थ्य बनाइए, समृद्व बनाइए, संस्कारी बनाइए। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि शासकीय विभागों का कापरेट सेक्टर के साथ सीएसआर का यह कार्यक्रम अयोध्या की धरती पर पहला कार्यक्रम व पहला प्रयास है। इस कॉन्क्लेव में भागीदारी निभा रहे इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड, कोलगेट पामोलिव, सिग्नीफाई इंडिया (फिलिप्स इंडिया), केएम शुगर मिल, रौजागांव शुगर मिल, अमृत बॉटलर्स, पका ग्रुप, लीड बैंक की लीडरशिप में 09 बैंके यथा- यूबीआई, सीबीआई, बीओबी, पीएनबी, यूको, एसबीआई, केनरा, आईसीआईसीआई, एचडीएफसी बैंक, पानी संस्थान और शासकीय विभागों-बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्राम्य विकास विभाग में योगदान दिया जा रहा है। राज्यपाल के प्रयासो एवं सीएसआर दायित्वों के अन्तर्गत अयोध्या में विगत 02 वर्षो से संसाधन युक्त बनाने के लिए सघन प्रयास हो रहे है। विद्यालयों को स्मार्ट क्लास से आच्छादित, आंगनबाड़ी केन्द्रों में 03-06 वर्ष आयु के बच्चों को बैठने के लिए छोटी छोटी कुर्सी मेज, खिलौने सहित अन्य लर्निंग मैटेरियल, भवनों का सौन्दर्यीकरण, कायाकल्प आदि का सीएसआर के अन्तर्गत हो रहे है। इसके साथ साथ जिलाधिकारी ने कहा कि राज्यपाल द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के प्रशिक्षण एवं ज्ञानवर्धन के लिए दिये गये निदेर्शों का अनुपालन किया जायेगा। सीएसआर कॉन्क्लेव कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों के 03 से 06 वर्ष आयु के वर्ग के बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति की गयी जिसके तहत सामूहिक वन्दना, योगा कार्यक्रम, अच्छी आदत सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये और राज्यपाल द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। इसके साथ साथ राज्यपाल द्वारा अयोध्या धाम में नवसृजित 70 आंगनबाड़ी केन्द्रों का बटन दबाकर वर्चुअल शिलान्यास किया गया तथा राज्यपाल द्वारा स्ट्रीट लाइट वितरण, सेनेट्री पैडमशीन, स्मार्ट बोर्ड, बंक बेड का प्रतीकात्मक रूप से वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को प्रशस्त्रि पत्र से सम्मानित किया गया।

## रामनगरी में सावन के अंतिम सोमवार को उमड़ी शिवभक्तों की भीड़



**अयोध्या।** रामनगरी में सावन के आखिरी सोमवार को भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। झमाझम बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। सुबह से ही सरयू तट पर बने प्राचीन नागेश्वरनाथ मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा, जहां जलाभिषेक और पूजा-अर्चना का दौर देर शाम तक जारी रहा। राममंदिर और हनुमानगढ़ी में भी भक्तों की भीड़ उमड़ी और अन्य शिवालयों में हर हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। अयोध्या को सुरक्षा के कड़े घेरे में रखा गया, और हाईवे पर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शों के बाद प्रशासन की चुस्त व्यवस्था ने भक्तों में जबरदस्त उत्साह भरा।

भोर होते ही सरयू तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। बारिश के बीच भक्तों ने सरयू में स्नान किया और नागेश्वरनाथ मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मंदिर के गर्भगृह में पुजारी वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा करते रहे, जबकि बाहर भक्तों की कतारें लगी रहीं। मंदिर परिसर को फूलों और रंगोली से सजाया गया था, जिससे उत्सवी माहौल और निखर गया। भक्तों ने बताया कि सावन का अंतिम सोमवार भगवान शिव की कृपा पाने का विशेष अवसर होता है, और अयोध्या की पावन धरती पर यह अनुभव और भी खास हो जाता है।

राममंदिर में भी सुबह से ही दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। भगवान राम के दर्शन के साथ-साथ श्रद्धालु हनुमानगढ़ी पहुंचे, जहां बजरंगबली की पूजा-अर्चना में भक्त लीन रहे। हनुमानगढ़ी के पुजारी राजू दास ने बताया कि सावन के इस पावन अवसर पर भक्तों का उत्साह देखते ही बनता है। बारिश के बावजूद भक्तों की आस्था में कोई कमी नहीं आई। मंदिर परिसर में भक्ति भजनों और मंत्रोच्चार से माहौल भक्तिमय बना रहा।

प्रशासन ने इस अवसर पर सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए। मंडलायुक्त राजेश कुमार, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने दिनभर मेला क्षेत्र की मॉनिटरिंग की। अयोध्या को सुरक्षा घेरे में रखने के लिए पुलिस और प्रशासनिक टीमें तैनात रहीं। हाईवे पर भारी वाहनों का आवागमन रोककर यातायात को सुगम बनाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शों के बाद प्रशासन ने भक्तों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए, जिसमें अस्थायी शेड, पेयजल और चिकित्सा सुविधाएं शामिल थीं।

श्रद्धालुओं ने प्रशासन की व्यवस्था की सराहना की। भक्त रामप्रसाद ने कहा की बारिश के बावजूद सबकुछ इतना व्यवस्थित था कि हमें कोई परेशानी नहीं हुई। अयोध्या में भगवान शिव और राम के दर्शन का सुख अवर्णनीय है। स्थानीय निवासी श्यामलाल ने बताया कि सावन के इस अंतिम सोमवार पर अयोध्या की रौनक देखते ही बनती है।

# छात्रों को कर्तव्यनिष्ठ बनना होगा: आनंदीबेन पटेल

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के नवीन परिसर (वशिष्ठ परिसर) में प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा मल्टीपरपज कंपलेक्स (तुलसी भवन) एवं इंस्टीट्यूट आफ फामेर्सी (धन्वंतरी भवन) का लोकार्पण किया गया। कुलाधिपति द्वारा भवन निरीक्षण के दौरान लेक्चर हॉल, लैब एव शिक्षक कक्ष सहित आवश्यक सुविधाओं को परखा। कुलाधिपति ने फामेर्सी के छात्र-छात्राओं के साथ संवाद कर उन्हें कर्तव्यनिष्ठा का बोध कराया। फामेर्सी भवन हाल में कीड़ा परिषद द्वारा आयोजित खिलाड़ियों के सम्मान समारोह में हिस्सा लिया और अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के महिला वर्ग के सात एवं पुरुष वर्ग के सात विजेता खिलाड़ियों और उनके कोच को स्मृति चिन्ह एवं धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया। स्वर्ण पदक प्राप्त खिलाड़ियों को तीस हजार रुपए एव





रजत पदक प्राप्त खिलाड़ियों को पंद्रह हजार रुपए की धनराशि चेक के माध्यम से प्रदान की गई। खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कुलाधिपति ने कहा कि सभी छात्रों को कर्तव्यनिष्ट बनना होगा। भारत सरकार खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। खेल गतिविधियां शक्ति का संचार करती हैं। खेल से शक्ति भावना का विकास होता है। कुलाधिपति ने विजेता खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सभी को खेल गतिविधियों में सक्रिय रूप से जोड़ना चाहिए। महिला खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए कहा कि शक्तिशाली बनो शोषण का केंद्र नहीं। हर अन्याय का डटकर मुकाबला करो।

हिम्मत से कार्य करो किसी ऐसी गतिविधि से न जुड़े जिससे पछतावा हो। अच्छे विचारों को साझा करें। अच्छे विचारों को आत्मसात करें। सीखने का प्रयास निरंतर करते रहना चाहिए यही जीवन है। सभी अपने माता-पिता एवं शिक्षकों के साथ विचारों को साझा करें। छात्राओं से कुलाधिपति ने कहा कि एक गलती को छुपाने के लिए दूसरी ओर तीसरी गलती न करें। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए खेल आवश्यक है। इससे टीम भावना एवं नेतृत्व का विकास होता है। कुलाधिपति का स्वागत गुरुकुल अयोध्या के बटुकों द्वारा स्वस्तिवाचन कर वैदिक मंत्रों से किया। कुलाधिपति द्वारा बटुकों को अंगवस्त्रम एवं भगवतगीता भेंट कर की गई। परिसर में कुलाधिपति का स्वागत विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. विजेंद्र सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्द्र शुक्ल, प्रो. एसएस मिश्र, प्रो नीलम पाठक, प्रो. आशुतोष सिन्हा, प्रो. शैलेंद्र कुमार, प्रो हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा ने कुलाधिपति को पुष्प भेंट कर स्वागत किया।

## पेंट की दुकान में चोरी का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

अयोध्या। कोतवाली नगर के फतेहगंज की एक पेंट की दुकान में चोरी का मामला प्रकाश में आया है। फतेहगंज नाला स्थित राकेश पेंट स्टोर की मालिक मंजू चैरसिया ने बताया कि रविवार की रात 8.30 बजे दुकान बंद कर गई। सोमवार की सुबह जब दुकान पहुंची तो सारे काउंटर खुले हुए थे। उनका कहना है किदुकान निमार्णाधीन है तथा उसकी छत टीन की है जिसे काट कर चोर दुकान में दाखिल हुए तथा चोरी को अंजाम दिया। सोमवार की सुबह दुकान खोलने पर काउंटर के सामान बिखरे हुए थे। काउंटर में रखे लगभग 10 हजार रुपए गायब है। उनका कहना कि दुकान से चोर दुकान से पेंट भी उठा ले गए है। कैश व समान सहित लगभग 50 हजार की चपत चोरों ने लगाई है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल किया है। चैकी प्रभारी चैक धर्मेन्द्र मिश्र ने बताया कि मामला संज्ञान में है।

## उर्वरक की 02 दुकानों का लाइसेंस निलम्बित

**बहराइच।** जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव द्वारा उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर 2 उर्वरक विक्रेता का लाइसेंस लाइसेंस निलंबित किया गया तथा पांच विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। डॉ यादव द्वारा रताहिया, नवाबगंज, रुपईडीहा क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर छापेमारी की कार्यवाही की गई। निरीक्षण के दौरान स्टॉक मे अनियमितता एवं स्टाक वितरण

**● 5 को कारण बताओ नोटिस**

रजिस्टर अद्यतन न किए जाने के कारण गुप्ता ट्रेडर्स रामपुर छगड़ाहवा, एवं महेंद्र पाल यादव उर्वरक विक्रेता नवाबगंज का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया।, तथा दुकान बंद करके भाग जाने के कारण दुकान, चित्रांश खाद बीज भंडार देवरा चैराहा, खान ट्रेडर्स शंकरपुर, चिश्ती खाद भंडार शंकरपुर, दशमेश ट्रेडर्स रताहिया, एवं अभिनव कृषि सेवा केंद्र रताहिया को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। जिला कृषि अधिकारी द्वारा समस्त उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि सभी उर्वरक विक्रेता पोस मशीन से आधार कार्ड से खेतौनी को चेक करते हुए शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की बिक्री करें। उर्वरक वितरण के साथ-साथ स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर स्टॉक एवं उर्वरक खरीदने वाले का रिकॉर्ड प्रतिदिन प्रतिदिन मेंटेन कर उर्वरक की बिक्री करें।

जिला कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में उर्वरक की कमी नहीं होने दी जाएगी आज आज दिनांक 4 अगस्त 2025 को जनपद में 11614 मेट्रिक टन यूरिया, 3368 मेट्रिक टन क ाच, 2755 मैट्रिक टन एनपीके, 12788 मेट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उपलब्ध है स जनपद की सभी समितियां पर उर्वरक उपलब्ध करा दिया गया है स जनपद के सभी किसान भाइयों को अश्वस्त किया जाता है कि जनपद में उर्वरक की कमी नहीं होने दी जाएगी। किसान भाइयों से निवेदन है की एडवांस में उर्वरक खरीद कर उर्वरक का भंडारण ना करें समय-समय पर उर्वरक उपलब्ध रहेगा अभी की जरूरत के हिसाब से ही उर्वरक खरीदें।

समस्त उर्वरक विक्रेताओं को चेतावनी जारी की गई है यदि किसी भी विक्रेता द्वारा अनियमिता वरती जाएगी एवं सीमावर्ती राज्यों में उर्वरक की कालाबाजारी की जाएगी, या संदिग्ध उर्वरक बिक्री करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985, उर्वरक (परिसंचरण नियंत्रण) आदेश 1973, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अनुसार कठोरतम कार्रवाई की सुनिश्चित की जाएगी। जिला कृषि अधिकारी द्वारा जनपद बहराइच के सभी किसानों को अवगत कराया जाता है कि यदि जनपद में कोई भी व्यक्ति संदिग्ध उर्वरक की बिक्री करता है तो उस दुकानदार के खिलाफ जिला कृषि अधिकारी कार्यालय मे शिकायत दर्ज कराये, शिकायत के उपरांत संबंधित व्यक्ति पर नियमानुसार कार्रवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## एसपी ने किया प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण



**बाराबंकी।** पुलिस लाइन स्थित प्रशिक्षण केन्द्र का पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, दिए जा रहे प्रशिक्षण की समय-सारणी एवं विषयवस्तु की समीक्षा की। तथा आरटीसी क्लास, भोजन व्यवस्था, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, आवासीय बैरकों में वेंटिलेशन, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों को प्रशिक्षण में गुणवत्ता, अनुशासन व समयबद्धता पर विशेष बल देने को लेकर प्रशिक्षकों को निर्देशित किया। तथा आरक्षियो से उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं व सुझावों की जानकारी भी ली। इस दौरान क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक, आरटीसी प्रभारी मौजूद रहे।

## एडीएम व एएसपी ने हेलीकॉप्टर से की शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा



**बाराबंकी।** अवसानेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक हेतु आये कांवड़ियों/श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा की गई। हेलीकॉप्टर में गेंदा और गुलाब की पंखुड़ियो को लेकर अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह एंव अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह ने अवसानेश्वर महादेव धाम में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक और दर्शन पूजन करने आये शिवभक्तों और कांवरियों पर पुष्पवर्षा की।

## कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने करंट से मरने वालों के परिवार को बधाया ढांढस



**बाराबंकी।** रामनगर स्थित लोधेश्वर महादेव मेला परिसर में दुकान के सामने लगे लोहे के जीने में करंट की चपेट मे आने से संजय और हौसिला प्रसाद की मृत्यु की सूचना मिलने पर कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने एक जनप्रतिनिधि मण्ड़ल को भेज दूरभाष के माध्यम से पीड़ित परिवार से ढाढ़स बधाया। तथा शासन से मांग की करते हुये पीड़ित परिवार को 10-10 लाख रूपया का मुआवजा दिये जाने की बात कही। जनप्रतिनिधिमण्डल मे मोहम्मद सद्दाम, चन्द्रावती, अजय भाषकर, दीप नारायण, ज्ञानू सिंह, राम सेवक मौजूद रहे।

## श्री चित्रगुप्त मंदिर के पर्यटन विकास और सुंदरीकरण कार्य का सदर विधायक ने किया भूमि पूजन



**बहराइच।** भगवान श्री चित्रगुप्त एवं चित्रगुप्त समाज के सम्मानित सदस्यों के आशीर्वाद से रविवार को मोहल्ला बशीरगंज स्थित श्री चित्रगुप्त मन्दिर परिसर में आयोजित समारोह पूर्व मंत्री/सदर विधायक बहराइच श्रीमती अनुपमा जायसवाल ने मन्दिर के पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य हेतु विधि विधान के साथ भूमि पूजन किया। उल्लेखनीय है कि राज्य योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत मोहल्ला बशीरगंज स्थित श्री चित्रगुप्त मन्दिर स्थल के पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य हेतु प्रदेश सरकार द्वारा रू. 93 लाख की धनराशि स्वीकृति की गई है।

इस अवसर पर श्रवण निगम, नगर पालिका रिसिया के पूर्व चेयरमैन राजेश निगम, सुशील श्रीवास्तव, जिला प्रतिनिधि अखिलेश श्रीवास्तव, सभासद हर्षित राज श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, शशांक सिन्हा, कुलदीप सिन्हा, अनुज श्रीवास्तव, गौरव वर्मा, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, आनंद मोहन प्रधान, श्रीमती मंजू निगम, महेंद्र, श्रीमती रीति मुरारी श्रीवास्तव, श्रीमती सोनी श्रीवास्तव, श्रीमती वैजयंती श्रीवास्तव, श्रीमती रेखा श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव सहित सैकड़ो कायस्थ समाज के बंधुगण उपस्थित रहे।

# जनपद न्यायाधीश ने किया कन्हैयालाल शुक्ल की जन्मजंयती कार्यक्रम का शुभारंभ





जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** जिला बार एसोसिएशन के संस्थापक/अध्यक्ष स्वः पं0 कन्हैया लाल शुक्ल की जन्मजंयती कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश

**● श्री शुक्ल ने वर्ष 1904 मे की थी जिला बार एसोसिएशन की स्थापना**
**● प्रपौत्र पं. प्रित्युशकांत शुक्ला ने जन्म जयंती पर निभायी अहम भूमिका**

प्रतिमा श्रीवास्तव एंव विशिष्ट अतिथि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा सिंह, प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय सत्यदेव गुप्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव/अपर जिला जज श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह, अपर सत्र न्यायाधीश विनय कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एंव विशिष्ट अतिथि ने जिला बार संस्थापक स्वः श्री शुक्ल के चित्र पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धासुमन अपित किये। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता कौशल किशोर त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ताओ समेत पत्रकारो को अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। संस्थापक/अध्यक्ष स्वः श्री शुक्ल के द्वारा 1904 जिला बार एसोसिएशन की स्थापना की गई। जिस कारण श्रद्धाजंलि सभा को बार स्थापना दिवस के रुप मे भी मनाया गया। वरिष्ठ अधिवक्ताओ ने अपने विचार व्यक्त करते हुये स्वः पं0 श्री शुक्ल के जीवन परिचय से अधिवक्ताओ को अवगत कराया। तथा उनके द्वारा किये गये विधि कार्यो एंव सामाजिक कार्यो के बारे मे चर्चा की गई। इस अवसर पर बार अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार वर्मा, महामंत्री रामराज यादव, नलनीकान्त शुक्ला, राकेशकांत शुक्ला, निषीकान्त शुक्ला, श्रीकात शुक्ला, पं0 प्रित्युशकांत शुक्ला, रणधीर सिंह सुमन, भूपिन्दर पाल सिंह, सरदार कंवर सिंह पियूष, कौशल किशोर त्रिपाठी, आनन्द सिंह, पुष्पेन्द्र यादव, निर्मल वर्मा, शाहीन अख्तर, राजेन्द्र बहादुर सिंह राणा, हिसाल बारी किदवाई, अंकुल वर्मा, नपूर सिंह, अनुराग यादव, अंशूमान सिंह, विजय पाण्ड़े, सौरभ बाजपेई, सचिन सिंह, नितिन गुप्ता, रितेश मिश्रा, बृजेश दीक्षित, सुरेन्द्र प्रताप सिंह बब्बन, प्रदीप सिंह, सुनीत अवस्थी, मुचकुन्द वर्मा, पवन वैश्य, आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों से आवेदन आमंत्रित

जिला संवाददाता

**बहराइच।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वी.पी. सत्यार्थी ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत वेबसाइट दिव्यांगजन डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र स्वीकार किये जा रहें है।

ऐसे दिव्यांगजन जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष 2024-25 अथवा चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में सम्पन्न हुआ हो वे अपना आवेदन साइबर कैफे, निजी इण्टरनेट, लोकवाणी के माध्यम से स्थापित ह्यह्यजनसुविधा केन्द्रोंआदि के माध्यम से ऑनलाइन करा सकते हैं। योजनान्तर्गत दिव्यांगजन को विवाह करने पर दम्पति में पुरूष के दिव्यांग होने पर प्रोत्साहन पुरस्कार रू. 15000/- एवं महिला के दिव्यांग होने पर रू0. 20000/- तथा यदि दम्पत्ति (पति-पत्नी) दोनों दिव्यांग है तो रू.. 35000/-पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया जाता है। पात्रता रखने वाले इच्छुक दिव्यांगजन ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। श्री सत्यार्थी ने बताया कि आवेदन भरते समय आवेदक दम्पत्ति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटोग्राफ, आयु प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि का अंकन हो, जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र (यदि विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र नहीं है, तो विवाह से सम्बन्धित अन्य कोई अभिलेख/प्रमाण पत्र/शादी कार्ड संलग्न कर सकते हैं) निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय एवं जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त बैंक खाता आदि अभिलेख पूर्ण कर ऑनलाइन आवेदन करते हुए हार्डकापी मय संलग्नों सहित कार्यालय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, बहराइच में उपलब्ध करा दें, ताकि अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, बहराइच में किसी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते है।

संक्षेप

## जिला सहकारी बैंक के नवीन भवन का उद् घाटन



रायबरेली। जिला सहकारी बैंक की षाखा राजाफत्तेपुर के नवीन भवन का उद्घाटन राजा मयंकेष्वर षरण सिंह राज्यमंत्री , संसदीय कार्य , चिकित्सा षिक्षा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवेक विक्रम सिंह, अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक द्वारा की गयी । मंत्री मयंकेष्वर षरण सिंह द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली बैंक अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह के नेतृत्व में निरन्तर प्रगति कर रहा है। जिला सहकारी बैंक द्वारा उत्तर प्रदेष सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करते हुए किसानों की समृद्धि में अपनी भागीदारी को प्रभावी ढंग से पूर्ण कर रहा है। विवेक विक्रम सिंह, अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक द्वारा अपने सम्बोधन में उपस्थित सहकारी बन्धुओं ,ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र के सम्मानित जनता को बैंक द्वारा किसानों के हित में संचालित योजनाओं पर व्यापक रूप से प्रकाष डाला गया। विविधीकरण ऋण के अन्तर्गत 50लाख तक गृह ऋण , 20 लाख रुपए वाहन ऋण , 2 लाख तक दोपहिया वाहन ऋण, व्यक्तिगत ऋण, ट्रैक्टर ऋण, तीन प्रतिषत दर पर केसीसी ऋण , व्यवसायिक ऋण, पषुपालन आदि की सुविधा प्रदान की जा रही है । जिससे जनसामान्य को उनके विकास में सहयोग किया जा रहा है। सहकारी बैंक निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

## डीएम के निर्देश पर गौशालाओं का निरीक्षण

रायबरेली। जिले में दो दिन से रुक -रुककर हो रही बारिश के बाद गौशालाओं की व्यवस्था को दुरुस्त बनाने रखने के निर्देश जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने दिए। जिसके क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ और सभी तहसीलों के उप जिलाधिकारियों ने क्षेत्र व गौशालाओं का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश के क्रम में ही सोमवार को विकास खण्ड राही के अन्तर्गत छः निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलो का अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें लोधवारी गौवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र व सहायक विकास अधिकारी दिनेश कुमार तथा बेलाभेला, बेला खारा गोवंश आश्रय स्थलों का निरीक्षण बीडीओ गौरी राठौर एवं सनेही व कनौली गोवंश आश्रय स्थलों का निरीक्षण पशु चिकित्साधिकारी एवं ग्राम पंचायत सचिव द्वारा किया गया। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निदेर्शानुसार जनपद में लगातार हो रही बारिश व बाढ़ की संभावना के दृष्टिगत विकास खण्ड महराजगंज, रायबरेली के अन्तर्गत 6 निराश्रित पशु आश्रय स्थलों का अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें गोवंश आश्रय स्थल असनी का निरीक्षण उपजिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव, तहसीलदार महराजगंज मजुला मिश्रा एवं खण्ड विकास अधिकारी महराजगंज वर्षा सिंह द्वारा किया गया। इसी प्रकार मऊ गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण खण्ड विकास अधिकारी महराजगंज वर्षा सिंह, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी महराजगंज उमेश कुमार एवं ग्राम पंचायत सचिव मऊ द्वारा गया किया गया।

# पुलिस मुठभेड़ में एक घायल

## चार गिरफ्तार ,एक माह बाद पुलिस ने लूट का किया पर्दाफाश



रायबरेली। पुलिस ने गल्ला व्यापारी सुखदेव की हत्या और उनकी पत्नी सरोजनी देवी को गोली मारकर घायल करने के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। बीती रात को खीरों थाना पुलिस और सर्विलांस, एसओजी की संयुक्त टीम ने गंगा एक्सप्रेस-वे अंडरपास के पास मुठभेड़ में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस दौरान एक आरोपी रमेश वर्मा के दोनों पैरों में गोली लगी, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ में कोई पुलिसकर्मी घायल नहीं हुआ। पुलिस अधीक्षक डा यषवीर सिंह ने बताया कि 30 जून-1 जुलाई 2025 की रात थाना खीरों के महारानीगंज गांव में गल्ला व्यापारी सुखदेव (45 वर्ष), पुत्र दयाराम लोधी, की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। उनकी पत्नी सरोजनी देवी (40 वर्ष) को भी गोली मारी गई, जिन्हें गंभीर हालत में एम्स रायबरेली रेफर किया गया। सुखदेव की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटनास्थल पर क्षेत्राधिकारी लालगंज और थाना प्रभारी खीरों ने फॉरेंसिक टीम के साथ जांच शुरू की। मृतक के भाई आनंद पाल की तहरीर पर थाना खीरों में मुकदमा मामला दर्ज किया गया।

तकनीकी साधनों और सूचना के आधार पर पुलिस ने 3-4 अगस्त की रात रमेश वर्मा, अनुराग बाबू, सुनील कुमार (सभी रायपुर, थाना खीरों) और कुलदीप (पूरे गडरियन, थाना लालगंज)को गंगा एक्सप्रेस-वे अंडरपास के पास मुठभेड़ में गिरफ्तार किया।

मुठभेड़ के दौरान आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिसमें रमेश वर्मा घायल हो गया। अन्य शिवकुमार, विनोद पासी और शिवम पासी की तलाश जारी है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका एक गैंग है, जिसमें शिवकुमार, विनोद पासी और शिवम पासी भी शामिल हैं। रैकी के दौरान उन्हें पता चला कि सुखदेव एक समृद्ध व्यापारी है, जिसके घर डकैती से मोटी रकम मिल सकती है। 30 जून की रात पांच लोग सुखदेव के घर की छत पर चढ़े। रमेश का पैर बर्तन से टकरा गया, जिससे सरोजनी जाग गईं और शोर मचाने लगीं। अनुराग ने सरोजनी का और रमेश ने सुखदेव का मुंह दबाया। शोर न रुकने पर अनुराग ने सरोजनी को और रमेश ने सुखदेव को गोली मार दी। हड़बड़ाहट में वे बिना लूटपाट के भाग गए। 3-4 अगस्त को वे दोबारा लूट की योजना बना रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4 तमंचे, 4 जिंदा कारतूस, 3 खोखा कारतूस 315 बोर, 4 मोबाइल फोन व 2 मोटरसाइकिल बरामद किया है।

# अंतिम सोमवार को शिवालयों में उमड़ा आस्था का जनसैलाब



बछरावां रायबरेली। भगवान शिव का प्रिय सावन माह में हिंदू कैलेंडर में सावन पांचवा महीना होता है जो काफी शुभ माना जाता है। यह महीना भगवान शिव को समर्पित होता है। इसी वजह से कोई भी भक्त किसी भी तरह से भोलेनाथ की सेवा में कमी नहीं छोड़ना चाहता, शिव शंकर को खुश करने के लिए अपनी पूजा-अर्चना से लेकर पवित्र नदियों में स्नान तक सब कुछ करता है। लगातार हो रही बारिश के बाद भी सावन के आखिरी सोमवार को शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बने शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। वहीं आज शिवालयों में आस्था का जनसैलाब उमड़ा शिव भक्तों ने मंदिरों में शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा, भांग, गंगाजल, बेर व दूध अर्पित कर बम-बम भोले के जयकारे लगाए। बाबा के दर्शन पाने के लिए सुबह चार बजे से मंदिरों के बाहर लंबी लाइनें लग गई। क्षेत्र के अति प्राचीन भवरेश्वर मंदिर सुदौली, कन्जेश्वर धाम राजामऊ, झारखंडेश्वर मंदिर समोधा व समाधानेश्वर धाम बछरावां में भक्तों की भारी भीड़ रही। सावन माह में महिलाओं, युवक, बच्चों और वृद्धों ने भोले बाबा का जलाभिषेक कर ष्ऊँ नमरू शिवायष का जाप किया। शिव भक्तों ने व्रत रख शिव की आराधना की। मंदिर के पुजारी ने बताया किश्भगवान शिव को प्रिय सावन माह चल रहा है आज सावन माह का आखिरी सोमवार है। इस दौरान भोले बाबा की उपासना करने पर भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है। बहुत से लोग सावन के पहले सोमवार से ही 16 सोमवार व्रत की शुरूआत करते हैं। सावन में शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की खूब भीड़ उमड़ती है।

## बाबूगंज सगरा आश्रम पर भक्तों का लगा रहा तांता



गौरीगंज, अमेठी ।जनपद के जामो बिकास खड़ के परमहंस सेवाश्रम बाबू गज सगरा गौरीगंज्त में बारह करोड़ 51लाख मंत्रों के साथ महाकाल की पूजा के बाद महा भाडारे का अयोजन किया गया आयोजक शिव योगी मौनी स्वामी महराज ने बताया कि 101 टीन का भडारा किया गया जिसमें 51 हजार भक्तों का प्रसाद तैयार किया गया है इस बरसात के मौसम में भी भक्तों का ताता लगा रहा काफी दुर दराज से भक्तों ने बढ चढ कर हिस्सा लिया लखनऊ कानपुर अमेठी रायबरेली सुलतान पुर बरेली बाराबंकी सीता पुर से भक्तों का ताता लगा रहा इस बरसात के मौसम में मौनी महराज जी सभी भक्तों को अपना आशीर्वाद देते रहे इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रसाद ,मिश्र दिनेश प्रताप सिंह स्वतन्त्र प्रभार मंत्री उधान बिभाग उ प्र लखनऊ , अवधेश प्रताप सिंह जिला पचायत अध्यक्ष रायबरेली ,देवेंद्र तिवारी राष्टीय अध्यक्ष भारतीय परिषद लखनऊ , गिरिश पति त्रिपाठी पीठाधीश्वर तीन त्तिसूल मदिर अयोध्या ,राकेश तिवारी महामत्ती भाजपा ,गोविन्द नारायण शुकला सदस्य बिधान परिषद , मणिकात तिवारी ,मुकेश पाडे ललन मिश्र व भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे ।

## पशुपालन और वन विभाग के पास संसाधनों का संकट,कार्मिक परेशान, कोई सुनने वाला नहीं

अमेठी। पशु पालन विभाग और वन विभाग दोनों विभागों के पास काम बहुत अधिक है,काम के सापेक्ष बजट , उपकरण और स्टाफ नहीं है। तेंदुए के पोस्टमार्टम के दौरान रविवार को चिकित्सकों को खुद से चीर फाड़ के लिए संसाधन के इंतजाम करने पड़े। इसके पहले तेंदुए के रेस्क्यू ऑपरेशन में लगाई गई टीम के पास भी तेंदुए को पकड़ने के लिए जरूरी हथियार और जाल नहीं था। जिले में 126गोवंश आश्रय स्थल संचालित हैं। इनके संचालन के लिए बजट ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी के संयुक्त खाते में आता है। गोवंश आश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंशों के इलाज के लिए पशुपालन विभाग के चिकित्सकों को अलग से बजट नहीं मिलता है। यही कारण है कि गोशालाओं में गोवंशों के बीमार होने पर समुचित इलाज नहीं हो पाता,वे मौत के शिकार हो जाते हैं। पशु चिकित्सालयों में दवाएं संरक्षित गोवंशों की जरूरत के अनुसार उपलब्ध नहीं है। पैरावेट, फार्मासिस्ट और पशु धन प्रसार अधिकारियों के रूप में मैन पावर की भारी कमी है। पशु चिकित्सालयों को कागज खरीदने तक के पैसे नहीं मिलते हैं। *अस्पतालों के लिए कोई अनुरक्षण बजट नहीं मिलता। अस्पताल के रखरखाव का खर्च तैनात पशु चिकित्सा अधिकारी को स्वयं वहन करना पड़ता है। पत्र लिखते रहिए कोई भी सुनने वाला नहीं है। डॉ. शिव गंगवार उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, अमेठी*

# बारिश में ढही पानी टंकी की बाउंड्रीवॉल घटिया निर्माण पर उठे सवाल



रायबरेली। जल जीवन मिशन के तहत हरचन्दपुर विकास क्षेत्र के चैहनिया गांव के समीप निमार्णाधीन पानी टंकी की बाउंड्रीवॉल रविवार को हुई तेज बारिश में पूरी तरह ढह गई। बारिश के तेज बहाव के कारण बाउंड्रीवॉल के साथ-साथ इसका गेट भी धराशाई हो गया। हालांकि, सौभाग्य से सोलर पैनल शेड को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। इस घटना ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और ठेकेदार की लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। लगभग एक साल पहले बनी इस बाउंड्रीवॉल का सामने का हिस्सा, जो करीब 20 मीटर लंबा था, गेट समेत बारिश के पानी में बह गया। ग्राम प्रधान अतुल पटेल ने बताया कि बाउंड्रीवॉल के सामने मिट्टी की उचित भराई न होने के कारण पानी के तेज बहाव में यह ढह गई। उन्होंने निर्माण में इस्तेमाल सामग्री की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए। स्थानीय निवासियों ने भी इस घटना को ठेकेदार की लापरवाही और घटिया सामग्री के उपयोग का परिणाम बताया। जल निगम के अभियंता सफीकुर रहमान ने मामले की जानकारी होने की बात स्वीकारी। उन्होंने बताया कि चैहनिया गांव में जल जीवन मिशन के तहत कार्य प्रगति पर है और ग्रामीणों की सुविधा के लिए पंप चालू कर दिया गया है। बाउंड्रीवॉल के ढहने के संबंध में उन्होंने कहा कि पानी के तेज बहाव के कारण यह हादसा हुआ। अभियंता ने आश्वासन दिया कि इसकी मरम्मत और टंकी का निर्माण कार्य जल्द पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भारत सरकार का लक्ष्य 2028 तक इस तरह के सभी कार्यों को पूरा करना है।

# बारिश और कीचड़ में बैठ रहे निराश्रित पशु

## एसडीएम की जांच में हुआ खुलासा



महराजगंज रायबरेली। जनपद में बीते दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से जहां आम जनजीवन अस्त व्यस्त है, तो वहीं पशुओं का भी हाल बेहाल है। बारिश और कीचड़ के कारण उनके बैठने तक की व्यवस्थाएं ठीक नहीं है, जिसके कारण वह 24 घंटे खड़े रहकर किसी तरह अपना जीवन यापन कर रहे हैं। इसी के मद्देनजर मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव ने क्षेत्र के आधा दर्जन निराश्रित पशु आश्रय केद्रों का अचानक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बारिश के मौसम में छाया, जल भराव, चारा, भूसा, गोवंशियों के ठहरने, पानी आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जहां-कहीं बरसात में कीचड़ मिला, वहां निपटने के लिए संबंधित पंचायत सचिवों को सख्त दिशा निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी सचिन यादव ने लगातार हो रही बारिश को देखते हुए गौशालाओं में उचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए, खासकर बारिश के मौसम में गोवंशों के लिए छाया की पर्याप्त व्यवस्था करने, तथा कीचड़ युक्त जगहों से दूर रखने, उन्हें सूखे में बैठने की व्यवस्था चाक-चैबंद रखने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उनके साथ तहसीलदार मंजुला मिश्रा, बीडीओं वर्षा सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी समेत सचिव मौजूद रहे। आपको बता दें कि, उत्तर प्रदेश के रायबरेली में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) ने रविवार को जनपद में हो रही लगातार भीषण बारिश को देखते हुए गौशालाओं के निरीक्षण के निर्देश दिए थे। निर्देश के अनुपालन में सोमवार को महराजगंज एसडीएम सचिन यादव, तहसीलदार मंजुला मिश्रा एवं खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह समेत पशु चिकित्सा अधिकारी ने संयुक्त रूप से विकासखंड महराजगंज क्षेत्र की लगभग आधा दर्जन मऊ, मोन, असनी, हरदोई, कुशमहुरा और कोटवा मोहम्मदाबाद निराश्रित पशु आश्रय केद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। उप जिलाधिकारी सचिन यादव ने बताया कि, निरीक्षण के दौरान भारी वर्षा के मध्येनजर गोवंश स्थलों की साफ सफाई, पानी निकासी की समुचित व्यवस्था, छाया (तिरपल) की व्यवस्था, चारे भूसे की समुचित व्यवस्था एवं रात्रि में केयरटेकर की अनिवार्य रूप से उपस्थित के संदर्भ में हिदायत एवं आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

## सपा का पीडीए का नारा धोखाः विश्व नाथ पाल



अमेठी/गौरीगंज। बहुजन समाज पार्टी के जिला और विधानसभा कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक रिमझिम बारिश और खराब मौसम के बीच सम्पन्न हुई। बैठक को प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल ने बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित किया। बैठक में सपा नेता प्रदीप यादव अपने समर्थकों को साथ समाजवादी पार्टी छोड़ कर बहुजन समाज पार्टी में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी देश की एक मात्र राष्ट्रीय पार्टी है जो भारतीय संविधान की व्यवस्थाओं के अनुरूप शासन व्यवस्था की स्थापना को संघर्षरत है। भाजपा और कांग्रेस की गलत नीतियों के कारण अभी तक देश में सामाजिक और आर्थिक गैर बराबरी दूर नहीं हुई है। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया बहन मायावती जी ने सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की नीति पर चार बार सरकार चलाई और सबसे अच्छी शासन व्यवस्था दी ।बहन जी आज भी गरीबों के दिलों पर राज करती हैं। भाजपा, कांग्रेस और सपा को निशाने पर लिया और कहा कि तीनों पार्टियां संविधान और आरक्षण विरोधी हैं। कांग्रेस ने अपने शासनकाल में भारतीय संविधान को कमजोर किया। भाजपा संविधान को बदलने की साज़िश कर रही है। बहन मायावती जी ने आरक्षण के जनक छत्रपति शाहूजी जी महाराज के नाम पर अमेठी को जिला बनाया। सपा की सरकार में अखिलेश यादव ने जिले को खत्म करने के साथ ठेकेदारी में दलितों को आरक्षण और प्रमोशन में आरक्षण खत्म करने का काम किया ।बैगलाग भर्तियां बंद करने का काम किया। सपा का पी डी ए का नारा पूरी तरह धोखा है। समाजवादी पार्टी के मुखिया यादव के नाम पर अपने परिवार को छोड़ कर कभी किसी को भी चुनाव नहीं लडाया।

# भवं भवानी धाम में किया जलाभिषेक व रुद्राभिषेक



मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। श्रवण मास के चैथे सोमवार को बरसात पर आस्था भारी रही, लगातार बरसात के बावजूद भवं भवानी धाम मे शिव भक्तो का रेला रहा, बडी संख्या मे भक्तो ने मन्दिर पहुंचकर जलाभिषेक व रुद्राभिषेक कर पूजा अर्चना कर पशु प्राणियों के धन-धान्य की मनौती पूरी की।

शनिवार की शाम से क्षेत्र में तीन दिन से रुक रुक कर लगातार बरसात जारी है, सावन के चैथे सोमवार को शिव भक्तों को लगातार बरसात के बाद भी क्षेत्र में स्थापित शिव मंदिर भवं भवानी धाम शिव मूर्ति नगर शाहपुर लपटा परिसर में बड़ी संख्या में भगवान शिव का जलाभिषेक, पूजा, अर्चना कर दर्शन किया। वही महाकालेश्वर व महाकाल द्वादश शिवलिंग पर क्षेत्र के लोगों ने रुद्राभिषेक कर मनौती पूरी की। मंदिर प्रशासक डॉक्टर मुकेश तिवारी ने गर्भ गृह में स्थापित शिवलिंग पर बेलपत्र, दूर्वा, भांग, धतूर गन्ने के रस से धार्मिक अनुष्ठान के साथ रुद्राभिषेक किया। मंदिर में द्वादश ज्योतिलिंग के साथ शिव परिवार का एक साथ दर्शन का लाभ दर्शनार्थियों को मिलने से श्रावण मास में आस्था का जन सैलाब उमडा। मंदिर संस्थापक पंडित जय नारायण तिवारी ने 04:00 बजे भोर में ही जलाभिषेक किया। व्यवस्था में विजय नाथ तिवारी डब्बू मिश्र, विनोद पांडेय, ऋषि मिश्र, प्रमोद मिश्र, आशू मिश्र, द्वारिका प्रसाद द्विवेदी, आदि लगे रहे।

# गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए प्रदेश में महराजगंज तहसील को प्रथम स्थान



महराजगंज रायबरेली। उपजिलाधिकारी सचिन यादव के कुशल निर्देशन व तहसीलदार मंजुला मिश्रा के कुशल नेतृत्व में जनता द्वारा की गई मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने के लिए लगातार प्रदेश में इस बार भी तहसील को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

उपजिलाधिकारी सचिन यादव के निर्देशन में तहसील के कर्मचारियों द्वारा मिले निर्देशों का सतत पालन किया जा रहा है। वहीं उपजिलाधिकारी द्वारा समस्त कर्मचारियों को निर्देशित किया गया था, कि क्षेत्र के किसी भी पीड़ित व्यक्ति द्वारा किए गए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायतों का निस्तारण सही तरीके से सुनिश्चित किया जाए तथा वादकारियों द्वारा किए गए। शिकायतों का फोन कर फीडबैक भी लिया जाए और उनका पक्ष सुना जाए। जिसको गंभीरता से लेते हुए तहसील के कर्मचारियों द्वारा उपजिलाधिकारी के निदेशों का पालन किया गया। जिसका प्रतिफल ये रहा कि महराजगंज तहसील आईजीआरएस के माध्यम से आई शिकायतों के निस्तारण में इस बार भी प्रदेश में अव्वल रही । उपजिलाधिकारी सचिन यादव ने बताया कि सभी अधीनस्थों को समयावधि में शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके निपटारे के निर्देश दिए गए हैं। सभी ने मनोयोग से काम किया है। जिससे तहसील को इस बार भी प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

## उप संभागीय कार्यालय में लाइसेंस कार्यो के पटल का किया गया बदलाव



गौरीगंज, अमेठी। जनपद मुख्यालय गौरीगंज में स्थित एआरटीओ कार्यालय में लगभग छः माह से कहीं एआरटीओ का स्थानांतरण तो कहीं बाबूओं के स्थानांतरण के चलते लाइसेंस व वाहनों का कार्य अधर में लटका पड़ा था लेकिन अब सुचारू रूप से चालू हो गया है। बताते चलें कि एआरटीओ कार्यालय में लाइसेंस सहित सभी वाहनों का फिटनेस, स्थानांतरण पेंटिंग में पड़े थे। एआरटीओ प्रशासन महेंद्र बाबू ने बताया कि कार्यालय परिसर में दलालों के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है कार्यालय में आये अब लोगों को खुद अपना कार्य कराना पड़ेगा। जहां पहले कमरे अन्दर जबरदस्ती घुसकर लोग कार्य कराते थे वही अब सभी कार्य अलग -अलग पटल पर खिड़की से हो रहे हैं। वही विभागीय कार्यो के बारे में वरिष्ठ लिपिक जयप्रकाश बाबू ने कहा कि लाइसेंस बनवाने के लिए लोगों को खुद टेस्ट देना पड़ता है जो भी परीक्षा पास कर लेता है उसका लाइसेंस अप्रूवल होकर डाक के द्वारा घर पहुंच जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि जब से दलालों के प्रवेश होने पर रोक लगी है तब से परिसर में भीड़ नहीं होती है जिससे लोगों को अब अपना कार्य कराना आसान हो गया है सबसे मुख्य बात यह है कि लोगों को खुद से अपना कार्य कराने में थोड़ी समस्या जरूर होती है लेकिन उनका कार्य बेहतर ढंग से हो रहा है और दूसरी बार आने पर कोई समस्या नहीं होगी।

## चार पीएमएस चिकित्सकों को प्राचार्य ने किया रिलीव

सुलतानपुर (वीओएल)। स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर से संबद्ध प्रांतीय चिकित्सा सेवा (पीएमएस) के चार वरिष्ठ चिकित्सकों को सोमवार को रिलीव कर दिया गया। प्राचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव द्वारा जारी आदेश में यह जानकारी दी गई है। रिलीव किए गए चिकित्सकों में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय सोनी, वरिष्ठ निश्चेतक डॉ. निशिकांत गुप्ता, सर्जन डॉ. रमेश, एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश का नाम शामिल है। इस कार्रवाई के बाद मेडिकल कॉलेज समेत चिकित्सा जगत में हलचल मच गई है। कई चिकित्सक इस निर्णय को लेकर हैरान हैं, वहीं कुछ इसे प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा मान रहे हैं। प्राचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव ने बताया कि यह एक सामान्य प्रक्रिया है और इसमें घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि यह कदम विभागीय दिशा-निर्देशों और आवश्यकतानुसार उठाया गया है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि जो चिकित्सक कॉलेज में अपनी सेवाएं जारी रखना चाहते हैं, उन्हें निर्धारित प्रक्रिया के तहत समय दिया जाएगा। इस पूरे घटनाक्रम ने मेडिकल कॉलेज के वातावरण में अस्थिरता जरूर पैदा की है, लेकिन प्रशासन ने स्थिति को सामान्य बनाए रखने की अपील की है। मरीजों के उपचार पर इसका प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

# दिल्ली से आजमगढ़ जा रहा सेब लदा ट्रक पलटा, टला बड़ा हादसा

सुलतानपुर (वीओएल)। सोमवार की सुबह जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर एक सड़क दुर्घटना में बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जब दिल्ली से आजमगढ़ की ओर सेब लादकर जा रही ट्रक पीछे से आ रही एक अन्य आलू लदी ट्रक पीछे से टकरा गई। यह घटना कोतवाली क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के माइलस्टोन किलोमीटर संख्या 133.2 (बायीं ओर) पर घटी।

जानकारी के अनुसार पहली सेब लदी ट्रक को हसीन (उम्र 27 वर्ष), पुत्र छोटे खान, निवासी थाना अकराबाद, जिला अलीगढ़ चला रहे थे, जिनके साथ तौसीब (उम्र 17 वर्ष), पुत्र मोहब्बत अली, निवासी शेरपुर, थाना अनूपशहर, जिला बुलंदशहर मौजूद थे, जिसमें सेब लदा था। जिसके पीछे से आ रही आलू लदी ट्रक को चला रहे चालक का नाम छवि शेख (उम्र 32 वर्ष), पुत्र इश्हाक शेख, निवासी चादड़ा, थाना सूती, जिला मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल है। उनके साथ मुस्तफा (उम्र 25 वर्ष), निवासी देवीपुर, थाना सूती, जिला मुर्शिदाबाद साथ में थे ।जिसमे पीछे से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि आगे चल रही ट्रक डठब्ठ को तोड़ती हुई नीचे चली गई, लेकिन सौभाग्य से इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। दुर्घटना के तुरंत बाद, पीछे की ट्रक को पीली पट्टी के अंदर खड़ा कर सेफ्टी कोन लगाकर सुरक्षित किया गया। मार्ग को तुरंत साफ कर दिया गया और आवागमन सामान्य रूप से सुचारू रूप से जारी कराया गया। सूचना मिलते ही यूपीडा पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंच गई सुरक्षा अधिकारी कपिल देव सिंह यादव घटनास्थल पर पहुंच गए। समय पर कार्रवाई एवं सहयोग से एक बड़ा हादसा टल गया और यातायात व्यवस्था जल्द ही सामान्य कर दी गई।

# तिरंगा अभियान से देश विरोधी ताकतों को दिया करारा जवाब : मीना चौबे

## भाजपा ने जिले में सवा लाख घरों में तिरंगा फहराने का रखा लक्ष्य

सुलतानपुर (वीओएल)। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत ह्यहर घर तिरंगा अभियान को लेकर सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने की, जबकि मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री मीना चैबे रहीं।



मीना चैबे ने कहा कि तिरंगा अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति का जनांदोलन है, जो देशविरोधी ताकतों को करारा जवाब देगा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर विपक्ष के दुष्प्रचार के खिलाफ यह अभियान लोगों को देश के प्रति जागरूक करने का माध्यम बनेगा। उन्होंने अपील की कि लोग अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और उसके साथ सेल्फी लेकर देशभक्ति का संदेश दें। भाजपा ने 13 से 15 अगस्त तक जिले के सवा लाख घरों और प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराने का लक्ष्य रखा है। प्रत्येक विधानसभा में 25 हजार झंडे फहराए जाएंगे। कार्यशाला में बताया गया कि 10 से 12 अगस्त तक मंडलों में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी और 12 से 14 अगस्त के बीच स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाकर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। 14 अगस्त को विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस पर मौन जुलूस व प्रदर्शनी का आयोजन होगा। कार्यशाला का संचालन तिरंगा अभियान के जिला संयोजक विजय त्रिपाठी ने किया। मण्डल की तिरंगा यात्रा में युवा मोर्चा व महिला मोर्चा की प्रमुख भूमिका होगी। इस मौके पर विधायक विनोद सिंह, पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य घनश्याम चैहान, योगेंद्र प्रताप सिंह, संदीप सिंह, विजय सिंह रघुवंशी, चन्दन नारायन सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, आनन्द द्विवेदी, अखिलेश जायसवाल, आशीष सिंह रानू, प्रदीप शुक्ला, मनोज मौर्य, संजय सोमवंशी, राजेश सिंह, जगदीश चैरसिया, श्याम बहादुर पाण्डेय, बबिता तिवारी, रवीन्द्र त्रिपाठी, दिनेश चैरसिया, सुभाष चंद्र, रुपेश सिंह, ब्लाक प्रमुख सुषमा जायसवाल, राजेन्द्र वर्मा, योगेंद्र सिंह, डिंपल सिंह, सर्वेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## लग्जरी गाडी से ले जायी जा रही तीन लाख की शराब पकड़ी

**मथुरा।** कोसीकलां थाना पुलिस और आबकारी टीम की संयुक्त कार्रवाई में लग्जरी गाडी से शराब की तस्करी कर रहा अंतर्राज्जीय शराब तस्कर हत्थे चढा है। उसकी गाडी से शराब के महंगे ब्रांड की 22 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब हरियाणा मार्का, (कीमत लगभग 03 लाख रुपए) एवं अवैध शराब की तस्करी में प्रयुक्त वाहन टाटा सफारी कार बरामद की है। आबकारी विभाग एवं थाना पुलिस को मुखिबर से सूचना मिली कि एक शराब तस्कर हरियाणा से शराब की तस्करी कर आगरा की तरफ लग्जरी कार में आ रहा है। जिसमें लाखों रुपये की अलग-अलग ब्रांड की शराब भरी हुई है।

सूचना पर दोनों टीमों ने कोटवन चैकी पर बरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग शुरू की। तभी दिल्ली से आगरा की तरफहाईवे पर एक टाटा सफारी कार तेज गति से आती दिखाई दी। टीमों ने कार को रुकने का प्रयास किया तो चालक ने गाडी की रफ्तार तेज कर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीमों ने पीछाकर गाडी को चालक सहित पकड लिया।

# डीएम और एसएसपी ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान के कन्ट्रोल रूम सभागार में मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण, नगर निगम, लोक निर्माण, विद्युत, स्वास्थ्य आदि विभागों के अधिकारियों के साथ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव-2025 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में नगर आयुक्त जग प्रवेश एवं अपर नगर

- **विभिन्न विभागों के अधिकारियों संग की बैठक**

आयुक्त सौरभ सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर राजीव कुमार सिंह एवं सीओ सिटी भूषण वर्मा को निर्देश दिये कि श्रीकृष्ण जन्म स्थान के चारों ओर से अतिक्रमण हटाया जाये और इस बात का विशेष ध्यान दिया जाये कि किसी भी व्यापारी का शोषण न हो।जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने नगर आयुक्त को निर्देश दिये कि आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत समस्त नगर निगम क्षेत्र की सफाई करायें और नगर निगम की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराना सुनिश्चित करें। शहर की सजावट करायें और मुख्य चैराहों को भव्य एवं आकर्षक बनाने पर



विशेष जोर दिया जाये। बाहर से आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु जनपद मथुरा के विभिन्न स्थानों से एक अलग पहचान लेकर जाये और उसको एहसास हो कि मथुरा श्रीकृष्ण की सुन्दर नगरी है।

मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के सचिव अरविन्द कुमार द्विवेदी को जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण की जो भी सड़कों पर कार्य प्रगति पर है या अन्य सड़कों में गढढे हो गये हैं, उन सड़कों पर कार्य प्रारम्भ कर शीघ्र ही गुणवत्ता के साथ सड़कों को ठीक कराया जाये और मथुरा शहर से कनेक्ट होने वाली सड़कों के मुख्य द्वारों को सजाया जाये। मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण द्वारा लगाई गई लाइटों को चेक कराकर खराब लाइटों को ठीक / बदलवाया जाये।

लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अजय कुमार को निर्देश दिये कि अन्य राज्यों से आने वाले मार्गों को ठीक कराया जाये, लोक निर्माण विभाग की किसी भी सड़कों में गढढ़ा न रहे, जो भी ठेकेदार सड़कों को ठीक करें, वह यह सुनिश्चित करेगा कि सड़कों को गुणवत्ता के साथ सही करेगा। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विद्युत तारों को टाइट कर उन्हें ऊंचा किया जाये, सभी पोलों एवं ट्रान्सफार्मरों की प्लास्टिक रैपिंग की जाये। विद्युत आपूर्ति हेतु पहले से ही कार्ययोजना तैयार कर विद्युत आपूर्ति 24 घंटे सुनिश्चित की जायें। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव-2025 पर्व के दृष्टिगत एक्स्ट्रा ट्रान्सफार्मरों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्साधिकारी संजीव कुमार को निर्देश दिये कि डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई जाये और पर्याप्त एम्बुलेंसों की व्यवस्था करें। बाइक एम्बलेंसों की भी व्यवस्था करें। दवायें भी उपलब्ध रहें।

बैठक के पश्चात जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर तथा आस पास की गलियों का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा विभिन्न प्रवेश एवं निकास द्वारों पर तैनात सुरक्षाकर्मियों से सतर्क रहने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने दुकानदारों से वार्ता की और अनुरोध करते हुए कहा कि अपनी अपनी दुकानों का सामान दुकान के अन्दर ही रखें। सड़क या फुटपाथ पर कोई भी दुकानदार अपना सामान न रखे बैठक नगर आयुक्त जग प्रवेश, मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के सचिव अरविन्द कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक नगर राजीव कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सुरक्षा राज कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० संजीव कुमार, लोक निर्माण के अधिशासी अभियंता अजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## यशोदा की हत्या उसी के बेटे ने साथियों संग की थी

आगरा। जिले के बलरई थाना क्षेत्र में 28-29 जुलाई की रात खदिया पुल के पास मिली महिला की लाश के मामले का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। मृतका की पहचान आगरा जिले के थाना जैतपुर क्षेत्र के बिठौना गांव निवासी यशोदा देवी के रूप में हुई, जिसकी हत्या उसके अपने ही बेटे कौशल ने अपने साथियों के साथ मिलकर की थी। पुलिस पूछताछ में आरोपी कौशल ने खुलासा किया कि यशोदा उसकी मां थी और उसके पिता संजय शर्मा के जीवित रहते ही उसने पास के गांव के राम निवास से दूसरा विवाह कर लिया था। इस रिश्ते को कौशल सामाजिक कलंक मानता था और वह इसे अपने पिता के अपमान के रूप में देखता था।

कौशल ने पुलिस को बताया कि समाज में इस कारण उसकी भी प्रतिष्ठा खराब हो गई थी और उसकी शादी भी नहीं हो पा रही थी। 28 जुलाई को कौशल अपनी मां को दवा दिलाने के बहाने होंडा साइन बाइक पर बैठाकर खदिया पुल की ओर ले गया।

वहां पहले से मौजूद उसके साथी बाबी निवासी गढ़ी रमपुरा और रजत निवासी कमतरी गोपालपुरा, स्कॉर्पियो गाड़ी के साथ उसका इंतजार कर रहे थे। पुल पर पहुंचते ही यशोदा को गाड़ी में बैठा लिया गया।

## बीएलओ व सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण 6,7 व 8 अगस्त को




**फिरोजाबाद।** बीएलओ व सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण एम0जी0 बालिका विद्यालय में 6,7 व 8 अगस्त को होगा, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने सभाकक्ष में इस ड्यूटी में लगे सभी अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने इस प्रशिक्षण हेतु लगे सभी अधिकारियों के कर्तव्यों को विस्तार से बताया, उन्होंने कहा कि टूंडला और फिरोजाबाद के बी एल ओ और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण 6 अगस्त को जबकि जसराना और शिकोहाबाद के बी एल ओ और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण 7 अगस्त को और सिरसागंज और सभी छूटे हुए बी एल ओ का प्रशिक्षण 8 अगस्त को आयोजित होगा, प्रशिक्षण प्रातः 10 बजे से 12:30 तक और दोपहर के बाद 1 बजे से 3 बजे तक होगा, इसमें कुल 1088 बी एल ओ और 108 पर्यवेक्षक सम्मिलित होंगे, मुख्य विकास अधिकारी ने कठोर शब्दों में कहा कि इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में कोई बी एल ओ या अधिकारी लापरवाही करते हुए पाया गया तो उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई होगी, बैठक में अपर जिला अधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, उप जिलाधिकारी विकल्प, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिवालयों में सुबह से लगी रही जलाभिषेक करने को भक्तों की कतारें

**टूंडला।** सावन के आखिरी सोमवार को शिवालय हर-हर महादेव से गुंजते रहे। मंदिरों में तड़के ही पूजा अर्चना के लिए आस्?था का सैलाब उमड़ पड़ा। लोगों ने पूजन कर सुख और समृद्धि के लिए कामना की। सोमवार को शिवभक?तों में अपार उत?साह देखने को मिला। मंदिर में जल अभिषेक करने के लिए कांवड़ियों व पूजा करने वालों की सुबह से लंबी कतार लग गई। मंदिरों में महादेव का श्रंगार किया गया। मंदिर में बोल बम के जयकारों से समूचा वातावरण शिवमय हो गया। मंदिर परिसर में बज रहे डीजे पर लोग नाच रहे थे। शिव मंदिर में श्रदद्धालुओं ने अपनी मनोकामना के पूरी करने के लिए विधिवत तरीके से जलाभिषेक किया। साथ ही भक?तों ने शिवलिंग पर बेलपत्री, शहद, धतूरा, फूल दूध गंगाजल से भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। शहर के शिवसमाधि मंदिर, रेलवे यज्ञशाला शिवमंदिर, ग्रेनशॉप रेलवे कालोनी स्थित घंटेश?वर शिवमंदिर, एनसीआर कॉलेज निकट शिवमंदिर, अधैत भवन मंदिर में भारी भीड़ रही।

## बाबा पृथ्वीनाथ मेले में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**आगरा।** शाहगंज स्थित बाबा पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर में सावन के चौथे सोमवार को लगने वाले मेले की शुरूआत आज पूर्व संध्या पर पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हो गई। बाबा के दुग्धाभिषेक और रुद्राभिषेक के साथ भक्तों का सैलाब मंदिर परिसर में उमड़ने लगा है। इस दौरान शिवभक्तों के जयकारों से मंदिर और आस-पास का क्षेत्र गूंज उठा। बाबा पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर पर लगने वाले मेले का रविवार को दुग्धाभिषेक कर उद्घाटन करते केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, एमएलसी विजय शिवहरे एवं अन्य। मेले का शुभारंभ केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, एवं विधान परिषद सदस्य विजय शिवहरे द्वारा मंदिर में भोलेनाथ का दुग्घाभिषेक और पूजा के साथ किया गया। पूजा-अर्चना के बाद मंदिर परिसर के बाहर सजावटी दुकानें, झूले, खिलौने, और भोग-प्रसाद की दुकानें लग चुकी हैं, जिससे मेले का रंग पूरी तरह धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण में रंग गया है। सोमवार को यहां पहुंचने वाले शिवभक्तों की संख्या को देखते हुए भोगीपुरा चौराहे से पृथ्वीनाथ फाटक तक के मार्ग पर ट्रैफिक रोका गया है। वहीं जयपुर की ओर से आने वाले वाहनों को पथौली पर ही रोककर डायवर्ट किया जा रहा है, ताकि भक्तों को सुगमता से दर्शन का अवसर मिले और भीड़भाड़ नियंत्रित रह सके। इस अवसर पर मंदिर के महंत अजय राजोरिया, भाजपा महानगर उपाध्यक्ष राहुल सागर, महानगर मंत्री नवीन गौतम, पार्षद गौरव शर्मा, मीडिया प्रभारी रोहित कात्याल, सुनील करमचंदानी, दीपक बघेल, मंडल अध्यक्ष देवेश पचौरी, केके भारद्वाज, मंदिर के अन्य पुजारीगण और बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

# जन्मभूमि पर ठाकुर केशवदेवजी महाराज विराजे कालीघटा में



जिला संवाददाता

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर श्रावण मास की प्रतिपदा से आरंभ हुई विभिन्न घटाओं के कम में सोमवार सायं से रात्रि दस बजे तक श्रीकृष्ण जन्मस्थान (जन्मभूमि) प्रांगण में स्थित ठाकुर श्रीकेशवदेव जी मंदिर में सुप्रसिद्ध काली घटा का भव्य आयोजन किया गया।

श्रीकेशवदेव मंदिर के अन्दर सजी कालीघटा की मनोहारी झाँकी ने भक्तों का मन मोहा, तथा जन्मस्थान प्रांगण का माहौल उत्साहजनक बना दिया। सुप्रसिद्ध कालीघटा के मध्य विराजे ठाकुर श्रीकेशवदेवजी महाराज के श्रीविग्रह की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालु भक्त आतुर दिखाई दिये।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि की इस सुप्रसिद्ध कालीघटा के आयोजन में श्रीकेशवदेव मंदिर के संपूर्ण परिसर को श्याम वस्त्र, लता-पता, पुष्प एवं प्राकृतिक वृक्षावली से अच्छादित किया गया था। इस वर्ष कालीघटा के निर्माण में अधिकतम प्राकृतिक वस्तुओं का प्रयोग किया गया। श्रीकेशवदेव मंदिर एवं प्रवेशद्वार पर भव्य सज्जा कर कालीघटा के दृश्य का निर्माण किया गया। चित्ताकर्षक कालीघटा के चलते भक्तों ने अपलक ठाकुर श्रीकेशवदेव जी महाराज को निहारकर अपने आपको धन्य किया। श्रीकृष्ण जन्मस्थान की सुप्रसिद्ध कालीघटा को देखने के लिए भक्तों की कतारें जन्मस्थान परिसर में एवं प्रवेश द्वारों पर देखी गयीं। यह सिलसिला सायं 4:00 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि में मंदिर के पट बंद होने तक अनवरत चलता रहा।सुप्रसिद्ध कालीघटा के श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर में विराजमान श्रीकेशवदेव मंदिर में प्रवेश करते ही चमकती कड़कती बिजली, गरजते बरसते मेघ, उपवन में नृत्य करते मोर की आवाज, चहचहाते पक्षियों के मध्य उपवन की सज्जा में विराजे ठाकुर श्रीकेशवदेव जी के मनोहारी दर्शन कर स्थानीय भक्तों के साथ-साथ देश-विदेश से पधारने वाले श्रद्धालुओं ने भी अक्षुण्ण पुण्य लाभ प्राप्त किया।

## जिला पंचायत के वार्डों के अनंतिम परिसीमन सूची पर आई 36 आपत्तियां

**मथुरा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए वार्ड परिसीमन की प्रक्रिया के बाद पंचायत विभाग से जिला पंचायत के वार्डों का गलत अनंतिम सूची का का प्रकाशन होने के बाद उस पर आपत्तियां ली जा रही हैं। आज तक जिला पंचायत के वार्डों पर 36 आपत्तियां दर्ज की गई हैं। इस सूची पर पांच अगस्त तक आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तिथि है। उसके बाद कोई आपत्तियां नहीं ली जाएगीं।

जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल ने बताया कि अनंतिम सूची पर अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत कार्यालय पर दावे और आपत्तियां ली जा रही हैं। उन्होंने बताया कि आज तक कुल 36 आपत्तियां जिला पंचायत के विभिन्न वार्डों पर आई हैं। उन्होंने बताया कि इन आपत्तियों का निस्तारण पंचायत राज विभाग द्वारा 8 अगस्त तक कर दिया जाएगा। उसके बाद 10 अगस्त को वार्डों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा।डीपीआरओ ने बताया कि 28 जुलाई को जिला पंचायत की प्रकाशित अनंतिम परिसीमन सूची विद्युत की बार-बार कटौती और कंप्यूटर पर कट पेस्ट करने के कारण त्रुटि हुई।

## भाजपाइयों ने कांबड़ियों का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



**टूंडला।** श्रावण माह के अंतिम दिन सुभाष चौराहे पर आने वाले कावड़ शिव भक्तों एवं श्रद्धालुओं का भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह एवं कार्यकर्ताओ ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि श्रावण मास के अंतिम दिन भगवान शिव के श्रद्धालुओं एवं कावड़ियों का जगह-जगह खान पान से लेकर उनके मान सम्मान तथा उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए है। पुलिस प्रसाशन भी पूरी तरह से अलर्ट है। इस मौके पर डा. शोभित सिंह, नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, शिव शंकर शर्मा, अनन्त प्रताप सिंह, विवेक वर्मा, सोनू कश्यप, विष्णु तिवारी, शशांक प्रताप सिंह, गजराज सिंह, सुनील चौहान, राजीव श्रीवास्तव, गिरवर निषाद, दीपक ठेनुआ, महेंद्र झा, गौरव सिसौदिया, सनी जादौन आदि उपस्थित रहे।

## सीकरी पुलिस की तत्परता ने लौटाया फ्रांसीसी परिवार का विश्वास, कैमरे के साथ लौटीं 15 दिन की यादें



**फतेहपुर सीकरी (आगरा)।** फतेहपुर सीकरी पुलिस ने सतर्कता और तत्परता का परिचय देते हुए फ्रांस से भारत घूमने आए एक पर्यटक परिवार की बेशकीमती यादें उन्हें वापस लौटा दीं। जयपुर से फतेहपुर सीकरी आए इस फ्रांसीसी परिवार का कैमरा टैक्सी में छूट गया था, जिसमें उनके पिछले 15 दिन की यात्राओं की यादगार तस्वीरें कैद थीं। विदेशी परिवार ने बताया कि वे पहली बार भारत आए हैं और पिछले 15 दिनों से जयपुर, दिल्ली और आसपास के पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर रहे थे। जयपुर से फतेहपुर सीकरी तक उन्हें छोड़ने आई टैक्सी में उनका कीमती कैमरा छूट गया। कैमरे में उन्होंने पूरे परिवार के साथ की गई यात्राओं की यादगार झलकियां संजोई थीं। पर्यटक परिवार ने जैसे ही कैमरे के गुम होने की सूचना थाना फतेहपुर सीकरी को दी, थाना प्रभारी और उनकी टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। सीमावर्ती जिलों और टैक्सी एजेंसियों से संपर्क किया गया। सीसीटीवी फुटेज और बुकिंग रसीदों के आधार पर कुछ ही घंटों में टैक्सी और उसके चालक की पहचान कर ली गई। पुलिस की सक्रियता के चलते कुछ ही समय में कैमरा विदेशी पर्यटकों को सौंप दिया गया। कैमरा पाकर फ्रांसीसी पर्यटक भावुक हो गए और उन्होंने फतेहपुर सीकरी पुलिस की ईमानदारी और संवेदनशीलता की खुलकर सराहना की। परिवार ने कहा कि भारत में हमारा यह पहला अनुभव है और इस भरोसेमंद मदद के लिए हम तहेदिल से आभार प्रकट करते हैं।

# नगला खरगा में दूध की जांच रिपोर्ट में पाया गया जहर ही जहर

जिला संवाददाता

**फिरोजाबाद/टूंडला।** पिछले दिनों खाद्य विभाग ने नगला खरगा में अजय विजय नामक दो भाइयों के घर तडके सुबह चार बजे छापा मारकर उन्हें नकली दूध बनाते रंगे हाथों पकडा था। विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए

- **मिलावटखोरों को हो सकता है, आजीवन कारावास,**
- **डीएम के आदेश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के क्षेत्र में किया गया फेरबदल**

कुल 07 खाद्य एवं अन्य अपमिश्रकों के नमूने लिये थे। सूत्रों के हवाले से पता चला है कि कार्यवाही के बाद अपराधी तत्व प्रयोगशालाओं में चक्कर लगाने शुरू हो गये थे, किन्तु जिलाधिकारी रमेश रंजन ने विशेषाधिकार का प्रयोग करते हुए नमूनों की त्वरित गति से नमूना जॉच हेतु आदेश दिये। नमूनों की जॉच सहायक आयुक्त खाद्य आगरा मण्डल आगरा सय्यद शाहनवाज हैदर आबिदी की देखरेख में सम्पन्न हुयी। सभी 07 नमूने अखाद्य एवं मानव स्वास्थ्य के लिये अत्यंत हानिकारक घोषित हो चुके हैं, जिनमें रिफाइन्ड, डिटर्जेन्ट वैक्स कार्बोनेट जैसे पदार्थों की मिलावट की पुष्टि हुयी है। मिलावटखोरों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस सक्रिय है एवं लगातार दबिश दी जारी है लेकिन अभी तक मिलावट में संलिप्त अपराधी अजय एवं विजय की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इससे जहरीले दूध के कारोबार के सप्लाई चैन का खुलासा बाधित हो रहा है। नमूनों की प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दायर करने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गयी है।

सहायक आयुक्त खाद्य ने बताया कि हानिकारक पदार्थों के कारण यदि मुकदमा धारा 59 (2) अथवा 59 (3) में कायम होता है तो मिलावटखोरों को आजीवन कारावास भी सम्भव है। सहायक आयुक्त खाद्य चन्दन पाण्डेय ने कड़ी से कडी सजा दिलाने के लिये तीन सदस्यीय टीम का गठन किया है। चन्दन पाण्डेय ने बताया कि इस प्रकार के अपराध की किसी भी प्रकार से जड से खत्म करने के लिये मुखबिरों की मदद ली जा रही है और उन्हें गुप्त रुप से इनाम भी दिलाया जा रहा है, अपराध के खात्मे तक यह सिलसिला जारी रहेगा।

जिलाधिकारी रमेश रंजन के आदेश से जिले में तैनात खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के क्षेत्र में फेरबदल किया गया है, जिसमें खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार तहसील सदर यशपाल सिंह तहसील शिकोहाबाद, सिरसागंज विनोद वर्मा तहसील जसराना, अरुण कुमार तहसील टूण्डला संदीप कुमार नगर निगम जोन-1 रमेश चन्द्र नगर निगम जोन-2 राहुल शर्मा नगर निगम जोन-3, डा० सूरज कुमार नगर निगम जोन-4 उमेश कुमार नगर पालिका टूण्डला डा अनिल यादव नगर पालिका शिकोहाबाद में क्षेत्र परिवर्तन किया गया है।

## केन्द्रीय जाट आरक्षण के लिए आन्दोलन करेगी जाट महासभा

आगरा । अखिल भारतीय जाट महासभा व जाट समाज समिति देवरीरोड के संयुक्त सम्मेलन में आज केन्द्रीय जाट आरक्षण के लिये जोरदार संघर्ष करने का फैसला लिया गया। रावत पैलेस ग्वालियर रोड पर आहूत सम्मेलन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कप्तान सिंह चाहर ने की व संचालन महामन्त्री वीरेन्द्र सिंह छौंकर ने किया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रताप चौधरी पूर्व विधायक ने कहा कि नौजवानों के भविष्य के लिए केन्द्रीय सेवाओं में आरक्षण जरूरी है। आरक्षण के बिना हमारे युवा सरकारी नौकरियों में पिछड़ते जा रहे हैं। मार्च 2015 में प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जाट समाज से अपने आवास पर आरक्षण बहाली का वायदा किया था लेकिन आज तक पूरा नहीं किया। 10-वर्ष हो गये लेकिन वायदा पूरा नहीं किया इसलिए जाट महासभा प्रदेश व्यापी आन्दोलन करेगी। मण्डल स्तर पर जोरदार हुंकार रैलियों का आयोजन किया जायेगा ।

## अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद उत्तर प्रदेश के युवा जिला अध्यक्ष बने विक्की चौधरी




**फिरोजाबाद।** नगर टूण्डला के ग्राम अलावलपुर के रहने वाले विक्की चौधरी को अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष के द्वारा युवा जिला अध्यक्ष बनाया गया है। जिलाध्यक्ष शरद पौनिया ने बताया कि 03 अगस्त 2025 से आगामी आदेश तक 'अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद-उत्तर प्रदेश में जिला फिरोजाबाद के 'युवा जिला अध्यक्ष' के पद पर विक्की चौधरी को नियुक्त किया गया है। 'अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद' जो कला, साहित्य, संस्कृति, रोजगार सृजन, महिला सशक्तिकरण व गौरवशाली जाट इतिहास को जन-जन एक पहुंचाने के उद्देश्यों को लेकर दुनिया भर में ऐतिहासिक कार्य कर रही हैं। विक्की चौधरी ने दायित्व निर्वहन करते हुए अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद का धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस मौके पर उदय वर्मा प्रदेश सचिव अंतर राष्ट्रीय जाट संसद, जगराज सिंह, पंकज सोलंकी, अंकुर सोलंकी, देव चौधरी, अभी सोलंकी, राजेश चौधरी, विवेक चौधरी, विष्णु चौधरी, मंजीत चौधरी, सौरभ पोनिया, आयुष चौधरी, वीर चौधरी, गोपाल चौधरी, नृपेंद्र राणा, मोनू चौधरी, रोबिन जुरेल, शिवा चौधरी, सचिन सोलंकी, विवेक सोलंकी, आदि मौजूद रहे।

## गांजा तस्कर को पुलिस ने किया अरेस्ट, 350 ग्राम गांजा बरामद



**मथुरा।** मगोर्रा पुलिस ने अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 350 ग्राम गांजा बरामद किया है।मुखबिर की सूचना पर 3 अगस्त 2025 की रात 11:55 बजे मगोर्रा पुलिस टीम ने सौंख गोवर्धन रोड पर हनुमान मंदिर के पास से आरोपी को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान केशपाल (22) पुत्र मदन के रूप में हुई है। वह कोसीकलां थाना क्षेत्र के गिडोह गांव का रहने वाला है।पुलिस के अनुसार, केशपाल के पास से 350 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। इस गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर थाना मगोर्रा में मुकदमा संख्या 221/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। इस कार्रवाई में पुलिस उपाधीक्षक/प्रभारी थाना मगोर्रा अंकुर गौतम, उप-निरीक्षक प्रदीप कुमार, उप-निरीक्षक मकसूद अली, हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार और कांस्टेबल महेन्द्र कुमार शामिल थे। पुलिस इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

# दो थाना क्षेत्रों में बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़

जिला संवाददाता

**आगरा।** आगरा पुलिस कमिश्नरेट में बीती रात दो थाना क्षेत्रों- बरहन और जगदीशपुरा में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। दोनों ही मामलों में बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की, लेकिन जवाबी कार्रवाई में तीन बदमाश गोली लगने से घायल

- **सटर तोड़कर चोरी करने वाले गैंग के दो सदस्यों सहित तीन को लगी गोली**

हो गए। घटनास्थलों से पुलिस ने अवैध हथियार, चोरी के मोबाइल फोन और नकदी बरामद की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई अपराधियों के खिलाफ चल रहे व्यापक अभियान का हिस्सा है और आगे भी इसी सख्ती से बदमाशों का सफाया किया जाएगा। बीती रात थाना



जगदीशपुरा क्षेत्र में बिचपुरी-पथौली नहर पर एसओजी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने शटर तोड़कर चोरी करने वाले एक गिरोह को घेर लिया।

पुलिस द्वारा रोके जाने पर बदमाशों ने गोली चलाई, जिसके जवाब में हुई फायरिंग में दो बदमाश घायल हो गए। दोनों को अस्पताल भेजा गया है। घायल बदमाशों के नाम साजिद और सहबान हैं। इनके कब्जे से चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त एक गाड़ी और अवैध हथियार बरामद किए गए हैं। सहायक पुलिस आयुक्त लोहामंडी ने मौके पर पहुंचकर मुठभेड़ की जानकारी दी और गिरोह के नेटवर्क को लेकर विस्तार से जानकारी साझा की। शुरूआती जांच में यह गिरोह शहर में कई दुकानों और संस्थानों में सेंधमारी की घटनाओं में संलिप्त पाया गया है। ये दोनों बदमाश बीती रात भी गाड़ी लेकर चोरी के इरादे से निकले थे। इन्हें गाड़ी में चोरी का माल भी लेना था। पीछा करते हुए पुलिस ने इन्हें नहर पर घेरा तो दोनों गाड़ी से उतरकर भागते हुए पुलिस पर फायरिंग करने लगे थे। जवाबी फायरिंग में दोनों के पैर में गोली लगी और उन्हें दबोच लिया गया। थाना बरहन क्षेत्र के अंतर्गत अहारन चौकी के कटका पुल के पास बीती रात पुलिस और मोबाइल चोरों के बीच मुठभेड़ हुई। सूचना के आधार पर पुलिस ने दो संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया। इस पर बदमाशों ने पुलिस पर गोली चलाई। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी जबकि उसका साथी भाग गया। पकड़े गए बदमाश की पहचान हाथरस निवासी चरन सिंह पुत्र पातीराम के रूप में हुई है। उसके पास से एक चोरी का मोबाइल, नकदी और अवैध तमंचा बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार छह जून को थाना बरहन में इसके खिलाफ मोबाइल चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था।

## चिंताहरण महादेव में अंतिम सोमवार उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब



**मथुरा।** सावन महीने के चैथे और अंतिम सोमवार पर शिव भक्तों की सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। हर ओर ह्लबोल बमह्ल, ह्लहर-हर महादेवह्ल और ह्लबम बम भोलेह्ल के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

महावन क्षेत्र में यमुना तट पर स्थित ऐतिहासिक चिंता हरण महादेव मंदिर में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालु गंगा जल एवं कांवड़ लेकर मंदिर पहुंचे। भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। लोगों ने शिवलिंग पर दूध, बेलपत्र, चंदन और पुष्प अर्पित कर विशेष पूजा-अर्चना की। कई श्रद्धालु उपवास रखकर भजन-कीर्तन में लीन रहे। कुछ परिवार सामूहिक पूजन करते नजर आए। भक्तों की आस्था से मंदिर प्रांगण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया।

चिंता हरण महादेव मंदिर से जुड़ी एक पौराणिक कथा है। कहा जाता है कि यह वही पावन स्थान है, जहां माता यशोदा की चिंता हरने स्वयं भगवान शिव प्रकट हुए थे। कथा के अनुसार जब श्रीकृष्ण ने यमुना किनारे खेलते समय मिट्टी खा ली थी। यशोदा मां ने उनसे मुंह खोलने को कहा, तब उन्हें श्रीकृष्ण के मुख में सम्पूर्ण ब्रह्मांड के दर्शन हुए। यह दृश्य देख यशोदा मां गहन चिंता में पड़ गईं।

## संक्षेप

### सैमसंग ने की बिग सेलीब्रेशन बिगर स्क्रीन कैंपेन की घोषणा

नई दिल्ली। सैमसंग ने स्वतंत्रता दिवस के जश्न पर बिग सेलीब्रेशन, बिगर स्क्रीन कैंपेन की घोषणा की है। यह कैम्पेन 1 से 31 अगस्त, 2025 तक चलेगा और देशभर के रिटेल स्टोर्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध रहेगा। इस दौरान ग्राहक सैमसंग के विजन एआई से लैस बिग टीवी पर आकर्षक ऑफर्स के साथ अपने होम एंटरटेनमेंट का स्तर अपग्रेड कर सकेंगे। सैमसंग का यह एडवांस विजन एआई टीवी पिक्चर, साउंड और कंटेंट को यूजर की पसंद के अनुसार खुद-ब-खुद ऑप्टिमाइज कर एक रिफाइंड और इमर्सिव होम एन्टरटेनमेंट एक्सपीरियंस देता है। पिछले कुछ वर्षों में सैमसंग ने त्योहारी खरीदारी को ग्राहकों के लिए अधिक लाभकारी बनाने में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है। कंपनी ने इस बार अपने 55 इंच और उससे बड़े नियो क्यूएलईडी, ओएलईडी, क्यूएलईडी और क्रिस्टल 4के यूएचडी टीवी मॉडल्स पर जबरदस्त ऑफर पेश किये हैं।

### हीरो मोटोकॉर्प ने 21 फीसद की वार्षिक वृद्धि हासिल की

नई दिल्ली। हीरो मोटोकॉर्प ने जुलाई 2025 में 449,755 यूनिट्स डिस्पैच कीं, जो जुलाई 2024 के370,274 यूनिट्स की तुलना में 21% ज्यादा है। हीरो मोटोकॉर्प ने जुलाई 2025 में 339,827 से अधिक वाहन* रिटेल पंजीकरण दर्ज किए, जो शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बाजार के रुझानों के अनुरूप है। रिटेल गतिविधि स्थिर रही, और आगामी त्योहारी सीजन के साथ, आने वाले महीनों में वॉल्यूम बढ़ने की उम्मीद है। 1 अगस्त, 2025 तक वाहन से डेटा, तेलंगाना को छोड़कर। महीने के दौरान, कंपनी ने प्रमुख सेगमेंट्स में अपनी उपस्थिति को मजबूत किया। नई डिजाइन, सेगमेंट में अग्रणी फीचर्स और बेहतरीन ईंधन दक्षता के साथ, यह मॉडल एंट्री-लेवल के मोटरसाइकिल सेगमेंट को बड़ी संख्या में ग्राहकों के लिए और आकर्षक बनाता है। हीरो मोटोकॉर्प ने जुलाई 2025 में एक प्रमुख उपलब्धि हासिल की, जिसमें 11,226 यूनिट्स डिस्पैच और 10,489 वाहनपंजीकरण के साथ अब तक का सबसे अधिक मासिक प्रदर्शन दर्ज किया गया। कंपनी ने अपनी ईवी वाहन बाजार हिस्सेदारी को साल-दर-साल दोगुना कर 10.2% तक पहुंचाया।

### हिमालया वेलनेस ने फेस वॉश को दिया एक नया रुप

नई दिल्ली। हिमालया वेलनेस ने पिंपल केयर के नियमों को नए सिरे से परिभाषित किया है। 25 वर्षों से देश में पिंपल-प्रोन स्किन के लिए सबसे पसंदीदा समाधान बने रहने के बाद प्रतिष्ठित हिमालया प्यूरीफाइंग नीम फेस वॉश अब पुनः तैयार है, नए रूप में, और पिंपल्स की समस्या से निजात दिलाने के लिए तैयार है। अब 5-पार्ट्स ऑफ नीम फॉर्म्युलेशन के साथ उन्नत ब्रांड का प्रमुख फेस वॉश त्वचा की देखभाल की सबसे निराशाजनक चुनौतियों में से एक से निपटने के लिए एक साहसिक कदम आगे बढ़ाता है, बार-बार होने वाले पिंपल्स।

### 21 मेधावी विद्यार्थी स्वर्ण पदक से सम्मानित

हैदराबाद। महिन्द्रा युनिवर्सिटी ने आज बहादुरपल्ली, हैदराबाद में अपने कैंपस में चौथा वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन प्रबंधन, इंजीनियरिंग, विधि और शिक्षा स्कूलों के 943 विद्यार्थियों और 13 पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वाले विद्वानों के लिए एक ऐतिहासिक आयोजन रहा जहां जिसमें उनके माता-पिता, शिक्षक और अतिथि उपस्थित थे। आज आपके सपनों और आकांक्षाओं के लिए एक नई शुरूआत है। जैसे ही आप इस दुनिया में कदम रखेंगे आपको सहयोगात्मक होने, दूसरों से सीखने, समुदायों और ऐसे कार्य स्थलों का निर्माण करने की जरूरत है जो बाधाओं को तोड़े और नवप्रवर्तन को गति दे। आज की दुनिया में वृद्धि और प्रभाव पैदा करने के लिए सीखना आवश्यक है।

### फैबइंडिया ने लॉन्च किया रक्षाबंधन 2025 कलेक्शन



बंगलुरु। फैबइंडिया ने रक्षाबंधन 2025 के अवसर पर अपना नया फेस्टिव कलेक्शन लॉन्च कर दिया है। यह खास कलेक्शन पारंपरिक भारतीय कारीगरी और आधुनिक डिजाइन सौंदर्य का सुंदर संगम है। कपड़े और होम एंड लाइफस्टाइल श्रेणियों में उपलब्ध यह कलेक्शन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को कोमलता, प्रेम और गरिमा के साथ दर्शाता है। इस वर्ष का कलेक्शन एक आकर्षक गुलाबी रंग-पैलेट पर आधारित है, जिसमें हल्का गुलाबी, गहरा गुलाबी और फ्यूशिया जैसे जीवंत रंग शामिल हैं।

# सेंसेक्स में 419 अंकों की उछाल



मुंबई। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच धातु, जिंस एवं वाहन शेयरों में तेजी रहने से सोमवार को बीएसई सेंसेक्स लगभग 419 अंक बढ़कर 81,000 के स्तर के ऊपर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 157 अंकों की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 418.81 अंक यानी 0.52 प्रतिशत बढ़कर 81,018.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 493.28 अंक चढ़कर 81,093.19 अंक तक पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 157.40 अंक यानी 0.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,722.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 24,734.65 के उच्च स्तर तक चला गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से टाटा स्टील में सर्वाधिक 4.31 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इसके अलावा बीईएल, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में भी तेजी रही। हालांकि पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में गिरावट रही। घरेलू शेयर बाजार में धातु और वाहन क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन के कारण तेजी आई। अमेरिकी डॉलर में कमजोर रुख के साथ वाहनों की मासिक बिक्री के अच्छे आंकड़ों और प्रमुख वाहन कंपनियों के उत्साहजनक तिमाही नतीजों ने इन क्षेत्रों में निवेशकों की रुचि को फिर जगाया। पहली तिमाही के नतीजों से संकेत मिलता है कि खपत पर आधारित कंपनियों को बिक्री में तेजी से फायदा हो रहा है। अमेरिका में बढ़ती बेरोजगारी और रोजगार सृजन की धीमी गति से फेडरल रिजर्व की तरफ से दर कटौती की संभावना बढ़ी है। हालांकि उच्च अमेरिकी शुल्क के कारण अब भी सावधानी बरतने की गुंजाइश है। छोटी कंपनियों के सूचकांक बीएसई स्मालकैप में 0.76 प्रतिशत की तेजी रही जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 1.11 प्रतिशत की बढ़त देखी गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में से धातु खंड में सर्वाधिक 2.58 प्रतिशत की तेजी रही जबकि रियल्टी खंड में 1.88 प्रतिशत, जिंस खंड में 1.74 प्रतिशत और वाहन खंड में 1.54 प्रतिशत की बढ़त रही। मिलेजुले संकेतों के बीच नए कारोबारी सप्ताह की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। स्मालकैप और मिडकैप खंड में भी मजबूती रही। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कंपोजिट सकारात्मक दायरे में बंद हुए जबकि जापान का निक्की सूचकांक गिरावट में रहा।

# अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 52 पैसे लुढ़ककर 87.70 पर बंद



मुंबई। विदेशी कोषों की लगातार निकासी और व्यापार शुल्क से जुड़ी अनिश्चितताओं के कारण निवेशकों की कारोबारी धारणा प्रभावित होने से सोमवार को अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 52 पैसे लुढ़ककर 87.70 (अस्थायी) पर आ गया।

विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से लगाए गए उच्च सीमा शुल्कों ने वैश्विक व्यापार परिदृश्य में व्यापक व्यवधान को लेकर नई चिंताएं पैदा कर दी हैं। तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) की तरफ से डॉलर की मांग आने से कारोबार के दौरान रुपये में गिरावट आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 87.21 पर खुला। बाद में रुपया 87.70 के निचले स्तर तक गया। कारोबारी सत्र के अंत में रुपया 87.70 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 52 पैसे की बड़ी गिरावट है। शुक्रवार को रुपया 47 पैसे बढ़कर 87.18 पर बंद हुआ था। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी के बीच हमारा अनुमान है कि रुपया कमज़ोर रहेगा। हालांकि, अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को लेकर चर्चा के बीच अमेरिकी डॉलर में कमजोरी से रुपये को निचले स्तरों पर समर्थन मिल सकता है। उन्होंने कहा कि व्यापारी अमेरिका से आने वाले कारखाना ऑर्डर के आंकड़ों से संकेत ले सकते हैं। इसी सप्ताह रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति के फैसले से पहले निवेशक सतर्क रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि डॉलर-रुपये का हाजिर भाव 87.40 से 88 के बीच रहने की उम्मीद है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली ब्याज दर निर्धारण समिति ने सोमवार को अगली द्विमासिक मौद्रिक नीति पर निर्णय लेने के लिए तीन दिवसीय विचार-विमर्श शुरू किया। छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) बुधवार को अगली द्विमासिक नीति दर की घोषणा करेगी। दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.37 प्रतिशत घटकर 98.77 रह गया।

# कोल इंडिया का 90 करोड़ टन आपूर्ति का महत्वाकांक्षी लक्ष्य

कोलकाता। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने और आयात पर निर्भरता कम करने की रणनीति के तहत चालू वित्त वर्ष के लिए 90.02 करोड़ टन का महत्वाकांक्षी आपूर्ति लक्ष्य निर्धारित किया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 18 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्शाता है।

देश की सबसे बड़ी कोयला कंपनी की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में पेश परिदृश्य के मुताबिक, कुल कोयला प्रेषण का करीब 74 प्रतिशत अकेले बिजली क्षेत्र में ही इस्तेमाल होने का अनुमान है। यह देश भर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में सीआईएल की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। सीआईएल ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बिजली क्षेत्र से अनुमानित मांग 66.81 करोड़ टन है। कंपनी का लक्ष्य बिजली और गैर-विनियमित उपभोक्ताओं की सभी जरूरतों को पूरा करने के साथ आयातित कोयले का विकल्प भी चुनना है। कंपनी ने कहा कि सीआईएल का वृद्धि खाका सरकार के हर घर में 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य के अनुरूप है। इसके लिए 2028-29 तक उत्पादन को एक अरब टन तक बढ़ाने की योजना है। कंपनी रणनीतिक विविधीकरण और परिसंपत्तियों के मौद्रीकरण के जरिये अपने कारोबार को भविष्य के लिए सुरक्षित बनाने के प्रयासों को तेज कर रही है।

# आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक शुरू



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सोमवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा के लिए विचार-विमर्श शुरू किया।

छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक तीन दिन चलेगी। बुधवार (छह अगस्त) को द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा की जाएगी। आरबीआई ने फरवरी में नीतिगत दरों को घटाना शुरू किया था और तब से तीन बार में अल्पकालिक उधारी दर (रेपो) में एक प्रतिशत की कमी हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि रिजर्व बैंक इस बार यथास्थिति बनाए रख सकता है। सात अगस्त से भारतीय आयातों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की अमेरिका की घोषणा के बाद केंद्रीय बैंक और अधिक व्यापक आंकड़ों का इंतजार करना चाहेगा। हालांकि, उद्योग जगत के कुछ लोगों को ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत कटौती की उम्मीद जताई। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि मौद्रिक नीति जून में कम मुद्रास्फीति और 25 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क लगाने के हाल के घटनाक्रमों पर आधारित नहीं होगी। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि हालिया मुद्रास्फीति के आंकड़े इस साल की दूसरी छमाही में नरमी के संकेत दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के शुल्क लगाने से जीडीपी वृद्धि के लिए नकारात्मक जोखिम पैदा होगा, और इस कारण निश्चित रूप से रुपये में अस्थिरता पैदा होगी। अगस्त में ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत कटौती की उम्मीद जताई। हालांकि कहा कि यह मौजूदा चक्र की अंतिम कटौती होगी।

# आर्थिक वृद्धि से तमिलनाडु की काया बदली : स्टालिन

थूथुकुडी (तमिलनाडु)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने और रोजगार सृजन की दिशा में व्यवस्थित रूप से काम कर रही है ताकि आर्थिक प्रगति के माध्यम से राज्य में बदलाव लाया जा सके।

उन्होंने दावा किया कि सरकार द्वारा उठाए गए अनेक कदमों से यह सुनिश्चित हुआ है कि राज्य के औद्योगिक रूप से पिछड़े दक्षिणी जिले सुसज्जित हो सकें और राज्य के अन्य भागों में औद्योगिक विकास के साथ तालमेल बैठा सकें। मुख्यमंत्री ने यहां तमिलनाडु राइजिंग निवेशक सम्मेलन में कहा कि हम सेमीकंडक्टर विनिर्माण, इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण, सौर सेल, हरित हाइड्रोजन उत्पादन और सूचना डेटा केंद्र जैसे सभी क्षेत्रों में प्रगति पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। स्टालिन ने कहा कि उच्च वेतन वाली नौकरियां प्रदान करने वाले इन क्षेत्रों के माध्यम से तमिलनाडु की आर्थिक वृद्धि और उत्पादन माहौल में बदलाव सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अविकसित जिलों में बड़ी संख्या में रोजगार प्रदान करने वाले कारखाने स्थापित करके, उस क्षेत्र के लोगों की प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होगी। पिछले चार वर्ष में सरकार के अथक प्रयासों से 10.30 लाख रुपये के निवेश और 32.945 लाख रोजगार क्षमता वाली 898 परियोजनाएं आकर्षित करने में मदद मिली है।

# ट्रंप शुल्क से तीस प्रतिशत घट सकता है भारत का अमेरिका को निर्यात

## अमेरिका की नयी शुल्क व्यवस्था में दवा, ऊर्जा उत्पाद, महत्वपूर्ण खनिज और सेमीकंडक्टर शामिल नहीं



नयी दिल्ली। शोध संस्थान जीटीआरआई ने सोमवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के कारण चालू वित्त वर्ष में भारत का अमेरिका को निर्यात 30 प्रतिशत घटकर 60.6 अरब डॉलर रह सकता है।

निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जीटीआरआई ने सरकार को ब्याज समानीकरण योजना को पुनर्जीवित करने, एक हेल्पडेस्क बनाने, व्यापार समझौतों का रणनीतिक उपयोग करने और नए निर्यातकों को शामिल करने का सुझाव दिया। अमेरिका द्वारा भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत शुल्क चीन के बाद सबसे अधिक है। अमेरिका ने चीन पर 30 प्रतिशत, वियतनाम पर 20 प्रतिशत, बांग्लादेश पर 18 प्रतिशत, इंडोनेशिया, मलेशिया और फिलीपींस पर 19 प्रतिशत, तथा जापान और दक्षिण कोरिया पर 15 प्रतिशत शुल्क लगाया है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार कुछ अपवादों को छोड़कर शुल्क से ज्यादातर क्षेत्रों में भारतीय निर्यात को नुकसान होगा। अमेरिका की नयी शुल्क व्यवस्था में दवा, ऊर्जा उत्पाद, महत्वपूर्ण खनिज और सेमीकंडक्टर शामिल नहीं हैं। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय वस्तुओं पर दबाव है। इसके चलते अमेरिका को भारत का निर्यात लगभग 30 प्रतिशत घटकर वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग 60.6 अरब अमेरिकी डॉलर रह सकता है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत से अमेरिका को निर्यात 86.5 अरब अमेरिकी डॉलर था। जीटीआरआई का अनुमान है कि भारत का परिधान निर्यात सबसे बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों में एक होगा। इसके अलावा झींगा निर्यात, आभूषण निर्यात और धातु निर्यात को भी नुकसान होगा।

# बोइंग कंपनी के लड़ाकू विमान बनाने वाले कर्मचारियों की हड़ताल पर जाने की तैयारी



न्यूयॉर्क। बोइंग के लड़ाकू विमान बनाने वाले कर्मचारी सोमवार को केंद्रीय मानक समय के अनुसार मध्य रात्रि में हड़ताल पर जाने की योजना बना रहे हैं। सेंट लुईस, सेंट चार्ल्स, मिसौरी और मैस्काउटा (इलिनोइस) स्थित बोइंग संयंत्रों में कार्यरत करीब 3,200 कर्मचारियों ने बोइंग के साथ संशोधित चार-वर्षीय श्रम समझौते को अस्वीकार करने के लिए मतदान किया। आईएएम डिस्ट्रिक्ट 837 के सदस्य ऐसे विमान और रक्षा प्रणालियां बनाते हैं जो हमारे देश को सुरक्षित रखती हैं। वे ऐसे अनुबंध के हकदार हैं जो उनके परिवारों को सुरक्षित रखे और उनकी बेजोड़ विशेषज्ञता को मान्यता दे। यह मतदान पिछले सप्ताह सदस्यों द्वारा संकटग्रस्त कंपनी के पूर्व प्रस्ताव को अस्वीकार करने के बाद हुआ, जिसमें चार वर्ष में 20 प्रतिशत वेतन वृद्धि का प्रस्ताव था। यूनियन के नेताओं ने उस समय इस प्रस्ताव को मंजूरी देने की सिफारिश की थी और इसे एक ऐतिहासिक समझौता करार दिया था।

### बीओबी ने किया 120 गांवों में कृषि ऋण वितरण का आयोजन

लखनऊ। वित्तीय सेवा विभाग, भारत सरकार के निदेशानुसार बैंक ऑफ इंडिया, लखनऊ अंचल द्वारा 4 अगस्त से 11 अगस्त 2025 तक लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी जिले के चयनित 120 गांवों में विशेष शिविर लगेंगे। इन गांवों में रीकेवाईसी एवं सामाजिक सुरक्षा संतृप्त अभियान चलाकर ग्राहकों को जागरूक किया जाएगा। इनमें जनधन, पीएमएसबीवाइ, पीएमजेजेबीवाइ व एपीवाइ में पंजीकरण, री-केवाइसी, नॉमिनी अपडेट सहित अन्य बैंकिंग सेवाएं प्रदान की जायेंगी। साथ ही डिजिटल लेन-देन, साइबर सुरक्षा एवं वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूक किया जायेगा।

## पेज एक का शेष

### पाक से सम्पर्क

के अलावा अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कई पाकिस्तानी व्यक्तियो के संपर्क में था। वह एक इंस्टाग्राम आईडी जिसका प्रयोगकर्ता डा उसामा माज शेख से जुड़ा था, जिसे वह अपना सीनियर व मेन्टोर मानता था। डा उसामा से उसकी इंस्टाग्राम व सिगनल ऐप के माध्यम से भारत-विरोधी बातें होती थी तथा भारत की चुनी हुई सरकार गिराकार शरिया लागू करने की बात की जाती थी।

### भारत विरोधी

गजवा-ए- हिन्द करके शरिया का कानून लागू करना चाहते थे। ये दोनों मुस्लिम नव युवको को गैर मुस्लिमों के प्रति भड़का कर उनमें रोष पैदा करते थे तथा उनको भारत विरोधी, आपराधिक गतिविधियों के लि प्रेरित करते थे।

### रक्षाबंधन पर

मिलेगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हैंडल से एक पोस्ट भी साझा किया गया है। इसमें कहा गया है, रक्षा बंधन के अवसर पर आगामी 8 अगस्त की सुबह 6 बजे से 10 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक की बसों व नगरीय बस सेवा की बसों में माताओं-बहनों के लिए निःशुल्क यात्रा की व्यवस्था रहेगी। नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में बसें चलाई जाएं। नगरीय क्षेत्रों में कहीं भी जाम की स्थिति न होने पाए। राज्य मार्गों व अन्य मार्गों में पेट्रोलिंग की जाए।

### मालेगांव विस्फोट

प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की और संबंधित विभागों को समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण कार्यान्वयन के निर्देश दिए। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत विकास कार्यों में प्रखंड मुख्यालयों तक संपर्क, धार्मिक स्थलों तक पहुंच मार्ग, सिंचाई अवसंरचना जैसे कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल थीं। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे अपने क्षेत्र में प्रस्तावित कार्यों की सतत निगरानी करें और स्थानीय जनभावनाओं के अनुरूप योजनाओं को आकार देने में सक्रिय भूमिका निभाएं। बयान के अनुसार बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने सहारनपुर के गंगोह मार्ग पर स्थित प्रमुख धार्मिक स्थल बाबा जाहरवीर गोगा म्हाड़ी के दर्शन किए। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिसर में नवनिर्मित अमृत सरोवर का उद्घाटन किया।

### परिषदीय विद्यालयों

जनपदों में जिलाधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) की अगुवाई में विशेष टीम गठित कर फिजिकल वेरिफिकेशन कराया जाए। स्कूल भवन की मजबूती, पेयजल, शौचालय, विद्युत, फर्नीचर, दीवारों की रंगाई-पुताई, रैम्प की सुविधा और बच्चों के बैठने की व्यवस्था जैसे सभी बिंदुओं की गहन समीक्षा की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जिन विद्यालयों के भवन पूर्ण रूप से जर्जर हो चुके हैं, वहां बच्चों को तत्काल अस्थायी स्थानों पर स्थानांतरित किया जाए और मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण कार्य यथाशीघ्र शुरू कराया जाए। इस कार्य के लिए विभागीय बजट के साथ-साथ सीएसआर फंडिंग का उपयोग करते हुए चरणबद्ध कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि माननीय सांसदों, विधायकों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर उन्हें भी इस अभियान में सहभागी बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन कायाकल्प की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पूर्व प्रदेश के केवल 36% स्कूलों में बुनियादी ढांचे की व्यवस्था थी और मात्र 7500 स्कूलों में पुस्तकालय थे। बालिकाओं के लिए शौचालय की सुविधा 33.9% विद्यालयों में ही उपलब्ध थी। डिजिटल शिक्षा, स्मार्ट क्लास, यूनिफॉर्म, जूते-मोजे और पुस्तक वितरण जैसी व्यवस्थाएं बेहद कमजोर थीं। उन्होंने शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत प्रदेश में हुए नामांकन का जिक्र करते हुए कहा कि वर्ष 2016-2017 में मात्र 10784 बच्चों का नामांकन हुआ था, वहीं 2024-2025 में 4.58 लाख बच्चों का नामांकन हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत आठ वर्षों में प्रदेश सरकार ने परिषदीय विद्यालयों को बुनियादी सुविधाओं से लैस करने हेतु व्यापक सुधार किए हैं। वर्तमान में ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत 19 पैरामीटर पर 96% कार्य पूर्ण हो चुके हैं। प्रदेश के 1,32,678 विद्यालयों में पुस्तकालय संचालित हैं, जहां न्यूनतम 500 पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

### पहलगाम

पंजीकरण प्राधिकरण के बायोमेट्रिक रिकॉर्ड, मतदाता पहचान पर्चियां और डिजिटल सैटेलाइट फोन डेटा (कॉल लॉग और जीपीएस वेपॉइंट्स) जैसे पुख्ता सबूत एकत्र किए हैं, जिससे इस बात की पुष्टि होती है कि वे तीनों आतंकवादी पाकिस्तान के नागरिक थे। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ के बाद बरामद किए गए हथियारों संबंधी जांच और हिरासत में लिए गए कश्मीर के दो युवकों से की गई पूछताछ के आधार पर पता चला कि पहलगाम हमले में ये आतंकवादी शामिल थे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, पहली बार हमें पाकिस्तानी सरकार द्वारा जारी दस्तावेज मिले हैं, जिनसे पहलगाम हमलावरों की राष्ट्रीयता पर कोई संदेह नहीं बचा है। अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन महादेव के दौरान और उसके बाद एकत्र किए गए फोरेंसिक, दस्तावेज और साक्ष्यों से यह स्पष्ट रूप से पता चला कि तीनों हमलावर पाकिस्तानी नागरिक थे और लश्कर-ए-तैयबा के वरिष्ठ सदस्य थे। ये तीनों हमले के दिन से ही दाचीगाम-हरवान वन क्षेत्र में छिपे हुए थे। उन्होंने बताया कि पहलगाम हमले में कश्मीर का कोई भी व्यक्ति शामिल नहीं था।

### पूर्व मुख्यमंत्री

विभिन्न नेताओं ने उनके निधन पर शोक जताया है। झामुमो ने बताया कि शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर शाम साढ़े पांच बजे दिल्ली से रांची लाया जाएगा। पार्टी ने बताया कि उनका पार्थिव शरीर मंगलवार को रामगढ़ जिले में उनके पैतृक गांव ले जाया जाएगा और वहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री के सम्मान में झारखंड विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने कहा दिशोम गुरु शिबू सोरेन आज स्वर्ग सिधार गए... उनका निधन न केवल झारखंड के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है... वह गरीबों के लिए अपनी लड़ाई के लिए जाने जाते थे...। झारखंड विधानसभा का पांच दिवसीय मानसून सत्र एक अगस्त से शुरू हुआ था। झारखंड सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के सम्मान में तीन दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सरकार ने इस अवधि के दौरान अपने सभी निर्धारित कार्यक्रम भी रद्द कर दिए हैं। राज्य सरकार के सभी कार्यालय चार और पांच अगस्त को बंद रहेंगे। शिबू सोरेन का सर गंगा राम अस्पताल के नेफ्रोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. ए. के. भल्ला की निगरानी में 19 जून से उपचार किया जा रहा था। डॉ. भल्ला ने बताया कि शिबू सोरेन को सुबह आठ बजकर 56 मिनट पर मृत घोषित कर दिया गया। डॉक्टर ने कहा, वह गुर्दे की बीमारियों से पीड़ित थे और उन्हें डेढ़ महीने पहले दौरा भी पड़ा था। वह पिछले एक महीने से जीवन रक्षक प्रणाली पर थे। अस्पताल ने एक बयान में कहा, हमारी बहु-विषयक चिकित्सा टीम के अथक प्रयासों के बावजूद, शिबू सोरेन का चार अगस्त, 2025 को निधन हो गया। उनके अंतिम सांस लेने के दौरान उनका परिवार उनके पास मौजूद था। शिबू सोरेन पिछले 38 वर्षों से झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता थे और पार्टी के संस्थापक संरक्षक भी थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिबू सोरेन के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि उनका निधन सामाजिक न्याय के क्षेत्र में एक बड़ी क्षति है। मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, श्री शिबू सोरेन जी का निधन सामाजिक न्याय के क्षेत्र में एक बड़ी क्षति है। उन्होंने आदिवासी पहचान और झारखंड राज्य के गठन के लिए संघर्ष किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि शिबू सोरेन जनजातीय समुदायों, गरीबों और वंचितों को सशक्त बनाने को लेकर प्रतिबद्ध थे।

### सेना के खिलाफ

कब्जा कर ली है? क्या आप वहां थे? क्या आपके पास कोई विश्वसनीय जानकारी है? पीठ ने पूछा, बिना किसी सबूत के आप ये बयान क्यों दे रहे हैं? अगर आप सच्चे भारतीय हैं, तो आप ऐसी बात नहीं कहेंगे। गांधी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि अगर विपक्ष के नेता मुद्दे नहीं उठा सकते, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति होगी। उन्होंने दलील देते हुए कहा, अगर वह प्रेस में छपी ये बातें नहीं कह सकते, तो वह विपक्ष के नेता नहीं हो सकते। पीठ की सच्चे भारतीय टिप्पणी पर सिंघवी ने कहा, यह भी संभव है कि एक सच्चा भारतीय कहे कि हमारे 20 भारतीय सैनिकों को पीटा गया और मार डाला गया। यह भी चिंता का विषय है। इस पर शीर्ष अदालत ने कहा, जब सीमा पार संघर्ष होता है, तो क्या दोनों पक्षों में हताहत होना असामान्य बात है? सिंघवी ने कहा कि गांधी केवल उचित खुलासे और सूचना के दमन पर चिंता जताने की बात कर रहे थे। न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि विपक्ष के एक जिम्मेदार नेता होने के नाते गांधी को ऐसा नहीं कहना चाहिए था क्योंकि ऐसे सवाल उठाने के लिए एक उचित मंच मौजूद है। सिंघवी ने इस बात से सहमति जताई कि गांधी इस मामले में बेहतर तरीके से टिप्पणी कर सकते थे। उन्होंने कहा कि यह शिकायत याचिकाकर्ता को परेशान करने के प्रयास के अलावा और कुछ नहीं है। सिंघवी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 223 का हवाला दिया और कहा कि अदालत द्वारा आपराधिक शिकायत का संज्ञान लेने से पहले अभियुक्त की पूर्व सुनवाई अनिवार्य है, जो वर्तमान मामले में नहीं की गई। इसके बाद शीर्ष अदालत ने याचिका पर नोटिस जारी करते हुए तीन सप्ताह में जवाब मांगा और लखनऊ अधीनस्थ अदालत में कार्यवाही पर रोक लगा दी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 29 मई को गांधी की याचिका खारिज कर दी थी। गांधी ने समन आदेश और शिकायत को यह कहते हुए चुनौती दी थी कि यह दुर्भावना से प्रेरित था। यहां की एक अदालत में दायर अपनी याचिका में शिकायतकर्ता उदय शंकर श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि दिसंबर 2022 की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान गांधी ने चीन के साथ सीमा गतिरोध के संदर्भ में भारतीय सेना के बारे में कई अपमानजनक टिप्पणियां कीं।

### सशक्त बहना

जानकारी दी कि 49 ग्रोथ सेंटरों की स्थापना की जा चुकी है, जो महिला उत्पादों की प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और विपणन (मार्केटिंग) के लिए अत्याधुनिक ढांचे के साथ काम कर रहे हैं। यह पहल महिलाओं के स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह आज न केवल रोजगार सृजन में योगदान दे रही हैं, बल्कि प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त और स्थिर आधार भी प्रदान कर रही हैं। महिलाओं की मेहनत और जज्बे ने यह सिद्ध कर दिया है कि अगर उन्हें अवसर और संसाधन मिलें, तो वे परिवर्तन की धुरी बन सकती हैं। कार्यक्रम में विधायक मुन्ना सिंह चौहान, ग्राम्य विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और प्रदेशभर से आईं उद्यमी महिलाएं उपस्थित रहीं।

### प्रदेश के

ओर से बाढ़ प्रभावित इलाकों में पीड़ितों के साथ मवेशियों की सुरक्षा और उनके खाने-पीने का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। अब तक मवेशियों के लिए 2,234 कुंटल भूसा वितरित जा चुका है। इसके अलावा 1,57,168 क्लोरीन टेबलेट और 1,21,476 ओआरएस पैकेट भी वितरित किए जा चुके हैं ताकि जलजनित बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सके। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कुल 924 बाढ़ शरणालय सक्रिय हैं, जहां 18,772 लोग अस्थायी रूप से निवास कर रहे हैं।




# सिराज की जादुई गेंदबाजी से भारत ने इंग्लैंड को हराया

## क्रिकेट प्रेमी वर्षों तक याद रखेंगे सिराज का योगदान, छह रन से हारे इंग्लैंड के खिलाड़ी

एजेंसी

लंदन। मोहम्मद सिराज की करिश्माई गेंदबाजी की बदौलत भारत ने सोमवार को यहां पांचवें और अंतिम टेस्ट में जोरदार वापसी करते हुए इंग्लैंड को बेहद रोमांचक मुकाबले में छह रन से हराकर श्रृंखला बराबर कर ली जिससे हाल के दिनों की सबसे कड़ी और नाटकीय श्रृंखला में से एक का शानदार अंत हुआ। इंग्लैंड को आखिरी दिन सिर्फ 35 रन चाहिये थे और भारत को लेने थे चार विकेट। कइयों को भरोसा नहीं था कि भारतीय टीम इस मुकाम से मैच जीत लेगी लेकिन सिराज कुछ और सोचकर आये थे और उन्होंने वह कर दिखाया जो क्रिकेट प्रेमी बरसों तक याद रखेंगे। आखिरी दिन गिरे चार में से तीन विकेट चटकाकर सिराज ने मैच में 30 .1 ओवर में 104 रन देकर पांच विकेट लिये। दूसरे छोर पर प्रसिद्ध कृष्णा (126 रन पर चार विकेट) ने भी उनका साथ बखूबी निभाया और अंततः इंग्लैंड की टीम 374 रन के लक्ष्य से दूर रह गई और भारत ने पांच मैच की श्रृंखला 2-2 से बराबर कर दी। चौथे दिन थोड़ी देर की बारिश के बाद समय से पहले दिन का खेल खत्म करने के फैसले पर स्टुअर्ट ब्रॉड और माइकल वॉन जैसे पूर्व खिलाड़ियों ने सवाल उठाए थे लेकिन यह उचित ही लगा कि बेहद कड़ी श्रृंखला का निर्णायक मैच भी बाकी चार मुकाबलों की तरह आखिरी दिन तक चला। दिन की शुरुआत तेज धूप के साथ हुई लेकिन खेल शुरू होने से दो घंटे पहले साफ आसमान को काले बादलों को घेर लिया जिससे भारत और उनके प्रशंसकों की उम्मीदें और जग गई। पांचवें दिन द ओवल दर्शकों से खचाखच भरा था और 25 पाउंड के बावजूद 27,500 दर्शकों की क्षमता वाला स्टेडियम तुरंत भर गया। मैच शुरू होने से पहले भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ अपनी बहस के लिए सुर्खियां बटोरने वाले मैदान के मुख्य क्यूरेटर ली फोर्टिस ने सुबह आखिरी बार भारी रोलर का इस्तेमाल किया जिससे



आमतौर पर खेल के शुरुआती 30 मिनट में बल्लेबाजी थोड़ी आसान हो जाती है। जब खेल शुरू हुआ तो भारत को 22 गेंद के बाद नई गेंद मिली थी लेकिन इंग्लैंड ने उम्मीद के मुताबिक शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। प्रसिद्ध कृष्णा के 23वें ओवर की चार गेंद बाकी थी और उन्हें शुरुआत शॉर्ट गेंद के साथ की जिसे जेमी ओवरटन (09) ने बाउंड्री के दर्शन कराए। अगली गेंद पर अंदरूनी किनारे से चौका लगा जिससे इंग्लैंड को मैच जीतने के लिए सिर्फ 27 रन की जरूरत थी। सिराज ने इसके बाद पवेलियन छोर गेंदबाजी का जिम्मा संभाला और पुरानी गेंद से कहर बरपाया। उन्होंने खतरनाक जेमी स्मिथ (02) को तीसरी ही गेंद पर विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराया जिससे स्टेडियम में मौजूद भारतीय प्रशंसक एक साथ खुशी से झूम उठे। अगली गेंद पर गस एटकिंसन (17) भाग्यशाली रहे कि गेंद उनके बल्ले से टकराने के बाद स्लिप में लोकेश राहुल के हाथों तक नहीं पहुंची। अपने अगले ओवर में सिराज ने ओवरटन को तेजी से अंदर आती गेंद पर पगबाधा किया। सिराज ने डीआरएस का सहारा लिया लेकिन अंपायर्स कॉल के कारण उन्हें वापस पवेलियन लौटना पड़ा। प्रसिद्ध ने इसके बाद जोश टंग (00) को फुल लेंथ की गेंद पर बोल्ड करके इंग्लैंड का स्कोर नौ विकेट पर 350 रन किया। ऋषभ पंत पिछले मैच में जहां भारत के लिए पैर में फ्रेक्चर के बावजूद बल्लेबाजी के लिए उतरे तो इस मैच में क्रिस वोक्स ने कंधे की चोट के एक हाथ से बल्लेबाजी के लिए उतरकर सभी का सम्मान हासिल किया। अदम्य साहस का वह क्षण 1963 की याद दिलाता है जब कॉलिन काउड्रे टूटे हुए हाथ के साथ बल्लेबाजी करने आए थे और उन्होंने इंग्लैंड को वेस्टइंडीज के खिलाफ ड्रॉ कराने में मदद की थी। वोक्स बल्लेबाजी करने की स्थिति में नहीं थे इसलिए एटकिंसन के पास बड़े शॉट खेलने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। एटकिंसन ने लॉन्ग ऑन बाउंड्री को निशाना बनाया और आकाश दीप की ओर हवा में शॉट खेला जिन्होंने गेंद तक पहुंचने में सफल तो रहे लेकिन उनके हाथ से टकराकर गेंद सीमा रेखा के पार छह रन के लिए चली गई। जल्द ही लक्ष्य एकल अंक में पहुंच गया। एटकिंसन ने दो बार अंतिम गेंद पर रन लेकर स्ट्राइक अपने पास रखी लेकिन अंततः सिराज ने यॉर्कर पर उनका स्टंप उखाड़कर श्रृंखला का अविश्वसनीय अंत किया।

**हर कप्तान का सपना, सिराज जैसा गेंदबाज : गिल**

लंदन। भारतीय कप्तान शुभमन गिल का मानना है कि मोहम्मद सिराज जैसी क्षमता और कौशल वाला गेंदबाज हर कप्तान का सपना होता है। गिल ने साथ ही 2-2 की बराबरी को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में दिखाए गए क्रिकेट के स्तर का उचित प्रतिबिंब करार दिया। श्रृंखला में 754 रन और चार शतक के साथ भारत के श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे गिल ने सिराज की जमकर तारीफ की जिनके द ओवल में मैच में नौ विकेट की बदौलत भारत ने जीत दर्ज की और श्रृंखला बराबर की।



**इंग्लैंड दूसरी पारी:**

| | | |
|---|---|---|
| जैक कॉली | बोल्ड सिराज | 14 |
| बेन डकेट | राहुल बो कृष्णा | 54 |
| ओली पोप | पगबाधा सिराज | 27 |
| जो रूट | जुरेल बो कृष्णा | 105 |
| हैरी ब्रुक | सिराज बो आकाशदीप | 111 |
| जैकब बेथल | बो कृष्णा | 05 |
| जेमी स्मिथ | जुरेल बो सिराज | 02 |
| जेमी ओवरटन | पगबाधा सिराज | 09 |
| गस एटकिंसन | बो सिराज | 17 |
| जोश टंग | बो कृष्णा | 00 |
| क्रिस वोक्स | नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी:**

| खिलाड़ी | ओवर | विकेट | रन | मेडन |
|---|---|---|---|---|
| आकाशदीप | 20 | 4 | 85 | 1 |
| कृष्णा | 27 | 3 | 126 | 4 |
| सिराज | 30.1 | 6 | 104 | 5 |
| सुंदर | 4 | 0 | 19 | 0 |
| जडेजा | 4 | 0 | 22 | 0 |

### टेस्ट में स्टोक्स के बाद ओली पोप नहीं हैरी ब्रूक हों कप्तान : वॉन

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि मैदान पर हैरी ब्रूक की मौजूदगी अच्छी नेतृत्व क्षमता का भाव देती है और बेन स्टोक्स के बाद उन्हें कमान सौंपी जानी चाहिये। ब्रूक ने भारत के खिलाफ पांचवें और निर्णायक टेस्ट के चौथे दिन 98 गेंद में 111 रन बनाकर टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया।



## संक्षेप

### विम्बलडन : टॉसन क्वार्टर फाइनल में

मांट्रियल। डेनमार्क की क्लारा टॉसन ने दूसरी वरीयता प्राप्त विम्बलडन चैम्पियन पोलैंड की इगा स्वियातेक को 7 .6, 6 .3 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। छह फुट लंबी टॉसन ने स्वियातेक के हाथों विम्बलडन में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। अब उनका सामना अमेरिका की मेडिसन कीस से होगा जिन्होंने चेक गणराज्य की 11वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा को 4 .6, 6 .3, 7 .5 से मात दी। टॉसन ने जनवरी में न्यूजीलैंड में एकमात्र टूर खिताब जीता था। जापान की नाओमी ओसाका भी लाटविया की अनास्तासिया सेवास्तोवा को 6 .1, 6 .0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। अब उनका सामना दसवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना से होगा जिन्होंने अमेरिका की पांचवीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा को 6 . 4, 6.1 से हराया।

### भारतीय तीरंदाजी संघ ने लीग के पहले सत्र की घोषणा की

नयी दिल्ली। भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने सोमवार को पहली तीरंदाजी लीग की घोषणा की जिसमें दुनिया भर के महिला और पुरूष रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाज फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में भाग लेंगे। लीग का पहला सत्र दिल्ली के यमुना खेल परिसर में अक्टूबर में आयोजित हो सकता है जो 11 दिन तक चलेगा। इसे विश्व तीरंदाजी, विश्व तीरंदाजी एशिया और खेल मंत्रालय से मंजूरी मिल चुकी है। भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा, हमें यकीन है कि तीरंदाजी लीग से हम युवा तीरंदाजों को और मौके देकर उनके सपने पूरे कर सकेंगे। हम सभी को मिलकर इस लीग के जरिये देश में खेल को नयी ऊंचाइयों तक ले जाना है। विश्व तीरंदाजी के महासचिव टॉम डीलेन ने कहा, इस पहल से भारतीय और विदेशी तीरंदाजों में प्रतिस्पर्धी भावना विकसित होगी और उनके प्रदर्शन में और निखार आयेगा।

## जतिन बने उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के सह उपाध्यक्ष

लखनऊ। उत्तर प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जतिन वर्मा को उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन (यूपीओए) में सह उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण नियुक्ति के लिए जतिन वर्मा ने यूपीओए के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय के प्रति आभार जताया। जतिन वर्मा ने कहा कि यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि मुझे उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन में इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। मैं राज्य में ओलंपिक मूवमेंट को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के बैनर तले पूरी निष्ठा से कार्य करूंगा और फेंसिंग खेल के विस्तार और विकास के लिए भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करुंगा। इस अवसर पर यूपीओए के महासचिव डा. आनन्देश्वर पाण्डेय ने कहा कि जतिन वर्मा का खेलों के प्रति समर्पण और नेतृत्व क्षमता सराहनीय है। उनकी नियुक्ति संगठन को और सशक्त



बनाएगी। हमें विश्वास है कि उनके अनुभव से राज्य के ओलंपिक खेलों को नई दिशा मिलेगी। वहीं एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डा. सैयद रफत जुबैर रिजवी ने भी जतिन वर्मा को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सोच और कार्यशैली निश्चित रूप से यूपीओए के कामकाज को नई ऊर्जा देगी। बताते चले कि जतिन वर्मा लंबे समय से उत्तर प्रदेश में फेंसिंग खेल के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, साथ ही वे राज्य में अन्य खेलों को भी बढ़ावा देने के प्रयासों से जुड़े रहे हैं।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे को भारतीय हॉकी टीम का ऐलान

एजेंसी

नयी दिल्ली। इस महीने के आखिर में होने वाले एशिया कप की तैयारी के मद्देनजर 15 अगस्त से शुरू हो रहे आस्ट्रेलिया दौरे के लिये हॉकी इंडिया ने हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में 24 सदस्यीय भारतीय पुरूष टीम का ऐलान किया है जिसमें कर्नाटक के पूवन्ना सीबी नया चेहरा होंगे।

अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिये एशिया कप क्वालीफायर टूर्नामेंट है जो 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में खेला जायेगा। इसकी तैयारी के लिये भारतीय टीम 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में आस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैच खेलेगी। टीम की कमान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत के ही पास है जबकि गोलकीपिंग का जिम्मा कृशन पाठक और सूरज करकेरा संभालेंगे। डिफेंस में सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह और नये खिलाड़ी कर्नाटक के पूवन्ना होंगे। मिडफील्डर में युवा



राजिंदर सिंह को शामिल किया गया है जिनकी अक्सर तुलना पूर्व कप्तान सरदार सिंह से होती है। उनके अलावा राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह भी मिडफील्ड में होंगे।

फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य लालगे रहेंगे। एशिया कप से पहले इस दौरे की अहमियत के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, हमारा फोकस शारीरिक अनुकूलन बेहतर करने और तकनीकी पहलुओं पर रहेगा। टीम में युवा खिलाड़ियों को चुने जाने के बारे में उन्होंने कहा, हमने कुछ युवाओं को दबाव में खेलने की उनकी क्षमता परखने और जरूरी एक्सपोजर देने के लिये चुना है। भारतीय टीम आठ अगस्त को बेंगलुरू से आस्ट्रेलिया रवाना होगी जहां भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर शिविर चल रहा है।

## क्रिकेट : तेंदुलकर, गांगुली समेत दिग्गजों ने भारतीय टीम को सराहा

एजेंसी

नयी दिल्ली। चैम्पियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से लेकर सूर्यकुमार यादव तक समूचे क्रिकेट समुदाय ने इंग्लैंड पर पांचवें और आखिरी टेस्ट में छह रन से नाटकीय जीत दर्ज करने वाले भारतीय क्रिकेट के महानायकों की जमकर तारीफ की।

भारत के 374 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने चौथे दिन जब छह विकेट पर 339 रन बनाए थे तब खराब रोशनी और बारिश के कारण खेलना रोकना पड़ा था। इंग्लैंड को अंतिम दिन जीत के लिए 35 रन जबकि भारत को चार विकेट की दरकार थी। सिराज की अगुआई में भारत ने हालांकि इंग्लैंड को 85.1 ओवर में 367 रन पर समेट दिया और रोमांचक जीत दर्ज की। प्रसिद्ध कृष्णा ने भी 126 रन देकर चार विकेट चटकाए। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, टेस्ट क्रिकेट। रोंगटें खड़े करने वाला। श्रृंखला 2 . 2। प्रदर्शन दस में से दस। भारतीय क्रिकेट के महानायकों। क्या शानदार जीत। पूर्व कप्तान और बीसीसीआई के पूर्व प्रमुख सौरव गांगुली ने लिखा, टीम इंडिया की शानदार जीत। टेस्ट क्रिकेट, अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रारूप। टीम के सभी सदस्यों और कोचों को बधाई। सिराज दुनिया के किसी हिस्से में अपनी टीम को निराश नहीं करते।

मैच देखकर मजा आया। शानदार प्रदर्शन प्रसिद्ध, आकाशदीप, जायसवाल, जडेजा, वॉशिंगटन, पंत। इस युवा टीम की प्रदर्शन में काफी निरंतरता थी। भारत के पूर्व कप्तान और पूर्व कोच अनिल कुंबले ने लिखा, शानदार खेल भारत। क्या श्रृंखला थी। दोनों टीमों का शानदार प्रदर्शन। मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध का शानदार प्रदर्शन। शुभमन गिल और टीम को बधाई।

## अमन कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण को तैयार

एजेंसी

लखनऊ। पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत (57 किग्रा) को विश्व चैंपियनशिप के चयन ट्रायल में कोई खास चुनौती नहीं मिली तो वहीं सुजीत कलकल ने शानदार कौशल दिखाते हुए सोमवार को पुरुषों के 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह पक्की कर ली। क्रोएशिया के जगरेब में अगले महीने होने वाली विश्व चैंपियनशिप

**सुजीत ने भी बनाई भारतीय टीम में जगह**

2024 में पेरिस ओलंपिक में कांस्य जीतने के बाद सहरावत का विश्व स्तर का दूसरा टूर्नामेंट होगा। इस 22 साल के पहलवान ने जून में प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी करते हुए मंगोलिया रैंकिंग सीरीज में कांस्य पदक जीता था। वह हालांकि यहां ट्रायल में मंगोलिया की तुलना में कहीं बेहतर नजर आये। उन्होंने अपने पहले मुकाबले में सुमित के खिलाफ मात्र एक अंक गंवाने के बाद शुरुआती पीरियड में ही तकनीकी



श्रेष्ठता से जीत दर्ज की। उन्होंने फाइनल में राहुल को एकतरफा अंदाज में बिना कोई अंक गवायें तकनीकी श्रेष्ठता से मात दी। अमन ने कहा मुझे लगता है कि मैं अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौट आया हूं। मेरी फिटनेस अच्छी है और मेरी लय भी वापस आ गई है।

मैं विश्व चैंपियनशिप के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा मैंने मंगोलिया रैंकिंग सीरीज में कुछ गलतियां की थी लेकिन वह एक साल बाद मेरी पहली प्रतियोगिता थी। मुझे लगता है कि मैंने इतना बुरा प्रदर्शन नहीं किया था, मैं एक समय 11-6 से आगे भी चल रहा था, लेकिन मैं उस हार (मंगोलिया में) को स्वीकार करता हूं। पुरुषों की 65 किग्रा स्पर्धा में काफी करीबी मुकाबला देखने को मिला जहां सुजीत कलकल ने बाजी मारी। सुजीत ने अनुज (10-0) और विशाल कालीरमन (8-4) के खिलाफ अपने मजबूत रक्षात्मक खेल से प्रभावित किया।

## रोहन के गोल से रीयल कश्मीर एफसी जीता

एजेंसी

इम्फाल। मिडफील्डर रोहन सिंह के लंबी दूरी से दागे गोल की मदद से रीयल कश्मीर एफसी ने सोमवार को यहां डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप एफ मैच में टीआरएयू एफसी को 2-1 से हरा दिया। रीयल कश्मीर ने 24वें मिनट में मरात तारेक के गोल की बदौलत बढ़त बनाई लेकिन अफरीदी बुयामायुम ने 26वें मिनट में गोल दागकर टीआरएयू को बराबरी दिला दी। रोहन ने इसके बाद 64वें मिनट में बॉक्स के बाहर से गोल दागकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित करते हुए उसे तीन अंक दिला दिए। रीयल कश्मीर अगले मैच में 10 अगस्त को नेरोका एफसी से भिड़ेगा जबकि टीआरएयू एफसी की भिड़ंत 12 अगस्त को भारतीय नौसेना से होगी।

**मेस्सी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना ने केरल दौरे को रद्द किया : मंत्री**

तिरुवनंतपुरम। महान खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम केरल के दौरे पर नहीं आयेगी। यह जानकारी राज्य के खेल मंत्री वी अब्दुर्हमान ने सोमवार को दी।

इससे पहले मंत्री ने जोर देकर कहा था कि सरकार द्वारा घोषित कार्यक्रम के मुताबिक मेस्सी के नेतृत्व वाली अर्जेंटीना की टीम राज्य का दौरा करेगी और प्रायोजक ने पहले ही इस दौरे के लिए मैच फीस का भुगतान कर दिया है। उन्होंने हालांकि सोमवार को पत्रकारों से कहा कि अर्जेंटीना की टीम ने उन्हें बताया कि उन्हें इस साल अक्टूबर में राज्य का दौरा करने में परेशानी हो रही है।

### सिराज के लिए कमाल की श्रृंखला और परिणाम : ब्रूक

लंदन। इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने सोमवार को पांचवें टेस्ट की अंतिम सुबह अपनी टीम के लिए एक आसान जीत की कल्पना की थी लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की साहसिक गेंदबाजी ने मेजबान टीम की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। सिराज ने मैच में नौ विकेट लिये और भारत की छह रन से जीत के शिल्पकार रहे। इस जीत के साथ ही भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला 2 . 2 से ड्रॉ करा ली। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर द्वारा इंग्लैंड टीम के प्लेयर आफ द सीरिज चुने गए ब्रूक ने कहा मुझे लगा था कि हम आसानी से जीत जायेंगे लेकिन जिस तरीके से सिराज ने गेंदबाजी की, वह इस सफलता का हकदार था। उसने श्रृंखला में कमाल का प्रदर्शन किया और फिनिश भी। इंग्लैंड को आखिरी दिन सिर्फ 35 रन की जरूरत थी और उसके चार विकेट सुरक्षित थे। ब्रूक ने कहा, मुझे लगा था कि भारी रोलर फिराये जाने के बाद पिच सपाट होगी लेकिन बादल होने से गेंद घूम रही थी। वोक्स (चोटिल क्रिस) को उतरना ही था लेकिन बदकिस्मती से हम जीत नहीं सके।



# ट्रंप ने किया भारत-पाक युद्ध विराम कराने का दावा

## ट्रंप ने फिर किया भारत-पाक संघर्ष समेत कई हिंसक टकरावों को रुकवाने का दावा

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष सहित दुनिया भर में हिंसक टकरावों को रुकवाने का श्रेय लिया।

ट्रंप ने 10 मई को सोशल मीडिया पर यह घोषणा की थी कि भारत और पाकिस्तान ने वाशिंगटन की मध्यस्थता में रात में चली लंबी वार्ता के बाद पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमति जताई। इसके बाद से ट्रंप कई अवसरों पर इस दावे को दोहरा चुके हैं। इससे कुछ दिन पहले व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट कहा ने था कि ट्रंप को भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने सहित दुनिया भर में कई संघर्षों को समाप्त कराने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार दिया जाना चाहिए। ट्रंप ने रविवार को ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में रेडियो मेजबान और लेखक चार्लमेन था गॉड की आलोचना की और कहा कि उन्हें (गॉड को) उनके बारे में या उनके कार्यों के बारे में कुछ भी जानकारी नहीं है। ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने पांच युद्धों को समाप्त कराया, जिनमें कांगो गणराज्य और रवांडा के बीच 31 वर्षों से चला आ रहा खूनी संघर्ष भी शामिल है। इसमें करीब 70 लाख लोगों की मौत हुई और इसका कोई अंत नजर नहीं आ रहा था। राष्ट्रपति ने कहा, उन्हें (गॉड को) इस बारे में कुछ नहीं पता- न भारत और पाकिस्तान के मुद्दे के बारे में, न ईरान की परमाणु क्षमता को खत्म करने के बारे में, न ही अमेरिका की खुली सीमा को बंद करने



और सबसे बेहतरीन अर्थव्यवस्था बनाने के बारे में। एक दिन पहले ही ट्रंप ने न्यूज़मैक्स पर एक साक्षात्कार में कहा था कि उन्होंने बहुत सारे युद्धों को खत्म कराया है। ट्रंप ने कहा, अगर आप हाल में हुई घटनाओं पर नज़र डालें, तो पाएंगे कि हमने कई मामलों को सुलझाया है। कई बेहद गंभीर युद्ध खत्म कराए हैं। इनमें से एक युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच था, जिसमें परमाणु टकराव की आशंका थी। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने थाईलैंड और कंबोडिया के साथ-साथ कांगो और रवांडा के बीच संघर्ष को भी सुलझाया है। ट्रंप ने कहा, मैंने उस मामले को सुलझाया। और मैंने इसे व्यापार के जरिए सुलझाया। मैंने कई ऐसे मामलों को व्यापार की मदद से सुलझाया। मैंने कहा, सुनो, आप लोग लड़ सकते हो, जितना चाहे लड़ो, लेकिन हम कोई व्यापार समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अचानक वे लोग युद्ध रोक देते हैं। मैंने कई युद्ध सुलझाए हैं। मुझे लगता है कि मैंने औसतन हर महीने लगभग एक युद्ध को समाप्त कराया है। और इस तरह हम लाखों जानें बचा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस सप्ताह संसद में कहा कि किसी भी देश के नेता ने भारत से 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद जवाबी कार्वाई में शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर को रोकने के लिए नहीं कहा था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को स्पष्ट रूप से कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम कराने में किसी तीसरे पक्ष का हस्तक्षेप नहीं था। उन्होंने जोर देकर कहा कि सैन्य कार्वाई को रोकने का संबंध व्यापार से भी जुड़ा नहीं था, जैसा कि ट्रंप ने दावा किया है। राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए जयशंकर ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप के बीच 22 अप्रैल (जब पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ था) से लेकर 16 जून तक फोन पर कोई बात नहीं हुई।

# संसदीय दल की बैठक को आज संबोधित करेंगे मोदी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को भाजपा नीत राजग की संसदीय दल की बैठक को संबोधित करेंगे। सत्तारूढ़ गठबंधन के सांसदों की इस तरह की बैठक लंबे अंतराल के बाद हो रही है।

राजग की यह बैठक सात अगस्त को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू होने से कुछ दिन पहले हो रही है। राजग को अपने उम्मीदवार की घोषणा 21 अगस्त तक करनी होगी, जिसका निर्वाचन निर्वाचक मंडल में गठबंधन के बहुमत के कारण निश्चित माना जा रहा है। बैठक ऐसे सत्र के बीच में हो रही है, जिसमें अब तक लगभग कार्यवाही अवरुद्ध रही है और केवल पहलगाम हमले तथा ऑपरेशन सिंदूर पर दो दिवसीय विशेष चर्चा हो पाई है। विपक्षी दल बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ लगातार दोनों सदनों में प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी बैठक में कई समसामयिक मुद्दों पर बोल सकते हैं। इस बैठक में संसदीय दल प्रधानमंत्री को पहलगाम आतंकवादी हमले पर सरकार की सैन्य प्रतिक्रिया के लिए सम्मानित भी कर सकता है। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल होते हैं, और इसकी वर्तमान संख्या 782 है। यदि विपक्ष भी किसी उम्मीदवार का नाम घोषित करता है, जो एक स्पष्ट संभावना है, तो चुनाव 9 सितंबर को होना तय है। पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव के परिणाम में भाजपा पूर्ण बहुमत प्राप्त नहीं कर पाई थी लेकिन सहयोगी दलों के सहयोग से वह आसानी से सरकार बनाने में सफल रही। तब से पार्टी सांसदों की होने वाली इस तरह की बैठक में सहयोगी दलों के सदस्यों को भी शामिल किया जाने लगा।

## संक्षेप

### भीषण तूफान फ्लोरिस के चलते ट्रेन रद्द

लंदन। स्कॉटलैंड में दुर्लभ ग्रीष्मकालीन तूफान फ्लोरिस के चलते प्रशासन ने ट्रेन सेवाएं रद्द कर दी हैं, पार्क बंद कर दिए गए हैं और लोगों को घरों में सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। ब्रिटेन के मौसम विभाग ने स्कॉटलैंड के लिए एम्बर स्तर की चेतावनी जारी की है, जिसका अर्थ है कि तेज हवाओं और भारी बारिश के चलते जीवन और संपत्ति को गंभीर खतरा हो सकता है, विशेषकर तटीय इलाकों में जहां बड़ी लहरें उठ सकती हैं। मौसम विभाग के अनुसार, तूफान की वजह से हवा की गति 137 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। यह तूफान ऐसे समय आया है जब स्कॉटलैंड में पर्यटकों की भारी भीड़ रहती है। राजधानी एडिनबरा में जारी विश्व प्रसिद्ध एडिनबरा फ्रिंज फेस्टिवल और अन्य सांस्कृतिक आयोजनों में हजारों लोग भाग ले रहे हैं। शहर के प्रमुख पर्यटन आकर्षणों में से एक एडिनबरा मिलिट्री टैटू ने सोमवार को एडिनबरा कैसल में होने वाला बैगपाइपर और ड्रमवादकों की प्रस्तुति रद्द कर दी है। स्कॉटलैंड में कई ट्रेन सेवाएं और कुछ नौका सेवाएं रद्द कर दी गई हैं। मौसम विभाग के अनुसार, यह तूफान उत्तरी आयरलैंड, वेल्स और उत्तरी इंग्लैंड के कुछ हिस्सों को भी प्रभावित कर सकता है।

# सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन ने तमिलों के योगदान को सराहा

सिंगापुर। सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम ने सिंगापुर में शिक्षा, महिला अधिकार, राजनीति, चिकित्सा, कानून, खेल और कला जैसे क्षेत्रों में योगदान देने वाली तमिल पीढ़ियों के योगदान को सराहा।

षणमुगरत्नम ने सिंगापुर के पाककला परिदृश्य में तमिल समुदाय के प्रभाव पर भी प्रकाश डाला जैसे कि मद्रास के मुस्लिम चूलिया समुदाय ने मी गोरेंग व्यंजन को कैसे लोकप्रिय बनाया। आज हम एसजी60 (स्वतंत्र सिंगापुर के 60 वर्ष) का जश्न मना रहे हैं। यह हमारे प्रत्येक समुदाय के योगदान की याद दिलाता है चाहे वे सबसे कठिन जीवन जीने वाले मजदूर हों या फिर सिविल सेवक, शिक्षाविद, पेशेवर और उद्यमी, सभी ने इस राष्ट्र के निर्माण में योगदान दिया है। थर्मन ने शनिवार को एनसाइक्लोपीडिया ऑफ सिंगापुर तमिल्स (ईएसटी) के विमोचन के अवसर पर लगभग 600 अतिथियों को संबोधित किया। सिंगापुर के तमिल समुदाय की कहानी कई मायनों में सिंगापुर की ही कहानी है जो इसके लचीलेपन, बहुसांस्कृतिक एकीकरण और साथ ही देश की स्वतंत्रता के 60 वर्षों में गहरे सामाजिक परिवर्तन की कहानी है।

# भारत-सिंगापुर की नौसेनाओं ने किया संयुक्त अभ्यास

सिंगापुर। भारतीय नौसेना और सिंगापुर गणराज्य नौसेना (आरएसएन) ने 28 जुलाई से एक अगस्त तक वार्षिक सिंगापुर-भारत समुद्री द्विपक्षीय अभ्यास (सिमबेक्स) किया। रक्षा मंत्रालय ने यहां बताया कि अभ्यास के तहत इस वर्ष पहले आरएसएस सिंगापुर-चांगी नौसैनिक अड्डे पर तटीय चरण और उसके बाद दक्षिण चीन सागर के दक्षिणी छोर पर समुद्री चरण का आयोजन किया गया।

उसने बताया कि समुद्री चरण में दोनों नौसेनाओं के पोत और सिंगापुर गणराज्य वायु सेना (आरएसएएफ) के विमान शामिल हुए। आरएसएन ने फोर्मिडेबल (दुर्जेय) श्रेणी के फ्रिगेट



आरएसएस सुप्रीम और विक्ट्री (विजयी) श्रेणी के मिसाइल युद्धपोत आरएसएस विजिलेंस (एमवी मेंटर) को तैनात किया। भारतीय नौसेना ने शिवालिक श्रेणी के फ्रिगेट आईएनएस सतपुड़ा के साथ अभ्यास में भाग लिया। आरएसएएफ के एक एस70बी नौसैनिक हेलीकॉप्टर, दो फोकर-50 समुद्री गश्ती विमान और दो एफ-15एसजी लड़ाकू विमान भी इस अभ्यास में शामिल हुए। सिम्बेक्स 2025 का सफल आयोजन भारतीय नौसेना और आरएसएन के बीच स्थायी साझेदारी को रेखांकित करता है।

# बेदखल किये गये लोगों को आश्रय नहीं दिया जाना चाहिए: हिमंत

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को कहा कि किसी भी व्यक्ति को बेदखल किए गए लोगों को आश्रय नहीं देना चाहिए अन्यथा हमारे लोगों कि स्थिति , जो बेदखली और अन्य उपायों के कारण सुधरी है वो फिर से खराब हो जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर लोग सहयोग करते रहेंगे तो सरकार जाति (समुदाय) की रक्षा के लिए अपने अतिक्रमण विरोधी अभियान जारी रखेगी। बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र (बीटीआर) में आयोजित कार्यक्रमों से इतर संवाददाताओं से बातचीत में शर्मा ने कहा, हमारे लोग अब सचेत हैं। मुझे नहीं लगता वे ज्यादा सहयोग करेंगे। उनसे पूछा गया था कि क्या बेदखल किए गए लोग राज्य के अन्य हिस्सों में बस जाएंगे? उन्होंने कहा कि अतिक्रमणकारियों को वहीं लौट जाना चाहिए जहां से वे आए थे और सरकार को इस बात से कोई आपत्ति नहीं है।

जनता से बेदखल किए गए लोगों की सहायता नहीं करने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे किसी भी व्यक्ति को उन्हें शरण नहीं देनी चाहिए अन्यथा हमारी स्थिति जो बेदखली और अन्य उपायों के कारण थोड़ी बेहतर हुई है, वो फिर से खराब हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में लगभग 29 लाख बीघा (9.5 लाख एकड़ से अधिक) भूमि अब भी अतिक्रमण के अधीन है। अभी बहुत काम किया जाना बाकी है यदि लोग



हमारा सहयोग करें तो हम इसे कर पाएंगे और अपनी जाति (समुदाय) की रक्षा कर पाएंगे। लगी अंतर-राज्यीय सीमा पर उरियमघाट इलाके में पिछले सप्ताह हुए बेदखली अभियान पर उन्होंने कहा, वहां कोई आक्रामकता नहीं है। लोगों और सरकार ने बेदखली में हमारी मदद की है। किसी समुदाय का नाम लिए बिना, उन्होंने कथित अतिक्रमणकारियों पर कई समस्याओं की जड़ होने का आरोप लगाया। हमारे जंगलों को सुपारी के बागानों और मत्स्य पालन के माध्यम से बदलकर वे हमें परेशान कर रहे हैं। लव जिहाद कौन कर रहा है? यह हमारे साथ हो रहा है। भूमि जिहाद किसने किया? यह हमारे साथ हो रहा है। रोना तो हमें चाहिए, लेकिन वे आंसू बहा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पहले कहा था कि पिछले चार वर्षों में 1.29 लाख बीघा (42,500 एकड़ से अधिक) भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है।

# 10 साल में 17 करोड़ युवाओं को रोजगार मिले : मांडविया

नयी दिल्ली। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में 10 वर्ष के दौरान 17 करोड़ से अधिक युवाओं को नौकरियां तथा रोजगार मिले, वहीं विकसित भारत रोजगार योजना के तहत पांच साल में चार करोड़ से अधिक रोजगार निर्माण की योजना है।

उन्होंने सदन में प्रश्नकाल के दौरान समाजवादी पार्टी की सांसद रुचि वीरा के पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि आने वाले कुछ वर्षों में चार करोड़ रोजगार का सृजन किया जाएगा। रूचि वीरा ने सवाल किया था कि क्या सरकार की स्थायी रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए कोई विशेष योजना है? इसके उत्तर में मांडविया ने कहा, पिछले 10 साल में मोदी जी के नेतृत्व में युवाओं के लिए रोजगार का निर्माण हुआ। पिछले 16 महीनों में ही 11 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार मेला के माध्यम




से रोजगार उपलब्ध कराया गया। उन्होंने सदन को बताया, संप्रग सरकार के 10 साल के कार्यकाल में केवल तीन करोड़ रोजगार का निर्माण हुआ था। लेकिन रिजर्व बैंक के आकलन के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में पिछले 10 साल में 17 करोड़ से अधिक युवाओं को नौकरियां एवं रोजगार प्राप्त हुए। उनके अनुसार, मोदी जी ने आने वाले पांच साल में रोजगार सृजन के लिए कार्य योजना बनाई हैं। मांडविया ने कहा कि आने वाले पांच साल में चार करोड़ से अधिक रोजगार का निर्माण करने के लिए दो लाख करोड़ रुपये की विकसित भारत रोजगार योजना की घोषणा की गई है। मंत्री के अनुसार, युवाओं को स्थायी रोजगार मिले, उसके लिए मोदी सरकार ने बड़े पैमाने पर प्रयास किया है। मंत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि देश के कृषि क्षेत्र में रोजगार निर्माण 19 प्रतिशत हो गया है जो पूर्व की कांग्रेस सरकार में नकारात्मक स्थिति में था। मोदी सरकार में विनिर्माण क्षेत्र में 15 प्रतिशत रोजगार निर्माण हुआ है तथा सेवा क्षेत्र में 36 प्रतिशत रोजगार निर्माण हो रहा है। भारत में बेरोगजारी दर 3.2 प्रतिशत है जो विकसित देशों के बराबर या उनसे कम है।

# कार के खाई में गिरने से पांच लोगों की मौत

शिलांग। मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले में एक कार के 70 फुट गहरी खाई में गिर जाने से उसमें सवार पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक गर्भवती महिला शामिल है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह घटना शिलांग-डावकी रोड पर रिंगैन के पास रविवार शाम करीब सात बजे हुई। पुलिस के अनुसार, कार शिलांग से पिनुरस्ला जा रही थी, इस दौरान खतरनाक मोड़ों और कम दृश्यता के कारण चालक ने कार पर से नियंत्रण खो दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, हमें संदेह है कि कार में पांच लोग सवार थे।

## इंटरटेनमेंट...

# फिल्म ‘रांझणा’ की आत्मा छीन ली : धनुष

**मुंबई।** फिल्म रांझणा की री-रिलीज में अक (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) द्वारा फिल्म का क्लाइमैक्स बदले जाने से विवाद शुरू हो चुका है। फिल्म के डायरेक्टर आनंद एल. राय के बाद अब फिल्म के लीड एक्टर धनुष ने भी इस पर आपत्ति जताई है। एक्टर ने कहा है कि उनकी साफ आपत्ति के बावजूद प्रोड्यूसर ने बदले हुए क्लाइमैक्स के साथ फिल्म री-रिलीज की है। इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए धनुष ने एक ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी कर कहा है' अक से अल्टर किए गए क्लाइमैक्स के साथ री-रिलीज हुई फिल्म रांझणा ने मुझे पूरी तरह परेशान कर दिया है।

इस वैकल्पिक एंडिंग ने इस फिल्म से इसकी आत्मा छीन ली है और इससे संबंधित पार्टी ने मेरी साफ आपत्ति के बावजूद इसे जारी रखा है। ये वो फिल्म नहीं है, जिससे मैं पिछले 12 सालों से कमिटेड हूं। अक के इस्तेमाल से



फिल्म या कंटेंट में बदलाव करना आर्टिस्ट और आर्ट दोनों के लिए चिंताजनक है। ये सिनेमा की लेगेसी और कहानी कहने की इंटेग्रिटी के लिए खतरा है। मुझे पूरी उम्मीद है की भविष्य में ऐसी प्रथाओं को रोकने के लिए कड़े नियम बनाए जाएंगे।

साल 2013 की ब्लॉकबस्टर फिल्म रांझणा को 1 अगस्त से इसके तमिल टाइटल अंबिकापाथी नाम से री-रिलीज किया गया है। हालांकि इस री-रिलीज फिल्म का क्लाइमैक्स अक (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से पूरी तरह बदल दिया गया है। जहां असल फिल्म में क्लाइमैक्स में कुंदन (धनुष) का निधन हो जाता है, वहीं नए क्लाइमैक्स में फिल्म की हैप्पी एंडिंग होती दिखाई है। क्लाइमैक्स बदले जाने पर फिल्म के डायरेक्टर आनंद एल.राय भड़क गए हैं।

# शाहरुख खान ने ली शशि थरूर की फिरकी

मुंबई। शाहरुख खान को साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म जवान के लिए उनके करियर का पहला बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला है। इस उपलब्धि पर एक्टर को देशभर से बधाइयां मिल रही हैं। इसी बीच अपनी कॉम्प्लिकेटेड भाषा के लिए अलग

> नेशनल अवॉर्ड जीतने पर आसान भाषा में दी थी बधाई, एक्टर इससे ज्यादा भारी-भरकम मैं समझ नहीं पाता

पहचान रखने वाले पॉलिटिशियन शशि थरूर ने भी शाहरुख के लिए एक पोस्ट शेयर की थी। शशि थरूर की आसान भाषा में की गई पोस्ट पर शाहरुख ने उनकी फिरकी लेते हुए मजेदार जवाब दिया है। शशि थरूर ने अपने ऑफिशियल (पहले ट्विटर) अकाउंट से लिखा था, 'एक नेशनल ट्रेजर ने नेशनल अवॉर्ड जीता है।

# आशुतोष गोवारिकर पर भड़के 'द गोट लाइफ' के डायरेक्टर ब्लेसी

मुंबई। पृथ्वीराज सुकुमारन और डायरेक्टर ब्लेसी की फिल्म 'द गोट लाइफ' को नेशनल फिल्म अवॉर्ड में किसी भी कैटेगरी में अवॉर्ड नहीं मिला। इस वजह से अब नेशनल फिल्म अवॉर्ड को लेकर लोग सवाल खड़े कर रहे हैं। फिल्म को लेकर चल रही कंट्रोवर्सी के बीच डायरेक्टर ब्लेसी ने ओनमनोरमा को एक इंटरव्यू दिया है, जिसमें उन्होंने अपनी निराशा जाहिर की। साथ ही बताया कि जूरी के चेयरपर्सन आशुतोष गोवारिकर ने ‘द गोट लाइफ’ की तुलना साल 1962 में आई फिल्म ‘लॉरेंस ऑफ अरेबिया’ से की थी। आशुतोष ने पहले फिल्म की तारीफ की थी, लेकिन अब वे इसमें तकनीकी कमियां बता रहे हैं।

# मोहिता सूरी की फिल्म 'सैयारा' ने रचा इतिहास

मुंबई। मोहित सूरी की फिल्म 'सैयारा' का बॉक्स ऑफिस पर धमाल जारी है। ये फिल्म लगातार नए रिकॉर्ड्स बना रही है। फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कमाई के मामले में 300 करोड़ रुपए का आंकड़ा छू लिया है। इस तरह ये मोहित सूरी की करियर की पहली 300 करोड़ वाली ब्लॉकबस्टर फिल्म है। वहीं, अहान पांडे और अनीत पड्डा अपनी डेब्यू फिल्म से 300 करोड़ क्लब में पहुंचने वाले पहले कलाकार बन गए हैं। इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, 'सैयारा' ने 17वें दिन बॉक्स

> डेब्यू स्टार्स की फिल्म ने इंडियन बॉक्स ऑफिस पर की 300 करोड़ की कमाई

ऑफिस पर 8 करोड़ रुपए कमाए। हालांकि, ये आंकड़ा दूसरे रविवार के मुकाबले काफी कम था। इस फिल्म ने दूसरे रविवार में 30 करोड़ रुपए की कमाई थी। मोहित सूरी निर्देशित इस फिल्म को तीसरे रविवार यानी 3 अगस्त को कुल मिलाकर 39.10 प्रतिशत दर्शकों ने देखा था। बता दें कि 300 करोड़



क्लब में सबसे तेजी से पहुंचने वाली 15 बॉलीवुड फिल्मों की लस्टि में 'सैयारा' शामिल हो चुकी है। ऐसा करके 'सैयारा' ने सलमान खान की फिल्म 'बजरंगी भाईजान', 'सुल्तान', ऋतिक रोशन की 'वॉर', और दीपिका पादुकोण की 'पद्मावत' को पीछे छोड़ दिया है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com